सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-335 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 17 मई 2024
08 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

राजमाता माधवी राजे पंचतत्व में विलीन

अलविदा

- श्रद्धांजलि के लिए उमड़ा जनसैलाब
- बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां को दी मुखाग्नि

ग्वालियर। सिंधिया राजघराने की राजमाता व ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां का निधन हो गया था। गुरुवार को ग्वालियर में माधवी पंचतत्व में विलीन हो गई। जहां सिंधिया राजघराने के साथ राजनीतिक जगत की तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। वहीं नेपाल, कश्मीर और गायकवाड़ राजघराने के साथ ही कई बड़ी हस्तियां श्रद्धांजलि देने पहुंची हैं। बता दें, बुधवार सुबह राजमाता माधवी राजे सिंधिया ने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली थी। दिल्ली स्थित सिंधिया के घर में बीती शाम राजमाता का पार्थिव शरीर रखा गया था, जहां अंतिम दर्शन के लिए कई हस्तियां पहुंची थी। वहीं, गुरुवार को उनकी पार्थिव देह एमपी के ग्वालियर लाई गई, जहां रानी महल में दो घंटे के लिए पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। बता दें कि उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मां को मुखाग्नि दी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी ने भी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत दुखी होने वाला दिन है, व्यथित होने वाला दिन है। राजमाता जी हमारे बीच में नहीं रहीं, वह बहुत ही व्यवहार कुशल रही हैं। उन्होंने कैलाश वासी माधवराव सिंधिया के जिस-जिस से संबंध रहे हैं, उन्होंने उन सब से संबंध निभाये हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रतापगढ़ में चुनावी सभा को किया संबोधित

चार जून को बिखर जाएगा इंडी अलायंस

पलटवार

- फिर ढूंढ़ा जाएगा बलि का बकरा
- अमेठी से गए अब रायबरेली से भी जाएंगे खटाखट खटाखट
- पूरा देश कह रहा तीसरा कार्यकाल होगा और दमदार

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को प्रतापगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 4 जून को इंडी गठबंधन टूटकर बिखर जाएगा और विपक्ष बलि का बकरा खोजेगा। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि चुनाव के बाद ये लोग गर्मी की छुट्टियों पर विदेश चले जाएंगे। यहां सिर्फ हम रह जाएंगे और देशवासी रह जाएंगे।

पीएम मोदी ने कहा, पराजय के बाद बलि के बकरे को खोजा जाएगा खटाखट खटाखट। उन्होंने कहा, ये एनडीए की स्थिर सरकार को हटाना चाहते हैं लेकिन इनका (इंडी अलायंस) सरकार चलाने का फॉर्मूला है- हर साल एक नया पीएम. ये चाहते हैं कि भानुमति का कुनबा जोड़ने वालों को लूट का बराबर मौका मिले. ये आपको मंजूर है क्या? पूरा देश कह रहा तीसरा कार्यकाल होगा और दमदार पीएम मोदी ने कहा, जो पहले असंभव था, आज वह संभव हो पाया है. यह बदलाव, यह सफलता मोदी के कारण नहीं... बल्कि आपके एक वोट के कारण हुआ है. यह आपके वोट की ताकत है. इसलिए आज पूरा देश कह रहा है- इस सरकार का तीसरा कार्यकाल होगा और दमदार। उन्होंने कहा कि आज भारत जी-20 जैसे बड़े आयोजन बड़ी सफलता और गर्व के साथ करवाता है। भारत अपने तिरंगे की छाप चंद्रमा पर छोड़ता है 10 साल पहले ऐसी सफलता की कल्पना भी कर सकते थे क्या? तब हजारों करोड़ के घोटाले के अलावे कोई खबर आई थी क्या? प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप है पीएम ने कहा, प्रतापगढ़ के नाम में ही प्रताप है।

दोनों शहजादे गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे

शहजादे चाहें दिल्ली वाले हों या लखनऊ वाले, ये शहजादे गर्मी की छुट्टियों पर विदेश निकल जाएंगे खटाखट खटाखट। किसी ने तो मुझसे कहा कि शायद उन्होंने टिकट बुक कराने की सूचना भी दे दी है। ये खटाखट खटाखट भाग जाएंगे। हम ही रह जाएंगे. देशवासी रह जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा, 4 जून के बाद यह इंडी गठबंधन टूट कर बिखर जाएगा खटाखट खटाखट। 4 जून को बलि के बकरे को ढूंढ़ा जाएगा खटाखटा खटाखट।

सीतामढ़ी में बनाएंगे भव्य सीता मंदिर : शाह

जनसभा

- बिहार में अमित शाह का बड़ा ऐलान
- नरेन्द्र मोदी देश के सबसे पहले अति पिछड़े प्रधानमंत्री हैं : गृहमंत्री

सीतामढ़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 16 मई को कहा कि भाजपा बिहार के सीतामढी में देवी सीता का मंदिर बनाएगी। उन्होंने कहा कि हम, भाजपा वोट बैंक से नहीं डरते।

केंद्रीय मंत्री ने बिहार के सीतामढी में एक रैली में कहा, पीएम मोदी ने अयोध्या में राम लला का मंदिर बनाया है, अब जो काम बचा है वह मां सीता के जन्मस्थान पर एक महान स्मारक बनाना है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने खुद को राम मंदिर से दूर रखा वे ऐसा नहीं कर सकते, लेकिन अगर कोई मां सीता के जीवन जैसा आदर्श मंदिर बना सकता है तो वह नरेंद्र मोदी हैं, वह भाजपा है। दरअसल, अमित शाह मां जानकी की जन्मस्थली सीतामढ़ी में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

देवी सीता मंदिर के लिए शाह की वकालत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस साल जनवरी में अयोध्या में राम मंदिर के अभिषेक समारोह की अध्यक्षता करने के महीनों बाद आई है। अपने भाषण में, शाह ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की आलोचना की, जिनकी पार्टी विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक की सदस्य है। वहीं, मधुबनी में उन्होंने कहा कि मोदी जी ने अभी-अभी कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न का सम्मान दिया। कर्पूरी ठाकुर जी ने न केवल बिहार, बल्कि पूरे देश के दलित, वंचित, आदिवासी, पिछड़ों, माताओं और किसानों की आवाज बुलंद करने का काम किया। अमित शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी देश के सबसे पहले अति पिछड़े प्रधानमंत्री हैं। 50-60 के दशक में एक चर्चा चलती थी कि लोहिया जी की थ्योरी देश में चलेगी या नहीं। मैं आज लोहिया जी को प्रणाम करके कहना चाहता हूं कि अति पिछड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सबसे ज्यादा आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ये इंडी अलायंस वाले कह रहे थे कि जम्मू-कश्मीर से 370 मत हटाओं, वहां खून की नदियां बह जाएंगी। मैं इन्हें बताना चाहता हूं कि खून की नदियां तो छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है। गृह मंत्री ने कहा कि ये इंडी अलायंस वाले आज कहते हैं कि पीओके की बात मत करिए, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं इन्हें कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान के एटम बम से आप डरों, मोदी जी के नेतृत्व में भारत इतना मजबूत है कि किसी को भी एटम बम से डरने की जरूरत नहीं है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं कि ये पीओके हमारा है और हम इसे लेकर रहेंगे।

मंत्री आलमगीर छह दिन की ईडी हिरासत में

रांची। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद, झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को गुरुवार को छह दिनों के लिए केंद्रीय एजेंसी की हिरासत में भेज दिया गया।

वकीलों के अनुसार, मंत्री को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रांची में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया। इससे पहले बुधवार को झारखंड के ग्रामीण मंत्री को पीएमएलए के प्रावधानों के तहत रांची में एजेंसी के जोनल कार्यालय में हिरासत में ले लिया गया था। पूछताछ के दूसरे दिन उनसे करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई। मंगलवार को संघीय एजेंसी ने उनसे नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और उनका बयान भी दर्ज किया गया। आलम झारखंड विधानसभा में पाकुड़ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं और संसदीय कार्य मंत्री भी हैं।

किसी की गलती के कारण अस्थायी रूप से हाथ से निकल गया पीओके: जयशंकर

निशाना

- जयशंकर का बिना नाम लिए नेहरू पर तंज
- पीओके भारत का है हिस्सा

नासिक। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) को भारत का अविभाज्य हिस्सा बताते हुए कहा कि वो अंततः भारत में वापस आएगा। जयशंकर ने कहा कि वहां के लोग अब अपनी ही सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। कहा कि पीओके के मुजफ्फराबाद में पूरी तरह से अराजकता व्याप्त है, जहां स्थानीय लोग हिंसक विरोध प्रदर्शन से तंग आ चुके हैं। बढ़ती महंगाई और बिजली के बढ़े हुए बिल को लेकर पिछले कई दिनों से पुलिस के साथ टकराव जारी है। जयशंकर ने कहा कि पीओके एक अलग श्रेणी है, क्योंकि अंततः पीओके भारत का ही है और यह वापस भारत में ही आएगा, मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर कभी कोई संदेह होना चाहिए।

पीओके के लोग जम्मू-कश्मीर से प्रभावित

पीओके में बढ़ती अशांति और लगातार हो रही हिंसा पर प्रतिक्रिया देते हुए जयशंकर ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पीओके के लोग पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में हो रहे बड़े पैमाने पर विकास को देख रहे हैं और प्रभावित हो रहे हैं। पीओके में लोग नियंत्रण रेखा के पार सकारात्मक बदलाव देख रहे हैं और वे खुद से पूछ रहे हैं कि अगर चीजें ऐसी हैं, तो हम क्यों पीड़ित हैं और हम इस तरह के दुर्व्यवहार को क्यों स्वीकार कर रहे हैं? वे निस्संदेह इससे प्रभावित हो रहे हैं। नासिक में विश्वबंधु भारत कार्यक्रम में बोलते हुए कहा जयशंकर ने कहा कि अब बस हमें यह देखना होगा कि ये कब होता है।

पहले चार चरणों में 66.95 प्रतिशत हुई वोटिंग: ईसी

आंकड़े

- चुनाव आयोग ने दी जानकारी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मौजूदा लोकसभा चुनाव के पहले चार चरणों में 66.95 प्रतिशत के भारी मतदान की घोषणा की। 45.10 करोड़ मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के साथ, चुनाव पैनल ने शेष चरणों में निरंतर भागीदारी के महत्व पर जोर दिया।

उत्साहजनक मतदान के जवाब में, चुनाव आयोग ने मतदाताओं से आगामी चरणों में अपनी सक्रिय भागीदारी जारी रखने का आग्रह किया। मतदाताओं को सूचित करने, प्रेरित करने और सुविधा प्रदान करने के प्रयास तेज हो गए हैं, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को उन्नत उपाय लागू करने का निर्देश दिया गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में साझेदारी और सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न संस्थानों, प्रभावशाली लोगों और मशहूर हस्तियों की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया के लिए सराहना व्यक्त की, जो सक्रिय रूप से मतदाता भागीदारी को बढ़ावा देने में लगे हुए हैं। 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 379 सीटों पर शुरुआती चरण में मतदान हो चुका है।

विकास के लिए वोट करें : योगी

भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए अधिक से अधिक मतदान की अपील की

तंज

- सपा-कांग्रेस का जब भी गठबंधन हुआ महामारी का कारण बना है
- पूरे देश में गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार

कौशाम्बी। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कौशांबी लोकसभा क्षेत्र के मंझनपुर में विशाल जनसभा को संबोधित किया और भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए अधिक से अधिक मतदान की अपील की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने कौशांबी में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए कार्यों और उपलब्धियों की चर्चा की तो समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ये सपा और कांग्रेस का गठबंधन जब भी हुआ है ये महामारी का कारण बना है। ये गठबंधन नरकगामी है, पाप का प्रतीक है, क्योंकि इनके पास विकास की कोई सोच नहीं है। ये नकारात्मक सोच के कारण देश के खिलाफ षडयंत्र कर रहे हैं। इन लोगों के मंसूबे देश के लिए खतरनाक हैं। मेरी क्षेत्र के जागरूक मतदाताओं से अपील है कि वो अपनी पार्टी लाइन से ऊपर उठें, जाति से उपर उठें और विकास के लिए वोट करें। कहा कि लोकतंत्र के महापर्व के चार चरण पूरे हो चुके हैं। अभी तीन चरण बाकी हैं, लेकिन रुझान अभी से प्राप्त हो गए हैं। हर एक को पता है कि चार जून को क्या होने जा रहा है। पूरे देश के अंदर एक ही स्वर और नारा गूंज रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। इस नारे को जनता जनार्दन ने अपना संकल्प बना लिया है। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का भारत, गरीब भूख से मरता था, स्वास्थ्य सुविधा और पैसे की कमी के कारण दम तोड़ता था, किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था, बेटियां और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे, विकास कार्य ठप पड़े थे, अराजकता का माहौल था, देश के अंदर जगह-जगह विस्फोट होते थे और सीमा पार दुश्मन अतिक्रमण करता था, पहचान का संकट था। आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत बदल चुका है। आज एक नए भारत का दर्शन हो रहा है। दुनिया के अंदर देश का सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी गई है। ये नया भारत देश के अंदर सुरक्षा दे रहा है तो विकास के बड़े बड़े कार्य भी कर रहा है।

सरकार ने घटाई 41 दवाओं की कीमतें

खुशखबरी

- एनपीपीए ने लिया बड़ा फैसला
- मधुमेह, दिल और लिवर की बीमारियों की दवाएं है शामिल

नई दिल्ली। सरकार ने मधुमेह, दिल और लिवर से संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और छह फार्मूलेशन की कीमतें कम कर दी हैं। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की 143वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आवश्यक दवाओं की कीमतें जनता के लिए सस्ती रहे। फार्मा कंपनियों को निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न दवाओं के कम कीमत की जानकारी डीलरों और स्टॉकिस्टों को दें। फार्मास्यूटिकल्स विभाग और राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जिन दवाओं के लिए अब कम कीमत चुकानी होगी उनमें एंटासिड, मल्टीविटामिन और एंटीबायोटिक्स शामिल हैं। एंटासिड ऐसी दवाएं हैं जो अपच से राहत देने का काम करती हैं। वहीं, मल्टीविटामिन से इम्युनिटी बढ़ता है। एंटीबायोटिक्स बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज के लिए उपयोग की जाने वाली दवाएं हैं।

दावा

मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी

योगी का सीएम पद से हटना तय: केजरीवाल

आरोप

- भाजपा 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाएगी
- भाजपा हमेशा ही आरक्षण के खिलाफ रही है

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लखनऊ के सपा कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया को संयुक्त रूप से संबोधित किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। अगर मोदी जी चुनाव जीतते हैं तो दो महीने में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा देंगे। आरक्षण को खत्म कर देंगे। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो रिटायरमेंट की आयु 75 साल रखी गई थी। सुमित्रा महाजन, मुरली मनोहर जोशी, लाल कृष्ण आडवाणी इसका उदाहरण हैं। अगले साल 17 सितंबर को मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे। मोदी ने धीरे-धीरे अमित शाह के रास्ते के कांटों को दूर कर किया। वसुंधरा राजे, सुमित्रा महाजन, शिवराज सिंह चौहान, डॉ. रमन सिंह को हटाया। अब केवल योगी ही बाधा हैं। उन्हें हटाया जाएगा। उन्हें मोदी हटाएंगे क्योंकि अपने बनाए नियम को वो नहीं तोड़ते। वरना लोग उन पर सवाल उठाएंगे। ये नियम उन्होंने आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को हटाने के लिए बनाए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा 220 सीटों से ज्यादा नहीं बढ़ेगी। राजस्थान, हरियाणा, झारखंड, दिल्ली, पंजाब और बंगाल में भाजपा की सीटें कम हो रही हैं। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा ही आरक्षण के खिलाफ रही है।

जनता में आंसुओं का उफान है : अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने कहा कि चार चरणों में अब तक भाजपा चित्त हो चुकी है। जनता में आंसुओं का उफान है। 400 पार का नारा इसलिए दिया गया है कि 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीत रहे। इस बार जनता 140 सीटों के लिए तरसा देगी। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब में भाजपा को करारी हार मिलेगी। रोटी, कपड़ा और मकान के साथ-साथ आरक्षण को बचाना होगा। हारने के बाद ये झूठ का विश्वविद्यालय खोलेंगे। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मणिपुर के अंदर एक कारगिल योद्धा की पत्नी को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। प्रज्वल रमन्ना ने हजारों महिलाओं के साथ शोषण किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसका समर्थन कर रहे हैं। महिला पहलवानों को घर से खींच कर मारा गया। मोदी खामोश रहे। स्वाति मालीवाल जब पहलवान बेटियों के साथ थी तो मारा गया। हालांकि, उन्होंने खुद मालीवाल प्रकरण में गोल मोल जवाब दिया।

आप सांसद स्वाती मालीवाल ने पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

बदसलूकी

- मेरे साथ जो हुआ, बहुत बुरा था
- केजरीवाल के पीए बिभव कुमार पर मारपीट का लगा आरोप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने आखिरकार गुरुवार को तीन दिन बाद सीएम आवास पर अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के द्वारा की गई बदसलूकी के मामले में लिखित शिकायत दर्ज करवाई।

दिल्ली पुलिस की एक टीम स्वाति के घर पहुंची और उनका बयान दर्ज किया। करीब चार घंटे उनके आवास पर रही पुलिस टीम में स्पेशल सेल के अतिरिक्त आयुक्त पीएस कुशवाहा के अलावा उत्तरी जिला की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अंजीथा चेपयाला मौजूद थीं। स्वाति ने एक्स पर इस बात की पुष्टि करते हुए लिखा, मेरे साथ जो हुआ वो बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना स्टेटमेंट दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्यवाही होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की उनका धन्यवाद करती हूं। जिन लोगों ने चरित्र हनन करने की कोशिश की, ये बोला की दूसरी पार्टी के इशारे पर कर रही है, भगवान उन्हें भी खुश रखे। देश में अहम चुनाव चल रहा है, स्वाति मालीवाल ज़रूरी नहीं है, देश के मुद्दे ज़रूरी हैं। बीजेपी वालों से खास गुजारिश है इस घटना पे राजनीति न करें। सूत्रों का कहना है कि सीएम आवास पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव द्वारा स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट व बदसलूकी के मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने दिल्ली पुलिस को नोटिस भेजकर तीन दिनों के भीतर एक्शन टेकन रिपोर्ट तलब की थी। उसी रिपोर्ट को तैयार करने के सिलसिले में पुलिस की टीम सांसद के घर पहुंची थी। उधर, मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री के निजी सचिव बिभव कुमार को नोटिस जारी कर उनको शुक्रवार 11 बजे आयोग के सामने पेश होने का आदेश दिया है।

ट्रान्सफार्मर फुकने की वजह से नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमराई

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। भीषण गर्मी, आसमान से बरस रही आग बरस से आम जनजीवन खासा प्रभावित हो रहा था ऊपर से विद्युत विभाग की मनमानी के चलते खासी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के चलते बढ़े विद्युत लोड़ के कारण सारा दिन छोटे-मोटे फाल्टो एवं ट्रान्सफार्मर फुकने की वजह से नगर में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गयी है। 24 घण्टे में 12 घण्टे बिजली की कटौती से पूरे क्षेत्र में हाहाकार मचा है। किसानो की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गयी है। छोटे-छोटे फाल्टो के सही होने के बाद जो विद्युत आपूर्ति होती है उसमें भी लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है जिससे घरो में लगे विद्युत उपकरणो सहित किसानो के द्वारा खेतो में सिचाई किये जाने के लिए लगे टयूववेल भी नहीं चल पा रहे है। क्षेत्र में गर्मी के चलते बिजली की मांग बढ़ने के चलते विद्युत विभाग द्वारा की गयी तैयारी धरी की धरी रह गयी है। हर एक घण्टे में हो रही बिजली कटौती से आमजन जीवन खासा प्रभावित हो ही रहा है साथ ही अत्याधिक विद्युत कटौती के चलते फसले भी सूखने की कगार पर पहुंच गयी है। विभाग द्वारा गर्मियो मे बढ़ते लोड के लिये जो दावे किये गये थे वह भी हवा-हवाई साबित हो रहे है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घण्टे विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का दावा भी सफेद हाथी साबित हो रहा है। जब विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जनता के सवालो से बचने के लिये अपने मोबाइल बन्द कर रखे है जिससे आम जनमानस में खासा रोष व्याप्त है।

सीएचसी अधीक्षक पर आरोप लगाते हुए पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की

लखीमपुर खीरी। गोला गोकर्णनाथ अष्टाचार विरोधी संघर्ष समिति छोटी काशी के अध्यक्ष और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने सीएचसी अधीक्षक डॉ गणेश पर आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री सहित तमाम अधिकारियों को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में कहा है कि सीएचसी पर तैनात अधीक्षक डॉ गणेश व विभागीय अधिकारियों और नेताओं के संरक्षण के कारण दशकों से तैनात हैं। उच्च पद पर रहते हुए डॉ गणेश दवारा निजी स्वार्थ लाभ के कारण दवाइयां की एक प्राइवेट फर्म की संचालित की जा रही है और उसका खाता एक बैंक में संचालित है। जिसका वाद लखीमपुर न्यायात्रय में चत्र रहा है। उन्होंने इसकी एक प्रति मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, गृह राज्य मंत्रीके साथ स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को भी भेजी है। हालांकि इससे पहले चार मई को डॉ गणेश और अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तब में तहसील परिसर के अंदर मारपीट हुई थी। जिसका मुकदमा डॉ गणेश ने कोतवाली में दर्ज कराया था।

टी.एस.सी.टी. टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने किया ब्लाक टीम का गठन

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। टी.एस.सी.टी. जिला कार्यकारिणी रामबरेली की एक बैठक जिला संयोजक अनुराग मिश्र के आवास पर सम्पन्न हुई। जिसमें रायबरेली जनपद के सात विकास खंडो के संयोजक एवं प्रवक्ता का मनोनयन किया गया। टी.एस.सी.टी. उत्तर प्रदेश के बेसिक एवं माध्यमिक शिक्ष?कों के सहयोग से चलने वाली संस्था है। जिसमें टीम के किसी शिक्षक की मृत्यु पर पूरे प्रदेश के शिक्षको द्वारा मात्र 25 रूपये का सहयोग मृत शिक्षक के नामिनी के बैंक अकॉउंट मे सीधे भेजा जाता है। माह अप्रैल 2024 में ऐसे 7 शिक्षकों का सहयोग टीम द्वारा किया गया। जिसमें प्रत्येक परिवार को 56 लाख रुपये से अधिक का सहयोग प्राप्त हुआ। इस संस्था का निर्माण प्रयागराज के शिक्षक श्री विवेकानन्द जी द्वारा 26 श्रनसल 2020 को किया गया था, टीम द्वारा अब तक 169 परिवारों को लगभग 53 करोड़ से अधिक की मदद की जा चुकी है। आज इसी क्रम में टी.एस.सी.टी. को प्रत्येक शिक्षक तक पहुंचाने की दिशा में रायबरेली जनपद के क्रमशः सात ब्लाक मे टीम का गठन किया गया जो निम्नलिखित है - डलमऊ -संयोजक राघवेंद्र वर्मा व प्रवक्ता निशांत पांडे, गौरा- संयोजक अश्विनी शर्मा व प्रवक्ता चंद्रशेखर, सलोन- संयोजक अमरेश सिंह व प्रवक्ता विवेक मिश्र, शिवगढ़- संयोजक सुनील कुमार व प्रवक्ता अनिल कुमार, सताव - संयोजक आशीष पटेल व प्रवक्ता आशीष कुमार, महाराजगंज- संयोजक विनोद कनौजिया व प्रवक्ता श्रीकांत यादव, छतोह - संयोजक राकेश सोनकर व प्रवक्ता अनवर अली। इस मौके पर जिला संरक्षक अवध किशोर मिश्र , संयोजक अनुराग मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशांक त्रिवेदी , धीरज श्रीवास्तव, हनी गुलाटी, संगीता अग्रहरि,जिला प्रवक्ता अखिलेश चौरसि?या उपस्थित रहे।

बाघ ने बनाया भैंस को निवाला

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आंबला जंगल से सटे गांवों में बाघ की चहलकदमी लगातार देखी जा रही है। बाघ के लगातार शिकार करने के भी सबूत मिल रहे हैं। आंवला जंगल से सटे गांव विशोखर निवासी एक युवक की भैंस को बाघ ने अपना निवाला बना डाला। मौके पर मौजूद युवक जैसे तैसे जान बचाकर गांव पहुंचा। क्षेत्र के विशोखर गांव निवासी विकेश कुमार अपनी 6 भैंसे चराने गांव के दक्षिण आंवला जंगल के पास गया था। भैंस चरते चरते आंवला जंगल मैं पहुंच गई। जंगल की झाड़ियों में बैठे बाघ ने अचानक भैंसों पर हमला कर दिया। बाघ देखकर भैंसें भागने लगी। बाघ ने छल्लांग लगाकर एक भैंस का शिकार कर दिया। बाघ देखकर विकेश के शोर मचाने पर पास ही काम कर रही महिला मीना देवी शोर मचते हुए गांव पहुंची और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों व आंवला वन विभाग की टीम को जंगल में भैंस अवशेष मिले है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को जंगल में आपने पालतू जानवर व स्वयं न जाने और सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए समूह में रहकर खेतों में काम करने की अपील की है। वहीं गुरुवार को कस्बा चौराहे के पास नरवा किनारे खेतों में बाघ के पगचिहन देखें जाने से ग्रामीण भयभीत हैं। जंगल से सटे गांवों के लोगों से पालतू जानवरों को जंगल के अंदर न लें जाने की अपील की गई है। बाघ की मौजूदगी के चलते सावधानी बरतने को कहा गया है।

निशुल्क नेत्र शिविर का किया गया आयोजन

लखीमपुर खीरी। मितौली। कस्बे के रोहनलाल मेमोरियल स्कूल में सीतापुर आंख अस्पताल की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 48 लोगों की आंखों की जांच की गई। सीतापुर आंख अस्पताल की ओर रोहन लाल मेमोरियत्र स्कूल में आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर मेंडा. निधी सिंह, डा. आरिफ़ा, डा. सैजल, डा. पत्रक, डा. संध्या आदि की टीम ने 48 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच की। जिसमें से 49 मरीजों को मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस लोगों को अस्पताल की बस ऑपरेशन करने के लिए सीतापुर आंख अस्पताल ले जाया गया। इस मौके पर कैंप इंचार्ज रामकिशोर शुक्ला, विद्यालय प्रबंधक दिनेश कुमार मास्टर, प्रधानाचार्य अनिकेत कुमार, संदीप भट्ट, राजू शुक्ला, राहुल त्रिवेदी, शिवम मिश्रा आदि सहयोगी स्टाफ मौजूद रहा।

बच्चों को स्कूल से ला रहे युवक की बाइक को कार ने मारी टक्कर

लखीमपुर खीरी। फरधान थाना क्षेत्र में बच्चों को स्कूल से ला रहे युवक की बाइक को कार ने टक्कर मार दी। जख्मी हालत में बच्चों और उनके पिता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज जारी है।फरधान थाना क्षेत्र के रुकुन्दीपुर गांव निवासी सत्य विजय अपने बेटे आदर्श और बेटी ज्योति को गुरुवार दोपहर स्कूल से घर ला रहे थे। हाईवे पर उनकी कार को गोला की ओर जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। तीनों उछलकर दूर जा गिरे। जख्मी पिता और उसके बच्चों को एम्बुलेंस से फरधान सीएचसी लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया। चालक हादसे के बाद भाग गया।

अवैध हथियारों की तस्करी करते दो बदमाश गिरफ्तार

सहारनपुर। गैर प्रान्त से अवैध हथियार खरीदकर आसपास के क्षेत्रों में महंगे दामों बेचने वाले दो शातिर अभियुक्तों को थाना कुतुबशेर पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से 01 देशी पिस्टल 01 जिन्दा कारतूस 7.65 बोर, 01 तमन्चा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में जनपद में अपराध नियंत्रण, अवैध शस्त्र तस्करी की रोकथाम को चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना कुतुबशेर प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर 02 शातिर अभियुक्तों नाजिल पुत्र महबूब निवासी बढेडी राजपुताना थाना बहादराबाद जिला हरिद्वार व मशारिक पुत्र शकील निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को दबनी कब्रिस्तान के पास तलाब के दक्षिण किनारे के पास रास्ते से गिरफ्तार किया।

राजेएपी यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने थामा कांग्रेस का दामन

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। राष्ट्रीय जन अधिकारी पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने सैकड़ो समर्थको के साथ प्रियंका गांधी के की उमरन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा कुँ. अजयपाल सिंह, ऊँचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह की उपस्थिति में कांग्रेस का दामन थामा और रायबरेली व अमेठी में कांग्रेस की जीत का हुंकार भरा। बुधवार को ऊँचाहार विधानसभा के उमरन में आयोजित कांग्रेस की जनसभा में राष्ट्रीय जन अधिकारी पार्टी यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने समर्थको प्रदेश अध्यक्ष अजय बाजपेयी, कोषाध्यक्ष सुशील निषाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिब्बू, प्रदेश उपाध्यक्ष जैद आदि सैकड़ो समर्थकों के साथ

कांग्रेस का दामन थामा।

इस मौके पर प्रियंका गांधी ने सभी का स्वागत करते हुए रायबरेली एवं अमेठी प्रत्याशियों को विजय दिलाने हेतु हुंकार भरी। राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक सिंह रघुवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 102 छोटी पार्टीयों का गठबन्धन 2019 के लोकसभा में बनाया गया था। उस गठबन्धन की सभी पार्टीयों ने राहुल गांधी को अपना-अपना समर्थन दिया है। उन्होने कहा कि निश्चित ही यहाँ से कांग्रेस बड़े अंतर से जीत कर देश में अपनी सरकार बनायेगी और राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रियंका गांधी ने कांग्रेस को समर्थन देने वाली सभी पार्टीयों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप लोगों के आने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी।

कांग्रेस का गठबंधन पस्त व ध्वस्त हो चूका रायबरेली में खिलेगा कमलः केशव प्रसाद

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। भारतीय जनता पार्टी लो.स.प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जी के समर्थन में विधान सभा ऊंचाहार के किलौली किसुनदासपुर में उपमुख्यमंत्री मा0 केशव प्रसाद मौर्य जी ने विशाल जन सभा को संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का गठबंधन पस्त व ध्वस्त हो चूका है। ये नकली गाँधी दिल्ली से आते है और जीत के चले जाते है। इनको विकास कार्यो, व जनता के सुख दुःख से कोई मतलब नहीं,जनमानस इनके मंसूबो को भाप चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री जी के नेत्रत्व में भ्रस्ताचार मुक्त भारत का सपना साकार हुआ। भारतीय जनता पार्टी की पुरे देश में लहर चल रही है देश में भाजपा की सरकार है और प्रदेश में भाजपा की सरकार है। मोदी सरकार ने बिना भेद भाव सबका साथ सबका विकास सबका विस्वास, के साथ केंद्र व राज्य की अनेको योजनाओ से जनमानस को अवगत कराया जैसे- प्रधान मंत्री आवास, किसान सम्मान निधि,आयुष्मान कार्ड,उज्ज्वला योजना,अटल पेंसन योजना, जैसी अनेको योजनाओ से जनमानस को अवगत कराया। लो.स. प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मै पिछले पाच सालो से जनता के बीच रहकर उनके सुख,दुःख में सदैव खड़ा रहा और जब तक मेरा जीवन है मै आपका बेटा,आपका भाई हमेसा आपके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर खड़ा रहूँगा।

मंच पर उपस्थित लोक सभा संयोजक रामदेव पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी,विनोद बाजपेई, पुष्पेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह,अंजली मौर्या, दलबहादुर सिंह, आनंद त्रिपाठी, राकेश भदौरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष ममता जायसवाल, मंडल अध्यक्ष,विनायक सिंह,अनुराग मिश्र, पवन सिंह, हरिकेश मौर्या, जीतेन्द्र सिंह, सहित हजारो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

पद्मश्री सेठपाल व अंतर्राष्ट्री जूडो रेफरी दीपक गुप्ता निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर

सहारनपुर। नगर निगम ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक व प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रगतिशील किसान और समाजसेवी पद्मश्री सेठपाल तथा जूडो के अंतर्राष्ट्रीय रेफरी दीपक गुप्ता को अपना स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। दीपक गुप्ता गत वर्ष भी निगम के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर रहे हैं। नगरायुक्त संजय चौहान ने उम्मीद जतायी है कि दोनों स्वच्छता एम्बेसडर महानगर के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक कर शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करेंगे।

प्रगतिशील किसान सेठपाल को कृषि क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के लिए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भी उन्हें वर्ष 2012, वर्ष 2014 और वर्ष 2020 में विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। पद्मश्री सेठपाल खेती के अवशेष जलाने के प्रबल विरोधी हैं। किसानों को खेती के नये गुर सिखाते हुए वे किसानों को यह भी समझाते है कि फसल अवशेष उनके खेतों की उर्वरा शक्ति बढ़ाने में किस तरह सहायक हैं। सेठपाल किसानों को पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छता के लिए भी प्रेरित करते हैं।

निगम के दूसरे स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपक गुप्ता जूडो के अंतराष्ट्रीय रेफरी है। गत वर्ष उन्होंने निगम के ब्रांड एम्बेसडर के रुप में विभिन्न स्कूलों में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए अपना परिवेश स्वच्छ रखने के लिए जागरुक किया है। दीपक गुप्ता देश की 60 बड़ी जूडो प्रतियोगिताओं के अलावा तुर्की में जूडो वर्ल्ड कप, कॉमनवेल्थ जूडो चौंपियनशिप, आल जापान जूडो चौंपियनशिप, एशियाई गेम्स, अजरबैजान में वर्ल्ड चौंपियनशिप तथा मिस्र की राजधानी काहिरा व उज्बेकिस्तान आदि में रेफरी एवं प्रशिक्षक के रुप में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके है।

कान्हा गौशाला में और सुधार की जरुरतः नगरायुक्त

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगरायुक्त संजय चौहान ने आज नवादा रोड स्थित निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला का औचक निरीक्षण किया और अनेक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने तथा अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने दस दिन के भीतर गौशाला की स्थिति में और सुधार के निर्देश दिए। भूसा, हरा चारा व चोकर का पर्याप्त स्टॉक पाये जाने पर नगरायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। नगरायुक्त संजय चौहान आज दोपहर करीब साढ़े बारह बजे नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे और औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोबर गैस प्लांट व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बंद तथा जनरेटर खराब पाये जाने पर नाराजगी जतायी। नगरायुक्त ने जनरेटर ठीक कराने तथा गोबर गैस प्लांट व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मेंटीनेंस कराकर उसे चालू कराने के निर्देश दिए। अनेक बछड़े-बछिया रास्ते में बिना शेड के बंधे पाये जाने पर गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप मिश्रा ने नगरायुक्त को बताया कि क्षमता से अधिक संख्या हो जाने के कारण यह स्थिति बनी है।

नगरायुक्त ने सभी गौवंश के लिए छाया में बांधने की व्यवस्था करने को कहा। प्रभारी गौशाला डॉ. मिश्रा ने बताया कि जिन गौवंश पर शेड नहीं है उनके लिए फ्लिहाल तुरंत व्यवस्था हेतु टाट व तिरपाल मंगाया गया है। नगरायुक्त ने कर्मचारी रजिस्टर का अवलोकन किया। प्रभारी डॉ. मिश्रा ने बताया कि गौशाला में 34 कर्मचारी नियुक्त है। कुछ कर्मचारी अनुपस्थित पाये जाने पर प्रभारी गौशाला ने बताया कि कुछ कर्मचारियों की डियूटी रात में लगी है और कुछ कर्मचारियों की नंदी गौशाला में तथा कैटल कैचर व जेसीबी पर भी लगी है। नगरायुक्त ने वेरीफिक्रेशन के बाद अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। गौवंश के लिए भूसा, हरा चारा व चोकर का पर्याप्त स्टॉक तथा शुद्ध पेयजल पाये जाने पर नगरायुक्त ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने गौशाला में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य के चलते गौशाला की सफाई व्यवस्था प्रभावित न होने पाए और नालियो में मलवा जमा न होने पाए। उन्होंने निरंतर सफाई के साफएंटी लार्वा का छिड़काव कराने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त नगरायुक्त ने गौवंश के नीचे रबर की मैट, शेड से गोबर के नियमित निस्तारण, साफ-सफाई, गौवंश को चारा-भूसा देने के सम्बंध में भी अनेक सुझाव दिए।

औद्योगिक इकाईयों में ट्रिपिंग की समस्याओं से विद्युत मुख्य अभियंता को कराया रूबरू

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। औद्योगिक इकाईयों में विद्युत ट्रिपिंग, ट्रांसफार्मर मेटेनेंस समेत कई मांगों को लेकर आईआईए का प्रतिनिधि मण्डल पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता इं.एसके अग्रवाल से मिला और समस्याओं से अवगत कराते हुए निस्तारण करने की मांग की।

दिल्ली रोड स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय में चैप्टर चेयरमैन अनूप खन्ना के नेतृत्व में आईआईए प्रतिनिधि मण्डल ने विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से भेंट की और देहरादून रोड़, नवादा रोड़, यूपीसीडा पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र, कामधेनु उद्योग नगर, जनता रोड़, दिल्ली रोड़, इंडस्ट्रीयल स्टेट व बेहट रोड़, गंगोह, देवबंद आदि में स्थित औद्योगिक इकाइयों की विद्युत ट्रिपिंग की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में शटडाउन का समय दोपहर 1.00 बजे से 1.30 बजे तक या फिर सायं 5.00 बजे होना चाहिए, ताकि औद्योगिक इकाइयों में विद्युत सप्लाई बाधित न हो सकें। उन्होंने इकाईयों के बाहर लगे ट्रांसफार्मर की समय-समय पर मेटेनेंस कराने की मांग की। चैप्टर सचिव अशोक छाबडा ने बताया कि नवादा रोड़ औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों की विद्युत सप्लाई पेपर मिल रोड़ बिजलीघर 132 केवीए एवं सरसावा बिजलीघर 132 केवीए से मानकमऊ फीडर 33 केवीए से जुडा हुआ था, ताकि एक फीडर की सप्लाई बाधित होने पर दूसरे फीडर से विद्युत सप्लाई मिल सकें। परन्तु वर्तमान में मानकमऊ फीडर 33 केवीए को सरसावा बिजलीघर 132 केवीए से जोड दिया गया है और तभी से नवादा रोड़ औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों को विद्युत ट्रिपिंग की समस्याओं का सामना करना पड रहा है। विद्युत ट्रिपिंग होनें के कारण सें वहां पर स्थापित हीट प्रोसेसिंग औद्योगिक इकाईयों को आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा हैं। उन्होंने नवादा रोड़ औद्योगिक क्षेत्र को पूर्व की भांति पेपर मिल रोड से जोड़े जाने की मांग की। मुख्य अभियंता इं.एस.के.अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने-अपने औद्योगिक क्षेंत्रो के उद्यमियों के साथ समय-समय पर बैठक अवश्य करें, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान वहीं पर किया जा सकें।

नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

सहारनपुर। ई-रिक्शा चालकों को नशीला पदार्थ खिलाकर ई-रिक्शा चोरी करने वाले चार वांछित आरोपियों को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 ई-रिक्शा, 01 ई-रिक्शा का ढांचा, एक बोतल मे नशीला पदार्थ व 9000 हजार रूपये बरामद किये है। बता दें कि 14 मई को मनीष कुमार पुत्र नरेश कुमार निवासी पुंवारका थाना कोतवाली देहात ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके पिता को जूस में नशीला पदार्थ मिलाकर ई- रिक्शा चुरा ले जाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस को विवेचना के दौरान अभियुक्त सुहैल पुत्र नूर मौहम्मद निवासी संजय विहार कालोनी थाना मण्डी, आमिर पुत्र इरफान निवासी गणपति विहार थाना कोतवाली देहात, सुहैल पुत्र अहसान निवासी शेरपुर थाना कोतवाली नगर जनपद मुजफ्फरनगर व अय्यूब पुत्र गफ्फार अहमद निवासी स्मार्ट सिटी रसूलपुर थाना कोतवाली देहात का नाम प्रकाश में आया। थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुहैल पुत्र नूर मौहम्मद, आमिर पुत्र इरफान, सुहैल पुत्र अहसान व अय्यूब पुत्र गफ्फार को हनुमान चौक के पास से गिरफ्तार किया। जिनसे 01 ई-रिक्शा नं0 यूपी 11 बीटी 3620, 01 अन्य ई-रिक्शा का ढाचा, 01 मोटर साईकिल बजाज सीटी 100 नम्बर एचआर 03 एक्स 1622, 01 बोतल मे नशीला पदार्थ, व 9000 रुपये नगद बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। तथा मोटर साईकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग ई-रिक्शा मे सवारी बन कर बैठ जाते है और मौका देखकर ई-रिक्शा चालक को किसी पेय पदार्थ में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला देते है और ई-रिक्शा चोरी कर लेते है। वाहन चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपचंद यादव, हैड कांस्टेबल विवेक कुमार, कपिल राणा, कांस्टेबल अमित कुमार शामिल रहे।

करंट लगने से खम्भे पर कार्यरत संविदाकर्मी की मौत

सहारनपुर। थाना गंगोह क्षेत्र के गांव हलवाना में विद्युत लाइन पर काम करते समय करंट लगने से संविदाकर्मी की मौत हो गई। कई घंटे तक अधिकारियों ने इसकी सुध नही ली तो भाकियू नेताओं और ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। शाम के समय पहुंचे अधिशासी अभियंता के आश्वासन के बाद ग्रामीणों के मानने पर ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया जा सका।

बिल्लू पुत्र फैयाज सलारपुरा बिजलीघर पर संविदा कर्मचारी था। बताया गया है कि बृहस्पतिवार को वह शट डाउन लेकर हलवाना गांव में बिजली ठीक करने के लिए गया था। जिस समय वह खंभे पर चढ़ कर काम कर रहा था कि इसी दौरान अचानक तारों में करंट आने से बिल्लू की खंभे पर ही मौत हो गई। काफी देर तक बिल्लू का शव ऊपर ही लटका रहा। पुलिस व ऊर्जा निगम को दी गई सेचना के बाद आपूर्ति बंद होने पर किसी तरह शव को नीचे उतारा गया। पुलिस तो मौके पर पहुंच गई, लेकिन कई घंटे तक भी ऊर्जा निगम का कोई अधिकारी घटनास्थल पर नही पहुंचा। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। शाम के समय तहसीलदार जग्वेंद्र सिंह, एसडीओ अंबेहटा अंबर प्रसाद, एसडीओ गंगोह सतीश रावत घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन ग्रामीण अधिशासी अभियंता को बुलाने की मांग पर अड़ गए। अधिकारियों से पहले भाकियू नई क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम सिंह राणा, महिला अध्यक्ष रेहाना खान, भाकियू राजनीतिक के चौधरी जगपाल सिंह समेत अनेक कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे। वहां मौजूद सभी ने अधिशासी अभियंता को घटनास्थल पर बुलाने और पीड़ित परिवार को तुरंत मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों की यह भी मांग थी कि शट डाउन लेने के बावजूद किसने लाइन चालू की उसके खिलाफ कार्रवाई हो। कई घंटे के बाद घटनास्थल पर पहुंचें अधिशासी अभियंता जावेंद्र सिंह ने मृतक के परिजनों व ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पोस्टमार्टम करवाई पूरी होने पर तुरंत उचित मुआवजा दिलाने लाइन चालू करने के दोषी के खिलाफकार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ही शव को पोस्टमार्टम पर भेजा जा सका।

जनपद में 12 जुलाई 2024 तक धारा 144 लागू

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चंद्र ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून 2024 में होनी है एवं आगामी समय में बुद्ध पूर्णिमा, बकरीद आदि त्यौहार मनाए जाने है। इसके अतिरिक्त अन्य विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की जाने वाली चयन व प्रवेश परीक्षाओं के समय, औद्योगिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों व शिक्षण संस्थानों और रेलवे स्टेशन आदि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटनायें घटित की जाने की साजिश की जा सकती है तथा कुछ तत्व/लोग जानबूझकर ऐसे कृत्य कर सकते है जिससे लोक परिशांति भंग होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इन सबको दृष्टिगत रखते हुए सीआरपीसी की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था कायम रखने हेतु तथा प्रजा तांत्रिक मूल्यों के रक्षण एवं जनपद में सामान्य लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए जनपद में निषेधात्मक आज्ञा लागू की है।

डॉ0 दिनेश चंद्र ने आज इस आश्य के आदेश जारी करते हुए कहा है कि किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी, राजनैतिक दल द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। किसी भी व्यक्ति, अभ्यर्थी, राजनैतिक दल द्वारा केाई ऐसा कार्य नहीं किया जाएगा जो विभिन्न जातियों और धार्मिक या भाषायी समुदायों के मध्य विद्यमान मतभेदों को बढाए या घृणा की भावना उत्पन्न करें। मतगणना केन्द्र की 200 मीटर की परिधि में सरकारी वाहनों के अलावा कोई भी अन्य वाहन प्रवेश नहीं करेगा। मतगणना केन्द्र, स्थल पर किसी अनाधिकृत, संदिग्ध व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा। इसके अतिरिक्त मतगणना केन्द्र पर सुरक्षा एजेन्सियों के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति के ज्वलनशील पदार्थ, शस्त्र, धारदार हथियार, लाठी, डन्डा आदि ले जाने पर पूर्णतः प्रतिबन्ध रहेगा।

नजूल भूमि को लेकर सरकार का निर्णय अव्यवहारिकः विवेक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा ने नजूल भूमियों को लेकर सरकार के फैसले को अव्यवहारिक बताया तथा व्यापारियों से एक जुटता के साथ इसका विरोध करने का आह्वान किया।

रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन पर सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की बैठक में व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि नजूल की भूमि पर कई लोग पुराने काबिज है। सरकार को कोई भी निर्णय इतनी शीघ्रता से नही लेना चाहिए। यही नहीं नजूल भूमि को लेकर किये जा रहे निर्णय कितने घातक है। इस बात पर शासन को विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी एकजुट होकर सरकार के इस निर्णय का विरोध करेंगे और इसे अविलम्ब वापिस लेने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि पहले दो दिन बाद जिलाधिकारी को सभी व्यापारी बड़ी संख्या में एकत्र होकर ज्ञापन देंगे, तत्पश्चात सरकार तक अपनी बात पहुचाने के लिए सांसद और विधायक का घेराव करने के साथ बाज़ारो में पुतला दहन का कार्यक्रम भी होगा। इस दौरान पुनीत चौहान, सरदार तेजवीर सिंह, स.राजपाल सिंह, जितेंद्र मारवाह, हर्ष अरोरा, हरीश डंग, वेद प्रकाश, मनोज जैन, गजेंद्र कुमार, विनीत चौहान, जितेंद्र मल्होत्रा, अजय चौहान, सुमित मिगलानी, राजीव कालिया, ललित पोपली, सुरेंद्र सिंह ठकराल, राजीव लड्डू, सरदार कुलविंदर सिंह, रूचिन सिंघल, राहुल चुग, आलोक अग्रवाल, सरदार हरविंदर सिंह, अनिल सैनी, नवीन सैनी, पंकज अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, आलोक गुप्ता, राजेंद्र सेठी, रजत टंडन, रॉबिन ठकराल, अतुल मित्तल, संजय गगनेजा, यश मलिक, शुभम मित्तल, सरदार अरविंदरजीत सिंह, सुधीर मिगलानी, अमृत बजाज उपस्थित रहे।

निगम ने शहर में लगे अवैध यूनिपोल व बाईपोल हटाये

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा महानगर में ब्रहस्पतिवार की रात से अवैध होर्डिंग हटाने का अभियान शुरु किया जो आज भी जारी रहा। निगम के सर्वे में अवैध पाये गए पांच यूनिपोल/बाईपोल के अलावा अनेक स्थानों पर लगाये गए आपत्तिजनक होर्डिंग भी हटवाये गए हैं। नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर निगम की टीम द्वारा महानगर में लगाये गए अवैध होर्डिंग व बैनर आदि हटाने का अभियान शुरु किया गया। सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि कर अधीक्षक साहब सिह के नेतृत्व में आईआर की एक टीम बनायी गयी है जो हर रोज अवैध होर्डिंग, बैनर व पोस्टर हटाने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सर्वे में महानगर में पांच स्थानों पर अवैध यूनिपोल/बाईपोल पाये गए थे, उन्हें हटवा दिया गया है। इसके अलावा चार स्थानों से आपत्तिजनक होर्डिंग भी हटवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आज पुलों एवं खंभों पर लगे 37 स्थानों से होर्डिंग व बोर्ड हटवाये गए हैं। यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मरीजों को मिले बेहतर माहौल : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवा का माहौल तैयार करने के लिए सीएचओ को सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद सीएचओ को उनके कार्यो समाज में करने वाली गतिविधियों से परिचित कराया गया। जिले के कुल 248 सीएचओ को चार बैच में प्रशिक्षण दिया जाना है। पहले दिन प्रशिक्षण में 52 सीएचओ ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर साफ-सफाई का बेहतर इंतजाम सुनिश्चित कराया जाये। ताकि इलाज के लिये आने वाले मरीजों को वहां बेहतर माहौल उपलब्ध हो सके।

प्रशिक्षण में सीएचओ को उनके कार्यों और समाज में करने वाली गतिविधियों से कराया अवगत

जन आरोग्य समिति की बैठक में सभी कार्यक्रमों पर चर्चा की जाए। जन आरोग्य समिति के अनटाइड फंड से प्रस्ताव तैयार कर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेहतर माहौल तैयार करें।

सभी गर्भवती महिलाओं की सूची तैयार कर समय से एएनसी जांच सुनिश्चित किया जाए। योग्य दंपतियों को आवश्यक काउंसिलिंग के लिये महीने में एक बार बैठक आयोजित कर परिवार नियोजन संबंधी उपायों पर चर्चा करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता संबंधी उपायों को बढ़ावा देकर आम लोगों को कई गंभीर रोग के खतरों से बचाया जा सकता है। इसलिये क्षेत्र के लोगों को विभिन्न रोग के कारण व बचाव संबंधी उपायों के प्रति जागरूक करने का निर्देश उन्होंने दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हमारे प्रदर्शन में लगातार सुधार हो रहा है। इसे और बेहतर किया जा सकता है। इसके लिये सामूहिक प्रयास जरूरी है। हाइपरटेंशन व डायबिटीज के मरीजों की समुचित निगरानी सहित हृदय रोग, कैंसर रोग के स्क्रीनिंग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि शुरुआती लक्षणों के आधार पर रोग की पहचान व इसके उपचार में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। प्रशिक्षण में एसीएमओ आरसीएच डॉ सुरेंद्र चौधरी, डीसीपीएम राजेश गुप्ता, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सीएचओ गुंजन अग्रवाल, विभा यादव, अंकिता यादव, वीरेंद्र नायक, सलोनी, अंकिता पाण्डेय, अवधेश कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

लखनऊ। अन्तर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के पर लोक कला संग्रहालय, लखनऊ द्वारा विभिन्न विद्यालयों में क्विज प्रतियोगिता दो दिवसीय का आयोजान गुरूवार को किया गया। प्रतियोगिता की श्रृंखला में करामत हुसैन कॉलेज, निशातगंज, लखनऊ, ऑलमाइटी स्कूल, गोमती नगर, मॉर्डन अकेडमी स्कूल, गोमती नगर, भारतीय विद्या भवन, गोमती नगर, इंडियन पब्लिक, गोमती नगर, लखनऊ आदि विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ0 विनय कुमार सिंह, मुद्राशास्त्र अधिकारी, राज्य संग्रहालय, लखनऊ ने विद्यार्थियों को अपने व्याख्यान में संग्रहालय के बारे में विस्तार से सचित्र परिचय कराया। उन्होंने बताया कि संग्रहालय प्राचीन धरोहरों को सुरक्षित, संरक्षित एवं प्रदर्शित किये जाने का स्थान है एवं राष्ट्र की विभिन्न अमूल्य धरोहरों, राष्ट्रीय पुरावशेषों व संस्कृतियों से रूबरू कराया जाता है, साथ ही लोक कला संग्रहालय, लखनऊ के संग्रहालयाध्यक्ष डा0 कृष्ण ओम सिंह व वीथिका सहायक सुश्री छाया यादव के द्वारा संग्रहालय के महत्त्व एवं लोक कलाओं के प्रति जागरूक कर ज्ञानार्जन हेतु संग्रहालय भ्रमण के प्रति प्रेरित किया गया।

बिजली की व्यवस्था आये दिन खराब होने से किसान व्यापारी आम जनता बेहाल

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। नगर की बिजली व्यवस्था आए दिन पटरी से उतरने से किसान व्यापारी तथा आम जनमानस के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है । किसानों की फ़सल सूख जाने से उनकी फसल नष्ट होने, व्यापारियों को व्यापार करने में दिक्कत के अलावा आम जनमानस को इस भीषण गर्मी में दर-दर भटकने का कारण बनी है। तो वहीं बिजली विभाग इस व्यवस्था को पटरी से उतरने का मुख्य कारण पता लगाने में जान कर अंजान बने होने का ढोंग कर रही है या फिर सब कुछ जानते हुऐ भी अनजान बन चुप्पी साधे हुए है। अगर आम जनता से बातचीत की जाए तो वह बिजली विभाग सहित सरकार को कोसती है तो वहीं बिजली विभाग इसका कारण ओवरलोड की बात कर पल्ला झाड़ लेती है । लेकिन बिजली विभाग ओवरलोड के कारण पता क्यों नहीं चलाती है ,कि जहां पिछले 10 वर्षो से 100 केवी का ट्रांसफर रखा था वहां जनसंख्या भी बड़ी तथा कई विद्युत उपकरण भी बढ़े लेकिन ट्रांसफार्मर की क्षमता जस की तस है । यह भी विद्युत व्यवस्था को पटरी से उतारने का मुख्य कारण हो सकता है ।वही नगर में ई रिक्शा हजारों की संख्या में हों गए है और स्कूटी जो चार्जिग कर चल रहे हैं उनकी भी इस समय जमकर बिक्री हो रही है इन्हें चार्जिंग करने के लिए भी ओवरलोड बढ़ जाता है ।अगर विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि हो जाए तो इस प्रकार ओवरलोड से बिजली व्यवस्था पटरी से नहीं उतर सकती है । बड़े मजे की बात तो यह है कि पिछले 2 साल पहले नगर की बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए सांसद निधि से लगभग 3 करोड रुपए दिए गए थे उन रुपए का सही उपयोग हुआ भी है या फिर सब बंदर बांट किया जा चुका है। लेकिन नगर में जिस तरह रोज़ रोज़ कोई न कोई ट्रांसफार्मर दीवाली के पटाखो की तरह जल कर फुक रहें है उनसे न केवल विभाग को नुकसान है बल्कि नगर और ग्रामीण क्षेत्र के आम जनमानस के लिए लिये भी परेशानी का सबब बने हुये।इस समय चुनाव का दौर चल रहा है और बिजली के ये हाल से लोगों में न सिर्फ बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश है बल्कि सरकार के खिलाफ भी गहरा रोष पनप रहा है। किसान बिश्राम सिंह उरगांव, अभिलाष जालौन,उमेश हरदोई, आशीष कुठौदा, रामशरण खनुवां, सुनील कैथ आदि कहते हैं कि हम लोगों की फसले बिजली न आने से सिंचाई के अभाव से खराब हो जाती हैं जो सूखकर नष्ट होने लगती हैं और उनकी उपज अच्छी नहीं होती है बिजली व्यवस्था आए दिन पटरी से उतर जाती है जिससे हम किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। व्यापारी नवनीत उदैनिया, विवेक, असलम, शेखर आदि कहते हैं कि बिजली व्यवस्था गड़बड़ा जाने से हम लोगों की दुकानदारी पर काफी असर पड़ता है।आम जनमानस सुनील,महेश संदीप, श्याम सुंदर के द्वारा बताया गया कि बिजली न आने से वह इस भीषण गर्मी से रातों की नींद तथा दिन का चैन खो बैठे हैं मच्छरों के प्रकोप से वह संक्रामक रोग से ग्रसित हो चुके हैं उनके घरों में बिजली न आने से बीमारियां बढ़ रही है।

लाखों के गांजा के साथ दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। स्वाट/सर्विलांस व जंगीपुर पुलिस टीम ने गांजा की अवैध तस्करी करने वाले 2 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 83.550 किग्रा गांजा (जिसकी अन्तराष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख 88 हजार 750 रूपया है) बरामद किया गया। इसकी जानकारी एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर एसपी ओमवीर सिंह ने गुरूवार को दिया। एसपी ने बताया कि थानाध्यक्ष जंगीपुर अमित कुमार पाण्डेय, यूपी स्व्रास्त्र पुलिस टीम उप निरीक्षक जावेद आलम सिद्दीकी व स्वाट /सर्विलांस टीम उप निरीक्षक शिवाकान्त मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से चलाये गये।

आपरेशन में मादक पदार्थ (गांजा) की अवैध तस्करी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह को 83.550 किग्रा मादक पदार्थ गांजा (जिसकी अनुमानित कीमत अन्तराष्ट्रीय बाजार में करीब 20 लाख 88 हजार 750 रूपया हैं) उसके साथ ऊसर गांव से जैयराम पुर की तरफ जाने वाले रास्ते बहदग्राम नसीरपुर के पास से बुधवार की रात को अभियुक्त छोटे लाल गुप्ता पुत्र स्व0 जमुना गुप्ता निवासी हनुमान मंदिर के पास बहादुरगंज थाना कासिमाबाद और साहब राज यादव पुत्र रामजीत यादव निवासी सिसवा थाना मेहनगर जनपद आजमगढ को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग असम राज्य से ट्रक के केबिन के उपर बने हुड में छिपाकर गांजा लाते हैं और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदो में बेचते है। बेचने के बाद प्राप्त धन से अपने तथा अपने परिवार की आर्थिक तथा भौतिक आवश्यक्ताओ की पूर्ति करते है। अभियुक्त साहबराज यादव द्वारा बताया गया कि वह पूर्व में भी गांजा तस्करी में संलिप्त रहा है तथा जेल भी जा चुका है।

जेल वार्डन की मौत, साथियों ने जेल अधीक्षक पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। जिला कारागार में सीने में दर्द की शिकायत के बाद छुट्टी ना देने के बाद अस्पताल पहुंचने से पहले ही जिला जेल के वार्डन की मौत हो गई। साथी की मौत की सूचना पर पहुंचे दो दर्जन से अधिक जेल वार्डनों ने जेल अधीक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं और कहा कि जेल अधीक्षक तब तक छुट्टी नहीं देते, जब तक बीमार परिजन की मौत नहीं हो जाती।

जिला जेल फतेहगढ़ में तैनात जेल वार्डन जगदीश प्रसाद पुत्र राम सहाय उम्र 56 वर्ष को शाम के समय सीने में दर्द हुआ। इसके बाद जेल स्टाफ और परिजन निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने जांच के लिए लिखा। जांच कराने के दौरान ही उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें रात को डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। साथी की मौत की सूचना मिलते ही जिला जेल से करीब दो दर्जन से अधिक जेल वार्डन (जेल सिपाही) आवास विकास स्टेट डॉ राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल पहुंच गए। जय सिपाहियों के अंदर जेल अधीक्षक के खिलाफ आक्रोश शुरू हो गया। इसी दौरान कुछ साथियों ने जेल अधीक्षक पर अत्याचार और प्रताड़ित करने का करने का आरोप लगाया। जेल वार्डन हरीश कुमार व उसके साथियों ने बताया कि कागजों में उसकी ड्यूटी बैरियर पर लगाई जाती है लेकिन उनसे आवास पर ड्यूटी करवाई जा रही थी। हरीश कुमार ने बताया कि बंगले पर ड्यूटी के दौरान बंदर ने फूल तोड़ दिया, तो एक हजार रुपये जुर्माना वसूला और दो दिन तक ड्यूटी पर नहीं लिया। दूसरे वार्डन सचिन कुमार ने कहा कि एक बार उनकी ड्यूटी में बंदर ने एक पेड़ तोड़ा, तो 10 पेड़ मंगवाए गए। जब पेड़ नहीं मिले तो साढ़े तीन हजार रुपये बसूले गए और तीन दिन तक ड्यूटी नहीं कराई गई। वार्डन पवन ने बताया कि उनकी मां कैंसर पीड़ित थीं। इलाज के लिए अवकाश मांगा, मगर नहीं दिया । पिछले महीने मौत होने पर ही अवकाश दिया गया। जितेंद्र ने कहा कि गंभीर बीमार होने पर भी बहानेबाजी का आरोप लगाया जाता है । जितेंद्र ने बताया कि करीब एक माह तक बीमार बना रहा । अधिकारी जेल अस्पताल से ही दवा दिलबाते रहे। एक दिन मेरी ऑन ड्यूटी तबीयत खराब हो गई। इसके बाद मुझे इतना ÷द केयर हॉस्पिटल÷ में भर्ती कराया गया। जेल वार्डन दीपचंद ने बताया कि सब चुप रहने की हिदायत देकर गए हैं, और जेल के अंदर हम लोगों पर दबाव बनाया जाता है। एक जेल वार्डन ने बताया की परिवार में मां बाप बीमार हो जाए तो छुट्टी नहीं मिलेगी। उनके मरने के बाद ही छुट्टी मिलेगी। इस मामले में जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद का कहना है कि 8 बजे से 12 बजे सिपाही (वार्डन) ड्यूटी पर था।।इसके बाद दिक्कत होने पर जेल में ईसीजी कराया।

एएमयू शिक्षक एनसीसी के कैप्टन के रूप में पदोन्नत

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के सैय्यद हामिद सीनियर सेकेंडरी स्कूल के शिक्षक तथा एनसीसी के 2/8 काय के काय कमांडर कैप्टन नजफ अली खान को लेफ्टिनेंट से कैप्टन के रूप में पदोन्नत किया गया है। ज्ञात हो कि उन्होंने हाल ही में पीआरसीएन का प्रशिक्षण और पुनश्चर्या पाठ्यक्रम पूरा कर दोनों पाठ्यक्रमों में अल्फा ग्रेडिंग हासिल किया है। उन्हें 8 यूपी बटालियन एनसीसी, अलीगढ़ में आयोजित रैंक समारोह में प्रासंगिक बैज से अलंकृत किया गया। 8 यूपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय लुंबा ने कैप्टन खान को बधाई देते हुए कहा कि रैंक अतिरिक्त जिम्मेदारियों के साथ आती है। प्रोफेसर (मेजर) फरीद महदी, संपर्क अधिकारी, एएमयू और मेजर मोहम्मद इसराइल, कंपनी कमांडर, 1 यूपी इंजीनियरिंग, एएमयू, के साथ सूबेदार मेजर सतवीर सिंह, सूबेदार राजेश कुमार, नायब सूबेदार अशोक, हवलदार. प्रेम और 8 यूपी बीएन एनसीसी के अन्य कर्मचारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

आज आयेंगे रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

देवरिया अवधनामा संवाददाता। शुक्रवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आगमन गौरीबाजार के चंद्रशेखर इंटर कॉलेज देवगांव में हो रहा है जहां वो देवरिया लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी शशांक मणि के पक्ष में विजय शंखनाद रैली को सम्बोधित करेंगे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि देश के रक्षा मंत्री के स्वागत के लिए जनसभा स्थल पर तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने सभी से भारी से भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की।

अक्षत देकर मतदान मे आने के लिये किया आमंत्रित

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। निर्वाचन आयोग के मंशानुरूप जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के अनुक्रम में रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अकबरपुर, अम्बेडकर नगर में प्राचार्य प्रो शेफ़ाली सिंह के निर्देशन में 25/05/2024 को मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु अक्षत देकर आमंत्रित किया गया ।बताते चलें कि इस कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो शेफाली सिंह द्वारा ग्राम श्रीनाथपुरवा एवं विजयगांव में ग्रामीणों को अक्षत प्रदान करते हुए किया गया ।इस अवसर पर ग्रामीणों तथा विशेषकर नए मतदाताओं से दिनांक 25.05.2025 को लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु आग्रह किया गया ।इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारीद्वय डॉ सीमा यादव, डॉ भानु प्रताप राय, महाविद्यालय के मुख्य शास्ता प्रो अरविंद कुमार वर्मा, प्रो सुधा, प्रो अरुण कान्त गौतम, डॉ रवीन्द्र कुमार वर्मा, डॉ पूनम, विजय लक्ष्मी यादव, डॉ सुनीता सिंह, डॉ महेंद्र यादव, डॉ अजीत प्रताप सिंह, डॉ राजेश यादव, सीता पांडेय एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

एनटीपीसी टांडा में स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

अम्बेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा में स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के उद्देश्य से दिनांक 16.05.2024 से 31.05.2024 तक स्वचछता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़े का शुभारंभ परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए.के.चट्टोपाध्याय द्वारा स्वच्छ भारत निर्माण की शपथ दिलाकर की गई।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत जागरूकता रैली, प्रभात फेरी, प्रतियोगियाएं, नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज व्यापक अभियान चलाकर एनटीपीसी टाउनशिप के उमंग स्टेडियम से सरयू घाट तक प्रभात फेरी, श्रमदान एवं वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के लिए नियमित रूप से सभी कार्यस्थलों एवं आवासीय परिसर को स्वच्छ किया जाना नितान्त आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान परियोजना के आसपास अवस्थित स्थानों को भी स्वच्छ किये जाने की कार्ययोजना तैयार की गयी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता के प्रति व्यापक जनजागरूकता लाने के उद्देश्य से कर्मचारियों के लिए और छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, भाषण एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही प्रेरणादायक महिला जागरूकता संवाद भी आयोजित किये जाएंगे।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक श्री चट्टोपाध्याय ने सभी कर्मचारियों, संविदा श्रमिकों तथा केऔसुब के जवानों से स्वच्छता पखवाड़ा-2024 में सक्रियता से भाग लेने की अपील की।

मुसहर बस्ती करमैनी में लगा टीबी कैम्प, 120 व्यक्तियों की हुई जांच

अवधनामा संवाददाता

कसया, कुशीनगर। टीबी मुक्त पंचायत बनाने हेतु प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी यूनिट कसया के अन्तर्गत मुसहर बस्ती करमैनी प्रेमवलिया में गुरुवार को सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एवं इनोवेशन सी 19 कार्यक्रम एवं टीबी यूनिट के कर्मचारियों के सहयोग से निःशुल्क टीबी जांच शिविर का आयोजन सभासद की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुसहर बस्ती के लगभग 120 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनकी जांच की गई।

कैम्प का शुभारंभ सुबह 9 बजे से डॉ आशीष दुबे एवं सभासद गुड्डू कुशवाहा द्वारा सयुक्त रूप से शुभारंभ किया गया। जो अपराह्न 4 बजे तक चला। सीएचसी की टीम से डॉ आशीष दुबे द्वारा रोगियों का उपचार किया गया तथा उन्होंने ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कैम्प से दुरस्थ ग्रामीणों इलाको के लोग लाभांवित होंगे क्योंकि उनके घर के पास ही जांच एवं उपचार की व्यवस्था निःशुल्क होती है। तो वही सभासद गुड्डू कुशवाहा ने कहा कि समय समय पर मुसहर में ऐसे ही निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगने से लोगों को

106 की हुई एक्सरे, 20 व्यक्तियों के बलगम के नमूने लिए गए

काफी सहूलियत मिलेगी। हेल्थ कैम्प में कुल आए 120 मरीजों का सीएचओ प्रियंका सिंह एवं स्मिता द्वारा उनके स्वास्थ्य का परीक्षण जैसे-बीपी,सुगर की जांच की गई तथा दवाओं का भी वितरण किया गया तो वही एसटीएस शाहिद अंसारी द्वारा एवं एसटीएलएस आशुतोष कुमार मिश्र द्वारा सम्भावित टीबी रोगियो की काउंसलिंग की गई। सी 19 कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक अमरीष शुक्ला एवं उनकी टीम में समुदाय समन्वयक अवनीश एवं रेडियोग्राफर हरिओम मिश्र द्वारा कुल 106 मरीजों का चेस्ट एक्सरे किया गया जिसमें 17 सम्भावित रोगी एक्सरे में पॉज़िटिव पाए गया तथा 20 सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने एकत्रित कर माइक्रोस्कोपी एवं सीबीनाट के लिए लाया गया।

इस दौरान संगिनी रीमा पाठक एवं आशा संजू देवी, उर्मिला देवी, राजकुमारी देवी, संजू, संतोषी सहित ग्रामीण पुरुष एव महिलाएं उपस्थित रही।

सपा प्रत्याशी ने अलीगंज विधानसभा के दो बूथों पर पुनर्मतदान का डीएम को दिया पत्र

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। समाजवादी पार्टी 40 लोकसभा फर्रुखाबाद के प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी एव रिटर्निंग ऑफिसर के नाम 13 मई को संपन्न हुए चुनाव के दौरान 103 अलीगंज विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 349 कदरागंज एवं बूथ संख्या 359 मंगदपुर पर पुनः मतदान कराए जाने के संबंध में साक्ष्य और प्रमाण सहित एक पत्र दिया। डीएम को दिए पत्र में कहा है कि अलीगंज विधानसभा के बूथ संख्या 349 कद्रागंज पर भाजपा के गुंडो ने जो की एक विशेष समाज से ताल्लुक रखते हैं के गांव ग्राम नगला भग्गू जो की शाक्य बाहुल्य समाजवादी पार्टी समर्थित गांव था उस बूथ पर पोलिंग एजेंट नहीं बनने दिया एवं जब सुबह दो व्यक्ति वोट डालने गए तो उनको लाठी डंडों से मारकर मकई के खेत में छुपे हुए अवैध शस्त्र धारी गुंडो ने फायरिंग चालू कर दी, जिससे उक्त बूथ पर समाजवादी मतदाता इतने भयभीत हो गए कि उन्हें समझाने के बावजूद वह वोट डालने की हिम्मत नहीं जुटा सके। इस दौरान जिलाधिकारी एटा, पुलिस वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा, चीफ इलेक्शन ऑब्जर्वर फर्रुखाबाद को नयागांव थाना पर शिकायत की तब उक्त अधिकारियों के आदेश पर एडीएम एटा को जब प्रत्याशी के साथ स्वयं भेजा तो एडीएम एटा ने तीनों गांव के लोगों से अनुरोध किया।

न्यायालय सूचना

न्यायालय मा.चतुर्थ अति0 सिविल जज सी.डि.सहारनपुर वाद सख्या- 711 सन-2017 दि जम्मु एन्ड कश्मीर बैंक लि0 जिसका पंजीकृत कार्यालय कार्पोरेट हैड क्वाटर, मौलाना आजाद रोड ,श्रीनगर व अन्य एक ब्रान्च आफिस पार्श्वनाथ प्लाजा कोर्ट रोड ,सहारनपुर द्वारा इसके एक्जिक्यूटिव मैनेजर वादी / बैंक (बनाम).....1- गालिब सिददीकी पुत्र श्री अब्दुल सलाम निवासी 3/653 खानआलमपुरा सामने पी0 डब्लू0 डी0 देहरादून रोड ,सहारनपुर प्रोपराईटर गालिब इन्टरनैशनल नन्द विहार कालोनी सहारनपुर। 2- अब्दुल सलाम पुत्र श्री मौहम्मद हाशिम निवासी 3/653 खान आलमपुरा सामने पीडब्लू डी गैस्ट हाउस देहरादून चौक सहारनपुर 3- मौहम्मद निहाल पुत्र मौहम्मद कम्मन निवासी मकान नम्बर 3/1821 एम0 जी0 एम. स्कूल रोड खान आलमपुरा जनक रोड सहारनपुर 4- आबिदा बेगम पत्नी अब्दुल सलाम निवासी 3/653 खान आलमपुरा सामने पी डब्लू डी गैस्ट हाउस देहरादून चौक सहारनपुर 5- शबीना पत्नी स्व0 अब्दुल जब्बार निवासी 3/653 खान आलमपुरा सामने पी डब्लू डी गैस्ट हाउस देहरादून चौक सहारनपुर। हरगाह प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बाबत रिकवरी के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 29.5-24 को 10-00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमें के हालात से वाकिफ हो मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाजिर हों और जवाब देही दावे की करे हरगाह वही तारीख आपके इजकारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों के तमाम दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाब देही इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। आज 13.5.24 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत के जारी किया गया।

आज्ञा से न्याया चतुर्थ अति.
सिविल जज सी.डि. सहारनपुर।

सूचना

मैं 30.4.24 को 4 असल बैनामे दिखाने कोर्ट जा रही थी बैनामा 1 का विक्रेता सतीश चन्द पुत्र लाला हुकमचन्द व क्रेता पवन कुमार उपाध्याय पुत्र महावीर प्रसाद,ब.स.1 जि. 2845 पेज 209-211, द.न.10067 दि.28.09.1985, 2 बैनामा विक्रेता पवन कुमार उपाध्याय पुत्र महावीर प्रसाद व क्रेता मनोज कुमार गुप्ता पुत्र रामेश्वर दयाल गुप्ता,संजीव कुमार गुप्ता पुत्र सतीश कुमार गुप्ता, बही सं.1 जि. 225 पेज 571-590, द. 4125 दि0 18.09. 2002, 3 बैनामा का विक्रेता मनोज कुमार गुप्ता पुत्र रामेश्वर दयाल गुप्ता व क्रेता योगेश कुमार पुत्र सतपाल सिंह, ब.सं.1 जिल्द 3905 पेज 145-174, द. 6440 दि0 27.06.2016 एवं चौथा दान पत्र का दानकर्ता संजीव कुमार गुप्ता पुत्र सतीश कुमार गुप्ता व दान गृहिता मदन गोपाल शर्मा पुत्र कृष्ण कुमार, जिसकी ब. सं.1 जि. 4681 पेज 151-180, द. न.2079 दि. 05. 03.2018 सब रजि0 3rd स0पुर में दर्ज हैं कहीं गिर गये काफ़ी ढूंढा नहीं मिले यदि मिलें तो सूचित करें। साक्षी गुप्ता द्वारा पंकज सिंह एड. चे. 141 सिविल कोर्ट, स.पुर मो.9675983535

लोकतंत्र को कुचल कर किया जा रहा है मज़ाक : सैयद तक़वी

अवधनामा संवाददाता

सैयद एम अली तक़वी

लखनऊ। फ्री का राशन लेते हो और सरकार को वोट भी नहीं देते... जी हां। यही डायलॉग, यही वाक्य, यही सेंटेंस था बरेली में तैनात होमगार्ड वीर बहादुर और रामपाल की जबान पर। और इसी वाक्य को बोलते हुए थाने के दलित चौकीदार वीरेंद्र कुमार को जमीन पर गिराकर इन दोनों पुलिस वालों ने बर्बरता से पीटा। पहली चीज इन पुलिस वालों को यह समझ लेनी चाहिए कि यह खाकी वर्दी पुलिस विभाग की पहचान है। जिस तरीके से हर विभाग में हर काम करने वालों की अपनी वर्दी होती है उसी तरह पुलिस विभाग को यह वर्दी दी जाती है जिससे कि पहचान बनी रहे कि यह रक्षा करने वाले पुलिस वाले हैं। परंतु कुछ लोगों ने खाकी वर्दी धारण करने के बाद ऐसे कृत्य किए हैं जिससे पुलिस विभाग की छवि धूमिल हुई है। आला अधिकारियों को इस पर ध्यान रखना चाहिए। बात करते हैं बरेली घटना की जहां जो तस्वीर सामने आए वह वाकई चिंता जनक है। क्या बीजेपी दलितों को राशन के बदले वोट लेने का जरिया मात्र मानती है ? क्या इनके लिए दलितों के जान की कीमत 5 किलो राशन के मूल्य के बराबर भी नहीं है? यह सवाल उठा क्यूं क्योंकि जहां पर यह घटना हुई ना तो वहां पर बीजेपी थी ना बीजेपी का कोई आला अधिकारी था लेकिन इस घटना को बीजेपी से जोड़कर क्यों देखा जा रहा है क्योंकि बीजेपी ने लोगों के अंदर इतनी नफरत भर दी है कि लोकतंत्र के नाम पर इससे भद्दा मजाक कुछ हो ही नहीं सकता। अगर किसी को बीजेपी को वोट न देने के कारण प्रताड़ित किया जाए मारा पीटा जाए या हत्या कर दी जाये तो बीजेपी की तस्वीर जनता के सामने कैसी आएगी क्या एक सेवक के रूप में आएगी या ज़ालिम के तौर पर आएगी। आज देश ऐसे मुकाम पर आ गया है जहां लोकतंत्र डूब रहा है तानाशाही बढ़ रही है हर आदमी इस बात को साफ शब्दों में कह रहा है कि देश में तानाशाही बढ़ रही है झूठ को सच बना कर पेश किया जा रहा है सच बोलने वालों को अपराधी बनाया जा रहा है। सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग सुबह-शाम अपनी बात को बदलते हुए पलटते रहते हैं जिससे उनकी विश्वसनीयता पूरी तरीके से खत्म हो गई है। फिर भी अपने आप को देश का सच्चा सिपाही समझते हैं। यही देश के साथ सबसे बड़ा धोखा और गद्दारी है। आज की इस राजनीति के जो महारथी हैं उन्हें इस बात को सोचना चाहिए कि उनका जीवन भी समाप्त हो जाएगा कोई दुनिया में रहने को नहीं आया है फिर ऐसी गलत राजनीति क्यों? अगर राजनीति करना है तो वह सच्चाई के सहारे की जाए। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की वह बात याद आती है जहां उन्होंने कहा था कि इंसान चांद पर तो पहुंच गया लेकिन उसे धरती पर रहना नहीं आया। इस चुनाव में भी होशियार रहें सजग रहें । लोग आपको लॉलीपॉप देंगे, खैरात देंगे, दो टके की चीज थमा कर आपके दिमाग को घूमाने की कोशिश करेंगे लेकिन याद रखिए देशवासियों को खैरात नहीं चाहिए उन्हें चाहिए तो देश में एकता, भाईचारा और अमन सुकून। अभी भी समय है अपना बहुमूल्य वोट का सही उपयोग करे और लोकतंत्र को बचाएं।

सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे लोग

उरई (जालौन)। छह वर्ष पूर्व सड़क किनारे रह रहे एक ही परिवार के पांच लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं। सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर निवास कर रहे लोह पीटा, पत्थर वाले तथा अन्य वर्ग के लोग स्थानीय प्रशासन के ध्यान न देने पर अपने जीवन को दाव पर लगाए हुए हैं, जबकि 6 वर्ष पूर्व एक दर्दनाक हादसे में सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे एक ही परिवार के पांच लोग मौत के काल में समा चुके हैं इतनी बड़ी घटना घटने के बाद भी स्थानीय प्रशासन की कुंभकरणी नींद नहीं खुली। उरई रोड, ब्लॉक गेट, देव नगर चौराहा, बंगरा रोड, औरैया रोड, तक सैकड़ों ऐसे परिवार हैं जो सड़क किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे हैं। वर्ष 2017 के आसपास कोतवाली के सामने एक लोह पीटा अपने बच्चों तथा पत्नी के साथ झोपड़ी बनाकर रह रहा था रात में तेज रफ्तार गिट्टी से लदा ओवरलोड एक ट्रक पलट गया था जिसमें उसके पूरे परिवार के 5 सदस्य मौत के गाल में समा गए थे। यह घटना इतनी दर्दनाक थी जिसने भी सुना बह दंग रह गया और जो देखने पहुंचा वह तो अचंभित ही हो गया बड़ी मुश्किल के बाद जेसीबी की सहायता से उक्त लोगों को निकाला गया।

खुशहालगंज में भीषण गर्मी में सूख रहे हलक, मरम्मत की राह देख रहे हैंडपंप

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के विकासखंड काकोरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत खुशहालगंज में लगभग एक दर्जन से अधिक इंडिया मार्का हैंडपंप खराब हैं। कई हैंडपंप हेड विहीन हैं। कुछ रीबोर कराने लायक हैं। रीबोर कराने वाले हैंडपंपों से दूषित पानी आ रहा है। लोग मजबूरी में दूषित पानी पीने को विवश हैं। गर्मी चरम पर पहुंच रही है, हैंडपंपों की मरम्मत को लेकर जिम्मेदार सजग नहीं हैं।

लगभग 5 वर्षो से ग्रामीणों की शिकायतों को ब्लॉक में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है। वहीं हर वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत निधि के खाते से इंडिया मार्का हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के लिए धनराशि निकली जाती है और किया जाता है बंदर बाट वही भीषण गर्मी को देखते हुए दो माह पूर्व ग्राम विकास अधिकारी दीपिका पांडे से इंडिया मार्का हैंडपंप दर्जनों खराब होने की शिकायत की थी। वही ग्राम विकास अधिकारी दीपिका पांडे ने हफ्ता भर में सरकारी इंडिया मार्क का हैंडपंप ठीक करने का दिया था आश्वासन।आश्वासन हुआ हवा हवाई। सरकार की पेयजल योजना की किस तरह ज़िम्मेदार द्वारा उड़ाई जा रही धज्जियां। जिसका जीता जागता उदाहरण झबडू डॉक्टर, पप्पू टेलर, थाने, गरीबे, इश्तियाक, कंजे, लड्डुन नेता, मुछई, नय्याब खान, पाठक आदि के घरों के सामने इंडिया मार्का हैंडपंप पेयजल योजना की किस तरह से उड़ाई जा रही जिम्मेदारों द्वारा धज्जियां। खराब हैंडपंपों के प्रति जिम्मेदार लापरवाही बरत रहे हैं।अब देखना या दिलचस्प होगा कि दर्जनों हैंडपंप को ठीक कराया जाता है या नहीं या यूं ही हो जाएगी खानापूर्ति।

अयोध्या में गरजेंगे योगी, अनुप्रिया भी करेंगी जनसभा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में शुक्रवार को दो जनसभाएं होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां अमानीगंज बाजार स्थित बीबीएस मेमोरियल हास्पिटल के पीछे मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वहीं केन्द्रीय मंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल सोहावल क्षेत्र के अरकुना चौराहे के बगल मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगी। दोनों जनसभाओं को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पदाधिकारियों की बैठक में तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि सीएम योगी की जनसभा दोपहर एक बजे से तथा केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की जनसभा दोपहर तीन बजे से होगी। आयोजित जनसभाओं को

लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनसभा की व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई है। जनसभा में रूदौली तथा मिल्कीपुर विधानसभा के सभी बूथ तथा गांवो से लोगों की सहभागिता हो। इसके लिए पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

कार्यकर्ता व जनता की बदौलत अबकी बार चार सौ पार -लल्लू सिंह

पूरा बाजार- अयोध्या। भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह पुरा बाजार में चौपाल लगाकर बूथ व पन्ना प्रमुखो के साथ बैठक कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से मोदी का संकल्प अबकी बार चार सौ पार पूरा होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता मोदी के गारंटी का विश्वास करती है । उसी से देश भर में भाजपा को अपार जन समर्थन मिल रहा है उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा अब तक जनहित में कराए गए कार्यों को अवगत कारण जिससे लोग उत्साहित होकर शत प्रतिशत मतदान करें इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री शारदा यादव भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश दुबे महानगर मंत्री स्वाति सिंह पूर्व प्रधान मनीराम निषाद व्यापारी नेता ध्रुव गुप्ता बूथ सदस्य व पन्ना प्रमुख मौजूद थे अन्य कार्यक्रम लल्लू सिंह ने सनेथू धारूपुर रैकरपुर रोशन नगर जयनगरा बलुइया माझा मडना तारापुर में चौपाल लगाकर लोगों को भाजपा के प्रति उत्साहित किया ।

दुकान में सो रहे अधेड़ की धारदार हथियार से बदमाशों ने की हत्या

अवधनामा संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी शाहगंज में अधेड़ की हत्या का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बदमाश लूट के इरादे से दुकान में घुसे थे। जिसके बाद अज्ञात बदमाशों ने अधेड़ के सिर व गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम को भेजते हुए मृतक के बेटे की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली इनायत नगर अंतर्गत पुलिस चौकी शाहगंज क्षेत्र के टकसरा गांव निवासी छेदीलाल चौरसिया पुत्र राम प्रताप चौरसिया (57) पलिया माफी गांव के पास साइकिल की दुकान किया था वहीं पर उनके बेटे अशोक चौरसिया का डीजे का सामान भी रहता था। मृतक के बड़े बेटे अशोक चौरसिया की माने तो आज सुबह जब दुकान पर गए तो देखा की दुकान का गेट खुला हुआ है। पहले पिता को आवाज लगाई लेकिन जब पिता नहीं बोले तो दुकान के अंदर घुस कर देखा तो पिता खून से लथपथ पड़ा था सिर व गले में धारदार हथियार के गंभीर चोट थी। चिखने चिल्लाने पर परिजन समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व बाजार वासी पहुंच गए। घटना की जानकारी होने के बाद चौकी प्रभारी शाहगंज संजय यादव, प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी सुनील कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी लेते हुए फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने की बात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मृतक के बेटे अशोक कुमार ने पुलिस को बताया है कि डीजे का सामान भी वही दुकान पर रखा हुआ था, पिता साइकिल की दुकान करते थे करीब एक लाख रुपए कीमत के समान को भी बदमाश उठा ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह का कहना है कि मृतक के बेटे की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है पुलिस टीम जांच पड़ताल में लगी हुई है जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

भाजपा ने किया दलितों का सम्मान, सपा और कांग्रेस ने किया शोषणः बृजलाल

मिल्कीपुर अयोध्या। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में गोकुला गांव पहुंचे पूर्व डीजीपी एवं राज्य सभा सांसद बृजलाल ने कहा कि भाजपा संविधान की सबसे बड़ी हितैषी है। अन्य सरकारों में संविधान दिवस नहीं मनाया जाता था। लेकिन आज भाजपा की सरकार है तो संविधान दिवस को बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा , इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी जी को जाता है। आज नैरेटिव गढ़कर विपक्ष दलितों की भावना से खेल रहा है। कांग्रेस सपा व अन्य विपक्षी पार्टियां कह रही हैं कि भाजपा 400 से अधिक सीटें लायेंगी तो दलितों का आरक्षण खत्म कर देगी।ये बातें पूर्व डीजीपी एवं राज्यसभा सांसद बृजलाल ने बृहस्पतिवार को लोकसभा प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में विधानसभा मिल्कीपुर के गोकुला गांव में आयोजित अनुसूचित मोर्चा कार्यकर्ता सम्मेलन में कहीं उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव दलितों को सम्मान दिया है।

मोदी के चार सौ पार का संकल्प जनता पूरा करेगीः वेद प्रकाश गुप्ता

पूरा बाजार -अयोध्याधाम। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ग्राम सभा खजुरवर के शक्ति केंद्र पर पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर चौपाल लगाया बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प अबकी बार चार सौ पार को सफल बनाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि उससे प्रेरित होकर लोग शत प्रतिशत मतदान करभाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाए उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर विजय हासिल कर हमारा करना हमारा लक्ष्य है प्रत्येक बूथ पर जीत की विजय का आधार है। बैठक में प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष वरुण चौधरी महिला मोर्चा की महानगर मंत्री स्वाति सिंह मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ अरुण कुमार तिवारी शिवनारायण तिवारी कृष्ण वर्मा सहित बूथ समिति व पन्ना प्रमुखों की मौजूदगी थी।

तालाब में पड़ा मिला एक दिन पूर्व गायब हुए युवक का शव, घटना संदिग्ध

बाराबंकी। कस्बा मसौली में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब में मिला। सूचना पर मसौली पुलिस ने पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार युवक नशे का आदी था। पुलिया पर बैठने के दौरान वह तालाब में गिर गया होगा। जानकारी के अनुसार थाना एवं कस्बा मसौली के कस्बे में मुख्य बाजार के पास स्थित तालाब के पास से सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने तालाब के निकट की पुलिया के पास एक जोड़ी चप्पल और वही पास में पॉलिथीन में भरा पानी वाला बताशा पडा देखा। लोगों की नजर पुलिया के नीचे गई तो देखा कि एक शव पानी में उतरा रहा है। सूचना पर भारी भीड़ जुट गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को बाहर (30) पुत्र शंकर नागवंशी के रूप में की गई। पुलिस की सूचना पर परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की पहचान की। घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चा है। कस्बे के कुछ लोगों ने दुर्गेश को बुधवार की शाम को करीब आठ बजे शराब के नशे में धुत देखा था। उधर बुधवार की रात को दुर्गेश के घर वापस न लौटने पर परिजन भी परेशान थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि युवक मंदबुद्धि था। अनुमान है कि शराब के नशे में होने के कारण वह पुलिया पर बै तालाब में गिर गया होगा और उसकी डूब कर मौत हो गई।

कांग्रेस से समझौता कर सपा ने की बहुत बड़ी गलतीः कौशल किशोर

कुर्सी बाराबंकी। बहन मायावती की यही इच्छुक है कि नरेन्द्र मोदी फिर से मोदी प्रधानमंत्री बने। आकाश आनन्द के खिलाफ की गई कार्रवाई इसका प्रमाण है। यह बात केन्द्रीय मंत्री, लखनऊ के मोहनलाल गंज के प्रत्याशी कौशल किशोर ने कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चकिया गांव में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में आयोजित जनसभा में कही। चकिया गांव में सुबह साढ़े नौ बजे आयोजित जनसभा में आए केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि आप लोग जितना वोट सपा, कांग्रेस व अन्य दलों को देंगे, आतंकवादी व पाकिस्तान चिल्ला चिल्लाकर कहेंगे कि इतने लोगों ने मेरे कहने पर मोदी को वोट नहीं डाला। इसलिए कोई भी वोट बीजेपी को छोड़कर कहीं और जाता है तो समझों वो वोट पाकिस्तान को दिया, इसलिए ऐसी गलती आप लोग न करना। सपा व कांग्रेस प हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव को कांग्रेस से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करना चाहिए था। बहुत बड़ी गलती की है, क्योंकि अखिलेश यादव के पिता को जिसने जेल भेजा आज अखिलेश यादव उसी से समझौता किए बैठे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा की तरफ से अभी तक प्रधानमंत्री किसे बनाएंगे कोई नाम सामने नहीं आया है। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी राजा रानी रावत, जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, सांसद उपेंद्र रावत आदि मौजूद थे।

कोशिश रंग लाई, दो दंपत्ति फिर एक साथ रहने को राजी

बाराबंकी। महिला थाना, परिवार परामर्श केन्द्र के अथक प्रयास से पारिवारिक, वैचारिक मतभेद भुलाकर 02 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना, महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक, वैचारिक

मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप आज 02 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

इंडिया गठबंधन की संयुक्त पुकार मिलकर बीजेपी करो बहिष्कारः सरोज यादव

अयोध्या। समाजवादी पार्टी की जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने बताया कि सरकार ने केवल उनसे छीना गया है चाहे रोजगार हो, शिक्षा हो, व्यवस्था हो, सुरक्षा हो,अब तो हमारे संविधान पर भी खतरा मंडरा रहा है यह कहते हैं हमको 400 पार, क्यों चाहिए 400 पार इसीलिए चाहिए कि वो संविधान में छेड़छाड़ कर सके उसको बदल सके। जनता इनकी मनसा को समझ चुकी है। उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। जनता पूरी तरह से त्रस्त है, परेशान है, उनका कहना है इस सरकार ने हमसे हमारा घर,रोजी-रोटी, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, सुरक्षा सब छीन लिया महंगाई चरम पर है घर चलाना मुश्किल हो रहा है 10 साल हो गए युवाओं को नौकरियां नहीं दी, जबकियों की चुनावी वादे में कहा था कि हमारी सरकार आएगी हर साल दो करोड़ नौकरियां दूंगा लेकिन कुछ भी नहीं हुआ।

पुलिस अधीक्षक ने किया फरेंदा कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। पुलिस अधीक्षक ने फरेंदा कोतवाली का औचक निरीक्षण किया।लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत शांति व कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने गुरुवार को कोतवाली फरेंदा का आकस्मिक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर,जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरें, आइजीआरएस कार्यालय,बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकियों से जांच किया। अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया तथा थाने में हो रहे निर्माण के कार्यों की प्रगति देखी।थाने के संबंधित

अधिकारी कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई व हवालात में रोशनी की स्थिति आदि का अवलोकन किया गया एवं आवश्यक निर्देश निर्गत किए गए।थाना प्रभारी व उपस्थित समस्त पुलिस बल को मुस्तैदी से गश्त करने, धार्मिक स्थलों, संवेदनशील स्थान, बैंक, एटीएम, क्षेत्र के गुंडा बदमाशों की सतत् चेकिंग करने संबंधी निर्देश दिए गए।तत्पश्चात लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिले को आवंटित अर्द्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्कूलों का निरीक्षण किया एवं मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी का जायजा लिया।केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था, भोजन, पानी, बिजली, शौचालय, स्नानागार व वाहनों को खड़ा करने के लिए स्थान आदि की व्यवस्था बनाने हेतु संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकार अनिरुद्ध कुमार व फरेंदा कोतवाल अंकित सिंह,चौकी प्रभारी गंगाराम यादव विद्यालय निरीक्षक के दौरान नवजीवन के प्रधानाचार्य साजी लुइस मौजूद रहें।

मेहनत से ही मिलती है सफलताः कृति राय

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। मेहनत से ही मिलती है सफलता यह कहना है कृति राय का आपको बता दें कि कृति राय ने सी.बी.एस.ई परीक्षा 2024 में 97.2त्न प्राप्त कर, ग्रामर एकेडमी कौशलपुरी, अयोध्या में प्रथम स्थान

प्राप्त किया। इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार द्विवेदी के साथ ही अध्यापन कार्य अविस्मरणीय योगदान प्रदान करने वाले अध्यापक अवनीश कुमार गुप्त, भटनागर सर, ननिल वर्मा, के.डी.सर, वाई.एन यादव एवं श्रीमती पूनम सिंह एवं समस्त अध्यापक गण को शुभकामनाएं । कृति राय, डॉ. ओम नारायण एवं श्रीमती सुनीता राय की बड़ी पुत्री हैं। इनका निवास निराला नगर अयोध्या है। पिता देव विद्यालय इंटर तरौली अयोध्या में उपप्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। कृति राय ने ईश्वर की अनुकम्पा, गुरुजनों के उत्त?म निर्देशन एवं माता-पिता के आशीर्वाद और निरन्तर धैर्यपूर्वक अध्ययन को अपनी सफलता का रहस्य बताते हुए सिविल सेवा में चयन को अपना लक्ष्य बताया । कृति राय ने कहा है कि पढ़ाई करने वाले छात्र का ध्यान अपने लक्ष्य पर अगर केंद्रित रहेगा तो एक न एक दिन उसे सफलता जरूर मिलेगी और अगर लक्ष्य से भटके तो सफलता हाथ से निकल जाएगी उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग प्रदान करने वाले लोगों को धन्यवाद और निरंतर अध्ययन की प्रतिबद्धता जताई।

मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जायः नीतीश कुमार

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व

सुरक्षित मतदान कराने के लिए तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गम्भीरता से प्रयास करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि 54-फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान दिवस 20 मई 2024 को तथा 55-अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान 25 मई 2024 को होंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के क्रम में बताया कि मतदान दिवस के दौरान मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता पर्ची का शत प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराया जाय और प्रमाण स्वरूप पर्ची प्राप्त करने वाले का नाम व मोबाइल नम्बर भी लिया जाय। जिलाधिकारी ने बताया कि वोटरों को बूथ तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा बड़े पैमाने पर इंतजाम कर रहा है। मतदान केन्द्रों के प्रवेश द्वार पर भी पोलिंग बूथ की जानकारी शीतल पेयजल की सुविधा, पुरूष/महिला शौचालय आदि के लिए संकेतक तथा वेटिंग एरिया बनाये जाय। दूर से आने वाले वोटर मतदान केन्द्र से नियमानुसार निर्धारित दूरी तक अपने दोपहिया वाहन ला सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि हेल्पडेस्क पर बीएलओ मौजूद रहेंगे जो आने वाले मतदाताओं की हरसंभव मदद करेंगे।

400 पार की कामना के साथ आयोजित हुआ दुरदुरिया पूजन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भगवान श्री राम की कुलदेवी माता देवकाली मंदिर प्रांगण में महिलाओं द्वारा पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए दुरदुरिया पूजन का आयोजन किया गया। शक्ति की उपासना 400 पार की कामना के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने दुरदुरिया पूजन कर मॉ जगतजननी से आशीर्वाद मांगा। देवकाली मंदिर के प्रागंण में प्रातः 7 बजे आयोजित पूजन में भाजपा की प्रदेश मंत्री डॉ. ममता पाण्डेय ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व 400 की कामना लेकर महिलाओं ने मॉ जगतजननी से आशीर्वाद मांगा है। पीएम मोदी द्वारा नई संसद में प्रवेश करते ही महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर इतिहास रच दिया।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा 400 पार का नारा अब स्वंय जनता लगा रही है। बेटी बचाओ- बेटी पढाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मातृवंदन योजना, अन्नपूर्णा

योजनाओं के माध्यम से सरकार ने महिलाओं को समाज में सशक्त किया है। अयोध्या विधानसभा प्रवासी मधू शर्मा ने कहा कि योगी सरकार में महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी दी गई है। अपराधियों के मन में बुलडोजर का भय व्याप्त है। महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ ने कहा डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का सुनियोजित विकास किया जा रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा रही है। दुरदुरिया पूजन में महानगर अध्यक्ष आशा गौड़, राजलक्ष्मी तिवारी ,प्रतिमा शुक्ला, नीलम जायसवाल, नेहा तिवारी, सीमा तिवारी, सुनीता गुप्ता, सीमा सिंह, माया सिंह, अनीता सिंह, गीता शुक्ला, आभा सिंह, नीता शर्मा, पुष्पा मिश्रा , सुनीता दूबे, मुस्कान दूबे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन की हुई बैठक

अयोध्या। पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन द्वारा एक होटल में एक वार्षिक बैठक आहुत की गई बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह द्वारा की गयी।विगत सात, वर्षों से डीलरों का पेट्रोल डीजल पर डीलर कमीशन आयल कम्पनी द्वारा नहीं बढ़ाया गया है जिससे डीलरों में बहुत आक्रोश व्याप्त है।बायल कम्पनियों द्वारा नये पेट्रोल पम्प सामने और बगल में बिना मानक के लगाने के कारण पहले से लगे हुए पुराने पेट्रोल पम्पों की बिक्री पर निरन्तर कमी हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा पम्पों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाय । बैठक में नये डीलरों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। बैठक में ये निर्णय लिया गया कि हर तीसरे माह सभी डीलरों की एक बैठक होनी चाहिए। उपरोक्त लिखित बिन्दुओं पर सबकी सर्वसहमति से निर्णय लिया गया एवं बैठक में जिले के सभी डीलर सम्मलित हुए।

पीएम नरेंद्र मोदी की सभा आज, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बनाई जाएगी चुनावी फिजां

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कल होने वाली जनसभा की तैयारियां अंतिम दौर में रही। गुरुवार को बड़ी संख्या में एकत्र पुलिस बल को तैनाती दी गई, मंच को सजा धजा कर उसे तैयार किया गया, हैलीपेड को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। आला अफसर एसपीजी के साथ सुरक्षा इंतजामो का जायजा लेते दिखे, वहीं गर्मी से बिलबिलाए नेता कार्यकर्ता एसी गाड़ियों से लेकर निकट के कार्यालय में बैठे दिखे। धूप ढलने के बाद सब आयोजन स्थल पर जुटने लगे। बताते चलें कि कल शुक्रवार को लखनऊ अयोध्या हाईवे पर जैदपुर मार्ग के निकट पीएम नरेंद्र मोदी बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी राजरानी रावत के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनकी इस सभा के लिए कई दिनों से तैयारियां चल रही थीं। गुरुवार को लखनऊ के राजभवन में आराम करने के बाद वह सुबह वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बाराबंकी के लिए रवाना होंगे, उनकी कल की पहली जनसभा बाराबंकी में ही होगी। जनसभा स्थल पर एसपीजी ने कई दिन से डेरा जमाया हुआ था, सुरक्षा इंतजामों की परख करने के साथ ही आयोजनस्थल पर जिले के अफसरों से अन्य इंतजामो की भी चर्चा की। जनसभा स्थल को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है वहीं 23 घण्टे के लिए बड़े वाहनो का रूट डायवर्सन भी लागू रहेगा। बिना अधिकृत पास के किसी की एंट्री नही होगी। मंच पर चुनिंदा लोग ही रह सकेंगे। शुक्रवार को पुलिस व प्रशासन के आला अधिकारियों ने इंतजामो का जायजा लिया। इससे अलग भीषण गर्मी के चलते भाजपा नेता कार्यकर्ता दिन भर

आयोजनस्थल से दूर ही रहे, खुद की एसी गाड़ियों में बैठ कर व भाजपा कार्यालय में मौजूद रहकर चर्चा में व्यस्त रहे।

चेक पोस्ट पर निगरानी जारी, अब तक 66998 वाहनों की जांच

बाराबंकी। जिला मजिस्ट्रेट/ ज़िला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देश पर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की प्रक्रिया के अन्तर्गत बाराबंकी जनपद में कुल 21 चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। प्रत्येक चेक पोस्ट पर 8-8 घंटे हेतु 01-01 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी तैनात किये गये हैं। इस प्रकार प्रत्येक चेक पोस्ट पर 03 प्रभारी तैनात है अर्थात कुल 63 स्थाई निगरानी टीम प्रभारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात किये गये हैं। प्रभारी उड़न दस्ता/ स्थायी निगरानी टीम, जिला वन अधिकारी आकाश दीप वधावन ने बताया कि इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 09 उड़नदस्ता टीमें गठित हैं।

भाजपा के संकल्प का कोई विकल्प नही होता हैः अमित सिंह

अवधनामा संवाददाता

सोहावल- अयोध्या। 54 लोकसभा फैजाबाद अंतर्गत बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड सोहावल के ग्राम कुडैली में उद्योगपति पं. करुणाकर पांडेय द्वारा सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक डा.अमित सिंह चौहान ने कहा कि विपक्षी सरकारें घोषणा पत्र जारी करती है। लेकिन भाजपा सरकार संकल्प पत्र जारी करती है। क्योंकि संकल्प वादों को पूरा करने के लिए लिया जाता है। संकल्प का कोई विकल्प नहीं होता। उन्होंने हजारों की भीड़ में मौजूद वृद्ध, युवा,महिला -पुरुषों से हाथ उठवाकर सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए समर्थन मांगा। भाजपा उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय खुन्नु ने कहा विश्व में भारत को वैभवशाली बनाने के लिए मोदी को प्रधानमंत्री बनना जरूरी है।

सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, मेधावी सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट और हाई स्कूल की परीक्षा में श्रीगुरु नानक एकेडमी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया, विद्यार्थियों को सम्मानित करने के क्रम में बृहस्पतिवार को विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन कर उच्च अंक प्राप्त करने वाले इंटर और दसवीं के विद्यार्थियों को उनके अभिभावकों के साथ आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मैडल व मोमेन्टों देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई, वही अभिभावकों का मुंह मीठा करवाकर खुशी मनाई गई। प्रिंसिपल नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि इंटरमीडिएट की छात्रा श्रद्धा गुप्ता ने बस्ती जनपद में चौथा स्थान हासिल किया है। श्रद्धा गुप्ता ने 94.2 प्रतिशत अंक हासिल किया है। वहीं स्कूल के दसवीं के छात्र युवराज चौरसिया ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल के प्रबंधक परमजीत सिंह भाटिया ने समस्त छात्र छात्राओं को भविष्य के सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विषम परिस्थितियों में अपने नैतिक बल ऊंचा रखना, परिस्थितियों से लड़ने के लिए कई उदाहरण प्रस्तुत कर टिप्स दिए। इस दौरान परमात्मा प्रसाद गुप्ता, कविता देवी, सूर्य प्रकाश चौरसिया, राघवेंद्र पांडेय, पंकज सोनी, अजीम, नदीम, विजय, सारिक, प्रतीक्षा पांडेय, ज्योति, नेहा आदि उपस्थित रहे।

ग्रीष्म उत्सव समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया प्रस्तुत

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। बुधवार को विश्व परिवार दिवस के अवसर पर भारतभारी नगर पंचायत के वार्ड नं 4 लक्ष्मणनगर में स्थित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय वृंदावन देवरिया में ग्रीष्म उत्सव समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ममता श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि चन्द्र प्रकाश चौधरी के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा श्रीवास्तव, विद्यालय के निदेशक प्रदीप सिंह, प्रवीण पाण्डेय, आकाश प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने माल्यार्पण, पुष्प अर्पित व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना वानी श्रीवास्तव द्वारा व स्वागत गीत आस्था, श्रेया, आराध्या, दिशा, अनन्या द्वारा प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के बच्चों ने भारतीय संस्कृति थीम पर नृत्य प्रस्तुत किया। जिसके जरिए उन्होंने पुरातन कला और संस्कृति से लोगों को अवगत कराया। पेड़ लगाओ, धरती बचाव के तहत व अन्य नाटक प्रस्तुतकर

- विश्व परिवार दिवस पर गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय वृंदावन देवरिया में ग्रीष्म उत्सव समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नन्हें विद्यार्थियों ने पढ़ाई, सड़क सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और परिवार के महत्व को बताया। स्कूल में इस नाटक का मंचन बच्चों ने ही किया और उन्होंने समस्याओं और उनके समाधान को दर्शाते हुए नाटकीय कला का सराहनीय प्रदर्शन किया और समाज को संदेश दिया। इन नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से बच्चों ने न केवल अपनी अद्भुत अभिनय कला प्रकट की, बल्कि समाज के मुद्दों पर ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक समस्याओं को संवाद के माध्यम से साझा किया। कार्यक्रम में हर किसी ने बच्चों के प्रयास व प्रस्तुति की सराहना की। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों के लिए कई रोमांचक गेम, क्विज एवं प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अभिभावकों ने भाग लिया। मुख्य आकर्षण का केंद्र महिलाओं द्वारा बच्चों के लिए(नो फायर कुकिंग कंपटीशन) बिना आग के भोजन तैयार करना प्रतियोगता थी, जिसमें पुनीता वर्मा को प्रथम, उमा गुप्ता को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यशालाओं के माध्यम से जहां एक ओर बच्चों ने बहुत कुछ सीखा तो वहीं दूसरी ओर माता-पिता भी अपने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देखकर काफी खुश नजर आए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास के लिए कार्यरत समाजसेवी ममता श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी की छुट्टियों को यादगार बनाने के लिए विद्यालय का यह कदम काफी सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष भारतभारी चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आज के बच्चे देश व कल का भविष्य, बेहतर समाज का निर्माता हैं। छोटे-छोटे बच्चों में प्रतिभा कूट-कूटकर भरी हुई है, बस उन्हें निखारने की आवश्यकता है। विद्यालय के संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि ऐसे आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों का मंचन कौशल प्रदर्शित होगा, बल्कि भारतीय संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, परम्पराओं एवं राष्ट्रवाद पर भी ध्यानाकर्षण होगा। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को व प्रतियोगता में जीते अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशाल गुप्ता, अपूर्वा शुक्ला ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अवधेश शर्मा, कुलदीप मिश्रा, शिवेन्द्र सिंह, रितु मिश्रा, श्रेया मिश्रा, अंकित श्रीवास्तव, यस पी मिश्रा, सुगन्ध अग्रहरि, लाडले अग्रहरि, पटेश्वरी श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, श्रवण गौड़, सुनील सोनी आदि सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण व छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी चिंकू यादव ने भाजपा का दामन थामा

अवधनामा संवाददाता

- मोदी और योगी की राष्ट्रवादी सोच से प्रभावित होकर मैं भाजपा का दामन थामा हूं

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर जिले के सपा के कद्दावर नेता व पूर्व विधान सभा प्रत्याशी रामकुमार उर्फ चिंकू यादव समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद कल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के अगवाई में 150 समर्थकों के साथ में भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा के सदस्यता के बाद गुरुवार को सिद्धार्थनगर जिले में प्रथम आगमन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चिंकू यादव का गर्म जोशी से स्वागत किया तथा जिले के महुआरा बॉर्डर से डुमरियागंज मंदिर चौराहे तक रोड शो कर अपनी ताकत को दिखाया। आपको बता दे, चिंकू यादव यादव समाज के और ओबीसी समाज के एक बड़े चेहरा जिले में माने जाते हैं और उनके आने से भाजपा को बड़ी मजबूती मिल सकती है। मीडिया से बात करते हुए चिंकू यादव ने कहा की सपा के बड़े नेता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडे समाजवादी पार्टी खत्म करके दम लेंगे। इसलिए हम लोगो ने कहा की जब वो समाजवादी पार्टी खत्म कर रहे तो उससे पहले हम लोग अपना नया घर बना लें। उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी और योगी की राष्ट्रवादी सोच से प्रभावित होकर मैं भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा हूं। इस दौरान दिनेश श्रीवास्तव, अज्जू सिंह, सत्य नारायण यादव, दिवाकर, चिक्कू, राजेश द्विवेदी, रघुनंदन पांडेय, धनीराम, रणजीत, मंजू गुप्ता, अवधेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

स्वाति सिंह ने किया जनसंपर्क

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। चुनाव का बिगुल बजते ही परिवर्तन का दौर जोर शोर से जारी है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार को भाजपा प्रत्याशी की बहू स्वाति सिंह ने व समाजवादी पार्टी का सहयोग करने वाले एक क्षेत्रीय ब्राह्मण भारतीय जनता पार्टी के सहयोग मे लोगो से सम्पर्क कर रहे है। लोटन ब्लाक के पुराने सपा कार्यकर्ता दिवाकर नाथ पाण्डेय ने अपने दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ भाजपा के लिए क्षेत्र में लोगों से सम्पर्क कर रहे है। जब कि पहले इनके परिवार के लोग कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते थे। जब से सपा पार्टी बनी है सपा का ही समर्थन करते रहे। दिवाकर नाथ पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प को पूरा करने के लिए हम सब काम कर रहे है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम करते हुए बिना भेदभाव के आमजन को मूलभूत सुविधाएं जैसे- बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित अन्य कई आम सुविधाएं उपलब्ध करा रही है।

दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों की पुनः नीलामी 23 मई को

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद न्यायाधीशके आदेशानुसार दीवानी न्यायालय सिद्धार्थनगर के मुख्यालय परिसर में स्थित कैन्टीन, फोटो कापी मय फोटोग्राफी की दुकान संख्या-2, जनरल स्टोर एवं बेकरी की दुकान, भूजा की दुकान व पान की दुकान की पुनः नीलामी 23 मई समय अपराह्न 1:30 बजे दीवानी न्यायालय के सभागार में कराया जाना निश्चित किया गया है। जिस किसी को उक्त नीलामी में भाग लेना हो वह उपरोक्त निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर नियमानुसार नीलामी में भाग ले सकते हैं। उक्त आशय की जानकारी प्रमोद कुमार सिंह-॥ अध्यक्ष, नीलामी समिति/ विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) सिद्धार्थनगर द्वारा दिया गया है।

आयुक्त की अध्यक्षता में हुई निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु संबधित अधिकारियों के साथ आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता एवं आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में निर्वाचन के तैयारियों की समीक्षा बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में 25 मई को मतदान दिवस के दिन हेतु की गयी समस्त तैयारियों के बारे में जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मतदान कार्मिक का द्वितीय प्रशिक्षण करौदा मसिना में कराया जा रहा है। इसके साथ ही ई.वी.एम. कैडिडेट सेटिंग कराया जा रहा है, फैसीलीटेशन सेन्टर जनपद में निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कार्मिक हेतु, अन्य जनपदों में तैनात कर्मी जो 60- डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र के मतदाता है, चुनाव ड्यूटी में लगे अन्य मतदाता हेतु बनाया गया है। 85 वर्ष से अधिक तथा दिव्यांग मतदाताओं का मांग के आधार पर घर-घर जाकर बैलेट पेपर से मतदान कराया जा रहा है। जनपद में एफ.एस.टी., वी.एस.टी. व एस.एस.टी. कार्य कर रही है। आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि बी.एस.ए. ग्राउण्ड पर वाहन पार्किंग और बसों की रवानगी हेतु ले-आउट तैयार करा ले जिससे रवानगी के समय समस्या न हो। मतदान दिवस के दिन माकपोल हेतु कन्ट्रोल रूम से फोन कराकर कन्फर्म करा ले कि माकपोल हो गया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट बूथ के आसपास ही रहेगें। पोलिंग पार्टियों के रहने एवं खाने की व्यवस्था भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किये जायेगे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

ट्रक मालिक को गुंडा टैक्स न देना पड़ा महंगा

जलालपुर अंबेडकरनगर। ट्रक मालिक को गुंडा टैक्स नही देना मंहगा पड़ गया। गुंडा टैक्स में रूपया की मांग पूरी नहीं होने से नाराज तीन दबंगों ने दुकान पर टायर खरीद रहे ट्रक मालिक की गुरुवार दोपहर को पिटाई कर रूपया छीन लिया गया वही मोबाइल तोड़ दी गई। पीड़ित ट्रक मालिक ने पुलिस को तहरीर देकर जान माल की रक्षा की गुहार लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बैरागल गांव निवासी विपिन यादव ट्रक चलवा कर परिवार का पालन पोषण करता है।बीते सप्ताह से इसी थाना के एक गांव के तीन युवक रंगबाजी कर गुंडा टैक्स की मांग रहे है।

ट्रक चलवाने में अड़चन डाल रहे है। गुंडा टैक्स नही देने पर ट्रक की मांग कर रहे है। ट्रक मालिक ने जब गुंडों की बात नहीं माना तो गुरुवार दोपहर को जब वह विजय मिस्त्री मालीपुर की दुकान पर ट्रक का टायर खरीद रहा था उसी समय तीनो युवक पहुंचे और अवैध रुपए की मांग करने लगे। जब पीड़ित ट्रक मालिक ने इंकार कर दिया तो उसको अपमानित कर पिटाई कर मोबाइल छीन लिया।

भाजपा के एजेंडे नहीं है जनसरोकार के मुद्दे : चौधरी

महराजगंज अवधनामा संवाददाता। इंडिया गठबंधन के लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी ने क्षेत्र भ्रमण कर साधू संतो समेत आम जन से आशीर्वाद मांगा। इस दौरान नौतनवां विधान सभा क्षेत्र के दर्जन भर गांवों में मीटिंग भी की। उन्होंने लोगों में कांग्रेस की पांच गारंटी के बारे में विस्तार से बताया कि हमारे नेता राहुल गांधी ने हजारों किमी पद यात्रा कर आम जन की समस्याओं को समझा फिर उन्हीं के राय से यह गारंटी पत्र लोगों के लिए तैयार किया है। जिसमें घर की महिला मुखिया को साढ़े आठ हजार प्रति माह की गारंटी भी है। कहा कि हमारी सरकार बनी तो किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ होगा। 2009 में कांग्रेस की सरकार ने ऐसा करके दिखाया भी है। उन्होंने लोगों को समझाया कि मोदी सरकार अपने उद्योग पति मित्रों के हाथ देश का ज़र्रा ज़र्रा बेंच रही है,उनका कर्ज माफ कर रही है जबकि कांग्रेस सदैव ही देश और जनता के हितों को सोचती है। उन्होंने कहा मोदी के भाषणों में जनता के मुद्दे नहीं रहते। हिंदू मुसलमान पाकिस्तान ही रहता है। वे जो बार बार फ्री राशन की बात करते हैं वह भी कांग्रेस कि देन है। कांग्रेस ने खाद्य सुरक्षा कानून न बनाया होता तो मोदी यह कत्तई नहीं कर पाते।

वरिष्ठ नेत्री ने फीता काटकर किया भाजपा कार्यालय का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत बढ़नी में बुधवार की देर शाम को भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री व प्रांतीय कार्य समिति की सदस्य साधना चौधरी ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया।

इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों , पिछड़ों तथा दलितों का उत्थान करने में सरकार ने सराहनीय प्रयास किया है। कहा कि अनगिनत गरीबों को मोदी जी की सरकार में आवास, विद्युत, रसोई गैस आदि अनेकानेक योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिला है। देश को डिजिटल इंडिया बनाने की दिशा में भी सरकार का अभूतपूर्व योगदान है। कहा कि आने वाले 25 मई को कमल निशान वाले बटन को दबाकर भाजपा प्रत्याशी को जिताए और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दे। कार्यक्रम को वरिष्ठ भाजपा नेता नर्वदेश्वर मणि, त्रियुगीनाथ अग्रहरि, सिद्धार्थ पाठक आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन कर रहे चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने उपस्थित जनसमूह से हाथ उठवाकर भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के पक्ष में अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील की। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, एडवोकेट श्रवण श्रीवास्तव, पूर्व सभासद राजकुमार अग्रहरि, संजय जायसवाल, एडवोकेट धनंजय श्रीवास्तव, कमल मित्तल, अनीता जायसवाल, अखिलेश मद्धेशिया, अंचल कुमार, रमेश मौर्या, आदित्य सिंह, अजीत सिंह, अमित कुमार मौर्या, महेश यादव, इरशाद अहमद, सहित भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

आयुक्त ने आईजी, डीएम, एसपी व सीडीओ के साथ किया मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण केन्द्र सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, करौंदा मसिना का आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह द्वारा आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र बस्ती आरके भारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार के साथ निरीक्षण किया गया। आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त कर ले तथा पी.पी.टी. को भी अच्छे से पढ़ ले। जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर व अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

ईवीएम, वीवी पैट कमीशनिंग अति महत्वपूर्ण, बहुत सावधानी से करें कार्य : उपजिलाधिकारी

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। ईवीएम, वीवी पैट कमीशनिंग अति महत्वपूर्ण कार्य है, इसे समय से पूर्ण किया जाना है। उक्त बात उपजिलाधिकारी/एआरओ डॉ ललित कुमार मिश्र ने कही वह गुरुवार को निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम, वीपी पैट कमीशनिंग के दौरान राजस्व कर्मियों से कही उन्होंने कहा कि सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 25 मई को है इसके लिए कपिलवस्तु विधान सभा में कुल 501 बूथों के लिए ईवीएम, वी0वी0पैट कमीशनिंग किया जा रहा है। इस दौरान प्रत्याशियों का नाम लिखा एवं चुनाव चिन्ह अंकित पतपत्र को ईवीएम में सील किया जा रहा है ईवीएम में नई बैटरी लगाई जा रही है जिससे चुनाव के दिन किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इस अवसर पर तहसीलदार/एईआरओ पीयूष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, माधुर्य यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, राजेश गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, गयादीन मौर्य, अब्दुल कयूम, अरुण श्रीवास्तव, श्यामनारायन, यशोदा नन्द मिश्र, अरुण श्रीवास्तव सहित सभी राजस्व कर्मी अपने ड्यूटी पर उपस्थित रहे।

कमीशिंग के बाद ही मशीनों का निर्धारित तिथि पर पोलिंग पार्टियों को होगा वितरण

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु मशीनों की कमीशिनंग कार्य निर्वाचन कार्यालय परिसर में किया जा रहा है। मशीनों की कमीशिनंग पांचो विधानसभाओं अकबरपुर, कटेहरी, टांडा, जलालपुर तथा आलापुर के समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के अधीन कराया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को मशीनों के कमीशिनंग के बारे में अवगत कराया गया निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए अवगत कराना है कि पूर्व में रेंडमाईजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम मशीनों को विधानसभा व पोलिंग बूथ के लिए निर्धारित किया गया था।

घर पर सो रही युवती के साथ दबंग युवक ने खेत में किया दुष्कर्म

जलालपुर अम्बेडकरनगर। घर पर सो रही युवती के साथ दबंग युवक ने खेत मे ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध अपहरण, एससी एसटी व दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव का है। पीड़ित पिता ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि बीते सोमवार की रात उस की 18 वर्षीय पुत्री घर के बरामदे में सो रही पुत्री सुबह को अपने बिस्तर पर नहीं मिली। तलाश करने के बाद वह घर के पीछे एक खेत में मिली और बताया कि रात में गांव का ही युवक डब्बू पुत्र रामकेवल उसे उठा लाया और उस के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित पिता ने बताया कि लोकलाज के भय से उस ने घटना के दिन शिकायत नहीं किया बाद में वह गुरुवार को कोतवाली जलालपुर पहुंचा और शिकायत दर्ज करायी। मामलें में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध एससी एसटी,अपहरण, दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। युवती का बयान दर्ज कर उसे मेडिकल के लिए भेज दिया गया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मैं अज़मी काज़मी 225/19, अंसार मंजिल हाता खान सामा याहियागंज लखनऊ का निवासी हूं मेरी पुत्री का नाम गलती से टी. सी. में अलीज़ा ज़हरा के स्थान पे अलीज़ा ज़हरा काज़मी और मेरा नाम अज़मी काज़मी के स्थान पे अज़मी हुसैन काज़मी अंकित हो गया है जबकि मेरी पुत्री का नाम अलीज़ा ज़हरा और मेरा नाम अज़मी काज़मी जो की सही है।

तालाब पोखरा झील भरने हेतु शारदा नहर मे पुनः पानी छोड़ा गया

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों की सिंचाई व ग्रीम ऋतु में तालाब और पोखर ,झील को पानी से भरने हेतु शारदा सहायक नहर का संचालन पुनः किया जा रहा है। शारदा सहायक नहर के किमी.104 से निकलने वाली दरियाबाद शाखा दरियाबाद शाखा के किमी.76.00 से निकलने वाली फैजाबाद ब्रांच की कुल लंबाई 126.200 किमी.पर 16.05.2024 से संचालन पुनः प्रारंभ है जनपद अंबेडकर नगर में तालाब,पोखर, झील की लगभग 480 की संख्या में हैं जिसको लगभग एक सप्ताह के नहर संचालन से पानी द्वारा भरा जाना है जिससे किसानों की वर्तमान फसल की सिंचाई एवं पशु पक्षियों को पीने का पानीआवश्यकतानुसार उपलब्ध रहेगा ,जनपद अंबेडकर नगर की मुख्य नहरें फैज़ाबाद ब्रांच, चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर,टांडा मुख्य नहर, टांडा समांतर नहर, पौसारा राजवाहा, जहांगीर गंज राजवाहा, पिंडोरिया राजवाहा, बंदीपुर राजवाहा, कटार गढ़ राज वहा,आदि सभी नहरों में तालाब, पोखर, झील पानी भरने के लिए निरंतर संचालन किया जायेगा, जनपद अंबेडकर नगर के समस्त जनप्रतिनिधि, कृषक बंधु,आम जन मानस से सादर अनुरोध है कि उपलब्ध कराए जा रहे पानी से अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए सिंचाई एवं पशु पक्षियों हेतु पानी का संरक्षण करने में सहयोग प्रदान करें जनपद अंबेडकर नगर के साथ साथ जनपद आजमगढ़, मऊ,बलिया आदि जनपदों में भी संबंधित तालाब , पोखर,झील ,जलाशय पानी से भरने का कार्य किया जाएगा जिससे जनमानस के साथ साथ पशु पक्षियों को भी पानी की उपलब्ध सुनिश्चित की जा सके ,जनपद अंबेडकर नगर में 131 नहरों में पानी छोड़ा जाएगा जिससे लगभग 52000 कृषक बंधु लाभान्वित होंगे।

रामकुमार उर्फ चिंकू यादव का भाजपा कार्यालय पर भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता रामकुमार उर्फ चिंकू यादव ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेने के उपरांत गुरुवार को सिद्धार्थनगर भाजपा कार्यालय में प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ फूल माला पहनाकर भाजपा परिवार में भव्य स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष ने स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि मोदी जी एवं योगी जी के राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर चिनकू यादव जिस तरह अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में आए है निश्चित ही इनके आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और भाजपा की जीत सुनिश्चित होगी। चिनकू यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी में ही भविष्य है समाजवादी पार्टी अब समाप्तवादी पार्टी की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, जिला महामंत्री विपिन सिंह जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडे व विक्की रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

पिछड़े, आतिपिछड़े और दलित

जो भी पार्टी इन तीनों वर्गों को साध लेगी उसके जीत की सम्भावना बढ़ जायेगी। इस बात को इससे बल मिलता है कि पिछले चुनावों में भाजपा ने इन्हें साध लिया था खास कर यूपी और बिहार में और उन्हें बहुमत मिला। सपा और बीएसपी ने इनका साथ खो दिया था। इसीलिये 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी। 2014 से ही भाजपा इनका साथ पाने के लिये जुटी रही और काफी हद तक सफल भी हुई और सरकार बनाई। 2019 में भी तीनों वर्ग मोदी के साथ रहे और मोदी ने सरकार बनाई। मोदी की पैठ अभी तक बनी हुई है। भाजपा इसे खोना नही चाहती इसे बचाने में लगी हुई है। जबकि विपक्षी पार्टियों मोदी के जीत का महत्वपूर्ण पक्ष इसे मान इन्हें अपने पाले में करने के लिये पसीना बहा रही है।

पिछड़े वर्ग में बड़ी जातियां अति पिछड़ों को पूरा लाभ प्राप्त करने नहीं देते है। इसी कारण पिछड़ों का यह वर्ग मोदी का दामन थाम लिया और मोदी की जीत में 2014 में अहम रोल निभाया। मोदी ने इसे माना और वह इस पूरे वर्ग को अपनी ओर खींचने में लगे रहे और है। सरकार होने की वजह से लाभ के कई प्रभावशाली स्कीमें में दे इन्हें अपनी ओर खींचे हुये है। कांग्रेस भी इन्हें अपनी ओर करने के लिये इनका पक्षधर दिखाने की कोशिश में लगी हुई है जातिजनगणना कराने पर जोर दे रही है। गठबन्धन के नेता भाजपा पर आरोप लगा रहे है कि भाजपा अगर सरकार बनाई तो आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा उलट कर जवाब दे रही हैं कि कांग्रेस सत्ता में आई तो पिछड़ों का आरक्षण मुसलमानों को दे देगी। विपक्ष दल महसूस कर चुके है कि बिना पिछड़े, अतिपिछड़े और दलितों का साथ पायें चुनाव नहीं जीता जा सकेगा। भाजपा सरकार आने के पहले यानी 2014 के पहले पिछड़े वर्ग में सपा की अच्छी पैठ थी। दलित और अति दलित बसपा के साथ रहे। मोदी ने इनमें सेंधमारी कर अपने जीत की नींव मजबूत करली। ये जातियां पहले बिखरी हुई थी पर एक जुट होकर बड़ी ताकत बन गई। सभी पार्टियां इनका महत्व समझने लगे और जीत के लिये इनका साथ जरूरी समझने लगे। सपा ने तीनो वर्गो को अपनी ओर करने के लिये पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक का नारा उछाला है। हालाकि के सपा मोदी का यह किला भेदने की जीतोड़ कोशिश कर रहे है कितना कामयाब हो पाते है यह तो नतीजों के बाद ही मालूम होगा। सपा पार्टी में दलबदल से भी परेशान है। उनके पांच खानदानी इस चुनाव में लड़ रहे है। सपा परम्परागत सीट बचाने में भी लगी हुई है।

भाजपा पिछड़े अतिपिछड़े और दलित वर्ग को जो अब तक उसके साथ रहे है उसे बचाने की कोशिश में लगी हुई है जबकि विपक्ष उसे हथियाने की कोशिश में लगी हुई है पर विपक्ष को समझ में नही रहा है क्या प्रभावी कदम हो सकता है। मोदी आत्मविश्वास से भरे हुये है। क्योंकि 2019 के चुनाव में यूपी में सपा, बसपा और राष्ट्रीय लोकदल का गठबन्धन था। सर्वे के मुताबिक इस गठबन्धन के पक्ष में 50 प्रतिशत मत जा रहा था, गठबन्धन की जीत निश्चित बताई जा रही थी पर नतीजा आया तो सर्वे के उलटा सभी दंग थे। यह मोदी के व्यक्तिगत करिश्मा का चमत्कार है। इसीलिये विपक्ष के समझ में नहीं आ रहा है, पिछड़े अतिपिछड़े और दलितों के कैसा साधा जाय। 2022 में यूपी के विधानसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के नेताओं ने भाजपा का साथ छोड़ा था सपा का दामन पकड़ा था। पर चुनाव के नतीजां ने बताया उनके नेता सपा में गये उनके मतदाता भाजपा के ही साथ रहे। भाजपा ने भारी मतों से सरकार बनाई थी। सर्वे प्रेस, लोग, विदेशी भाजपा की नहीं मोदी की जीत निश्चित मान रहें। लोग मोदी के नाम पर वोट देंगे। विपक्ष पास कोई ऐसे करिश्माई नेता नहीं है। राहुल गाधी को प्रोजेक्ट लिया जा रहा है। पर उनमें परिपक्वता का अभाव दिख रहा है। मोदी के समक्षी बनने में लगे है पार्टी उन्हें बनाने में लगी है। सबका पटाक्षेप चुनाव के बाद हो जायेगा।

लघु-कथाकार नोबेल विजेता एलिस का चला जाना!

साहित्य के प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार की विजेता एलिस मुनरो का कल (15 मई 2024) कनाडाई नगर ओंटारियों में निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। मतिभ्रम से पीड़ित थीं। लघु-कथा लेखिका के रूप में मशहूर एलिस की समता भारतीय लघुकथाकार मुल्कराज आनंद और आरके नारायण से की जाती है। रूसी कथाकार एंटोन चेखोव और एलिस में काफी सादृश्य देखा गया। प्रकाशक पेंगुन के अनुसार वह लेखिका गत कुछ वर्षों से स्मृति खो चुकी थी। एलिस की लघु कथाओं के अधिकांश पात्र महिलायें होती थीं। एक समृद्ध नई पीढ़ी के पाठकों को उनका प्रशंसक माना जाता रहा। इनमें अधिकतर आंचलिक युवजन थे, जो मध्यम वर्ग के रहे। वे उनके बड़े प्रशंसक थे। उनमें सहलेखक वर्ग एलिस के महानतम प्रशंसक हैं। एलिस के समालोचकों ने कहा एलिस को पढ़ने से लगता है कि अपने वैसा कभी पहले नहीं पढ़ा था।

के. विक्रम राव

एलिस की चंद मशहूर रचनाओं के शीर्षक रहे सुखद छाया का नृत्य (1998), युवतियों और महिलाओं का जीवन (1971), क्या समझते हैं? आप कौन हैं? (1978), मूंस का जूपिटर (1982) आदि। एलिस ने उपन्यास नहीं लिखे क्योंकि रुचि नहीं थी। नोबेल पुरस्कार के निर्माताओं ने लिखा एलिस को पढ़ने के बाद महसूस होता है कि नया पढ़ रहे हैं। एलिस की शैली लघुकथा की वस्तुकला और शिल्प में क्रांति लाती है। इनमें विशेष रूप से वक्त के साथ आगे पीछे जाने की प्रवृत्ति में लघु कथा के विभिन्न चक्रों के साथ। उनकी कहानियाँ सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। उनके लेखन ने चेखव के समान एक महान लेखक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा स्थापित की। नोबेल पुरस्कार के अलावा, मुनरो को समकालीन लघु कहानी शैली में उनके काम के लिए कई पुरस्कार मिले। उन्हें अपने जीवन भर के काम के लिए 2009 में प्रतिष्ठित मैन बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार मिला। वह फिक्शन के लिए कनाडा के गवर्नर जनरल पुरस्कार की तीन बार विजेता भी रहीं, और उन्हें राइटर्स ट्रस्ट ऑफ कनाडा का 1996 मैरियन एंगेल पुरस्कार और रनवे के लिए 2004 रोजर्स राइटर्स ट्रस्ट फिक्शन पुरस्कार मिला। मगर 2013 के आसपास उन्होंने लिखना लगभग बंद कर दिया था। एलिस ने एक किशोरी के रूप में लिखना शुरू किया था और 1950 में दो साल की छात्रवृत्ति पर वेस्टर्न ओंटारियो विश्वविद्यालय में अंग्रेजी और पत्रकारिता का अध्ययन करते हुए अपनी पहली कहानी द डाइमेंशन ऑफ ए शैडो प्रकाशित की। इस अवधि के दौरान उन्होंने एक होटल परिचायिका, एक तंबाकू बीनने वाली और एक पुस्तकालय क्लर्क के रूप में काम किया। उन्होंने 1951 में साथी छात्र जेम्स मुनरो से शादी करने के लिए विश्वविद्यालय छोड़ दिया, जहां वह 1949 से अंग्रेजी में पढ़ाई कर रही थीं। वे एक डिपार्टमेंटल स्टोर में जेम्स की नौकरी के लिए डंडारेव, वेस्ट वैंकूवर चले गए। 1963 में, दंपति विक्टोरिया चले गए, जहां उन्होंने मुनरो बुक्स खोली, जो अभी भी संचालित होती है। उनके काम का लगातार विषय, विशेष रूप से उनकी शुरुआती कहानियों में, एक लड़की के वयस्क होने और अपने परिवार और अपने छोटे गृहनगर के साथ सामंजस्य बिठाने की दुविधाएं रही हैं। हेटशिप, फ्रेंडशिप, कोर्टशिप, लवशिप, मैरिज (2001) और रनवे (2004) जैसे कामों में उन्होंने अपना ध्यान अधेड़ उम्र, अकेली महिलाओं और बुजुर्गों की कठिनाइयों पर केंद्रित किया। उनके पात्र अक्सर एक रहस्योद्घाटन का अनुभव करते हैं जो किसी घटना पर प्रकाश डालता है, और उसे अर्थ देता है। उनकी कहानियाँ सरल गद्य शैली में मानवीय जटिलताओं का पता लगाती हैं। मुनरो का गद्य जीवन की अस्पष्टताओं को उजागर करता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

रामचरितमानस की पांडुलिपियां, 15वीं सदी की पंचतंत्र दंतकथाओं समेत एशिया-प्रशांत की 20 धरोहरों को 2024 के लिए यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि यह निर्णय एशिया और प्रशांत के लिए विश्वस समिति की स्मृति (एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं आम बैठक में लिया गया। बैठक 7 व 8 मई के दौरान मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में बुलाई गई थी। बैठक की मेजबानी मंगोलिया के संस्कृति मंत्रालय, यूनेस्को के लिए मंगोलियाई राष्ट्रीय आयोग और बैंकॉक में यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय ने की थी।

रामचरितमानस, पंचतंत्र अब पूरी दुनियां की धरोहर बनें!

वैश्विक स्तरपर भारत की आध्यात्मिकता में महारात तो विश्व प्रसिद्ध है ही, परंतु महामानवों द्वारा रचित भारत के अनेक ग्रंथ व रचित पवन किताबें पुस्तक और अनमोल धरोहर जैसे रामायण,रामचरितमानस गीता इत्यादि ऐसे अनेक लिपिक ग्रंथ है जो पूरी दुनियां में पावन माने जाते हैं। हमें यह याद होगा कि हमने पिछले साल देखे थे कि किस तरह बिहार के तत्कालीन शिक्षा मंत्री व यूपी के एक नेता ने रामचरितमानस पर दिए गए एक बयान से राजनीति गरमा कर सियासी तूफान उठ गया था और इस किताब ग्रंथ पर बैन लगाने तक की मांग की गई थी, जिसके कारण रामचरितमानस की बिक्री तेजी से बढ़ती हुई दर्ज की गई थी जो गीता प्रेस गोरखपुर की तरफ से खुद बयांन आया था। दिनांक 14 में 2024 को मीडिया में जानकारी आई कि संयुक्त राष्ट्र के यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) जिसके 195 से अधिक सदस्य 8 एसोसिएट सदस्य हैं, रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियों व पंचतंत्र की कथाओं को एशिया व प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व की स्मृति समिति मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमिट फॉर एशिया एंड द पैसिफिक (एमओडब्लूसीएपी) की दसवीं बैठक 7-8 मई 2024 को मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में आयोजित की गई थी जिसमें संयुक्त राष्ट्र के 38 प्रतिनिधि और 40 पर्यवेक्षक तथा नामांकित एकत्रित हुए थे, इसमें इस निर्णय को मंजूरी दी गई थी। बता दें कि इसके साथ ही भी 20 धरोहरो को 2024 के लिए रजिस्टर में दर्ज किया गया है, जो भारत के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण है। इसकी जानकारी दिनांक 14 मई को मीडिया में आई तो, चहुंओर खुशी की लहर दौड़ गई अनेक धार्मिक आध्यात्मिक स्थलों पर खुशियां मनाते हुए दिखाई दिए, इसलिए इस महान उपलब्धि के लिए मैंने आज इस विषय को आर्टिकल लिखने के लिए चुना और मीडिया में रिसर्च कर बड़ी मेहनत से यह तैयार किया हूं। चूंकि रामचरितमानस पंचतंत्र अब पूरी दुनियां की धरोहर बन गया है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र यूनेस्को के मेमोरी आफ वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में रामचरितमानस और पंचतंत्र शामिल किए गए हैं, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे रामचरितमानस की सचित्र पांडुलिपियों व पंचतंत्रों की कथाओं का यूनेस्को धरोहर बनने से हर भारतवासी गौरववित हुआ है।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम प्राचीन रामचरितमानस व पंचतंत्र के यूनेस्को में शामिल होने की करें तो, प्राचीन रामचरितमानस की पांडुलिपियां, 15वीं सदी की पंचतंत्र दंतकथाओं समेत एशिया-प्रशांत की 20 धरोहरों को 2024 के लिए यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रीजनल रजिस्टर में दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि यह निर्णय एशिया और प्रशांत के लिए विश्वस मिति की स्मृति (एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं आम बैठक में लिया गया। बैठक 7 व 8 मई के

दौरान मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में बुलाई गई थी। बैठक की मेजबानी मंगोलिया के संस्कृति मंत्रालय, यूनेस्को के लिए मंगोलियाई राष्ट्रीय आयोग और बैंकॉक में यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय ने की थी।अधिकारियों ने कहा, इस वर्ष रिकॉर्ड में वंशावली रिकॉर्ड को विशेष रूप से शामिल किया गया है। इनमें मंगोलिया के खलखा मंगोलों का परिवार एवं उनकी वंशावली, चंगेज खान का घर शामिल है। इसके अलावा चीन में हुइझोउ और मलेशिया में केदाह राज्य के समुदाय, पारिवारिक इतिहास को भी शामिल किया गया है। इस वर्ष के अंकित रिकार्डों में विज्ञान और साहित्य को भी स्थान दिया गया है। इसमें बांग्लादेश की विज्ञान कथाओं की नारीवादी लेखिका रोकेया एस हुसैन को भी मान्यता दी गई। उन्होंने 1905 की अपनी कहानियों सुल्तनाज ड्रीम में आविष्कार किए जाने से पहले ही हेलिकॉप्टर और सौर पैनल दोनों की कल्पना कर ली थी। रामचरितमानस, पंचतंत्र, और सहृदयालोक-लोकन।रामचरितमानस को तुलसीदास ने 16वीं शताब्दी में अवधी बोली में लिखा था। यह रामायण से भिन्न है जिसे ऋषि वाल्मिकी ने संस्कृत भाषा में लिखा थारामचरितमानस चौपाई रूप में लिखा गया ग्रंथ है।पंचतंत्र दुनिया की दंतकथाओं के सबसे पुराने संग्रहों में से एक है जो संस्कृत में लिखा गया था। विष्णु शर्मा जो महिलारोप्य के राजा अमर शक्ति के दरबारी विद्वान थे, उन्हें पंचतंत्र का श्रेय दिया जाता है।इसकी रचना संभवतः 300 ईसा पूर्व के आसपास हुई थी। इसका अनुवाद 550 ईसा पूर्व में पहलवी (ईरानी भाषा) में किया गया था।

साथियों बात अगर हम एमओडब्लूसीएपी की दसवीं बैठक 7- 8 में 2024 की करें तो, एशिया और प्रशांत क्षेत्र के लिए विश्व की स्मृति समिति (मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड कमिटि फॉर एशिया एंड द पैसिफिक- एमओडब्ल्यूसीएपी) की 10वीं बैठक हुई, जो एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर रही, क्योंकि भारत से तीन नामांकन सफलता पूर्वक यूनेस्को की 'मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय रजिस्टर' में शामिल हुए हैं। मंगोलिया की राजधानी उलानबटार में ये बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें संयुक्त राष्ट्र से 38 प्रतिनिधि और 40 पर्यवेक्षक तथा नामांकित एकत्र हुए थे। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र (आईजीएनसीए) के डीन (प्रशासन) एवं कला निधि प्रभाग के विभागाध्यक्ष ने भारत की इन तीन प्रविष्ठियों को प्रस्तुत किया (1) सहृदयलोक-लोचन की पांडुलिपि (भारतीय काव्यशास्त्र का महत्वपूर्ण पाठ) (2)पञ्चतन्त्र की पांडुलिपि (3) तुलसीदास के रामचरितमानस की चित्रित पांडुलिपिरजिस्टर उप-समिति (आरएससी) द्वारा विस्तृत चर्चा और सिफारिशों के बाद सदस्य देशों के प्रतिनिधियों द्वारा वोटिंग के बाद तीनों नामांकन सफलता पूर्वक शामिल हुए, जो 2008 में रजिस्टर की शुरुआत से पहले किए गए पहले भारतीय प्रवेशों को चिह्नितकरते हैं।रामचरितमानस पञ्चतन्त्र और सहृदयलोक लोचन ऐसी कालजयी कृतियां हैं, जिन्होंने भारतीय साहित्य और संस्कृति को गहराई से प्रभावित किया है। राष्ट्र के नैतिक ताने-बाने और कलात्मक अभिव्यक्तियों को आकार दिया है। इन साहित्यिक कृतियों ने समय और स्थान का अतिक्रमण कर भारत और उसके बाहर भी पाठकों और कलाकारों की पीढ़ियों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। गौरतलब है कि सहृदयालोक-लोचन की रचना नवीं शताब्दी में आचार्य आनंदवर्धन ने की थी। जबकि 'पञ्चतन्त्र' की रचना पं. विष्णु शर्मा ने की थी।बता दें इन पांडुलिपियों का समावेश भारत के लिए गौरव का क्षण है, जो देश की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण है। यह वैश्विक सांस्कृतिक संरक्षण प्रयासों में एक कदम आगे बढ़ने का प्रतीक है। इन उत्कृष्ट कृतियों का सम्मान करके, हम न केवल उनके रचनाकारों की रचनात्मक प्रतिभा को श्रद्धांजलि देते हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि उनकी गहन बुद्धिमता और सार्वकालिक शिक्षाएं भावी पीढ़ियों को प्रेरित और प्रबुद्ध करती रहेंगी। साथियों बात अगर हम वैश्विक सांस्कृतिक दस्तावेजों के संरक्षण की करें तो, वैश्विक सांस्कृतिक दस्तावेजों का संरक्षण विश्व निकाय ने 8 मई को एक बयान में कहा कि 10वीं आम बैठक की मेजबानी मंगोलिया के संस्कृति मंत्रालय, यूनेस्को के लिए मंगोलियाई राष्ट्रीय आयोग और बैंकॉक स्थित यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा की गई।

साइलेंट किलर की भूमिका में हाइपरटेंशन

जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक है, लगभग 30 प्रतिशत भारतीय आबादी इससे पीड़ित है। हममें से 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे गलत खान-पान का सेवन कर रहे हैं, जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं है। तैलीय, मसालेदार, नमकीन, मैदा, मीठा और प्रोसेस्ड भोजन हमारे शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं, जो हमें घातक बीमारियों से मौत के मुँह में धकेलते है।

हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारियों की जननी है, जिससे लाखों लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा या स्ट्रोक, धमनीविस्फार, दिल की धड़कन रुकना, गुर्दे संबंधित समस्याएं, आंखों की समस्या, चयापचयी समस्या, मनोभ्रंश, स्मृतिदोष जैसी जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि साधारणत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और अचानक शरीर में आघात होता है। हर साल 17 मई को दुनियाभर में 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस' हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्थिति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और स्वस्थ भविष्य के लिए उच्च रक्तचाप के प्रभावी प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। सामान्य बीपी अर्थात रक्तचाप 120/80 या उससे कम होता है। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) तब होता है जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य से बहुत अधिक (140/90 या अधिक) होता है, यह शुरुआत होती है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक दबाव सहन करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप का पता लगाने का एकमात्र तरीका अपने रक्तचाप की जांच करवाना है। डब्ल्यूएचओ ने उच्च रक्तचाप के बारे में कुछ मुख्य तथ्य दर्शाए हैं, दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अनुमानित 46त्न वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से भी कम वयस्कों (42 फीसदी) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग 5 में से केवल 1 वयस्क (21 फीसदी) में यह स्थिति नियंत्रण में है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में असामयिक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रति वर्ष 75 लाख मौतें होती है, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 30 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

उच्च रक्तचाप में वैश्विक प्रभाव की स्थिति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, यदि उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे लोग भी अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखें तो भारत देश में 2040 तक कम से कम 46 लाख असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 37 प्रतिशत भारतीयों का ही निदान हो पाता है और उनमें से केवल 30 प्रतिशत ही इलाज करा पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह स्थिति नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा

जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक है, लगभग 30 प्रतिशत भारतीय आबादी इससे पीड़ित है। हममें से 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे गलत खान-पान का सेवन कर रहे हैं, जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं है। तैलीय, मसालेदार, नमकीन, मैदा, मीठा और प्रोसेस्ड भोजन हमारे शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं, जो हमें घातक बीमारियों से मौत के मुँह में धकेलते है। आधुनिकता और दिखावा मनुष्य के विनाश का कारण बन गया है, आधुनिकता केवल हमारे विचारों में होनी चाहिए, ये मनुष्य समझ ही नहीं रहा है, कि भौतिक सुख सब कुछ नहीं है। भौतिक सुख-सुविधा पर निर्भरता ने मनुष्य को काफी हद तक मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर कर दिया है, जिससे मनुष्य की सहनशक्ति, विचारशक्ति क्षीण होकर तनाव, चिड़चिड़ापन, दुर्व्यवहार और स्वार्थीवृत्ति में लगातार वृद्धि हुयी है। इससे सामाजिक समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। बड़ी उम्र, आनुवंशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना, अधिक नमक वाला आहार, बहुत अधिक धूम्रपान, शराब पीना जैसी स्थिति उच्च रक्तचाप होने का ख़तरा बढ़ाता है।

ग्रामीण आबादी के मुकाबले सुविधा संपन्न शहरी जनसंख्या अधिक बीमारियों का बोझ ढोते है। शहर में विकास के नाम पर शरीर कमजोर हो गए है। प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान, व्यसन, अनिद्रा, मिलावटखोरी, व्यायाम की कमी, संसाधनों पर निर्भरता अर्थात आधुनिक जीवनशैली ने शारीरिक और मानसिक तौर पर हमें बीमार बनाया है। अब हार्ट अटैक या स्ट्रोक उम्र देखकर नहीं बल्कि छोटे बच्चों से लेकर किसी को भी, कभी भी हो सकता है। प्रदूषित वातावरण इस हद तक बढ़ गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी गर्भ में पल रहे बच्चों में विकलांगता और जानलेवा बीमारियों में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य सम्बंधित बढ़ती समस्याओं के मूल कारण की ओर लोगों में विशेष जागरूकता नजर नहीं आती है। बीमारियां लगातार क्यों बढ़ रही है, इसके प्रति समाज और देश में बड़े पैमाने पर इतिहास रचने लायक जनजागृति और कड़े नियमों, कानूनों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने लायक कोई भी गतिविधि देश में नहीं होनी चाहिए, ये पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है और सरकार को पूरा सहयोग करने की नैतिकता जनता की है।

हाइपरटेंशन के रोकथाम में दवा और आधुनिक जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाएं, ज्यादा देर तक लगातार बैठना टाले, शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें, जैसे चलना, दौड़ना, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियां अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपने वजन को संतुलित रखें, तनाव को कम करके नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, समस्या हो तो योग्य उपचार करना आवश्यक है, चिकित्सक अनुसार देखभाल करें और औषधि लें। सकारात्मक विचारशैली, हेल्दी हॉबी, पोषक आहार, नशे से मुक्ति, स्वच्छता और रोजाना व्यायाम जैसी आदतें हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती है। आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।

क्यों ठहर जाता है स्लम बस्तियों में विकास का पहिया?

रुकमणी देवी बताती हैं कि 1997 में सरकार ने इस बस्ती को स्लम क्षेत्र घोषित किया था। इस बस्ती में लगभग 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका मुख्य कार्य मजदूरी और ऑटो रिक्शा चलाना है। रुकमणी देवी के अनुसार स्लम क्षेत्र घोषित करने के बाद राज्य सरकार की ओर से यहां विकास की कई योजनाओं को शुरु करने की घोषणा की गई थी ताकि यहां के रहने वालों के जीवन स्तर को सुधारा जा सके।

हमारे देश की एक बड़ी आबादी आज भी ऐसी है जो शहरों और महानगरों में आबाद तो है, लेकिन वहां शहर के अन्य इलाकों की तरह सभी प्रकार की सुविधाओं का अभाव होता है। शहरी क्षेत्रों में ऐसे इलाके स्लम बस्ती कहलाते हैं। यह बस्तियां अधिकतर खाली पड़े सरकारी ज़मीनों पर आबाद होती हैं। जहां सरकारी सुविधाएं तो होती हैं लेकिन आबादी का एक बड़ा हिस्सा इन सुविधाओं का लाभ उठाने से वंचित रह जाता है। यह बस्तियां केवल राजधानी दिल्ली या मुंबई जैसे महानगरों में ही नहीं होती हैं बल्कि बिहार की राजधानी पटना समेत देश की लगभग सभी राज्यों की राजधानी में आबाद होती हैं। इन बस्तियों में अधिकतर आर्थिक रूप से बेहद कमजोर तबका निवास करता है। जो रोजी रोटी की तलाश में गाँव से निकल कर शहर की ओर पलायन करता है। इनमें रहने वाले ज्यादातर परिवार दैनिक मजदूरी के रूप में जीवन यापन करता है। अक्सर ऐसी बस्तियों को मलिन बस्ती के रूप में भी चिन्हित किया जाता है।

ज्योति कुमारी

साल 2011 की जनगणना के अनुसार देश में लगभग 1.23 लाख स्लम एरिया हैं जिनमें करीब 6.55 करोड़ की जनसंख्या निवास करती है। इनमें से अधिकतर बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा सहित कई मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहते हैं। ऐसी ही एक स्लम बस्ती बिहार की राजधानी पटना स्थित गर्दनीबाग इलाके में भी आबाद है। बघेरा मोहल्ला के नाम से दर्ज यह बस्ती पटना हवाई अड्डे से महज 2 किमी दूर और बिहार हज भवन के ठीक पीछे स्थित है। ऐतिहासिक शाह गड्डी मस्जिद, (जिसे स्थानीय लोग सिगड़ी मस्जिद के नाम से जानते हैं), से भी इस बस्ती की पहचान है। इस बस्ती तक पहुंचने के लिए आपको एक खतरनाक नाला के ऊपर बना लकड़ी के एक कमजोर और चरमराते पुल से होकर गुजरना होगा।

यहां रहने वाली 80 वर्षीय रुकमणी देवी बताती हैं कि वह इस बस्ती में पिछले 40 सालों से रह रही हैं। इस बस्ती में करीब 250-300 घर हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 700 के करीब है। रुकमणी देवी की पहचान क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी रही है। जो इस बस्ती की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम करती रही हैं। वह बताती हैं कि 1997 में सरकार ने इस बस्ती को स्लम क्षेत्र घोषित किया था। इस बस्ती में लगभग 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका मुख्य कार्य मजदूरी और ऑटो रिक्शा चलाना है। रुकमणी देवी के अनुसार स्लम क्षेत्र घोषित करने के बाद राज्य सरकार की ओर से यहां विकास की कई योजनाओं को शुरू करने की घोषणा की गई थी ताकि यहां के रहने वालों के जीवन स्तर को

सुधारा जा सके। उन्हें बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विशेष काम भी किये जाने की बात कही गई, लेकिन इनमें से अधिकतर योजनाएं लागू होने की जगह फ़ाइलों में दब कर रह गई हैं। अलबत्ता शिक्षा के नाम पर बस्ती के एक किनारे में दो कमरों का एक प्राथमिक स्कूल संचालित है जहां एक से पांचवीं कक्षा के 30-35 बच्चों को मुफ़्त शिक्षा दी जाती है। स्कूल की शिक्षिका पुष्पा कुमारी बताती हैं कि इन्हीं दो कमरों में स्कूल का कार्यालय और कक्षाएं आयोजित की जाती है। यह स्कूल 1997 में स्थापित किया गया था। जहां बच्चों को मुफ़्त किताबें, कॉपियाँ और बैग उपलब्ध कराए जाते हैं। इसके अतिरिक्त उन्हें सरकार द्वारा निर्देशित मेनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन भी उपलब्ध कराया जाता है।

हालांकि स्कूल में बच्चों के लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए वह भोजन के बाद अपने अपने घरों में जाकर पानी पीते है। इन बच्चों के भोजन के लिए अलग से कमरों की कोई व्यवस्था नहीं है, लिहाज़ा वह खुले आसमान के नीचे मैदान में उड़ते धूल के बीच ही भोजन करने को मजबूर होते है। स्कूल के प्रधानाध्यापक मुरारी कुमार बताते हैं कि कम सुविधा में भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल की ओर से हर संभव प्रयास किये जाते हैं। बच्चों को खाने में पौष्टिक आहार के अलावा समय समय पर आयरन की गोलियां और कीड़े मारने की दवाईयां भी खिलाई जाती है। वह बताते हैं कि अनिधिकृत ज़मीन पर बस्ती और स्कूल होने के कारण इस क्षेत्र को बहुत जल्द खाली कराया जा सकता है। ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों को गर्दनीबाग के अन्य प्राथमिक विध्यालयों में शिफ्ट किया जा सकता है।

प्रधानाध्यापक की बातों की पुष्टि करते हुए एक अभिभावक और स्थानीय निवासी 33 वर्षीय सीमा देवी कहती हैं कि वह लोग पिछले 30-40 सालों से इसी बस्ती में रह रहे हैं। यहां सुविधाओं की कई कमियां हैं। लोगों को नल से स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होता है। यहां पीने के पानी के लिए एकमात्र हैंडपंप है। जिसका पानी गर्मियों में अक्सर नीचे चला जाता है, वहीं बारिश के दिनों में इसमें से गंदा पानी आता है। बस्ती के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा भी बहुत कम मिलती है। इसके बावजूद कोई इस बस्ती को छोड़कर जाना नहीं चाहता है।

वह बताती हैं कि बारिश के दिनों में नाले का पानी उफन कर बस्ती में घुस जाता है। जान बचाने के लिए लोग सड़कों के किनारे आश्रय बनाते हैं। सरकार और कई गैर सरकारी संगठनों की ओर से मदद भी की जाती है। नाली के आसपास सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं होने के कारण अक्सर इसमें दुर्घटना की संभावनाएं बनी रहती हैं। कई बार उफनते नाले में डूब कर बच्चों की मौत भी हो चुकी है। बस्ती की 45 वर्षीय रंजू देवी, रौशनी और गुड़िया कुमारी भी इस बस्ती के उजड़ने की खबर से परेशान नजर आई। वह कहती हैं कि हमें बताया गया है कि लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद हमें इस बस्ती को खाली करनी होगी। हालांकि उन्होंने इस संबंध में किसी प्रकार के लिखित आदेश मिलने से इनकार किया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में स्थानीय वार्ड पार्षद भी उनकी किसी प्रकार मदद नहीं कर रहे हैं।

इस बस्ती के लोगों का कहना था कि एक जगह से दूसरी जगह पलायन करने से न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी परेशान करने वाली बात है। अनधिकृत बस्ती के नाम पर वैसे ही विकास के कार्य नहीं के बराबर होते हैं। ऐसे सरकार को चाहिए कि वह इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए ऐसी योजना तैयार करे जिससे न केवल स्लम बस्ती की समस्या का स्थाई समाधान निकल सके बल्कि ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को विकास से जुड़ी सुविधाओं का समुचित लाभ भी प्राप्त हो सके। (चरखा फीचर)

इंडी गठबंधन चार चरणों में ही पूरी तरह से ध्वस्त हुआ : केशव

कहा, भाजपा की पूरे देश में लहर चल रही

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को रायबरेली के ऊंचाहार में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के चार चरणों में ही अखिलेश यादव और राहुल गांधी का भ्रम टूट चुका है। श्री मौर्य ने कहा कि कांग्रेस व सपा का इंडी गठबंधन चार चरणों में ही पूरी तरह से पस्त व ध्वस्त हो चुका है और कमल खिल चुका है।

उपमुख्यमंत्री शव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांधी परिवार के लोग दिल्ली से रायबरेली चुनाव लड़ने आते है। वोट लेकर चले जाते है फिर पांच साल तक पीछे मुड़कर भी नहीं देखते है। उन्होंने कहा कि 2019 में राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारे और अब रायबरेली लड़ने आए है। पिछली बार अमेठी की जनता ने राहुल गांधी को बता दिया था जो हमारे सुख, दुख में साथ नहीं हम उसके साथ नही और अब रायबरेली की जनता भी राहुल गांधी को यही बताने जा रही है। श्री मौर्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पूरे देश में लहर चल रही है। गरीबों का विकास, किसानों की आर्थिक मजबूती, नौजवानों को रोजगार तथा महिलाओं का सशक्तिकरण ही मोदी जी का संकल्प है। उन्होंने कहा कि 4 जून को 4 बजे 400 पार होते ही देश के 80 करोड़ लोगों को 5 वर्ष तक निःशुल्क राशन मिलता रहेगा और तीन करोड़ गरीबों को आवास मिलेगा। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ ही देश विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो सरकार की सारी योजनाओं को गरीबों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि गरीब के हक का 85 फीसदी दलाली एवं कमीशन में हजम करने की कांग्रेसी परम्परा है। मोदी जी ने भ्रष्टाचार दलाली व कमीशनखोरी बन्द करके गरीब का हक गरीब तक पहुंचाने का काम किया है। सपा, कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन के घटक दल कमीशन, भ्रष्टाचार व दलाली बन्द होने से बौखला गए है और झूठ व भ्रम फैला रहे है।

स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में आग लगने से मचा हड़कंप

गोंडा। दिल्ली जा रही स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में अज्ञात कारणों से आग लग गई। इससे रेल यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में ट्रेन को कचहरी रेलवे स्टेशन के पास रोका गया। ट्रेन रुकते ही यात्री ट्रेन से उतरकर इधर-उधर भागने लगे।

रेल कर्मियों व आरपीएफ के सहयोग से आगू पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि कोई बड़ी घटना नहीं हुई। रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर 2:25 बजे छपरा से आनंद विहार की ओर जा रही (05251) स्पेशल ट्रेन गोंडा कचहरी स्टेशन पहुंची थी। तभी उस ट्रेन के एसी कोच नंबर एम-2/222286 व एम-2 कोच में पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। धुआं फैलते ही यात्रियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए चेन पुलिंग करके ट्रेन रोक दी। कुछ ही पल में पूरे ट्रेन में घना धुआं फैल गया। ट्रेन रुकते ही यात्री इधर-उधर भागने लगे।

'यूपी में कृषि और ग्रामीण पर्यटन की असीम संभावनाएं'

किसानों की आय बढ़ाने में कृषि पर्यटन का हो सकता बहुत बड़ा योगदान : देवेश चतुर्वेदी

उत्तर प्रदेश पर्यटन की ओर से कृषि पर्यटन दिवस पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ सेमिनार

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पर्यटन की ओर से 16 मई को विश्व कृषि पर्यटन दिवस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में कृषि और ग्रामीण पर्यटन से जुड़े हित धारक और विशेषज्ञों ने अनुभव साझा किया। उत्तर प्रदेश में इस क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं। सरकार पहल कर रही है, लोगों को भी आगे आना चाहिए।

बतौर मुख्य अतिथि देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव (नियुक्ति और कार्मिक विभाग, कृषि, कृषि शिक्षा और अनुसंधान विभाग एवं कृषि विपणन कृषि, विदेश व्यापार और निर्यात संवर्धन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार) ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है। यहां कृषि और ग्रामीण पर्यटन में असीमित अवसर हैं। किसानों की आय बढ़ाने में इस क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान हो सकता है। एस.सी.एस. कृषि और ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए तीन बिंदु सुझाए। उन्होने कहा कि पहला–गांवों में चार–पांच दिन या इससे ज्यादा ठहरने की अच्छी व्यवस्था होनी चाहिये। इससे लाभ यह होगा कि जो आर्थिक रूप से संपन्न लोग हैं वह भ्रमण व ठहरने के लिए आकर्षित होंगे। इस वर्ग के गांवों में रुख करने से किसानों की आय में अच्छी वृद्धि होगी। दूसरा–पर्यटन विभाग को शिक्षा विभाग से वार्ता कर छात्र–छात्राओं के गांवों में भ्रमण की व्यवस्था बनानी चाहिए। इससे बड़ा लाभ यह होगा कि जो विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से दूर हो चुके हैं उन्हें ग्रामीण जीवन और वहां की खूबियों का व्यावहारिक ज्ञान होगा। इससे उनका सोचने–समझने का दृष्टिकोण बदलेगा, साथ ही ग्रामीणों की आय बढ़ेगी।

उन्होने कहा कि अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, आगरा समेत जो अन्य पर्यटन स्थल हैं वहां बड़ी संख्या में पर्यटक जाते हैं। यदि रास्ते में कृषि और ग्रामीण पर्यटन स्थल उपलब्ध हों तो लोग निश्चित रूप से पर्यटन न केवल जाएंगे बल्कि ठहरेंगे भी। यदि पर्यटक गांवों में जाएंगे तो जो लोग प्रत्यक्ष रूप से पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हैं उनको तो रोजगार मिलेगा ही साथ में स्थानीय उत्पाद तैयार करने वालों की आय भी बढ़ेगी। ग्रामीणों के सामने रोजगार का द्वार खुलेगा। उन्होंने कहा कि नीति आयोग भी मानता है कि पर्यटन क्षेत्र में अधिक रोजगार हैं। इसमें जितना निवेश करेंगे उसका अच्छा रिटर्न मिलता है।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने कहा कि हमारा हिंदुस्तान गांवों में बसता है। शुद्ध हवा–जल गांवों में ही मिलता है। गांवों में पहुंचते ही अनेक बीमारियां गायब हो जाती है। वर्तमान समय में कृषि और ग्रामीण पर्यटन में बहुत अधिक संभावनाएं हैं।

सहकारिता मंत्री को 30 मई को इफ्को करेगा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में सहकारिता आन्दोलन को जन-जन तक पहुचानेर्गी,प्रदेश की कमजोर जिला सहकारी बैंकों को फिर से पुनर्जीवित करने तथा मात्र एक माह में 30 लाख कृषकों को पैक्स का सदस्य बनवाने में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के अतुल्यनीय योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 2022-23 के लिए 'सहकारिता रत्न पुरस्कार' से सम्मानित किये जाने का निर्णय इफको द्वारा लिया गया है।

इस आशय की जानकारी देते हुए इफको के प्रबन्ध निदेशक उदय शंकर अवस्थी द्वारा बताया गया कि इफको के निदेशक मण्डल द्वारा भारत के सहकारिता आन्दोलन को विकसित करने एवं उसे मजबूत कराने में जेपीएस राठौर, मा0 सहकारिता मंत्री जी के अनन्य योगदान के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्तर पर दिया जाने वाला सहकारिता रत्न पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होनें यह भी बताया कि यह पुरस्कार सहकारिता आन्दोलन को, विशेषकर आम-जन से जोड़कर ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सहकारिता बन्धुओं को सम्मानित करने के लिए स्थापित किया गया है। इस पुरस्कार में रू0 11.00 लाख की नगद धनराशि एवं एक प्रशस्ति-पत्र सहकारिता मंत्री को प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर पर सहकारिता रत्न पुरस्कार उत्तर प्रदेश के सहकारिता मंत्री को दिया जाना पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उक्त पुरस्कार दिनांक 30 मई को एनसीयूआई, आडिटोरियम, नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में सहकारिता मंत्री जी को प्रदान किया जायेगा।

अजीत ने सभी को उतारा था मौत के घाट

सामूहिक हत्याकांड का खुलासा : रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच सभी को मार डाला

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। सीतापुर जिले के पल्हापुर गांव में हुए सामूहिक हत्याकांड का खुलासा बृहस्पतिवार को पुलिस ने कर दिया। आईजी रेंज सीतापुर तरुण गाबा ने प्रेस कांफ्रेंस कर पूरे मामले को परत दर परत मीडिया के सामने रखा। उन्होंने बताया कि आरोपी अजीत सिंह ने रात ढाई बजे से सुबह 4 बजे के बीच वारदात को अंजाम दिया और फिर अनुराग के आत्महत्या की कहानी गढ़ी।

उन्होंने बताया कि अजीत दो बजे के करीब उठकर बाहर आया और सभी को जगाने के लिए बिजली का मेन स्विच बंद कर दिया। इस पर सबसे पहले प्रियंका बाहर आई। उसने पहले प्रियंका और फिर बारी-बारी से परिवार के छह सदस्यों को मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद करीब 4 बजे सभी को फोन कर सूचना दी। प्रभाकर (पाटीदार) मौके पर पहुंचा तो 40 मिनट तक अपनी

गाड़ी की चाभी नहीं दी। पुलिस के अनुसार, घटना करने का अजीत के पास उस दिन भी एक कारण था। रात में केसीसी का लोन चुकाने को लेकर उसकी परिजनों से बहस हुई थी। जिस असलहे से वारदात को अंजाम दिया गया वो घर में ही मौजूद था।

हत्याकांड को अंजाम देने वाले अजीत सिंह ने पुलिस की पूछताछ में उस रात की अपनी करूरता की पूरी कहानी बयां की थी। उसने बताया कि सबसे पहले अपनी भाभी के सीने में गोली मारी थी। गोली की आवाज सुनकर जब उसकी मां सावित्री पहुंची थी तो उन पर हथौड़े से वार कर घायल कर दिया था। उसके बाद अनुराग व उसके तीनों बच्चों को मौत के घाट उतारा। कुछ देर घायल मां के पास बैठा रहा। फिर अचानक उनका सिर कूंच दिया था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अजीत सबसे ज्यादा खुन्नस प्रियंका सिंह से रखता था। इसलिए वह 11 मई की रात असलहा और हथौड़ा लेकर उनको ही मारने के लिए छत पर पहुंचा था। सोते वक्त ही उसने प्रियंका के सीने में गोली मार दी थी। गोली चलने की आवाज जब सुनाई दी तो अजीत की मां सावित्री वहां पहुंची। उनको देख उसने उन पर हथौड़े से वार कर दिया। वह घायल होकर वहीं गिर गई। उसके बाद अनुराग के कमरे में गया।

...इसलिए मां को मार डाला

अजीत ने पुलिस को बताया है कि मां को मारने का इरादा नहीं था। लेकिन, वह अचानक से सामने आ गईं। इसलिए उसने उन पर वार कर दिया। जब अन्य सभी की हत्या कर वह मां के पहुंचा तो उनकी सांसें चल रही थीं। अजीत ने ये भी दावा किया कि मां ने कहा था कि वह वहां से चला जाए। अजीत का कहना था कि उस पर सनक चढ़ी थी, कुछ समझ नहीं आ रहा था। ऐसा लगा कि अगर मां जिंदा रहेगी तो वह कैसे उनका सामना करेगा। ये सोचते ही अजीत ने मां सावित्री पर कई वार कर दिए।

दलित की बर्बर पिटाई करने वालों को मिले कड़ी सजा : माले

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भाकपा (माले) ने भाजपा को वोट न देने के कारण बरेली जिले में एक दलित की बर्बर पिटाई करने की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने पांच किलो सरकारी राशन लेने और भाजपा को वोट न देने पर हुई पिटाई को शर्मनाक बताते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

भाकपा (माले) के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जो प्रमाण है। नवाबगंज एसडीएम कार्यालय परिसर में दलित चौकीदार वीरेंद्र की वहां तैनात दो होमगार्डों (रामपाल गंगवार व वीर बहादुर गंगवार) ने जमीन पर गिराकर बूटों और रायफल की बटों से बुरी तरह पिटाई की। खबर के अनुसार, दलित को इसलिए पीटा गया, क्योंकि पांच किलो मुफ्त राशन पाने के बावजूद उसने भाजपा को वोट नहीं दिया। माले नेता ने कहा कि लोकतंत्र के लिए यह घटना शर्मनाक है। चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। पुलिस भाजपा के एजेंट रुप में काम कर रही है। सरकारी कोटे से गरीबों को पांच किलो मुफ्त राशन की भरपाई जनता पर टैक्स के पैसों से हो रही है। इलेक्टोरल बांड से भाजपा द्वारा की गई अवैध कमाई से इसका भुगतान नहीं हो रहा है। इसके लिए दलितों-गरीबों के वोट पर वह अधिकार नहीं जता सकती। राज्य सचिव ने कहा कि भाजपा शासन में दलितों का सामाजिक अपमान बढ़ा है। सबका साथ सबका विकास का उसका नारा धोखा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन में सबकी भागीदारी आवश्यक : राम मूरत

हस्ताक्षर अभियान, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम से मतदाताओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

कौशाम्बी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पिछले आम चुनाव में कम मतदान वाले संसदीय क्षेत्र में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज द्वारा मतदाताओं को जागरूक और शत प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मतदाताओं को शपथ व हस्ताक्षर अभियान से किया गया।

संस्थान के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि विजय सिंह ने बताया कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने मत डालने का अधिकार है वे अपनी मर्जी से देश को, समाज को सुदृढ़, विकास एवं उन्नति करने वाले व्यक्ति को चुनाव में वोट डालें। आईटीआई के विनय सिंह ने कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है इसे धूमधाम से मनाते हुए अपने-अपने मतों का प्रयोग करके अपने कर्तव्यों का पालन करें।

ब्यूरो द्वारा आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत ने कहा कि देश का भविष्य युवा के हाथों में है, इसलिए सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग कर अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निर्वाचन में सबकी भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान पंजीकृत दल नौटंकी कला मंच प्रयागराज द्वारा मतदाता जागरूकता पर संदेशप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यकम में ब्यूरो के राम मूरत द्वारा संचलित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के अलौकिक, जितेन्द्र कुमार, शिवांकित यादव, प्रदीप कुमार मौर्या, राजन वर्मा, सूरज कुमार, अकलेश कुमार, अंशुमन सिंह, कुनाल पाण्डेय, कुन्दन शर्मा सहित 10 विजेताओं को ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार सहायक बालमुकुन्द व अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

लेक्सर ने आदर्श टेक्नोलॉजीज को चैनल पार्टनर किया नियुक्त

अवधनामा संवाददाता

नई दिल्ली। मेमोरी और स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी वैश्विक ब्रांड लेक्सर ने दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य के लिए बेंगलुरु स्थित आदर्श टेक्नोलॉजीज को अपने रणनीतिक चैनल पार्टनर के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है।

इस रणनीतिक साझेदारी के एक हिस्से के रूप में, लेक्सर ने कर्नाटक में अपने वितरण और बिक्री नेटवर्क को और आगे बढ़ाने और विस्तारित करने की योजना बनाई है, जिससे राज्य में उसके अंतिम उपभोक्ताओं के लिए उसके उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इस विकास के तहत, लेक्सर एसएसडी (आंतरिक और बाहरी दोनों), यूएसबी और डीआरएएम के अपने संपूर्ण पोर्टफोलियो के साथ शुरुआत करते हुए, पूरे कर्नाटक में प्रमुख स्थानों पर अपने उत्पादों की व्यापक रेंज उपलब्ध कराने के लिए आदर्श टेक्नोलॉजीज के विशाल खुदरा नेटवर्क को रणनीतिक रूप से नियोजित करेगा।

बढ़ते तकनीकी नवाचारों, उच्च-प्रदर्शन भंडारण आवश्यकताओं, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा गति आवश्यकताओं से प्रेरित होकर, मेमोरी समाधान बाजार में मांग में वृद्धि देखी जा रही है। लेक्सर के पोर्टफोलियो में मेमोरी और स्टोरेज समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जिसमें SSDs, DRAM मॉड्यूल, SD कार्ड, माइक्रोएसडी कार्ड और कार्ड रीडर शामिल हैं। आदर्श टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी विश्वसनीय और नवीन मेमोरी समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने की लेक्सर की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

सभी बिजली कंपनियों में नियम विरुद्ध भार बढ़ाने के मामले में उपभोक्ता परिषद गंभीर

उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार से की मुलाकात

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए कानून के विपरीत जाकर बिना नोटिस दिए विद्युत उपभोक्ताओं के भार बढ़ाने के मामले ने काफी तूल पकड लिया उपभोक्ता परिषद द्वारा खुलासा किए जाने के बाद पूरे प्रदेश से बडी संख्या में विद्युत उपभोक्ता अपना दर्द उपभोक्ता परिषद से सोशल मीडिया के माध्यम से बया करने लगे इसके बाद उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार बर्मा ने पूरे मामले को लेकर पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार से शक्ति भवन में मुलाकात कर और बिजली कंपनियों मे की जा रही नियम विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी देते हुए अभिलंब हस्तक्षेप कर जांच करने की मांग उठाई और ऐसे अभियंता अधिकारियों पर कार्यवाही की भी मांग रखी जो नियम विरुद्ध कार्रवाई में लगे हैं।

पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक श्री पंकज कुमार ने कहा विद्युत नियामक आयोग द्वारा बनाए गए नियम का किसी भी स्तर पर उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा बिना नोटिस कोई भी बिद्युत उपभोक्ता का भार बढाने की प्रक्रिया गलत है और आज ही सभी प्रबंध निदेशकों को निर्देश दिए जाएंगे की विद्युत वितरण संहिता व टैरिफ आदेश का हर स्तर पर पालन कराया जाए नियमों के विपरीत कार्रवाई की पूरी जानकारी लेकर आगे कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा बिजली कंपनियों में जिस प्रकार से भार बढकर राजस्व बढाने की नियम विरुद्ध प्रक्रिया को आगे बढाया गया इसका एक उदाहरण मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में सभी 19 जनपदों में केवल 3 महीने के अंदर लगभग 1 लाख 94152 विद्युत उपभोक्ताओं के भार बढाएं गए जनवरी 2024 से फरवरी के बीच 67227 विद्युत उपभोक्ताओं का कुल 89205 किलोवाट भार बढ़ाया गया इसी प्रकार से फरवरी से मार्च 2024 के बीच मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में 61135 विद्युत उपभोक्ताओं के 89454 किलोवाट भार बढाया गया और मार्च 2024 से अप्रैल 2024 के बीच मध्यांचल में कल 65790 विद्युत उपभोक्ताओं का 94653 किलो वाट भार बढाया गया पावर कॉरपोरेशन व विद्युत नियामक आयोग आज भी जांच करा ले तो इसमें 90प्रतिसत विद्युत उपभोक्ताओं को 1 महीने की नोटिस नहीं दी गई है।

सपा को बड़ा झटका, पार्टी के संस्थापक सदस्य रामहरि चौहान ने दिया इस्तीफा

मऊ। सपा के संस्थापक सदस्य और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव रामहरि चौहान ने बुधवार को पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। लोक सभा चुनाव के दौरान रामहरि के इस्तीफे को सपा के बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। रामहरि ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि लोक सभा चुनाव में सपा ने चौहान समाज के किसी भी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया है। जबकि हमने हमेशा सपा का साथ दिया था। कहा कि पार्टी की गलत नीतियों और गलत निर्णय से वह क्षुब्ध हैं। रामहरि ने लिखा कि पार्टी की निति निर्धारित करने वालों को जनता से कोई सरोकार नहीं है। एक तरफ सपा द्वारा पीडीए का नारा दिया जाता है, लेकिन जहां पर चौहान समाज की ताकत है, वहीं पर उसकी उपेक्षा हो रही है। बीते कई दिनों से समाज के लोग इस बात को लेकर नाराज हैं, लेकिन स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश तक उनकी बातों को नजर अंदाज किया जा रहा है।

समर कैम्प में छात्रों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का किया जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प में छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला, जहाँ छात्र अपनी रूचि के अनुसार खेलकूद, गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला, ताइक्वाण्डो, योगा, स्केटिंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट आदि विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा को निखारने में संलग्न रहे। समर कैम्प में छात्रों का उत्साह देखने लायक था और विभिन्न मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों के कारण सम्पूर्ण विद्यालय परिसर में उत्साह व उमंग की लहर प्रवाहित हो रही थी। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है।

श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस का यह समर कैम्पस छात्रों के लिए अविस्मरणीय अवसर साबित हो रहा है, जहाँ वे शैक्षिक गतिविधियों के साथ ही उनमें उच्च जीवन मूल्यों का भी विकास हो रहा है। जहाँ एक ओर, रोल स्केटिंग, ताइक्वाण्डो एवं योगा में छात्र फिजिकल फिटनेस व तकनीकी दक्षता का निखार रहे थे तो वहीं दूसरी ओर गीत-संगीत एवं वाद्य यंत्रों को सीखने के लिए भी बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह सहज ही दिखाई दे रहा था। संगीत क्लास में गिटार एवं अन्य उपकरणों पर बच्चों की अच्छी-खासी मौजूदगी इसका स्पष्ट प्रमाण थी। यही हाल खेल के विभिन्न विधाओं में भी नजर आया जहाँ छात्रों में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ लगी रही। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों का सर्वांगीण विकास को प्रतिबद्ध है।

टीएमयू इग्नाइट में सिर चढ़कर बोला हुनर का जादू

प्रो. आरके द्विवेदी बोले, मोटिवेशन के लिए फ्यूलिंग की दरकार

बॉलीवुड-हॉलीवुड समेत आस्थामय प्रस्तुतियों ने जीता दिल

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी के एनुअल कल्चरल फेस्ट- इग्नाइट में कम्प्यूटर के स्टुडेंट्स ने हुनर के विविध रंग बिखेरे, जिससे टीएमयू का ऑडी भारतीय संस्कृति की खुशबू से महक उठा।

ऑडी में तालियों की गड़गड़ाहट, मोबाइल की बार-बार फ्लैश, दर्शकों के तौर पर मौजूद स्टुडेंट्स के पैरों की थिरकन, बॉलीवुड-हॉलीवुड के गीत-संगीत के संग सुर में सुर मिलाना सरीखा मंजर देखते ही बनता था। छठ पूजा से लेकर कान्हा, प्रभु श्रीराम, भगवान महावीर स्वामी आदि को छात्रों की प्रस्तुतियां समर्पित रहीं। दक्षिण भारत से लेकर ईस्ट एशियन तक के कल्चर की झलक भी देखने को मिली। रैंप वॉक, डांस, सिंगिंग, सूफी कव्वाली, गायन, पंजाबी बीट्स, हरियाणवी डांस, राजस्थानी डांस, बैंड परफॉर्मेंस, फैशन शो, स्टैड अप कॉमेडी, हॉरर शो सरीखे प्रोग्राम्स ने सभी का दिल जीत लिया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके वंदना के साथ इग्नाइट का शंखनाद हुआ। इग्नाइट प्रोग्राम जी-20 की थीम- वसुधैव कुटुंबकम- वन अर्थ, वन फेमिली, वन फ्यूचर पर केन्द्रित रहा। टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

इग्नाइट में दीप प्रज्ज्वलन के समय सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी आदि की उपस्थिति रही। सोलो डांस में आकांक्षा जोशी प्रथम, इशिका सिंह द्वितीय और विनय कुमार तीसरे स्थान पर रहे। ड्यूट डांस में उदित और अंशुप्रिया अव्वल रहे। ग्रुप डांस में जयश्री एंड ग्रुप प्रथम, जबकि अतिशय एंड ग्रुप द्वितीय और अनुष्का एंड ग्रुप तीसरे स्थान पर रहे। सोलो सिंगिंग में अथर्व वर्मा प्रथम, वैष्णवी गुप्ता द्वितीय और पीयूष कुमार तीसरे स्थान पर रहे। अर्नव चाहल को मिस्टर डैशिंग और सौम्या चंद्रवंशी को मिस चार्मिंग का खिताब दिया गया। पोयट्री एंड शायरी में अर्घमान खान अव्वल रहे।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सीसीएसआईटी के प्राचार्य प्रो. आरके द्विवेदी इग्नाइट के सफर पर प्रकाश डालते हुए बोले, मोटिवेशन के लिए फ्यूलिंग की दरकार है। इसीलिए यूनिवर्सिटी के संग-संग स्वंय को भी ऊर्जावान बनाए रखें। ऐसी इवेंट से स्टुडेंट्स के माइंड, बॉडी और इंटलेक्ट मजबूत होते हैं, जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है।

मां पीतांबरा के दरवार में सजा भव्य फूल बंगला

■ भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु, माता के मनमोहक श्रृंगार को भक्तों ने निहारा

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। माता बगलामुखी का अवतरण दिवस श्रद्धाभाव के साथ परंपरागत ढंग से मनाया गया। माता के अवतरण दिवस पर यमुना नदी के किनारे मां पीतांबरा धाम मंदिर में भव्य फूल बंगला सजाकर माता का आकर्षक श्रृंगार किया गया और छप्पन भोग भी लगाया गया। एक शाम मां पीतांबरा के नाम भजन संध्या में पुष्प बर्षा के बीच देर रात तक श्रद्धालु खूब झूमे। माता की पूजा व दर्शन के लिए सुबह से रात तक भक्तों की भारी भीड़ रही। तंत्र क्षेत्र से जुड़े साधकों के द्वारा विशेष पूजा-अर्चना भी की गई। चतुर्दिक वाहिनी यमुना नदी के किनारे प्राचीन ग्यारह रूद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में माता पीतांबराधाम मंदिर पर प्रत्येक शनिवार व मंगलवार को काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। माता बगलामुखी का अवतरण दिवस के चलते काफी संख्या में श्रद्धालु के में पहुंचे। मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे व कार्तिकेय दुवे ने माता पीतांबरा का पूजन अर्चन कर विशेष श्रंगार किया और इसके बाद फूल बंगला सजायाकर छप्पन भोग अर्पित किया। शाम 7 बजे 101 दीपों से माता की महा आरती उतारी गयी जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

रात 8:00 बजे से भजन संध्या एक शाम मां पीतांबरा के नामआयोजित हुई जिसमें भजन गायक हित आशीष हित प्रदीप के द्वारा एक से बढ़कर एक माता की भेंट व अन्य भजन प्रस्तुत किए गए वही गायिका सुचि पाण्डेय ने भी कई भजन सुनाये। पुष्प वर्षा के बीच धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। माता के दरबार मेंसुबह से देर रात तकआस्था का सैलाब उमड़ा रहा। माता को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसी के चलते भक्तों के द्वारा माता को पीला भोग व पीले फूल भी अर्पित किये गये। कार्यक्रम में राकेश त्रिपाठी, गिरीश चंद्र मिश्रा, कन्हैया सैनी, राहुल सैनी, गौरव ठाकुर, हर्ष, यश व अभि ने सहयोग प्रदान किया। मां पीतांबरा के अवतरण दिवस के संबंध में मंदिर के पुजारी पंडित अजय दुबे ने बताया वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी को माता बगलामुखी का अवतरण हुआ था। माता दस महाविद्या में आठवीं महाविद्या है इन्हें माता पीतांबरा भी कहते हैं। माना जाता है कि भगवान विष्णु ने धरती पर आए भयंकर तूफान का नाश करने के लिए तप किया था इससे मां बगलामुखी प्रकट हुई थी। माता चिंता निवारक व संकटनाशिनी है इनकी साधना से शत्रु भय से मुक्ति मिलती है। माता को पीला रंग अत्यंत प्रिय है इसीलिए उन्हें माता पीतांबरा भी कहा जाता है।

मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र, इटावा में कैम्पस प्लेसमेंट प्रारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अधीन संचालित मत्स्य महाविद्यालय एवं शोध केन्द्र में दिनांक 14.05.2024 को West Coast Frozen Food Pvt. Ltd., Gujrat द्वारा 12 विद्यार्थियों का आनलाइन कैम्पस साक्षात्कार अयोजित किया गया था। उन्होंने महाविद्यालय में अध्यनरत छात्रों के तकनीकी ज्ञान की सराहना करते हुए अपने घोषित परिणाम में सात छात्रों का चयन किया। चयनित छात्रों में अमर जीत, अक्षय प्रताप, शिवम कुमार, प्रभात कुमार, विवेक राव, सतीश और इन्द्रसेन शामिल हैं। कुलपति प्रो0 आनंद कुमार सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण के सुधार हेतु निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा0 एन0के0शर्मा ने सभी चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। अधिष्ठाता ने अवगत कराया है कि फिशरीज साइंस के छात्रों के लिए विभिन्न प्रमुख फिशरीज संस्थानों के साथ रूब किये गए हैं। साथ ही और भी संस्थानों के साथ रूब करके छात्रों को उनका लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय प्रशासन-इटावा परिसर तीनों महाविद्यालयों के शैक्षणिक सुधार हेतु निरन्तर प्रयासरत हैं जिनके परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

कछुओं का अवैध शिकार पारिस्थितिकी तंत्र को हानि पहुंचा रहा है: डॉ. राजीव चौहान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। विकास खंड बढ़पुरा नदी किनारे के गांव धूमन पुरा, मिहोलीपार तथा विकास खंड चकरनगर के ग्राम जौनानी के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पर्यावरण संकट तथा नदी तंत्र की स्वच्छता एवं कछुआ संरक्षण की आवश्यकता पर विशेषज्ञ के साथ चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन्य जीव विशेषज्ञ डॉ.राजीव चौहान ने बच्चों के साथ परिचर्चा करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों से कहा कि आधुनिकता की आंधी दौड़ में हम अपनी प्रकृति में जहर घोल रहे हैं जिस से जल तथा स्थल के अनेक जीव जंतुओं पर खतरा उत्पन्न हो गया है। कछुआ जो की हमारे नदी तंत्र को साफ रखता है मानव के द्वारा आर्थिक फायदे के लिए मारा जा रहा है जिससे हमारे नदी तंत्र और अंततः मानव जाति पर संकट है। कछुओं का अवैध शिकार पारिस्थितिकी तंत्र को हानि पहुंचा रहा है जिसे रोकना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में स्टेट रिसोर्स पर्सन राम जनम सिंह ने कहा कि आज कछुए दुनिया के सबसे लुप्तप्राय कशेरुक समूहों में से एक हैं। एक तरफ तो हम उन्हे धार्मिक महत्व देते हुए उन्हें भगवान विष्णु के दस अवतारों में से एक मानते हैं पर दूसरी तरफ अपने स्वार्थ के लिए उनका शिकार करते हैं। प्रकृति में प्रत्येक जीव की महत्ता है यदि हम इसे न समझे तो हमारा जीवन संकट में पड़ सकता है। कार्यक्रम में बच्चों ने कछुओं की विभिन्न प्रजातियों के विषय में चित्रों के माध्यम से जानकारी ग्रहण की। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

औद्योगिक क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता खामियां मिली

मथुरा। औद्योगिक क्षेत्र मथुरा साइट-बी में चल रहे सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर रिफाइनरी इंडस्ट्रीज एसो. के अध्यक्ष मोहित अग्रवाल द्वारा निर्माण के उपयोग लाये जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जाँच के लिए यूपीसीडा अधिकारियों से आग्रह किया गया था। इस आग्रह को स्वीकार करते हुए,बुधवार को यूपीसीडा के अवर अभियंता मुकेश भाटी, सह प्रबंधक राजवीर सिंह ने निर्माणधीन सड़कों का निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान सड़क निर्माण के उपयोग में लायी जाने वाली जीएसपी में डस्ट की मात्रा अधिक होने पर संबधित ठेकेदार को गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिये। साथ ही एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी हरिओम त्यागी एवं उद्यमीगणों ने यूपीसीडा के इंजीनियरों से सड़क निर्माण से पहले नाली निर्माण एवं उनकी सफाई के बाद निर्माण की बात कही।

के के कालेज में विश्वविद्यालय सम सेमेस्टर परीक्षा शुरू

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। के के कालेज इटावा में सम सेमेस्टर परीक्षा गुरुवार से तीन पालियों में समयानुसार प्रातः 8:00 बजे से 9:30 , प्रातः11:30 से अपरान्ह 1 बजे तक, अपरान्ह 3 बजे से सांय काल 4:30 बजे तक प्रारंभ हुई। वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो महेंद्र सिंह ने बताया कि उपरोक्त सम सेमेस्टर के अलावा पूर्व से निर्धारित वार्षिक परीक्षा भी इन्ही परीक्षाओं के साथ प्रारंभ हो चुकी है। जिले में इन वार्षिक परीक्षाओं के लिए चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज हैवरा को वार्षिक परीक्षाओं का परीक्षा का केंद्र बनाया गया है। के के कालेज में सम सेमेस्टर परीक्षाओं में सम्मलित होने वाले परीक्षार्थियो की गेट नंबर 2 में आंतरिक उड़नदस्ता द्वारा सघन तलाशी लेने के उपरांत ही प्रवेश दिया जा रहा है। सम्पूर्ण परीक्षा सीसी टीवी के निगरानी में संपन्न हो रही है। जिसका सुपरविजन स्थानीय स्तर पर बड़ी एलसीडी पर मेरे द्वारा खुद से किया जा रहा है। के के कालेज शिक्षक एवम शिक्षणेत्तर कर्मचारी शुचिता पूर्ण , नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए कृत सकल्पित है। परीक्षाओं में किसी प्रकार की हीला हवाली एवम ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं की जावेगी। सम सेमेस्टर परीक्षा बहुविकल्पीय, ऑब्जेक्टिव टाइप डेढ़ घंटे की परीक्षा है। इस प्रकार से गुरुवार को तीन पालियी में संपन्न हुई सम सेमेस्टर परीक्षा में कुल 246 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 227 ने उपस्थित हो परीक्षा दी, जबकि कुल 19 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रो ओमकुमारी, प्रो शिवराज सिंह यादव, प्रो मनोज कुमार गुप्ता, प्रो उदयवीर सिंह, प्रो सुनील सिंह सेंगर, प्रो साजिया अख्तर, प्रो पदमा त्रिपाठी, डॉ सुशील कुमार परीक्षा प्रभारी, डॉ सुजीत कुमार सह परीक्षा प्रभारी, अनुपम कुमार, गिरजा शंकर गुप्ता, डॉ सुरभि सिंह, डॉ रविंद्र कुमार, अजय कुमार, संदीप सिंह, कौशलेंद्र यादव इत्यादि ने अपनी-अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर परीक्षाओ को सम्पन्न कराया।

तीन सौ कर्मचारी करेंगे ईवीएम के मतों की गणना

मथुरा। अब जिला प्रशासन चार जून को होने वाली मतगणना की तैयारियों में जुट गया है। 17 मथुरा संसदीय सीट के लिए मंडी परिसर में विधानसभा बार पांचों विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ मतों की गणना शुरू होगी। इसके लिए 70 टेबिलों पर 300 कर्मचारी गणना करेंगे। इसके लिए एनआईसी मतगणना कार्मियों की ड्यूटी लगाई जा रही हैं। प्रत्येक चरण में पांचों विधानसभा मतों की गिनती होने के बाद अगले चरण की गणना प्रारंभ होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मतगणना पूरी पारदिर्शता के साथ सीसीटीवी की निगरानी में होगी। वहीं मतगणना की बीडियो ग्राफी कराई जाएगी। ईवीएम की गणना के लिए एक विधानसभा क्षेत्र के पंडाल में 14 टेबिलें लगाई जाएंगी। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 14 टेबिलें लगाई जाएंगी।

प्रशासन बैकफुट पर, खुल गया कृष्ण जन्मभूमि का बाजार

मथुरा। दो दिन से पुलिस प्रशासन और कृष्ण जन्मभूमि के व्यापारियों के बीच चल रहे विवाद को लेकर सहमति बन गई। शाम को एसपी सिटी से हुई वार्ता के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खोल दिए। कृष्ण जन्मस्थान उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि बुधवार शाम एसपी सिटी ने धरना स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों को आश्वस्त किया कि मार्ग पर दोपहिया वाहन का अवगमन पुनः सुचारु कर दिया गया है और अब यह बंद नहीं किया जायेगा। व्यापारियों एवं स्थानीय निवासियों के वाहन पास भी पुलिस सत्यापन के उपरांत शीघ्र जारी किए जायेंगे। व्यापारी नेता बृजेश शर्मा ने बताया कि प्रशासन द्वारा व्यापारियों की सभी मागे मान लिए जाने के बाद व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान खोल लिए हैं।

सदैव प्रसन्न रहना परमात्मा की सर्वोच्च भक्ति: ठाकुरजी महाराज

अवधनामा संवाददाता

■ गिरिराज महाराज की शिला को कोई भी ब्रज से बाहर नहीं ले जा सकता: श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री

■ जो भगवान को याद करता है, भगवान उससे ज्यादा उसे करते हैं याद: श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री

मथुरा। केएम विश्वविद्यालय में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन भागवत भास्कर श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री जी ने व्यासपीठ से कहा कि भगवान धर्म की स्थापना के लिए जन्म लेते हैं, उनके सामने जो आता है, वहीं पार हो जाता है। भगवान श्रीकृष्ण जब वृंदावन छोड़कर मथुरा गए, तो उन्होंने कंस के अत्याचार को देखकर उसका मर्दन किया। उज्जैन में विद्या अध्ययन कर वापस लौटकर आए तो वृंदावन की याद आने लगी। शास्त्री जी ने कहा जो भगवान को याद करता है, उससे ज्यादा भगवान उसकी याद करते है। इसलिए सदैव परमात्मा का स्मरण हमे करते रहना चाहिए। ब्रजवासियों का कुल देवता गिरिराज महाराज हैं, गिरिराजजी की शिला (छोटे-बड़े पत्थर) को आप बाहर नहीं ले जा सकते, लुका छुपी से अगर आप बाहर ले गए तो 24 घंटे के अंदर गिर्राज महाराज आपको बालक बना, शिला को लेकर आपको ब्रज में आना पड़ेगा। उनकी बिना अनुमति के आप शिला नहीं ले जा सकते है। ब्रज के समस्त मंदिरों में गिर्राज जी की शिला होती है।

श्रीशास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को बड़े विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि रुक्मिणी साक्षात् लक्ष्मी हैं। लक्ष्मी सदैव नारायण का वरण करतीं हैं, जब राजा भीष्मक की बेटी रुक्मिणी ने भगवान श्रीकृष्ण को पत्र लिखा, तब भगवान श्रीकृष्ण स्वयंवर में पधारे और माता रुक्मिणी का हरण कर लिया। जब हम अपनी लक्ष्मी को भगवान को समर्पित नहीं करते तब भगवान अपनी लक्ष्मी का हरण करके वरण कर लेते हैं। शास्त्री जी ने कहा भगवान श्रीकृष्ण के सोलह हजार एक सौ आठ विवाह हुए भगवान के पूरे परिवार की संख्या है छप्पन करोड़ (56करोड़)। इतने बड़े परिवार के साथ भगवान सदैव प्रसन्न रहते हैंवक्योंकि 'सदैव प्रसन्न रहना परमात्मा की सर्वोच्च भक्ति है''। रुक्मिणी विवाह के साथ कथा का विश्राम हुआ आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालु भागवत में आए अनेक प्रसंगों को सुनकर इतने अभिभूत हुए कि भावविभोर होकर नाचते रहे।

आरती में मुख्य अतिथि श्रीमहंत शनिदेव-धाम, श्रीमहंत सियाराम दास गोवर्धन, याज्ञीकरत्न आचार्य श्रीविष्णुकांत शास्त्री जी, भागवत प्रवक्ता आचार्य बुद्धिप्रकाश जी, वृंदावन अक्षयपात्र महाप्रभू अनन्तवीर जी, भागवताचार्य पंडित राजू भैयाजी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, उनकी पत्नी श्रीमती संजू चौधरी, पुत्र पार्थ चौधरी व प्रथम चौधरी एवं दाऊजी मंदिर के रिसीवर आरके पांडेय शामिल रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति के पिता मोहन सिंह, उनकी मां ननगी देवी, भाई देवी सिंह, हितेश चौधरी, रवि चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य एवं विवि के वाइस चालंसर डॉ डीडी गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डॉ शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, सीओई डॉ मनोज ओझा, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, डीन डॉ धर्मराज सिंह, विवि के प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विवि और हॉस्पीटल का स्टाफ तथा हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

सपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बने डॉ. आशीष

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। समाजवादी पार्टी ने डॉ. आशीष दीक्षित को तीसरी दफा लगातार पार्टी की चिकित्सा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। इटावा इकाई के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य ने गुरुवार को पार्टी के सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर डॉ.आशीष दीक्षित को मनोनयन पत्र प्रदान किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री शाक्य ने डॉ.आशीष दीक्षित से अपेक्षा की है कि वे पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंच कर पार्टी के जनाधार को बढ़ाने के साथ ही पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इस अवसर पर पार्टी के महामंत्री वीरभान सिंह भदोरिया, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत आदि नेता मौजूद रहे। डॉ.आशीष दीक्षित के मनोनयन पर डॉ.संजीव यादव, डॉ.हिमांशु यादव, डॉ.देवेंद्र यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष उदयभान सिंह यादव और गोरखनाथ वर्मा ने बधाई दी है।

वैष्णो देवी मंदिर की तर्ज पर बरसाना का होगा विकास

मथुरा। बरसाना रोप-वे के काम में लेटलतीफी को लेकर उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ बुधवार को निर्माण कार्य कर रही संस्था पर उखड़ गए। उन्होंने कड़े शब्दों में नाराजगी जाहिर की। कहा कि 15 जून तक काम पूरा कर हर हाल में ट्रायल कर लें। इसकी रिपोर्ट भी भेजें। इसके अलावा उन्होंने अन्य इलाकों का भी दौरा किया। वैष्णो देवी मंदिर क्षेत्र की तर्ज पर विकसित करने का प्लान तैयार किया है। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बुधवार को बरसाना में राधारानी मंदिर और प्रमुख मार्गों का निरीक्षण किया। बरसाना में लगाए जा रहे रोप-वे का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्य की लेटलतीफी पर नाराजगी जताई। बाद में संबंधित कंपनी ने 15 जून तक ट्रायल करने की बात कही है। साथ ही बताया कि रोप-वे से जुड़े सभी उपकरण बरसाना आ चुके हैं। अब उन्हें लगाने का काम किया जा रहा है। इसमें 12 ट्रॉली संचालित होंगी। इसके अलावा कमिश्नर रितु माहेश्वरी द्वारा दिए दिशा-निर्देश के तरत उन स्थानों का चयन किया, जहां विकास कराना है। इन स्थलों को हेरिटेज साइट के रूप में विभिन्न आकृति के साथ यात्रियों के लिए सुविधाओं से युक्त किया जाएगा। 12 स्थानों पर वाटर एटीएम लगाए जाएंगे। शौचालय भी बनवाए जाएंगे।

पिता की पुण्यतिथि पर नेत्रों की जांच, वृद्धाश्रम में कराया भोजन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। श्री मुरली वाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक) समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही है। समिति के सदस्य विभिन्न अवसरों पर जरूरतमंदों की सेवा का अवसर नहीं छोड़ते। समिति से जुड़े डा. रामकुमार सिंह ने अपने पिता की तृतीय पुण्यतिथि पर नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया तो वहीं वृद्धाश्रम में रहने वाले प्रभुजनों को भोजन ग्रहण कराया। भाव भरी भोजन प्रसादी पाकर बुजुर्गों खुश नजर आए तो वहीं उन्होंने खूब आशीष दिया। गांव खेडिया गुरुदेव में सेवानिवृत इंस्पेक्टर स्व. रुद्र सिंह की तीसरी पुण्यतिथि पर निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के मरीजों ने जांच कराई। वहीं, चश्में के नंबर की जांच भी की गई। शिविर में वृंदावन के डा. श्रॉफ नेत्र चिकित्सालय की टीम के पंकज सिंह, संजय प्रसाद, अभिषेक चौधरी, कुशल सिंह, सूरज का सहयोग रहा। वरिष्ठ नेत्र परीक्षक बबलू सिंह ने जांच के साथ ही मरीजों को आंखों की देखभाल के लिए सलाह भी दी। चमेली देवी मेमोरियल हॉस्पिटल के चेयरमैन डा. रामकुमार सिंह ने बताया कि आंखों से संबंधित समस्या होने पर तत्काल चिकित्सक से सलाह लेनी चाहिए, लापरवाही भारी पड़ सकती है। शिविर में 95 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के साथ ही उन्हें निशुल्क आई ड्रॉप दी गई। वहीं, 18 मरीजों को मोतियाबिंद होने पर ऑपरेशन के लिए वृंदावन भेजा गया।

खाद्य सुरक्षा टीम ने गोवर्धन, वृंदावन व बाजना के खाद्य प्रतिष्ठानों पर छापे से हड़कंप

■ एक दर्जन से अधिक विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावट खोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सहायक आयुक्त डॉ. गौरी शंकर के निर्देशन में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा खादय प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की गई। टीम द्वारा गोवर्धन क्षेत्र में क्रिस्पी कोन तथा श्री जल खाद्य प्रतिष्ठान से आइसक्रीम एवं आइस कैंडी के 10 सैंपल संग्रहित किए गए। वृंदावन क्षेत्र में श्याम कुटीर स्थित राधा कृष्णा डेयरी से दूध, कान्हा रेस्टोरेंट से पनीर ,ब्रज चौरासी छटीकरा एवं पापड़ी चौराहा स्थित डेयरी से पनीर एवं दूध के नमूने संग्रहित किए गए। मांट के बाजना क्षेत्र में विभिन्न डेयरी प्लांट का निरीक्षण कर तीन पनीर तथा एक दूध का नमूना संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच क्षेत्र प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर ने सभी खाद्य कारोबारियो से अपील है कि वे गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों का ही विक्रय करें ,घटिया मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रय करते हुए पाए जाने पर विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

आधा दर्जन से अधिक व्यापारियों के विरूद्ध मुकदमें किये दायर

मथुरा। सहायक आयुक्त डॉक्टर गौरी शंकर ने बताया कि विभाग द्वारा पूर्व में संग्रहित किए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट के उपरांत सचिन खंडेलवाल अड़ींग खाद्य पदार्थ मावा, धर्मपाल सिंह राधे राधे स्वीट सेंटर ट्रांसपोर्ट नगर खाद्य पदार्थ खींस , राकेश अग्रवाल निवासी सोख खाद्य पदार्थ सॉस, नितिन खंडेलवाल मंडी मथुरा खाद्य पदार्थ पारस घी, सिंगल उद्योग प्राइवेट लिमिटेड आगरा खाद्य पदार्थ मिर्च के विरुद्ध अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम न्यायालय में मिलावटी खाद्य पदार्थ विक्रय करने के कारण मुकदमे दायर किया जा रहे हैं। इनके अलावा विष्णु खंडेलवाल निवासी पेलखू खाद्य पदार्थ मावा, खेमचंद निवासी सेही खाद्य पदार्थ मिश्रतदूध, रामचंद्र निवासी मीना नगर कोसी खाद्य पदार्थ मिश्र दूध ,जितेंद्र निवासी पैगाम छाता खाद्य पदार्थ मिश्रतदूध, सोहेब निवासी नूह हरियाणा खाद्य पदार्थ घी के विरुद्ध अधोमानक खाद्य पदार्थ विक्रय करने के कारण अपर जिलाधिकारी प्रशासन के न्यायालय में वाद किये जा रहे हैं।

भाषा विवि में कैरियर विकास के कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग में बीए अंतिम सेमेस्टर के छात्रों के कैरियर विकास के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, ताकि उन्हें भविष्य आधारित और उचित सलाह दी जा सके छात्र अपने कैरियर और भविष्य को लेकर चिंतित और झिझक रहे हैं, तो उन्हें बेहतर मार्गदर्शन दिया जा सकता है क्योंकि अधिकांश छात्रों के पास कम जानकारी और कम जागरूकता होती है, लेकिन इस संबंध में प्रोफेसर फखरे आलम ने अपने छात्रों से कहा कि उन्हें ऐसा करना चाहिए एमए ताकि उच्च शिक्षा के रास्ते खुल सकें और रोजगार भी आसान हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि उर्दू भाषा और साहित्य में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए एमए की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, ताकि उनकी देखरेख में साहित्यिक और काव्य प्रशिक्षण हो सके। शिक्षकों का कार्य बेहतर तरीके से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी इस मुकाम पर तभी पहुंच सकते हैं जब वे पढ़ाई को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना लें। उन्होंने आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अग्रणी और प्रतिष्ठित होने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले ज्ञान और बुद्धि को आवश्यक बताते हुए कहा कि छात्रों को भाषा और साहित्य के अलावा उन विषयों का भी अध्ययन करते रहना चाहिए जो नौकरी पाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रोफेसर सोबान सईद ने अपने व्याख्यान में छात्रों को उन बिंदुओं के बारे में जानकारी दी जिनका उपयोग करके करियर को उज्ज्वल और भविष्य के करियर के लिए उपयोगी बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के प्रत्येक स्तर की आवश्यकताएं अलग-अलग हैं और यदि छात्रों को इसकी जानकारी नहीं होगी तो उनकी मेहनत को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे। इस अवसर पर प्रोफेसर शफीक अशरफी ने कहा कि पाठ्यक्रम के संपादन में एम.ए.के छात्रों में भाषा और साहित्य की उचित समझ विकसित करने के लिए लिया गया। पाठ के सही पढ़ने और उसके अर्थ तक पहुंच तभी प्राप्त की जा सकती है जब भाषा की बारीकियों और साहित्य के रचनात्मक आयामों से परिचित हों। अन्य विज्ञानों का अच्छा ज्ञान भी छात्रों को जीवन में सफल होने में मदद करता है। इस मौके पर बीए के कुछ छात्रों ने अपने करियर के लिए विषयों के चयन और भविष्य में संभावनाओं को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं, जिस पर कार्यक्रम में शिक्षकों ने इन चिंताओं का समाधान किया इस प्रोग्राम में डॉ.अकमल शादाब डॉ. मुनव्वर हुसैन, डॉ. सिद्धार्थ सुदीप और डॉ. मूसी रजा ने भाग लिया। अंत में डॉ. मुनव्वर हुसैन ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में शिक्षा और सीखने से संबंधित जो बातें बताई गई हैं, अगर छात्र उन्हें गंभीरता से अपने व्यावहारिक जीवन का हिस्सा बना लें तो सफलता की राह आसान हो जाएगी।

बरसाना-गोवर्धन में बिना नक्शा निर्माणाधीन कार्यों पर एमवीडीए चला डंडा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। बरसाना और गोवर्धन तीर्थ स्थल क्षेत्र के सुनियोजित विकास की दृष्टि से मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की टीम ने बुधवार को बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण के खिलाफ सीलिंग की कड़ी कार्रवाई की है। विकास प्राधिकरण की इस कार्यवाही से दोनों कस्बा क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों में हड़कंप मच गया है। प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने हेतु प्राधिकरण सचिव एवं विशेष कार्याधिकारी द्वारा की गयी समीक्षा के अन्तर्गत अवैध निर्माणों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये जिसके क्रम में 15 मई को बरसाना क्षेत्र में गनेश गोस्वामी राधा बाग के पास नहर की पटरी पर ऊँचा गांव रोड़ बरसाना द्वारा लगभग 3000 वर्ग मीटर में भूखण्ड पर 30X60 में 08 कमरों का निर्माण व 15X100 में दुकान, ज्ञान सिंह राधा कृष्ण मन्दिर के पास बरसाना रोड़ नन्दगांव द्वारा लगभग 110X250 के भूखण्ड पर आर0सी0सी0 कॉलम व चिनाई कार्य, गौरी शंकर द्वारा नहर के 100 मीटर आगे गोवर्धन की तरफ बरसाना गोवर्धन रोड़ पर 20'X60% में भूखण्ड के भूतल पर आर.सी.सी. कॉलम व चिनाई कार्य, विपिन पुत्र नरेश ठाकुर पैट्रोल पम्प के सामने गैस एजेन्सी के पास बरसाना-छाता रोड़ द्वारा 45'X75% के भूखण्ड में भूतल पर आर.सी.सी. कॉलम व चिनाई कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति किये जाने पर प्राधिकरण द्वारा सील की कार्यवाही की गयी है। वही गोवर्धन क्षेत्र में हरवीर सिंह नयी तहसील के बगल में राधाकुण्ड वाईपास रोड़ पर लगभग 80ङ्क11 क्षेत्रफल में 08 दुकानों का निर्माण कार्य, कौशल गुप्ता बाबादा ढाबा के सामने नीयर पाडल रोड बरसाना वाईपास रोड पर लगभग 120 वर्ग मीटर क्षेत्र में भूतल पर 20 आर.सी.सी. कॉलम द्वारा निर्माण कार्य किये जाने तथा श्री प्रिया लाल बरसाना वाईपास रोड पर नीयर टिरी रोड बरसाना बाईपास रोड़ पर लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बेसमेन्ट का निर्माण कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति कराये जाने पर प्राधिकरण द्वारा सील किया गया।

कुछ तो गड़बड़ है, सवाल हर तरफ उठ रहा

सीएम नीतीश कुमार की तबीयत इतनी खराब है? लोकसभा चुनाव से ज्यादा इस सवाल पर लोग चिंतित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नामांकन के दौरान मंगलवार को वाराणसी में दिग्गजों का जुटान हुआ। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं गए। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और अपने सबसे करीबी भाजपाई दिग्गज सुशील कुमार मोदी के निधन के बाद मंगलवार को पटना में राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंत्येष्टि का आदेश दिया, मगर खुद नीतीश कुमार पटना में रहकर भी दीघा घाट नहीं गए। 16 वर्षों से हर साल 14 मई को अपनी दिवंगत पत्नी मंजू सिन्हा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए पटना के कंकड़बाग स्थित पार्क में उनकी प्रतिमा स्थल तक जाने वाले नीतीश कुमार 17वीं पुण्यतिथि पर मंगलवार को नहीं गए।

सवाल उठना स्वाभाविक था, तभी तबीयत खराब होने की एक पंक्ति की सरकारी विज्ञप्ति जारी हुई। लेकिन, इन तीन में से दो स्थानीय मौकों पर उनका नहीं जाना; उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड के नेताओं को चिंता में डाल रहा है। बिहार की आम जनता भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री की तस्वीरों को देखकर विचलित है। सवाल कर रही है कि कहीं ज्यादा मुश्किल में तो नहीं नीतीश कुमार? मांग उठ रही कि सीएम नीतीश कुमार का हेल्थ बुलेटिन जारी हो। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले जैसे न हैं, न दिख रहे हैं- यह बात पिछले करीब नौ महीने से फिज़ा में है। तब महागठबंधन की सरकार थी। जदयू की कमान तत्कालीन अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह संभाल रहे थे। तब भारतीय जनता पार्टी विपक्ष में थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार अजीब बयानों और अलग हरकतों के कारण खबरों में आने लगे थे। मंत्री अशोक चौधरी का सिर टकराने, पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी को तू-तड़ाक करने, मीडिया के सामने हाथ जोड़कर झुकने, विधानमंडल के दोनों सदनों में जनसंख्या नियंत्रण का फॉर्मूला बतानेज जैसी कई घटनाओं के बाद भाजपा ने आरोप लगाया कि सीएम नीतीश कुमार के साथ साजिश रची जा रही है। उन्हें गलत दवा दी जा रही है। तत्कालीन विपक्षी दल भाजपा ने तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हेल्थ बुलेटिन की मांग की थी। 28 जनवरी को नीतीश कुमार वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आ गए और भाजपा की मांग यहीं खत्म हो गई। हालांकि, इसके बाद भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कभी सहज नहीं दिखे। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सामने मंच पर उनकी शान में कसीदे गढ़े तो भी अंदाज पर सवाल उठा। 400 सीटों की जगह 4000 लोकसभा सीटों पर जीत की बात कही, तब भी। चाणक्य स्कूल ऑफ पालिटिकल राइट्स एंड रिसर्च के अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा सीधे कहते हैं- ÷भाजपा को पहल करनी चाहिए, अगर सच में उनके साथ नीतीश कुमार को लेकर पार्टी को 28 जनवरी से पहले चिंता थी या अब है। अब पिछले रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रोड शो में उनकी गाड़ी पर दिखे तो यह बात तेजी से उठीज कि कुछ तो गड़बड़ है। इसके 24 घंटे बाद ही पांच दशकों पुराने उनके साथी सुशील मोदी के निधन की खबर सामने आयी और उसके अगले दिन सरकार की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री बीमार हैं, इसलिए उनकी सारी सार्वजनिक गतिविधियां स्थगित की जा रही हैं। यह समझ में आया कि पुराने साथी का इस तरह साथ छोड़ना उन्हें मानसिक रूप से परेशान कर गया होगा। लेकिन, मुख्यमंत्री सचिवालय की ओर से नीतीश कुमार की बीमारी को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। हालत यह है कि मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी इस सवाल को सीधे टाल जा रहे हैं कि वह किस तरह से बीमार हैं। आम जनता यह जानना चाह रही है कि नीतीश कुमार की बीमारी का वास्ता उनकी मानसिक स्थिति से तो नहीं है और अगर ऐसा है भी तो उनका इलाज सही तरीके से हो रहा है या नहीं। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी कहते हैं कि ÷ऊर्जा से ओतप्रोत, सजग, हंसमुख और मिलनसार नीतीश कुमार थके-हारे, निराश-हताश, परेशान और बीमार लग रहे हैं। सवाल उठना लाजिमी है कि उनकी ऐसी स्थिति इतनी जल्दी कैसे बदलगी? क्या वह बीमार हैं? परेशानी राजनीतिक है या शारीरिक-मानसिक, लोग जानना चाहते हैं।

इसलिए, हेल्थ बुलेटिन की मांग कहीं से भी गलत नहीं है। राज्य के कई प्रतिष्ठित चिकित्सकों के साथ उनके करीबी रहे पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा से भी बात की।

उन्होंने कहा कि इस बारे में न तो उन्हें जानकारी है और न किसी ने उन्हें बुलाया है। डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा फिजिशियन और न्यूरो विशेषज्ञ के रूप में देशभर में विख्यात हैं। उन्हें जब जानकारी नहीं और सरकार की ओर से बुलेटिन नहीं जारी हो रहा तो जदयू-भाजपा के नेताओं की हालत समझी जा सकती है। दोनों दलों के दिग्गजों से पूछने पर जवाब मिला- तबीयत खराब है।

सवाल वहीं रह गया कि हुआ क्या है कि आखिर अपने इतने करीबी मित्र की अंत्येष्टि और अपनी पत्नी की पुण्यतिथि पर नहीं जाने का मतलब कुछ तो ज्यादा परेशानी है, क्योंकि सामान्य बुखार में तो वह पहले ऐसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को दरकिनार नहीं करते थे। सिर्फ कोरोना के समय ही उन्होंने 'दूरी, जरूरी' का फॉर्मूला स्वीकार किया था।

जानें ग्वालियर रियासत की राजमाता को : नेपाल राजघराने से था ताल्लुक

शादी के बाद किरण से बनीं माधवी राजे सिंधिया

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां और दिवंगत पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पत्नी माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह पिछले तीन महीने से बीमार थीं। उनका दिल्ली के एम्स में इलाज चल रहा था। माधवी राजे सिंधिया का ताल्लुक नेपाल राजघराने से रहा है। शादी से पहले उनका नाम किरण राजलक्ष्मी देवी था। माधवराव से विवाह के बाद मराठी परंपरा के तहत नाम बदलकर माधवी राजे सिंधिया हो गया था। 70 वर्षीय माधवी राजे लंबे समय से बीमार थी। माधवी राजे सिंधिया मूलतः नेपाल की रहने वाली हैं। उनका परिवार वहां के राजघराने से जुड़ा रहा है। उनके दादा शमशेर जंग बहादुर राणा नेपाल के पीएम भी रह चुके हैं। विवाह से पहले उनका नाम प्रिंसेस किरण राज्यलक्ष्मी देवी था। 1966 में उनका विवाह ग्वालियर के सिंधिया राजपरिवार के राजकुमार माधवराव सिंधिया से हुआ था। मराठी परंपरा के अनुसार शादी के बाद उनका नाम बदल गया और उनका नया नाम माधवी राजे सिंधिया हो गया। पहले उन्हें महारानी कहा जाता था। लेकिन, माधवराव के निधन के बाद उन्हें राजमाता कहा जाने लगा। माधवी राजे के पति पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया का 30 सितम्बर 2001 को यूपी के मैनपुरी के पास विमान हादसे में निधन हुआ था। उस समय उनकी उम्र महज 56 साल थी। चुनाव प्रचार जब शबाब पर था तब ज्योतिरादित्य और उनके बेटे महाआर्यमान जहां गुना-शिवपुरी में प्रचार कर रहे थे, तब ज्योतिरादित्य की पत्नी प्रियदर्शनी राजे दिल्ली लौट आई थी। उन्होंने अधिकांश समय राजमाता के साथ बिताया।

प्रियदर्शनी राजे का जन्म गायकवाड़ मराठा राजघराने में हुआ। उनके पिता कुंवर संग्राम सिंह के तीसरे बेटे थे। प्रियदर्शनी की मां नेपाल से ताल्लुक रखती थी। प्रियदर्शनी का विवाह 12 दिसम्बर 1994 को ज्योतिरादित्य सिंधिया से हुआ था। माधवराव सिंधिया की मौत के बाद ज्योतिरादित्य महल के साथ-साथ अपने पिता की राजनैतिक विरासत भी संभाल रहे हैं।

उस दौर में हुई थी शाही शादी

माधवी और माधवराव का रिश्ता ग्वालियर राजघराने की राजमाता विजयाराजे सिंधिया ने तय किया था। साल 1966 में माधवी राजे की शादी माधवराव सिंधिया से हुई थी।

यह उस दौर की एक शाही शादी थी, जिसकी खूब चर्चा हुई थी। जानकारी के अनुसार यह शादी दिल्ली में हुई थी। ग्वालियर के लोग बारात में शामिल हों, इसके लिए एक स्पेशल ट्रेन भी चलवाई गई थी। जिसमें देश-विदेश के मेहमान शामिल हुए थे। माधवराव सिंधिया के निधन के बाद माधवी राजे के राजनीति में आने के कयास भी लगते रहे। माना जा रहा था कि वह साल 2004 के लोकसभा चुनाव में ग्वालियर चुनावी मैदान में उतर सकती हैं। लेकिन, माधवी राजे ने खुद को राजनीति से दूर ही रखा। अपने पति माधवराव सिंधिया की राजनीतिक विरासत बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए छोड़ दी।

भाजपा में जाने को लेकर बेटे का दिया था साथ

मार्च 2020 में सिंधिया के भाजपा में जाने की अटकलें लग रहीं थी तब वे कांग्रेस में पिता की विरासत छोड़कर जाने में संकोच कर रहे थे। इस दौरान माधवी राजे ने मार्गदर्शक बनकर सिंधिया को राह दिखाई थी। कहा जाता है कि उस समय सबसे ज्यादा सपोर्ट मां माधवी राजे ने सिंधिया को किया था। इसके बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फैसला लेकर अपनी दादी विजयाराजे सिंधिया की तरह बड़ा कदम उठाया था।

सीएम मोहन यादव ने जताया शोक

माधवी राजे के निधन के बाद प्रदेश सहित पूरे देश में शोक की लहर फैल गई है. उनके निधन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक व्यक्त किया. उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पूज्य माता माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ. मां जीवन का आधार होती हैं, इनका जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है. बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं ऊँ शांति

पाकिस्तानी कारोबारी जिन्होंने की पीएम मोदी की तारीफ

अमेरिका के बाल्टीमोर में रहने वाले प्रमुख पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान में भी मोदी की तरह का मजबूत नेता होना चाहिए। आइए जानते हैं कौन हैं साजिद मीर और और उन्होंने भारतीय प्रधानमंत्री के बारे में क्या-क्या कहा है? पाकिस्तानी मूल के अमेरिकी व्यवसायी साजिज तरार ने कहा है कि नरेंद्र मोदी एक मजबूत नेता हैं, उन्होंने भारत को महत्वपूर्ण रूप से आगे बढ़ाया है, और उनके तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है।

तरार का मानना है कि मोदी न केवल भारत के लिए, बल्कि क्षेत्रीय स्तर पर और दुनिया के लिए भी फायदेमंद हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि एक पाकिस्तान को भी इसी तरह की क्षमता वाला नेता मिलेगा। उन्होंने कहा, मोदी एक असाधारण नेता हैं। वे एक प्राकृतिक जन्मजात नेता हैं। वह एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में पाकिस्तान का दौरा किया है और अपनी राजनीतिक पूंजी को जोखिम में डाला। मुझे उम्मीद है कि मोदीजी पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार शुरू करेंगे।

उन्होंने कहा, शांतिपूर्ण पाकिस्तान भारत के लिए भी अच्छा है। हर जगह इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि मोदी जी भारत के अगले प्रधानमंत्री होंगे। तरार ने मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद पाकिस्तान के साथ जुड़ने की इच्छा दिखाई है और इस प्रक्रिया में अपनी राजनीतिक पूंजी को जोखिम में डाला है। तरार को उम्मीद है कि मोदी पाकिस्तान के साथ बातचीत और व्यापार शुरू करेंगे, तरार ने इस बात पर जोर दिया कि एक शांतिपूर्ण पाकिस्तान भारत के लिए फायदेमंद है। तरार ने कहा कि उन्हें व्यापक रूप से यह उम्मीद है कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुने जाएंगे। 1990 के दशक में अमेरिका चले जाने के बावजूद, तरार का पाकिस्तान के साथ मजबूत संबंध है। तरार ने भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत में 97 करोड़ लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र बताया गया है। तरार ने पाकिस्तान के मौजूदा आर्थिक संकट के बारे में कहा कि वहां महंगाई पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि और आईएमएफ की शर्तों के अनुसार अनुसार बढ़े हुए करों के कारण है। उन्होंने पाकिस्तान में निर्यात बढ़ाने, आतंकवाद को निर्यंत्रित करने और कानून व्यवस्था को सुधारने जैसे बुनियादी मुद्दों को हल करने के प्रयासों की कमी पर अफसोस जताया। साजिद की वेबसाइट के अनुसार, साजिद 1990 के दशक में अमेरिका चले गए थे और अमेरिकी नागरिक बन गया थे। साजिद बाल्टीमोर के एक पाकिस्तानी अमेरिकी व्यवसायी हैं, वे ट्रम्प समर्थक और रिपब्लिकन पार्टी के नेता हैं। वे ÷अमेरिकन मुस्लिम्स फॉर ट्रम्प÷ के संस्थापक हैं। साजिद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के मुसलमानों से जुड़े मामलों सलाहकार थे। साजिद बाल्टीमोर में स्थित गैर-लाभकारी निजी संगठन सेंटर फॉर सोशल चेंज के सीईओ के पद पर भी हैं। उन्होंने अपने बाल्टीमोर स्कूल ऑफ लॉ से कानून की डिग्री अर्जित की है। साजिद इससे पहले पहले गवर्नरों की वित्त समिति के सदस्य के रूप में काम किया और कई निवेश समूहों और संगठनों के अध्यक्ष रहे हैं।

रायबरेली में नाक का सवाल बनी विरासत की लड़ाई

देश की सबसे हॉट सीट में शामिल रायबरेली कांग्रेस और भाजपा के लिए नाक का सवाल बन गई है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनों पक्षों के दिग्गज नेता लगातार वहां डेरा डाले हैं। सीट की अहमियत इसी से समझी जा सकती है कि दो दिन पहले रायबरेली पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने जनसभा में कहा, 'यदि एक सीट जीतकर 400 पार का मतलब पूरा हो जाए तो वह करना चाहिए या नहीं।' भीड़ से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलने पर उन्होंने कहा, रायबरेली में कमल खिला दो, चार सौ पार अपने आप हो जाएगा। कांग्रेस ने इस अहम सीट पर अपने कद्दावर नेता राहुल गांधी को उतारा है, ऐसे में पूरी कांग्रेस पार्टी गढ़ बचाने में जुटी है।

मिशन 400 के लिए अमित शाह भाषण तक ही नहीं सीमित रहे। राहुल गांधी की राह मुश्किल बनाने और इलाके के 11 प्रतिशत ब्राह्मणों का समर्थन हासिल करने के लिए वह सपा विधायक मनोज पांडेय के घर भी पहुंच गए। मनोज आसपास के जिलों में ब्राह्मण समाज का बड़ा चेहरा माने जाते हैं। दूसरी ओर, भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के नामांकन में भाजपा की सदर विधायक अदिति सिंह से लेकर पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह, सरेनी के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह और बछरावां के पूर्व विधायक राजाराम त्यागी गैरहाजिर थे। कांग्रेस कार्यकर्ता कह रहे थे कि जब भाजपा के ही लोग दिनेश के साथ नहीं हैं तो लड़ाई ही कहां है? लेकिन, शाह ने अपने मंच पर इन सभी को एक साथ लाकर ऐसी बातों पर विराम लगा दिया। यूपी की राजनीति में जातियों की भूमिका विषय पर काम करने वाले विश्लेषक डा. सुशील पांडेय कहते हैं कि रायबरेली के गांधी परिवार का गढ़ होने, नामांकन के बाद से रायबरेली में प्रियंका के डेरा डालने और इलाकाई भाजपाई क्षत्रपों के सक्रिय न होने से लड़ाई में कांग्रेस बीस थी। लेकिन, शाह के सियासी पैंतरे से चुनाव दिलचस्प हो गया है। इसका असर भी तत्काल दिखा। शाह की रैली के दूसरे दिन से ही राहुल की रायबरेली में वापसी और प्रियंका के साथ साझा सभाएं शुरू हो गईं। आगे राहुल व सपा मुखिया अखिलेश यादव तथा प्रियंका गांधी व डिंपल यादव के साझा रोड शो की तैयारियों के भी प्रयास हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहले से ही डटे हुए हैं। जमीनी हालात ये हैं कि न तो राहुल के लिए चुनाव एकतरफा रह गया है और न ही दिनेश की राह आसान है।

गांधी परिवार का गढ़ और मजबूती

1952 से हुए 20 चुनावों में से कांग्रेस का इस सीट पर 17 बार कब्जा रहा है

फिरोज गांधी और इंदिरा गांधी तो सांसद रहे ही, सोनिया लगातार पांच बार सांसद रहीं

यहां कई लोग कहते हैं कि वे गांधी परिवार को इसलिए चुनते हैं क्योंकि वे या तो प्रधानमंत्री चुनते हैं या प्रधानमंत्री के दावेदार को

कांग्रेस के साथ सपा की भी ताकत

सरेनी के सपा कार्यकर्ता योगेश यादव कहते हैं कि प्रियंका जी अपने भाषण में अखिलेश भैया (पूर्व सीएम) का नाम तक नहीं लेती हैं। लेकिन, भैया का संदेश है कि पूरी ईमानदारी से लगना है, तो हम दिन रात किए लगे हैं। यादव, पासी, मुस्लिम बिल्कुल एकजुट हैं, ब्राह्मण भी साथ हैं, ऐसे में सीट जिताकर देंगे।

भाजपा की किलेबंदी

भाजपा ने करीब 34 फ़ीसदी दलितों को साधने के लिए बुद्धिलाल पासी को जिला अध्यक्ष बनाया

अपर कास्ट को साधने के लिए क्षत्रिय समाज से दिनेश प्रताप सिंह को लोकसभा प्रत्याशी बनाया

ब्राह्मण समाज से वीरेंद्र तिवारी को लोकसभा प्रभारी और पीयूष मिश्रा को जिला प्रभारी बनाया है

ओबीसी जातियों को साधने के लिए पूर्व जिला अध्यक्ष रामदेव पाल को लोकसभा संयोजक बनाया

ऊंचाहार से विधानसभा चुनाव हारे प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य को राज्यसभा भेजा

ये मुद्दे डाल रहे असर

कुबेरी खेड़ा के गोकर्ण यादव कहते हैं कि बेरोजगारी बढ़ रही है और पेपर लीक हो जाता है। महंगाई परेशान किए है

ऊंचाहार की राजपति देवी कहती हैं की छुट्टा जानवरों से पूरी फसल चौपट हो जाती है

सरेनी विधानसभा के मुबारकपुर में मिले सत्यम कहते हैं की अग्निवीर योजना में न तो कैंटीन की सुविधा है न ही मेडिकल की। नौकरी के बाद कोई कोटा भी फिक्स नहीं है कि बाद में पुलिस या पीएसी भर्ती में मौका मिल जाए

शीतल महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मनरेगा योजना से नहरों की मेढ़बंदी कर रही थीं। कहती हैं कि काम तो मिल जाता है लेकिन मजदूरी मिलने में 2-2, 3-3 महीने लग जाते हैं। काम बढ़ाना चाहिए और मजदूरी समय पर मिलनी चाहिए

बछरावां की प्रमिला देवी कहती हैं कि राशन मिलता है, 2000 रुपये की तीन किस्त मिलती है, इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड मिला है, बहू टैबलेट पाई है। हम मोदी के साथ हैं। मालिक और बेटा किसे देंगे पता नहीं

राहुल गांधी = पिछला चुनाव अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति जूबिन इरानी से हारने के बाद इस बार अपनी मां सोनिया गांधी की सीट रायबरेली से मैदान में हैं। इनके पक्ष की सबसे बड़ी बात यह है कि अभी भी क्षेत्र का एक तबका है जो गांधी फैमिली का उत्तराधिकारी होने से राहुल को पीएम बनने का सपना देखता है। लेकिन, कई जगह लोग कहते हैं कि क्या गारंटी है कि चुनाव जीतने के बाद रायबरेली नहीं छोड़ेंगे? केरल के वायनाड से भी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछला चुनाव सोनिया गांधी से हारे थे, लेकिन उनकी जीत का अंतर घटाने में सफल हुए थे। स्थानीय स्तर पर सुलभ होने और मंत्री के रूप में लोगों के बीच उपलब्धता पक्ष में जाती है। पिछले पांच साल अगला चुनाव लड़ने की उम्मीद में सक्रिय रहे हैं। सत्ताधारी दल का होने से तमाम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों का नेटवर्क भी काम आ रहा है। परिवार के कई सदस्यों के व्यवहार से कई जगह नाराजगी भी है।

ठाकुर प्रसाद यादव

बसपा से हैं। यादव, सरेनी विधानसभा सीट से दो बार भाग्य आजमा चुके हैं। करीब 23 फीसदी ओबीसी जातियों वाली इस सीट पर सपा प्रत्याशी के मैदान में न होने से बसपा ने यादव उम्मीदवार का दांव चला है। सपा व कांग्रेस गठबंधन कर चुनाव लड़ रहे हैं।

यूपीएससी सीडीएस परीक्षा के लिए अधिसूचना जारी

संघ लोक सेवा आयोग ने यूपीएससी सीडीएस 2 के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। आयोग ने सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा 2 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग ने ऑनलाइन आवेदन पत्र आधिकारिक वेबसाइट upsc.gov.in पर जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार अधिसूचना देख सकते हैं और आवेदन पत्र भरकर जमा कर सकते हैं।

04 जून तक करें आवेदन

सीडीएस 2 आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 04 जून है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सीडीएस आवेदन पत्र भरकर समय सीमा के भीतर जमा करें। यूपीएससी आवेदनों के लिए ओटीआर (एक बार पंजीकरण) पोर्टल का उपयोग करता है। इसलिए, उम्मीदवारों को यूपीएससी सीडीएस आवेदन प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने से पहले खुद को पंजीकृत करना होगा।

आवेदन शुल्क

सीडीएस 2 परीक्षा के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि

उनके पास स्थिर इंटरनेट कनेक्शन और आवश्यक दस्तावेज हैं। सीडीएस 2 के लिए आवेदन शुल्क एससी/एसटी और महिला उम्मीदवारों को छोड़कर सभी श्रेणियों के लिए 200 रुपये है, जिसका भुगतान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। सीडीएस 2 आवेदन पत्र को किसी भी डिवाइस पर सहेजने या भविष्य के संदर्भ के लिए प्रिंटआउट लेने की सलाह दी जाती है। कुछ मामलों में, बोर्ड सीडीएस आवेदन पत्र 2024 सुधार विंडो भी खोलता है जहां उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में कोई भी बदलाव कर सकते हैं। जिन उम्मीदवारों ने सीडीएस 2024 आवेदन पत्र सफलतापूर्वक जमा कर दिया है, उन्हें अपने प्रवेश पत्र प्राप्त होंगे। सीडीएस 2024 परीक्षा पैटर्न, पाठ्यक्रम, प्रवेश पत्र जैसी परीक्षा से संबंधित किसी भी विवरण के बारे में जानने के लिए उम्मीदवार आधिकारिक अधिसूचना देख सकते हैं। उम्मीदवार अपना सीडीएस 2 2024 आवेदन पत्र भरने और जमा करने के लिए नीचे दिए गए चरणों का पालन कर सकते हैं ईमेल आईडी/मोबाइल नंबर का उपयोग करके वेबसाइट पर रजिस्टर करें और एक पासवर्ड बनाएं। नवीनतम अधिसूचना÷ टैब पर जाएं। संयुक्त रक्षा सेवा परीक्षा (सीडीएस) 2 अधिसूचना देखें और ऑनलाइन आवेदन करें पर क्लिक करें। सभी आवश्यक विवरण ध्यानपूर्वक भरें और दर्ज किए गए विवरण को दोबारा जांच लें। दस्तावेज अपलोड करें। श्रेणी के अनुसार सीडीएस 2 आवेदन शुल्क का भुगतान करें। सीडीएस 2 आवेदन पत्र की समीक्षा करें और सबमिट करें।

कोर्ट का आपत्ति पर विचार करने से इनकार

केजरीवाल के बयान के खिलाफ एससी पहुंची ईडी को झटका

इनकार

भाजपा पर लगाए सरकार तोड़ने की कोशिश के आरोप

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची ईडी को झटका लगा है। दरअसल, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने केजरीवाल के एक बयान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शिकायत दर्ज की थी, जिस पर सुनवाई से कोर्ट ने इनकार कर दिया।

एससी ने अरविंद केजरीवाल के उस बयान पर की आपत्ति पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर लोग आप को वोट देंगे, तो वह 2 जून को वापस जेल नहीं जाएंगे।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत से संबंधित बयानों पर प्रवर्तन निदेशालय और केजरीवाल के वकील के दावों और जवाबों पर विचार करने से इनकार कर दिया।

पीठ ने कहा, हमने किसी के लिए कोई अपवाद नहीं बनाया है, हमने अपने आदेश में वही कहा जो हमें उचित लगा। पीठ ने कहा कि फैसले का आलोचनात्मक विश्लेषण का स्वागत है। केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के बाद अपनी पार्टी नेताओं के साथ बैठक में कहा था कि उन्हें 2 जून को वापस जेल जाना होगा। सीएम ने आगे कहा कि अगर उनके पार्टी के नेता महनत करके 4 जून को इंडी गठबंधन की सरकार बनवा देते हैं तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ेगा। केजरीवाल ने इसी के साथ ये आरोप लगाया कि भाजपा ने उन्हें जानकर जेल भेजा ताकि वो आप को तोड़ सके और पार्टी के पार्षद को भी अपने साथ ले सकें।

भारतीय सर्वेक्षण विभाग की ओर से तैयार भारत के नक्शे का ही करें इस्तेमाल

नई दिल्ली। देश के त्रुटिपूर्ण और गलत नक्शों के प्रकाशन के बढ़ते मामलों को देखते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने सभी विश्वविद्यालयों और कालेजों को सतर्क करते हुए कहा है कि वे सिर्फ भारतीय सर्वेक्षण विभाग की ओर से तैयार देश के नक्शों का ही उपयोग करें। साथ ही बताया है कि देश के गलत नक्शों का प्रकाशन कानूनी अपराध है। ऐसा करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का भी प्रविधान है।यूजीसी ने यह निर्देश ऐसे समय दिया है, जब विश्वविद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने वाला है। जिसके लिए इस समय नई पाठ्यपुस्तकें और अध्ययन सामग्री तैयार की जाती है। ऐसे में आयोग ने देश के सभी विश्वविद्यालयों और कालेजों के प्रमुखों को पत्र लिखकर देश के नक्शों में पूरी सावधानी रखने के निर्देश दिए है और कहा है कि वह देश के जो भी नक्शे इस्तेमाल करें यह सुनिश्चित करें कि वह भारतीय सर्वेक्षण विभाग (सर्वे आफ इंडिया) के ही हो। आयोग ने इस दौरान देश के नक्शों की गड़बड़ी को रोकने के लिए 1990 में बनाए गए क्रिमिनल ला एक्ट का हवाला दिया, जिसके तहत देश के त्रुटिपूर्ण नक्शों के प्रकाशन पर न्यूनतम छह महीने तक की कैद , जिसको बढ़ाया भी जा सकेगा के साथ जुर्माना दोनों का प्रविधान है। जो अलग-अलग या एक साथ ही सुनाई जा सकती है।

नोएडा के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को मिली एससी से राहत

भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी पर लगाई रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को नोएडा प्राधिकरण के पूर्व मुख्य अभियंता यादव सिंह को भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी से राहत दे दी है। यह वही मामला है जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दिसंबर 2011 में आठ दिनों में 954 करोड़ रुपये के 1,280 रखरखाव अनुबंधों को निष्पादित किया था। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने सिंह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एनके कौल की दलीलों पर ध्यान दिया कि केंद्रीय जांच एजेंसी द्वारा मामले में उनके खिलाफ पूरक आरोप पत्र दायर करने के बाद आरोपी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया है।

वरिष्ठ वकील ने कहा कि मामले में तीन साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी और अब उन्हें ताजा पूरक आरोप पत्र दाखिल होने के मद्देनजर नई गिरफ्तारी की आशंका है। पीठ ने जमानत के लिए सिंह की नई याचिका पर सीबीआई को नोटिस जारी करते हुए कहा, याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी।

शीर्ष अदालत ने 2019 में कहा था, पक्षों के विद्वान वकील को सुनने के बाद, हम ट्रायल कोर्ट द्वारा लगाए गए नियमों और शर्तों के अधीन, याचिकाकर्ता को जमानत देना उचित समझते हैं। हालांकि, चूंकि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को यह आशंका है कि अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया, तो सबूतों/गवाहों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है, इसलिए प्रतिवादी के पास इसे रद करने के लिए आवेदन करने का विकल्प खुला होगा...।

क्विक न्यूज

जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की पत्नी का कैंसर से निधन, मुंबई में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली। जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रही थी। इलाज के दौरान मुंबई में गुरुवार को तड़के 3 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद नरेश गोयल को बीते दिनों अपनी पत्नी से मुलाकात के लिए सशर्त जमानत दी गई थी। उन्होंने कोर्ट के सामने गुहार लगाई थी कि उनकी पत्नी कैंसर जैसी घातक बीमारी से पीड़ित हैं और पत्नी के साथ रहना चाहते हैं। गौरतलब है कि नरेश गोयल खुद भी कैंसर से जूझ रहे हैं। नरेश गोयल की पत्नी अनीता गोयल का अंतिम संस्कार आज मुंबई में होगा। गोयल फैमिली में अनीता गोयल के बाद उनके पति और दो बच्चे नम्रता और निवान गोयल हैं।

एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की सूचना से मचा हडक़ंप

नई दिल्ली। दिल्ली हवाईअड्डे पर एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पर 'बम' लिखा हुआ मिला, जिसके बाद अधिकारियों में हडक़ंप मच गया। सुरक्षा एजेंसियों ने इसकी जांच की और आखिर में बम होने की सूचना को अफवाह बताया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, बुधवार शाम करीब 7:30 बजे वडोदरा के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट के शौचालय में एक टिशू पेपर पाए जाने की सूचना मिली, जिस पर बम शब्द लिखा हुआ था। पुलिस उपायुक्त उषा रंगनानी ने कहा, मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निरीक्षण किया गया, लेकिन कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली। बता दें कि रविवार को ईमेल के जरिए इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ-साथ दिल्ली के कई अस्पतालों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, जिसे पुलिस ने जांच के बाद महज अफवाह बताया। 1 मई को दिल्ली-एनसीआर के 150 से ज्यादा स्कूलों को फर्जी धमकी भरे ईमेल मिले थे,

श्रीलंका में लॉन्च हुआ यूपीआई, ऑनलाइन पेमेंट के लिए भारतीय सैलानी कर सकेंगे फोनपे

एजेंसी

कोलंबो। भारत से श्रीलंका जाने वाले पर्यटकों के लिए एक खुशखबरी है। अब श्रीलंका में पेमेंट करने के लिए किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा क्योंकि श्रीलंका में अब फोनपे यूपीआई लॉन्च किया गया जिससे भारतीय सैलानी आसानी से पेमेंट कर पाएंगे।

फोनपे ने बुधवार को लंकापे के साथ साझेदारी की घोषणा की। इससे कंपनी के उपयोगकर्ताओं को श्रीलंका में यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) का उपयोग करके भुगतान करने की सुविधा होगी। यहां आयोजित एक कार्यक्रम में फोनपे ने कहा कि श्रीलंका की यात्रा करने वाले सैलानी उसके ऐप के जरिये लंकापे क्यूआर का उपयोग करने वाले यहां के कारोबारियों को यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। लेनदेन को यूपीआई और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क सुलभ बनाएगा। इससे उपयोगकर्ता लंका क्यूआर कोड को स्कैन कर सुरक्षित और त्वरित भुगतान कर सकते हैं। राशि विनिमय दर के आधार पर भारतीय रुपये में कटेगी।

फोनपे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (अंतरराष्ट्रीय भुगतान) रितेश पई ने कहा कि लंकापे के साथ सहयोग से भारतीय पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी। वे अब यात्रा करते समय और लंका क्यूआर का उपयोग करने वाले कारोबारियों को भुगतान करते समय आसान और सुरक्षित भुगतान व्यवस्था का उपयोग कर सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर में लू का अलर्ट जारी

एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर भारत में अब गर्मी का सितम और बढ़ने वाला है। मौसम विभाग ने तापमान बढ़ने को लेकर अलर्ट जारी किया है। आईएमडी की मानें तो आज से दिल्ली-एनसीआर के तापमान में इजाफा देखने को मिलेगा। हालांकि, मौसम विभाग ने इसी के साथ मानसून को लेकर एक खुशखबरी भी दी है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में आज तापमान में इजाफा होगा और यह कल 44 डिग्री तक जा सकता है। इसी के साथ आईएमडी ने लू को लेकर भी अलर्ट जारी किया है। शनिवार को हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते अधिकतम तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, आज मौसम साफ रहेगा, लेकिन दोपहर में तेज धूप खिलेगी और तापमान 42 डिग्री तक जा सकता है। आज दिन में लोगों को तेज गर्मी से परेशान होना पड़ सकता है। इस पूरे हफ्ते दिल्ली वालों को लू झेलनी होगी और 30 से 35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली गर्म हवाओं का सामना करना होगा।

मौसम विभाग की मानें तो इस सप्ताह यूपी और बिहार में गर्मी लोगों का हाल बेहाल करेगी। यूपी के कई जिलों में तापमान 42 डिग्री तक जा सकता है। वहीं, बिहार में भी पारा चढ़ेगा और लू भी चलेगी। अधिकतम पारा भी 40 डिग्री के पार जा सकता है।

जम्मू-कश्मीर में भी अब पहाड़ तपने लगे हैं और तापमान 42 डिग्री तक पहुंच गया है। तीन दिन में राज्य के पारे में 10 डिग्री का इजाफा हुआ है। वहीं, उत्तराखंड में भी गर्मी का प्रकोप जारी है। हल्द्वानी में तो चार साल का रिकॉर्ड ही टूट गया, जहां पारा 40 डिग्री के पार चला गया।

आईएमडी की मानें तो इस बार मानसून की रफ्तार सामान्य से तेज है, क्योंकि इस बार मानसून बंगाल की खाड़ी से बढ़कर अंडमान निकोबार 19 मई को पहुंच जाएगा, जो पहले 22 मई को पहुंचता था। वहीं केरल में भी यह एक दिन पहले ही 31 मई को पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून आमतौर पर लगभग सात दिनों के मानक विचलन के साथ 1 जून को केरल में प्रवेश करता है। इस साल, दक्षिण-पश्चिम मानसून 31 मई को केरल में स्थापित होने की संभावना है।

राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व में बिना मंजूरी के चल रहा था अवैध खनन, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के सरिस्का टाइगर रिजर्व के आसपास खनन की सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी है। जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने क्रिटिकल टाइगर रिजर्व के एक किलोमीटर के दायरे में सभी खनन गतिविधियों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 26 अप्रैल 2023 के अपने फैसले में निर्देश दिया था कि किसी राष्ट्रीय उद्यान और वन्यजीव अभयारण्य के भीतर और उनकी सीमा से एक किमी के क्षेत्र में खनन की अनुमति नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट की पीठ एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें राजस्थान सरकार को 26 अप्रैल के फैसले का कथित उल्लंघन करने वाली सभी खनन गतिविधियों को रोकने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पीठ में शामिल जस्टिस एसवीएन भट्टी और जस्टिस संदीप मेहता ने कहा कि सरिस्का टाइगर रिजर्व खनन मामले में संज्ञान लेते हुए फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को क्लोजर रिपोर्ट भी बनाने का आदेश दिया है। अब इस मामले में सुनवाई जुलाई महीने में होगी। सुप्रीम कोर्ट राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की मंजूरी के बिना सरिस्का वन्यजीव अभयारण्य के 10 किमी क्षेत्र के भीतर और सरिस्का टाइगर रिजर्व के एक किमी क्षेत्र के भीतर अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के लिए राजस्थान राज्य को निर्देश देने के लिए एक आवेदन पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दावा किया गया था कि राजस्थान में कई खनन कंपनियां सरिस्का टाइगर रिजर्व इको सेंसिटिव जोन में खनन गतिविधियों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए विभिन्न आदेशों और निर्देशों का उल्लंघन कर रही हैं।

स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री पर गोलीबारी का पहला वीडियो आया सामने

खौफ

गोलीबारी के बाद हमलावर को दबोचने का वीडियो

एजेंसी

ब्रैटिस्लावा। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दुनियाभर के नेताओं ने फिको पर हुई इस गोलीबारी की निंदा करते हुए उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। इस बीच फिको पर हुई गोलीबारी की वीडियो सामने आई है।

वीडियो में देखा जा रहा है कि रॉबर्ट फिको पर हुए हमले के बाद उनके सुरक्षा गार्ड उन्हें गाड़ी में डालकर काफिले के साथ ले गए, जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने हमलावर को पकड़ लिया। स्लोवाक मीडिया से मिली शुरुआती जानकारी के मुताबिक, फिको को कई बार गोली मारी गई। एक पेट पर, एक सिर पर, जिसके चलते उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीएम रॉबर्ट फिको पर हमले के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने हमलावर को पकड़ लिया और उसके बाद उसे पुलिस ने दबोच लिया। हमलावर ने स्लोवाकिया के पीएम पर कई राउंड फायर किए थे।

फिको पर हमले की कई नेताओं ने निंदा की है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी गुरुवार को इस हमले की कड़ी निंदा की और इसे कायरतापूर्ण कार्य बताया। उन्होंने रॉबर्ट फिको के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की। पीएम मोदी ने कहा कि भारत स्लोवाकिया के साथ एकजुटता से खड़ा है।

दूसरी ओर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने भी इस घटना की निंदा की। दोनों नेताओं ने कहा कि वो इस घटना से ÷स्तब्ध÷ हैं। सुनक ने कहा कि यह भयानक खबर सुनकर हैरान हूं। हमारी संवेदनाएं प्रधानमंत्री फिको और उनके परिवार के साथ हैं।

इस बार आस्था ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, चारधाम यात्रा में बढ़े 69 प्रतिशत तीर्थयात्री

देहरादून। चारधाम यात्रा को शुरू हुए अभी छह दिन ही हुए हैं लेकिन शुरू के दिनों में ही यात्रियों के हुजूम ने पिछले साल के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। केदारनाथ धाम में छह दिन में 1,55,584 श्रद्धालु पहुंचे। यह संख्या पिछले साल की तुलना में 69 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल पांच दिन में 91838 यात्री केदारनाथ पहुंचे थे। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में सबसे अधिक उत्साह है। यही कारण है बाबा के दर पर जाने वालों की संख्या सर्वाधिक है। आस्था की डगर उन्हें ऐसे खींच लाई है कि उनके सामने अव्यवस्था और जाम जैसी समस्याएं भी बौनी साबित हुई है। माना जा रहा है देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का उत्साह इस बार भी चार धाम में रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। पिछले साल पूरी यात्रा में 19.61 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा केदारनाथ के दर्शन किए थे।

मोदी दुनिया के इकलौते नेता हैं जो... प्रधानमंत्री के मुरीद हुए भारतीय-अमेरिकी व्यवसायी

लिहाज

विपक्ष में कोई पीएम मोदी जैसा नहीं- सुरेश वी शेनॉय

एजेंसी

वॉशिंगटन। लोकसभा चुनाव के बीच भारतीय अमेरिकी व्यवसायी और परोपकारी के काम करने वाले बिजनेसमैन ने पीएम नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। बिजनेसमैन सुरेश वी शेनॉय ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी आ रही है और देश में अवसरों की कोई कमी नहीं है। सुरेश वी शेनॉय ने कहा कि भारतीय चुनाव में पीएम मोदी ही एक मात्र ऐसे व्यक्ति हैं, जो भविष्य की बात कर रहे हैं। वह लोगों के बीच इस बात की चर्चा कर रहे हैं कि भविष्य की तकनीक किस तरह से देश में लागू की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष में कोई ऐसा नेता नहीं है जो पीएम मोदी की सोच की बराबरी कर सके।

उन्होंने आगे कहा कि मैं हिंदुत्व के लिहाज से यह बात नहीं कह रहा हूं क्योंकि ये एक नैरेटिव है लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर काफी तरक्की की है। वे दुनिया के चौथे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।

पीएम मोदी इस बात का जिक्र करते हैं कि अब से चार साल या आठ साल बाद जीवन कैसा होगा। वह सिर्फ भारतीय नेतृत्व की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नेतृत्व की बात कर रहे हैं। जी20 सम्मेलन के समय दिए गए उनका संदेश एक विश्व, एक परिवार दुनिया को काफी पसंद आया।

सुरेश वी शेनॉय ने आगे अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि पीएम मोदी 2020, 2028 या 2032 में जीवन के बारे में बात करते हैं। किस देश के नेता भविष्य के बारे में बात करते हैं? यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भी सिर्फ वर्तमान की चर्चा होती है।

फिर होगा ट्रंप और बाइडन का आमना-सामना, जून और सितंबर में होगी जबरदस्त बहस

स्वीकार

दोनों नेताओं ने स्वीकार किया बहस का निमंत्रण

एजेंसी



वॉशिंगटन। इस साल 5 नवंबर को अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव होना है। साल 2020 की तरह इस बार भी मुकाबला पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन के बीच है। इस समय दोनों नेता देशभर में चुनावी रैली कर रहे हैं। चुनाव से पहले दोनों नेताओं के बीच डिबेट होने वाली है।

यह बहस (डिबेट) जून में आयोजित होने वाली है। ट्रंप और बाइडन दोनों नेताओं ने बहस का निमंत्रण स्वीकार किया है। पहली बहस 27 जून को सीएनएन और दूसरी बहस 10 सितंबर को एबीसी न्यूज की तरफ से आयोजित की गई है।

अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडन ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, मुझे 27 जून को बहस के लिए सीएनएन की तरफ से निमंत्रण मिला। मैंने इसे स्वीकार कर लिया। अब ये आपके ऊपर है डोनाल्ड ट्रंप। जैसा कि आपने कहा, कभी भी, कहीं भी।

वहीं, उन्होंने एक दूसरे पोस्ट में लिखा, मैंने एबीसी न्यूज के निमंत्रण को भी स्वीकार कर लिया है। बहस 10 सितंबर को आयोजित की जाएगी। ट्रंप का कहना है कि वह अपने परिवहन की व्यवस्था खुद करेंगे। मैं भी अपना विमान लाऊंगा। मैं इसे अगले चार वर्षों तक रखने की योजना बना रहा हूं।

वहीं, डॉनल्ड ट्रंप ने भी बहस के लिए निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। ट्रंप ने जो बाइडन को अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर डॉनल्ड ट्रम्प ने पोस्ट करते हुए लिखा, मैं सीएनएन और एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित बहस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करता हूं। इससे पहले बुधवार को बाइडन ने एक वीडियो शेयर करते हुए ट्रम्प को बहस के लिए चुनौती दी थी। उन्होंने कहा था, डोनाल्ड ट्रम्प 2020 में मुझसे दो बहस हार गए। तब से वह बहस के लिए नहीं आए। अब वह ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे वह मुझसे फिर से बहस करना चाहते हैं। तो ठीक है मैं दो उनसे बार बहस करूंगा।

बाइडन के इस बात पर ट्रम्प ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मैं जो बाइडन के साथ दो बार से ज्यादा बहस करना चाहता हूं।

बिना सिम कार्ड और डेटा के दिए गए फोन

बाल्टीमोर ब्रिज हादसे के 50 दिन बाद भी शिप पर फंसे हैं 20 भारतीय

संकट

मलबे के कारण अभी भी फंसा जहाज

एजेंसी



नई दिल्ली। अमेरिका के बाल्टीमोर में इसी साल 26 मार्च को एक पुल हादसा हुआ था। इस हादसे के बाद अभी भी जहाज के चालक दल वहीं फंसे हुए हैं। बता दें कि हादसे में बाल्टीमोर में पताप्सको नदी पर बना 2.6 किलोमीटर लंबा 'फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज' उस समय ढह गया था जब श्रीलंका जा रहा सिंगापुर के झंडे वाला 984 फुट लंबा मालवाहक जहाज पुल के एक खंभे से टकरा गया।

इस भीषण हादसे में छह लोगों की मौत हुई है। इस पोत पर सवार चालक दल के सदस्यों में 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई नागरिक है। दुर्घटना के बाद से ही चालक दल उसी पोत पर है और जांच में सहयोग कर रहा है। अमेरिका का संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) इस घटना की जांच कर रहा है। क्रू सदस्यों को मुक्त कराने के प्रयास में पुल के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया गया है। बता दें कि घटना के बाद मलबे में शिप फंस गया था और भारी दबाव के कारण जहाज में फंसे लोगों को निकालने में परेशानी आ रही थी। अधिकारियों को उम्मीद है कि इससे चालक दल को मीलों दूर अपने परिवारों के साथ फिर से पहुंचने में मदद मिलेगी। ये लोग जहाज पर ही रुके हैं क्योंकि जहाज अभी भी पुल के मलबे के चलते फंसा है। अब, मंगलवार को जारी संघीय जांचकर्ताओं की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि आपदा से पहले द डाली को दो बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ा था। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की रिपोर्ट में बाल्टीमोर छोड़ने से लगभग दस घंटे पहले दो ब्लैकआउट का भी विवरण दिया गया है। बता दें कि वीजा प्रतिबंधों और एनटीएसबी और एफबीआई की जांच के कारण चालक दल जहाज से उतरने में असमर्थ है। दुर्घटनाग्रस्त कार्गो जहाज का नाम द डाली है। द डाली के मालिक ग्रेस ओसियन प्राइवेट लिमिटेड के प्रवक्ता जिम लॉरेंस ने हाल ही में आईएएनएस को बताया कि भारतीय चालक दल के सदस्य जहाज पर हैं और अच्छी स्थिति में हैं।

अप्रैल में, एफबीआई ने जहाज को निशाना बनाते हुए एक आपराधिक जांच शुरू की, जिसके एजेंट जांच के हिस्से के रूप में द डाली पर सवार हुए। बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफर्स सेंटर के कार्यकारी निदेशक रेव जोशुआ मेसिक ने पीटीआई को बताया कि चालक दल का बाहरी दुनिया से संपर्क लगभग बंद हो गया है क्योंकि जांच के तहत एफबीआई ने उनके सेलफोन जब्त कर लिए हैं।

मेसिक ने बीबीसी को बताया कि चालक दल को डेटा शामिल किए बिना सिम कार्ड और अस्थायी सेल फोन दिए गए हैं। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें विभिन्न सामुदायिक समूहों से देखभाल पैकेज भी मिले - जिसमें भारतीय नाश्ता और भोजन भी शामिल था।

एनटीएसबी ने कहा कि डाली पुल से सिर्फ 0.6 मील की दूरी पर थी जब बिजली के ब्रेकर जो जहाज के अधिकांश उपकरणों और प्रकाश व्यवस्था को संचालित करते थे, अप्रत्याशित रूप से बंद हो गए, जिससे पहला ब्लैकआउट हुआ।

इसने प्रणोदन और संचालन खो दिया और दिशा से भटकने लगा। चालक दल थोड़ी देर के लिए बिजली बहाल करने में कामयाब रहा, लेकिन जब डाली पुल से केवल 0.2 मील दूर थी, तो रोशनी फिर से बंद हो गई।

फाइबर ऑप्टिक्स, फोटोनिक्स की मदद से चलेगी ड्राइवरलेस कार

अवधनामा संवाददाता

- रोबोटिक्स आपरेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है फाइबर ऑप्टिक्स
- इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग में शुरू हुई तीन दिवसीय कार्यशाला

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग के फाइबर ऑप्टिक्स एवं फोटोनिक्स प्रयोगशाला में उपलब्ध सुविधाओं पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विभागीय शिक्षकों के इस दिशा में ज्ञानवर्धन शोध के लिए प्रेरित किये जाने एवं इस नई टेक्नोलॉजी की मदद से औद्योगिक विकास एवं औद्योगिक केन्द्रों से तादात्म्य स्थापित किए जाने हेतु किया जा रहा है। इस संदर्भ में यह उल्लेख किया जाना समाचीन होगा कि लगभग 2 वर्ष पूर्व जो एमओयू मेसर्स पेट्रासिस ग्लोबल मुंबई के साथ विश्वविद्यालय ने हस्ताक्षरित किया था। प्रबंध निदेशक डॉक्टर फिलिप बी. केसी इस कार्यशाला में कहा कि फाइबर ऑप्टिक्स एवं फोटोनिक्स की मदद से हम ड्राइवरलेस कार और रोबोट सर्जरी कर सकते हैं। इससे इंटरनेट 6 जी की स्पीड भी दस से 100 गुना बढ़ जाएगी। इस कारण हम विदेश में अच्छे डाक्टरों की मदद से रोबोट सर्जरी भी अच्छे ढंग से कर सकते हैं। स्पीड अधिक होगी तभी सेंसर के माध्यम से यह सब काम संभव है। इससे डाटा को कई गुना अधिक स्पीड से भेजा जा सकता है। यह तकनीक बार्डर पर तैनात सेवा के जवानों की सुरक्षा में कारगार साबित होगी। इस प्रणाली में बालों से भी पतले कांच के तंतुओं से गुजरने वाले प्रकाश तरंगों पर इंटरनेट सूचनाएं प्रेषित की जाती है। इसको ऑप्टिकल फाइबर संचार कहा जाता है। अब यह टेक्नोलॉजी व्यापक रूप धारण कर संचार के अतिरिक्त सेंसर, चिकित्सकीय अनाधिकृत गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने, औद्योगिक विकास इंफ्रास्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण जैसे अनुप्रयोगों में योगदान दे रही है। विद्युत चुंबकीय, रेडियो फ्रीक्वेंसी, विद्युत स्थैतिकी हस्तक्षेपों, जमीनी वाइब्रेशन पनडुब्बी में उपयोग के लिए, किसी बिल्डिंग के वाइब्रेशन को नाप कर इसके दुष्प्रभावों को कम किया जाना है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रवि प्रकाश ने अतिथि का स्वागत करते हुए उनका परिचय प्रस्तुत किया। कार्यशाला संयोजक प्रोफेसर बीबी तिवारी ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए रुचि के साथ छात्रों एवं शिक्षकों के प्रतिभाग करने पर बल दिया। कार्यशाला में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की प्रेरणा एवं सहयोग को प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला में डॉ. दीपक सिंह, संतोष त्रिपाठी, डॉ. मोहम्मद अनीश, ज्योति प्रशांत सिंह, सुधीर सिंह, डॉ. अजय मौर्या, डॉ. पारुल त्रिवेदी, पूनम सोनकर, प्रीति शर्मा, विशाल यादव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

महिला का सोने का लाकेट व झाली लेकर ठग हुए फरार

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर(खुटहन) स्थानीय थाना क्षेत्र के खुटहन बाजार से सौ मीटर दूर साधनपुर रोड़ पर महिला को बहला फुसलाकर गहने लेकर फरार होने का मामला सामने आया है, पिडित महिला मालती मौर्या पत्नी घनश्याम मौर्य ने थाने में तहरीर देकर ठगों पर कार्यवाही करने की मांग की है। महिला ने बताया की गौसपुर में स्थित गौसपीर बाबा के यहाँ से बीमार बेटे की सलामती की हुआ मंगाकर घर आ रही थी कि रास्ते में दो अज्ञात व्यक्ति हालचाल पूछने लगे और बहकना शुरू किए। महिला ने अपने दुःख को बयां करते हुए बतायी कि मेरा लड़का बहुत बिमार है और इलाहाबाद में भर्ती हैं, जिसके लिए मैं मिन्नते करने गई थी, तो ठगों ने उसकी मदद करने की बात कहकर पिलकिछा रोड स्थित सधनपुर राज गौरव महाविद्यालय के पास ले गए वहां महिला को कागज के बंडल को नोट की तरह बनाकर महिला को पकड़ा दिये और कर कहा यह डेढ़ लाख रुपए है जाओ दवा करवाओ लेकिन अपने कान व गले का गहना दें दो जब महिला ने विरोध किया तो जान से मरने की धमकी देने लगें महिला डर कर अपना गहना दें दीं फिर दोनों ठग बेखौफ़ चौराहे से होते हुए फरार हो गए, ठगी का शिकार हुई महिला रोते बिलखते घर की ओर निकली तो रास्ते मे लोगों ने पूछा तो महिला ने आपबीती सुनाई जिसके बाद लोगों ने महिला को थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी, महिला थाने में पहुंच कर तहरीर दी।

प्रयागराज चयन ट्रायल्स में कुल 16 फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन

प्रयागराज। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पेफी) द्वारा वर्दमान पश्चिम बंगाल में आगामी जून माह में अंडर-17 राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमे उत्तर प्रदेश राज्य फुटबॉल टीम भी प्रतिभाग करेगी। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया (पेफी), खेल एवं युवा मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रमाणित एक राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन संस्था है। पेफी उत्तर प्रदेश के सचिव नंदिनी रावत के अनुसार उत्तर प्रदेश फुटबॉल टीम के चयन हेतु प्रथम चरण प्रयागराज में यह ट्रायल्स 1 एवं 2 मई को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा में आयोजित किया गया था। जिसमे प्रयागराज कौशाम्बी वाराणसी कानपुर के कुल 42 फुटबॉल खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

बच्चे की पेंटिंग ने मोदी का मोहामन मंच से की सराहना

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जौनपुर में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने एक बच्चे की पेंटिंग को मंच से मगवाया। बच्चा मोदी की फोटो बनाकर आगे 45 मिनट से खड़ा था। जब मोदी की नजर पड़ी तो बच्चे की फोटो अपने एसपीजी वालों से लेने को कहा। बच्चे को आगे बुलवाया। बच्चे से कहा की बेटा तुम इतना अच्छा फोटो बनाते हो। खुद बनाए हो बच्चे ने कहा हा। बच्चे का फोटो सुरक्षा कर्मियों ने ले लिया। मोदी ने कहा कि बच्चा तुम आगे चलकर अच्छे आर्टिस्ट बनोगे। बच्चे का नाम कृष्णा शुक्ला है उम्र 11 वर्ष है कक्षा 4 तक सेंट पैट्रिक स्कूल में पढ़ाई किया।अब मुंबई में पढ़ाई कर रहा है। कृष्ण पेंटिंग बनाता रहता है। जब यू ट्यूब पर देखा कि लोग पेंटिंग बनाकर जन सभा में मोदी को दे रहे है। तो उसने भी सोचा कि जौनपुर में जब मोदी आयेगे तो हम भी अपनी पेंटिंग देगे। दो दिन लगातार मेहनत करके बनाया और आज मेहनत सफल हो गयी। राजकोलोनी हुसेनाबाद जौनपुर का निवासी है कृष्णा शुक्ला पेंटिंग के साथ साथ क्रिकेट के भी शौकीन है।

फांसी पर लटकती मिली डांसर की पत्नी की लाश

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र पुराने स्टेट बैंक के पास स्थित पवन प्लाजा बिल्डिंग के तीसरे तल एक महिला की फांसी पर लटकती लाश मिलने से सनसनी फैल गई। इस वारदात से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल घटना के कारण का पता नही चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार पवन प्लाजा बिल्डिंग के तीसरे तल पर 2013 से कृष्णा मिश्रा उर्फ कृष्णा पंडित जस्ट डांस फाउंडेशन ने नाम से डांस क्लास चलते है तथा इसी भवन में रहते है। आज दोपहर में उनकी पत्नी खुशबू मिश्रा उम्र करीब 24 वर्ष की फांसी पर लटकती हुई लाश मिली , यह जानकारी होते ही इस भवन में रहने वालों में हड़कंप मच गया , सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। इसकी शादी दिसम्बर 2020 में हुई थी।पुलिस की तफ्तीश के बाद ही खुशबू के मौत के रहस्य का पता चल पाएगा।

पीएम किसान सम्मान निधि से बदला किसानों का जीवन

- जनपद प्रयागराज में 6 लाख से अधिक किसानों को मिली योजना से आर्थिक मदद
- जिले में अन्नदाता को अब तक 19 अरब से अधिक की मिली आर्थिक सहायता
- 16 किश्तों की धनराशि सीधे पहुंची किसानों के खाते में

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। देश में सीमांत और छोटी जोत वाले किसानों की संख्या सर्वाधिक है। सीमित आय होने की वजह से कई बार आर्थिक रूप से कमजोर इन किसानों को खेती-किसानी में कई तरह की आर्थिक मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। मजबूरन साहूकार से ऋण लेकर अन्नदाता कर्ज के जाल में फस जाता था। किसानों की इसी समस्या को देखते हुए भारत सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लेकर आई है जिसने किसानों का जीवन बदल दिया है। केंद्र सरकार ने दो फरवरी 2019 को किसानों के कल्याण के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना शुरू की। योजना से देश में किसान परिवारों को मिल रही आर्थिक मदद से निश्चित रूप से छोटे और सीमांत किसानों के जीवन में बदलाव आया है जो अब अधिक खुशहाल हो रहे हैं। प्रयागराज के उप निदेशक कृषि सत्य प्रकाश श्रीवास्तव बताते हैं कि प्रयागराज जनपद में 6.75 लाख किसान पंजीकृत हैं । जनपद में अब तक 6.02 लाख अन्नदाता को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। किसान सम्मान निधि के रूप में अब तक उन्हें 19 अरब 26 करोड़ 40 लाख रुपये दिए जा चुके हैं।

16 किश्तों की राशि पहुंची किसानों के खाते में

प्रयागराज। कुछ वर्षों पहले खेती में बढ़ती लागत के चलते तेजी से गांवों में खेती से किसान दूर हो रहे थे। लेकिन डबल इंजन की सरकार की तरफ से पीएम किसान सम्मान निधि योजना आने के बाद स्थितियां बदली हैं। योजना से मिलने वाली आर्थिक मदद से अब खेती की और उम्मीद बढ़ गई है। खाद और बीज के लिए जो किसान पहले साहूकारों से कर्ज लेते थे अब उन्हें साहूकारों पर नहीं निर्भर होना पड़ रहा है। उनके खाते में आने वाली किसान सम्मान निधि से उनका काम आसानी से हो जाता है। खेती के साथ ही पशुपालन में भी यह निधि प्रयोग में लाई जा रही है। सम्मान निधि मिलने से किसान समय पर खाद-बीज खरीद लेते हैं और अगेती फसल लेने लगे हैं। जिससे उनका फसल उत्पादन बढ़ने लगा है और अन्नदाता की आय लगभग दोगुनी हो गई है। प्रयागराज जनपद में 6 लाख 75 हजार पंजीकृत किसान हैं।

संक्षिप्त समाचार

मुस्लिम बहुल इलाकों में घूमे महापौर

प्रयागराज। अत्तरसुइया क्षेत्र में आज महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने मुस्लिम बहुल इलाकों भ्रमण किया। भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी मालवीय ने बताया आज महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने 52वीं लोकसभा इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में वोट मांगे। उन्होंने मुस्लिम इलाकों में जाकर लोगों को मोदी सरकार के कामकाज से रूबरू कराया। उन इलाकों में जगह-जगह लोगों ने महापौर का खूब स्वागत किया। इस जनसंपर्क का नेतृत्व गिरी शंकर प्रभाकर गिरि बाबा (पूर्व पार्षद) ने किया। जिला उपाध्यक्ष गिरिजेश मिश्रा, वार्ड अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मनोज मिश्रा, मोहम्मद इन्तज़ार अहमद (मुन्ना भाई), अनुपम श्रीवास्तव, सौरभ केसरवानी, दीपक केसरवानी, हिमांशु वर्मा, सागर गुप्ता, बंटी, समीम फारुकी, युसूफ हैदर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी किसी भी दल का नहीं करेगी समर्थन

प्रयागराज। राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण भोजवाल आजाद ने पार्टी के किसी भी दल का समर्थन न करने का फैसला किया है। एक बैठक में उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिन्ह न मिल पाने के कारण पार्टी लोकसभा चुनाव में शामिल नहीं हो रही। इस स्थिति में पार्टी किसी भी दल अथवा व्यक्ति का समर्थन नहीं करेगी क्योंकि राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी उत्तर प्रदेश के लगभग दो करोड़ बेरोजगारों के हक की लड़ाई प्रमुखता से लड़ रही है। अबतक किसी भी पार्टी के द्वारा उत्तर प्रदेश की जनता के हित एवं अधिकारों तथा उसकी मूलभूत सुविधाओं में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सुरक्षा और सड़क की बात ना करके अन्य मुद्दो पर भटकाया जा रहा है इसलिए पार्टी किसी भी दल का के साथ न जाने का फैसला लिया है। साथ ही साथ अपने कार्यकर्ताओं से उन्होंने अपील की है कि आने वाले उत्तर प्रदेश 2027 के विधानसभा चुनाव में अभी से लग जाएं और इसकी तैयारी बूथ स्तर पर अभी से शुरू कर दें ताकि समय रहते राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी अपने प्रत्याशियों को घोषित कर उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ सके।

रेलवे ट्रैक पर मिले शव की हुई पहचान

प्रयागराज। घूरपुर थाना क्षेत्र के बुदावा गांव निवासी उमेश पाल की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर छतविछत शव मिला था। परिजन ने बताया कि गांव के ही लोगो द्वारा पैसे को लेकर घर पर आकर जान से मारने की धमकी दी गई व जबरन तीन हजार ले भी लिए तथा और भी पैसे की मांग कर रहे थे। नही देने पर करेंट छुआने की बात और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उसके बाद कुछ ही घंटे बाद यह घटना हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने यमुनापार स्थित घूरपुर थाना क्षेत्र के अमरेहा बांदा रोड को ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। हत्या के मामले को लेकर पुलिस के लचर व्यवस्था को देखते हुए गुस्साए ग्रामीणों ने लगभग 1 घंटे से रोड पर लकड़ी और शव को रखकर चक्का जाम किया।

परिजनों के साथ भेजे गए 18 बच्चे 3 दिन पूर्व ट्रेन से हुए थे बरामद

प्रयागराज। आज सचिव जिला विधिक सेवा कार्यक्रम प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा किशोर न्याय बोर्ड,राजकीय संप्रेषण गृह किशोर, राजकीय महिला शरणालय, राजकीय बालग्रह बालिका, राजकीय बाल गृह शिशु तथा बाल कल्याण समिति का औचक निरीक्षण किया गया। बाल कल्याण समिति के यहां बीती 18 मई को 93 बच्चे प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर रेस्क्यू टीम द्वारा रेस्क्यू किए गए थे। उनमें से 18 बच्चों को बाल कल्याण समिति के अधीन रखा गया था। बाल कल्याण समिति से सभी बच्चों को अभिभावक के साथ छोड़ दिया गया और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा बाल कल्याण समिति को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक सप्ताह सभी बच्चों से व्हाट्सएप पर वार्तालाप करें व उसका रजिस्टर बनाकर छह माह तक उक्त कार्रवाई कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आख्या प्रेषित करे। अन्य संप्रेषण गृह में समस्त चीज सुरक्षित एवं संगठित पाई गई। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रदान की गई।

19 मई को पड़िला एवं मुंगारी में जनसभा करेंगे अखिलेश व राहुल

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, नेता विरोधी दल एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आगामी 19 मई को जिले के पड़िला एवं मुंगारी में जनसभा के लिए कार्यक्रम जारी हो गया है। सूचना मिलने के बाद पार्टी के नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं।सपा जिलाध्यक्ष अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने संयुक्त रूप से जानकारी दी है कि जनसभा को सफल बनाने के लिए कल पार्टी के जार्जटाउन कार्यालय में गठबंधन दल के पदाधिकारियों की बैठक भी सुबह 11 बजे बुलाई गई है। सपा के जिला मिडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर के अनुसार प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अखिलेश यादव19 मई को दोपहर 12 बजे प्राइवेट वायुयान द्वारा अमौसी एयर पोर्ट लखनऊ से चलकर 12:40 पर प्रयागराज एयर पोर्ट आएंगे।

देश को नफरत की आग में झोंक रही भाजपा: दिग्विजय

- मोदी बना रहे झूठ बोलने का रिकॉर्ड

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ बोलने का रिकॉर्ड कायम कर दिया है। वह कई जनसभाओं में सीधे एक समुदायक का नाम लेकर उसको निशाना बना रहे हैं और नफरत की राजनीति कर रहे हैं। इसके बावजूद वह अपने बयान पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहे हैं। पूर्व सीएम ने कहा कि मोदी धर्म के आधार पर जो राजनीति कर रहे हैं उसके परिणाम बहुत भयानक होने वाले हैं। वह समाज और देश को बांटने का कार्य कर रहे हैं। दिग्विजय सिंह गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह चुनाव दूसरे चुनाव से काफी अलग है। इस चुनाव में ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का भरपूर दुरुपयोग किया जा रहा है। देश का संविधान बदलने की तैयारी की जा रही है। घोटाले में डूबे अजीत पंवार को भाजपा ने अपनी पार्टी में शामिल करके उपमुख्यमंत्री पद दे दिया। दूसरी पार्टी के नेता भाजपा को भ्रष्टाचारी दिखते हैं। वही नेता जब भाजपा में जाता है तो साफ सुथरा हो जाता है।

उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ रहा है। यूपी और बिहार ने हमेशा पासा पलटा है। इस बार भी यही दो राज्य भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए तैयार हैं। कहा कि मोदी ने नफरत की राजनीति का जो जिन्न सत्ता हासिल करने के लिए बोतल से बाहर किया था अब वह जिन्न मोदी के चाहने पर भी बोतल में नहीं जा रहा है। आज नफरत की आग में पूरे देश को झोंका जा रहा है। मोदी के अगले साल रिटायर होने के केजरवीवाल के बयान पर उन्होंने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया। कहा कि इस बार मध्य प्रदेश में कांग्रेस कई सीटें जीत रही है। भाजपा का क्लीन स्वीप करने का सपना पूरा नहीं होगा। कहा कि यदि गठबंधन चुनाव हारता है तो यह ईवीएम की ही देन होगी। भाजपा के लोग पिछली बार 300 पार कह रहे थे और सही हुआ। इस बार यह लोग 400 पार कह रहे हैं, इसका मतलब कि ईवीएम में गड़बड़ी कर चुके हैं।

कांग्रेस के कुशासन में भारत आतंकवादियों का अड्डा बना

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के वन पर्यावरण स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने इलाहाबाद लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी एवं फूलपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में कैंपिंग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में पूरी दुनिया के अंदर भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की कुशल नेतृत्व के कारण भारत आज दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर खड़ा है और पाकिस्तान भीख मांग रहा है। देश तोड़ने वाले अलगावादी नेताओं का गैंग का आज नामोनिशान मिट चुका है और जो लोग भारत को आंख दिखाते थे आज भारत के सामने सर झुका के खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुशासन में भारत आतंकवादियों का अड्डा बन गया था और आए दिन देश के अंदर बम विस्फोट हुआ करते थे लेकिन आतंकवादियों के अड्डे पाकिस्तान में घुसकर कर उनको नेस्तानाबूद भारत कर देता है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मंत्री श्री सक्सेना चुनावी कैंपिंग को लेकर पूर्व कायस्थ पाठशाला के अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह के आवास पर पहुंचे और यश हॉस्पिटल, पैरा मेडिकल स्टाफ के लोगों से भेंट किया। उन्होंने लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन किया और भारतीय जनता पार्टी की जीत की कामना की।

पत्नी की विदाई कराने ससुराल आए युवक की हत्या

प्रयागराज। गंगानगर के उतरांव थाना क्षेत्र के चक सिकंदर गांव में ससुराल आए युवक की हत्या कर दी गई। उसका शव घर से कुछ दूरी पर स्थित मूंग के खेत में मिला। सिर पर गंभीर चोट के निशान हैं। शव के पास चप्पल व फावड़ा का बेट पड़ा मिला। स्निफर डॉग और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। शुरुआती छानबीन में पुलिस को ससुरालियों पर ही हत्या का संदेह है। पत्नी से काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसके कारण पत्नी मायके रह रही थी। ससुराली विदाई करने के लिए तैयार नहीं थे और युवक विदाई कराने पर अड़ा था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार हंडिया थाना क्षेत्र के बींदा गांव निवासी लालमणि (45) पुत्र टंटू उर्फ सूरज मंगलवार की शाम को पत्नी संतरा देवी की विदाई कराने के लिए अपनी ससुराल उतरांव थाना क्षेत्र के चक सिकंदर गांव में गया था।

कांग्रेस देश की तमाम समस्याओं की जड़: नरेंद्र मोदी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। निजामाबाद गंधुई में 32 मिनट में मोदी ने आजमगढ़ में समझाया गारंटी का मतलब, 370 हटने के बाद श्रीनगर में लोकतंत्र का महोत्सव, आरक्षण में धर्म के नाम पर नहीं होने देंगे बंटवारा, फ्री बिजली बिल व 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों के फ्री इलाज देंगे। आजमगढ़ के निजामाबाद तहसील के समीप गंधुवई में जनसभा में पहुंचे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए गठबंधन की अपनी सरकार की उपलब्धियां को गिनाया। वहीं विपक्षी इंडी गठबंधन के नेताओं को निशाने पर लिया। समाजवादी पार्टी के गढ़ पर कमल के फूल को खिलाने के लिए पूरी ताकत लगाई। अपने तय कार्यक्रम से करीब 1 घंटे देर से पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 32 मिनट के अपने संबोधन में अपने 10 वर्ष के कार्यकाल को देश के विकास के रास्ते पर मील का पत्थर बताया। वही कांग्रेस की आजादी के बाद से चली आरही सरकारों को देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताया तुष्टिकरण के मुद्दे पर सपा और कांग्रेस को जमकर घेरा। वहीं आरक्षण में धर्म के नाम पर बंटवारा को लेकर निशाना साधा। अपने संबोधन की शुरुआत उन्होंने ब।। कानून के लागू होने को लेकर कही। कहा कल उन्होंने बड़ा फैसला लिया। देश में कई वर्षों से शरणार्थी के तौर पर जीवन जी रहे पश्चिम बंगाल से लेकर कश्मीर तक के पीड़ितों को भारत की नागरिकता मिली है। यह वह लोग हैं जो देश के बंटवारे के नाम पर ठगे गए। दूसरे देश में धर्म के नाम पर प्रताड़ित किए गए। उनको बाद में अपना घर छोड़कर भागना पड़ा। मोदी ने कहा कि ब।। कानून का विपक्षी विरोध कर रहे हैं जबकि यह समस्या कांग्रेस की ही देन है। अब किसी की हिम्मत नहीं है कि। कानून को पलट सके। वहीं उन्होंने कांग्रेस को तुष्टिकरण से लेकर सांप्रदायिक दंगे कराने को लेकर जिम्मेदार ठहराया। कहा अब यह सब नहीं होते। आजमगढ़ की पहचान को लेकर भी उन्होंने कहा कि पहले देश में कहीं भी धमाके होते थे नाम कहीं ना कहीं से आजमगढ़ का जुड़ता था। इसकी पहचान को बदलने का काम किया गया है। कहा कि वही सपा और कांग्रेस के शहजादे आतंकवादियों को छुड़ाने का काम करते थे। दंगाइयों का सम्मान करते थे। तुष्टिकरण की राजनीति के अलावा उनको कुछ नहीं आता। राम मंदिर का विरोध करते थे। मोदी की गारंटी के कई मायनों पर उन्होंने चर्चा की। वहीं फ्री बिजली बिल योजना पर कहा कि पीएम सूर्यघर योजना में 75 हजार रुपए सरकार देगी। आप घर पर सोलर पैनल लगाएं। फ्री बिजली रहेगी एक्स्ट्रा बिजली को योगी सरकार खरीदेगी। वहीं 70 वर्ष से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों के फ्री इलाज की योजना की गारंटी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंत्री सूर्य प्रताप शाही दारा सिंह चौहान सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ पूर्व सांसद नीलम सोनकर सांसद मीरा आजाद विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक विक्रांत सिंह रिशु सहजा नंद राय क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सुरज प्रकाश श्रीवास्तव पूर्व अध्यक्ष विनोद राय जिला मंत्री भाजपा लालगंज संतोष कुमार गौड़ मंडल अध्यक्ष निजामाबाद प्रवीण कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख विपिन सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

गांव समाज की जमीन माफिया महबूब से जल्द होगी खाली

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। ब्लॉक जहानागंज के ग्रामसभा बड़हलगंज पूर्व प्रधान एव वर्तमान प्रधान पति मनबढ़, गालीबाज, भू माफिया महबूब आलम से ग्रामसभा की पोखरी पर हुवे अवैध अतिक्रमण को जिला प्रशासन ने जल्द खाली करा देगा, बाबा का बुलडोजर जल्द हिं बड़हलगंज में गरजेगा माननीय उच्चन्यायालय ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए आजमगढ़ जिला प्रशासन को निर्देश देते हुवे कहा है कि तत्काल बेदखल किया जाय जहाँ मनबढ़ प्रधान महबूब आलम का मकान जल्द धराशाही हो जाएगा, सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बड़हलगंज में गाता संख्या 164 ख सरकारी पोखरी में 127 हेक्टेयर दर्ज है। जिसमे दबंग भु माफिया प्रधान महबूब आलम का 20 हेक्टेयर पर गुंडई के बल पर मकान बना कर अवैध कब्जा कर लिया था। जहाँ 28 दिसम्बर 2022 को जिला प्रशासन ने पोखरी की जमीन पर अवैध अतिक्रमण के मामले में महबूब आलम पुत्र बदरुद्दीन निवासी बड़हलगंज को बेदखल मतलब खाली कराने अर्थात बने मकान को धराशाई करने का आदेश भी हुवा इतना ही नहीं दबंग प्रधान महबूब आलम पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी ठोंक दिया था।

पुरानी पेंशन को लेकर अटेवा ने कि बैठक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। बदाउ अटेवा के जिला अध्यक्ष के जन्मदिन पर अटेवा जनपद आजमगढ़ अटेवा के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र जी के अगुवाई एक बैठक की गई बैठक में पुरानी पेंशन पर अपनी बात रखते हुए आप लोग सबसे पहले अपना मतदान करें आसपास के लोगों को भी जागरूक करें 25 मई को अपने मुद्दे पर जाकर वोट दे ट्रेनिंग जहां चल रही है जीडी ग्लोबल में हरिश्चंद्र पब्लिक स्कूल में हर कर्मचारी को आप लोग वोट दिलाने का काम करें हमारा जनपद नंबर वन पर आए लोकतंत्र की यही पुकार सबसे पहले करें मतदान जनपद के ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सीपी यादव ने कहा है कि लगातार जीडी ग्लोबल हरिश्चंद्र पब्लिक स्कूल कर्मचारियों को उत्साहित किया जा रहा है कि आप लोग अपने मत का प्रयोग करके ही जाएं कर्मचारियों का बस यही मांग है पुरानी पेंशन बहाल किया जाए पूरे देश में चुनाव का माहौल चल रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के आवाहन पर कर्मचारियों द्वारा अपनी मत का प्रयोग सभी जिले में किया जा रहा है आज दिनाक 16 मई 2024 आज के कार्यक्रम विकासखंड बिलरियागंज के लोकप्रिय ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र जी की आवास पर हाफिज़पुर चौराहा पर किया गया कार्यक्रम के बाद जन्मदिन मनाते हुए शुभकामनाएं देते हुए। अटेवा के जिला अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव जी सोशल मीडिया के नवल किशोर कोषाध्यक्ष कन्हैया विश्वकर्मा दिनेश कुमार यादव जी बदाउ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जी राकेश प्रजापति जी बिलरियागंज से ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव शिक्षक संघ से ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की तरफ से जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला मीडिया प्रभारी गुलाब चौरसिया जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव संगठन मंत्री जनार्दन यादव बहुत से साथी 22 पद अधिकारी उपस्थित रहे हाफिज़पुर चौराहा जनपद आजमगढ़।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण।

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ - 226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अन्तिम तिथि
01.	51245180	Supply, Installation and Commisioning of Shock absorber testing machine as per Technical Specification no. C&W/LKO/SATM/NR/2023	1 Nos.	08.07.2024

निविदा शर्तें:1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस संख्या: 51245180 दिनांक: 16.05.2024

1481/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एसबीआई जनरल ने 'बीमा सेंट्रल' पेश किया

यह ग्राहकों का अनुभव बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है

मुंबई। भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड ने कैम्स इंश्योरेंस रिपॉजिटरी द्वारा विकसित 'बीमा सेंट्रल' के साथ सहयोग किया है। इसके तहत पूरे उद्योग के लिये पहला पॉलिसीधारक सेवा मंच बीमा सेंट्रल पेश किया गया है। बीमा सेंट्रल के द्वारा ग्राहक एक इलेक्ट्रॉनिक इंश्योरेन्स अकाउंट (ईआईए) के माध्यम से अपने बीमा पोर्टफोलियो को जोड़ सकते हैं। बीमा सेंट्रल पूरी तरह से डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसके माध्यम से ग्राहक अपने बीमा पोर्टफोलियो का सुविधाजनक तरीके से प्रबंधन कर सकते हैं। उद्योग में पहली बार, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स के पॉलिसीधारक कैम्स रिपॉजिटरी बीमा सेंट्रल के माध्यम से एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स मोबाइल ऐप पर अपने बीमा पोर्टफोलियो तक पहुँच सकेंगे। इसके अलावा, वे बीमा सेंट्रल ऐप के माध्यम से यह सेवाएं ले भी सकते हैं। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स के एमडी और सीईओ श्री किशोर पोलुदासु ने कहा, ''हम बीमा सेंट्रल को लॉन्च कर उद्योग में स्थिति को बदल देने वाला एक नवाचार पेश करते हुए उत्साहित हैं। बीमा सेंट्रल एक अनोखा प्लेटफॉर्म है, जो एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स मोबाइल ऐप पर बीमा के संपूर्ण पोर्टफोलियो के आसान प्रबंधन की पेशकश करता है।

ऐसा कदम पहली बार उठाया गया है और यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज के माध्यम से ग्राहकों की सुविधा तथा सहजता बढ़ाने के लिये हमारी स्थायी प्रतिबद्धता दिखाता है। यह कदम अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज के माध्यम से उद्योग के लिये पहली बार के नवाचार लाने में एसबीआई जनरल को अग्रणी भी बनाता है।

बीमा सेंट्रल जैसे प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर हम ग्राहक को मिलने वाली सूचना तक पहुँच में सुधार कर रहे हैं और पॉलिसीधारक का अनुभव भी बेहतर बना रहे हैं। यह प्रगति अपने ग्राहकों को बेजोड़ सेवा और महत्व प्रदान करने के लिये हमारा समर्पण दिखाती है। इससे सुनिश्चित होता है कि बीमा से जुड़ी उनकी आवश्यकताएं आसान और असरदार तरीके से पूरी हों।'' एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने बीमा सेंट्रल के साथ दो तरीकों से जुड़ाव बनाया है। इसमें पॉलिसीधारकों को सिंगल विंडो मिलती है और ईआईए धारक को बीमा के संयुक्त लाभों तक एकीकृत तरीके से पहुँच मिलती है। यह प्लेटफॉर्म-

बीमा सुरक्षा एवं निवेश का संयुक्त दृश्य देगा- आपको दिखेगा कि आपके पास क्या-क्या है।

लाभों को वास्तविक और दृश्य बनाएगा- बीमा की आपूर्ति उचित तरीके से होगी।

पुष्टियों की एक श्रृंखला का समर्थन करता है- इसमें लाभार्थी, नामित लोग और परिजन शामिल होते हैं और इसके अलावा भी कई काम जोड़े जा रहे हैं।

एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स बिजनेस पॉलिसीज की पूरी रिटेल लाइन को इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट में जारी करने की कोशिश कर रहा है।

आखिरी घंटे में खरीदारी से उछला बाजार, निवेशकों को 3.09 लाख करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली (हि.स.)। दिन भर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद आखिरी घंटे में हुई खरीदारी से घरेलू शेयर बाजार मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। गुरुवार को कारोबार के दौरान सेंसेक्स निचले स्तर से 1,200 अंक से अधिक और निफ्टी निचले स्तर से 375 अंक से अधिक उछला। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.93 प्रतिशत और निफ्टी 0.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर की कारोबार के दौरान रियल्टी, आईटी फॉर कंज्यूमर गुड्स सेक्टर के शेयरों में जोरदार खरीदारी होती रही। इसके अलावा कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी, मेटल, ऑयल एंड गैस और हेल्थकेयर सेक्टर के शेयरों में भी तेजी का माहौल बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 407.34 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 404.25 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.09 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,952 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,140 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,689 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 123 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,276 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,286 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 990 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए।

फोनपे ने श्रीलंका में यूपीआई पेमेंट के लिए लंकापे के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली। फोनपे ने आज कोलंबो में आयोजित एक भव्य समारोह में लंकापे के सहयोग से श्रीलंका में सभी लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट पर यूपीआई पेमेंट प्राप्त करने की सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में भारत के हाई कमिश्नर श्री संतोष झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्होंने भारत और श्रीलंका के संबंधों और अधिक मजबूत बनाने में फिनटेक कनेक्टिविटी की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। सभा को संबोधित करते हुए, सेंट्रल बैंक ऑफ़ श्रीलंका (CBSL) के गवर्नर डॉ. नंदलाल वीरसिंघे ने कहा कि इस सहयोग से श्रीलंका के मर्चेंट के लिए नए अवसर खुलेंगे और उनके बिजनेस को बढ़ाने में मदद मिलेगा।फोनपे ने घोषणा की कि उसके ऐप यूज़र अब श्रीलंका की यात्रा करते समय पूरे देश में लंकापे क्यूआर वाले मर्चेंट को यूपीआई का उपयोग करके पेमेंट कर सकते हैं। यूज़र कैश ले जाने या करंसी कन्वर्शन को कैलकुलेट किए बिना, सुरक्षित और तुरंत पेमेंट करने के लिए लंका क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं। उनके अकाउंट से भारतीय रुपये (INR) में राशि डेबिट की जाएगी, जिसमें करंसी एक्सचेंज रेट दिखाया जाएगा। इन ट्रांज़ैक्शन की सुविधा यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (और लंकापे नेशनल पेमेंट नेटवर्क के ज़रिए दी गई है। फोनपे के इंटरनेशनल पेमेंट सीईओ, रितेश पई ने कहा, हम लंकापे के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए बहुत खुश हैं।

इससे भारतीय पर्यटकों को एक बेहतरीन सुविधा लाभ मिलेगा जो अब यात्रा करते समय एक परिचित और सुरक्षित पेमेंट माध्यम का उपयोग कर सकते हैं और लंका क्यूआर मर्चेंट पॉइंट्स पर पेमेंट कर सकते हैं। फोनपे हमेशा पेमेंट में इनोवेशन को आगे बढ़ाने में सबसे आगे रहा है और हमारा श्रीलंका में यह एक्सपेंशन करना एक अगला ज़बरदस्त कदम है।

बेस्ट वैल्यू फॉर मनी एसयूवी बनी एमजी हेक्टर

तुलनात्मक विश्लेषण सर्वेक्षण में 74 प्रतिशत का हाईयेस्ट इन सेगमेंट रीसेल वैल्यू

लखनऊ। सौ सालों की समृद्ध विरासत वाले ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी (मॉरिस गैरेज) मोटर इंडिया की फ्लैगशिप एसयूवी हेक्टर, एसयूवी सेगमेंट में बेस्ट वैल्यू व्हीकल बनी है। यह कम्फर्टेबल राइड की पेशकश करते हुए आकर्षक फीचर्स से भी लैस है। बता दें कि एमजी हेक्टर ने हाल ही में नीलसन आईक्यू के सर्विस कॉस्ट सर्वे में पॉपुलर हैचबैक कारों और कॉम्पैक्ट एसयूवी के बीच ओनरशिप कॉस्ट के लिए टॉप रैंकिंग हासिल की है। इसके अतिरिक्त, ड्रूम्स के विश्लेषण में भी हेक्टर को रीसेल वैल्यू, फ्यूल एफिशिएंसी/ईंधन दक्षता और कस्टमर सेटिस्फेक्शन/ग्राहक संतुष्टि जैसे फैक्टर्स में सबसे आगे स्थान मिला है। नीलसनआईक्यू सर्विस कॉस्ट सर्वे ने जनवरी से अगस्त 2021 के बीच खरीदी गई एसयूवी और हैचबैक कारों का विश्लेषण किया और औसतन 3-5 नियमित सर्विसेस पूरी कीं। पेट्रोल मॉडल के लिए, जहां एमजी हेक्टर को कुछ प्रमुख हैचबैक सहित सर्वेक्षण किए गए अन्य सभी व्हीकल्स के बीच अफर्डेबल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप के मामले में अग्रणी कार के रूप में स्थान दिया गया। इसके अतिरिक्त, ड्रूम सर्वेक्षण से पता चलता है कि हेक्टर डीजल वैरिएंट 74 प्रतिशत के सर्वोच्च रीसेल वैल्यू वाली एसयूवी है, जबकि पेट्रोल संस्करण ने 67 प्रतिशत के रीसेल वैल्यू के साथ प्रतिस्पर्धा में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस उपलब्धि पर एमजी मोटर इंडिया के चीफ कमर्शियल ऑफिसर, सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा कि एमजी हेक्टर ने लॉन्च के बाद से ही एसयूवी पसंद करने वाले भारतीय लोगों के बीच अपनी खास जगह बनाई है। एमजी हेक्टर लग्जरी, एफिशिएंसी और बोल्ड व आइकॉनिक डिजाइन के परफेक्ट ब्लेंड/मिश्रण का प्रतीक है। अपने प्रभावशाली फीचर्स के अलावा, हेक्टर लो टोटल कॉस्ट ऑफ ओनरशिप, हाई रीसेल वैल्यू और निर्विवाद क्वॉलिटी के लिए खड़ा है, जो इंडस्ट्री में एक बेंचमार्क सेट करता है।एमजी हेक्टर, भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी 2019 में पेश की गई थी और तब से इसने एसयूवी के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। अपने डुअल पेन पैनोरमिक सनरूफ जैसी कुछ बेस्ट-इन-क्लास ऑफरिंग्स के साथ, एमजी हेक्टर का डीजल वैरिएंट एसयूवी पसंद करने वाले लोगों के लिए एक सर्वश्रेष्ठ पैकेज है, जो अपने वाहनों में टेक्नोलॉजी और शीर्ष प्रदर्शन पसंद करते हैं। इंडस्ट्री के सर्वश्रेष्ठ 35.56 सेमी (14-इंच) एचडी इंफोटेनमेंट सिस्टम, 75+ कनेक्टेड कार फीचर्स, उन्नत सुरक्षा एडवांस सेफ्टी ऑफरिंग्स, एक डुअल-पेन पैनोरमिक सनरूफ और अन्य समान रूप से आकर्षक संयोजन के साथ, हेक्टर को एसयूवी पसंद करने वाले लोगों को असाधारण और विशिष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है।

हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों का विकास ही हरित हाइड्रोजन मिशन का उद्देश्य: भल्ला

नई दिल्ली (हि.स.)। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव भूपिंदर सिंह भल्ला ने नीदरलैंड के रॉटरडैम में बुधवार को विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन-2024 को संबोधित किया। सिंह ने नवीकरणीय ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के क्षेत्र में भारत के रणनीतिक विजन और क्षमताओं पर प्रकाश डाला।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि सचिव भल्ला ने विश्व हाइड्रोजन शिखर सम्मेलन के प्रतिनिधियों को हरित हाइड्रोजन के उत्पादन के किसी भी पैमाने की मांग को पूरा करने की भारत की क्षमता का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों के विकास और इसको अपनाने को बढ़ावा देना है।

भल्ला ने बताया कि 2030 तक 50 लाख टन वार्षिक हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य के साथ, यह मिशन हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था में भारत की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है। सरकार ने इस संबंध में पर्याप्त प्रगति की है, प्रति वर्ष कुल 412,000 टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन के लिए निविदाएं प्रदान की हैं। इसके अतिरिक्त प्रति वर्ष 1,500 मेगावाट की इलेक्ट्रोलाइज़र विनिर्माण क्षमता की स्थापना के लिए निविदाएं प्रदान की गई हैं। इससे बड़े पैमाने पर हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने की भारत की क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा।

एनफिनिटी ग्लोबल भारत में 135 मिलियन डॉलर की फाइनेंसिंग मुहैया कराएगी

मियामी, फ्लोरिडा (यूएस)। अक्षय ऊर्जा में अग्रणी, एनफिनिटी ग्लोबल इंक. ने भारत में 1.2 गीगावॉट सौर और पवन परियोजनाओं के विकास और निर्माण के लिए 135 मिलियन डॉलर की फाइनेंसिंग पर हस्ताक्षर किए हैं। सीपीपीआईबी क्रेडिट इन्वेस्टमेंट्स इंक. की सहायक कंपनियों के माध्यम से कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स) इन परियोजनाओं के लिए फंडिंग मुहैया करा रहा है।

इस पोर्टफोलियो की परियोजनाएं, पांच राज्यों (महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक, राजस्थान और उत्तर प्रदेश) में फैली हुई हैं और विकास के अंतिम चरण में है, जिनके 2025 और 2026 के बीच चालू होने की उम्मीद है। एक बार आपस में जुड़ने के बाद, इन परियोजनाओं से सालाना 2.4 त्ड्ढ्ढ स्वच्छ बिजली उत्पादन का अनुमान है, जो दो मिलियन से अधिक भारतीय घरों को बिजली आपूर्ति और 2.6 मिलियन टन ष्ह्र2 उत्सर्जन को संतुलित करने में सक्षम है। एनफिनिटी ग्लोबल के सीईओ कार्लोस डोमेनेक ने कहा, ÷प्रतिस्पर्धा को गति देने वाले चालक के तौर पर अक्षय ऊर्जा भारत की आर्थिक विकास योजनाओं की बुनियाद है। भारत के भविष्य को स्वच्छ ऊर्जा की गति देने के लिए एनफिनिटी ग्लोबल को सबसे सम्मानित वैश्विक निवेशकों में से एक, सीपीपी इन्वेस्टमेंट्स के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है।÷

सीपीपी इनवेस्टमेंट्स में रियल असेट्स क्रेडिट के मैनेजिंग डायरेक्टर जेफ्री सॉटर ने कहा, ÷सौर और पवन ऊर्जा दो महत्वपूर्ण अक्षय ऊर्जा के स्रोत हैं और भारत ऐसे अवसरों के लिए एक मजबूत पाइपलाइन मुहैया कराता है। हमें लंबी अवधि और लचीली पूंजी मुहैया कराते हुए इन परियोजनाओं पर एनफिनिटी ग्लोबल के साथ साझेदारी करते हुए खुशी हो रही है। हमारा मानना है कि यह सीपीपी फंड के लिए दीर्घकालिक रिटर्न का मजबूत स्रोत होगा।÷

यह फंडिंग भारत के प्रति एनफिनिटी की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के साथ विदेश पूंजी को आकर्षित करने, राष्ट्रीय डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए स्थानीय जानकारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। कंपनी भारत में 240 मेगावाट के सौर संयंत्रों के पोर्टफोलियो का स्वामित्व और संचालन करती है, जिसमें 1.5 गीगावॉट से अधिक निर्माणाधीन अवस्था में है।

अगले तीन वर्षों में, एनफिनिटी ने पावर परचेज एग्रीमेंट (पीपीए) सहित सालाना 5 गीगावॉट से अधिक स्वच्छ बिजली की आपूर्ति के लिए नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों को विकसित और चालू करने की योजना बनाई है। एनफिनिटी का मकसद ऊर्जा भंडारण, हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन, ग्रीन अमोनिया, वाटर ट्रीटमेंट और अन्य उभरती सर्कुलर इकॉनमी तकनीकियों के माध्यम से भारतीय और वैश्विक बाजार के लिए शुद्ध-शून्य समाधान मुहैया कराते हुए अपने व्यवसाय में विविधता लाने का है।

भारत अगामी वित्त वर्ष में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा: सान्याल

नई दिल्ली। (हि.स.)। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (पीएमईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने गुरुवार को कहा कि भारत वित्त वर्ष 2024-25 में चार हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत अगले वित्त वर्ष 2025-26 की शुरुआत में ही जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

संजीव सान्याल ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कमजोर निर्यात समेत विभिन्न चुनौतियों को देखते हुए देश के लिए सात फीसदी की आर्थिक वृद्धि दर अच्छी वृद्धि दर होगी।

उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में कहा था कि भारत 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दरअसल भारत अभी अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। बाजार मूल्य पर अर्थव्यवस्था का आकार करीब 3,700 अरब डॉलर है।

वोग आईवियर ने तापसी पन्नू के साथ कीप प्लेइंग कैंपेन किया शुरू

लखनऊ। अपने वर्सटाइल और फैशनेबल आईवियर के लिए प्रसिद्ध वोग आईवियर ने प्रतिभाशाली बॉलीवुड एक्ट्रेस और ब्रांड एंबेसडर, तापसी पन्नू के साथ अपना नया कैंपेन लॉन्च किया है। ये कैंपेन हर किसी को जीवन के हर पल को चंचल भाव से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। वोग आईवियर का मानना है कि जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण ही वास्तव में मायने रखता है और फर्क पैदा करता है।

यह कैंपेन जिसका नाम कीप प्लेइंग है, उपभोक्ताओं को आमंत्रित करता है कि वे अपनी जीवन के सभी रंगबिरंगे पहलुओं को जोड़ते हुए अपनी लाइट, ब्राइट और जॉयफुल पहलू को बहार लाएं।ब्रांड ग्रुप हेड-लक्जरी, प्रीमियम और फास्ट फैशन, गुंजन सहगल ने कहा, वोग आईवियर ने लगातार आत्म-अभिव्यक्ति को रेखांकित करने और उसका जश्न मनाना जारी रखा है। वोग आईवियर स्टाइल का लेटेस्ट कलेक्शन सभी प्रमुख स्टोर्स और टाइटन आईप्लस, अमेज़न इंडिया, AJIO, नायका, TataCliq और सनग्लास हट जैसे सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

बायोलॉजिकल कृषि उत्पाद ब्रांड इनेरा ने एम.एसधोनी को ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त किया

नई दिल्ली। बॉयोलोजिकल कृषि उत्पाद विकसित करने वाली अग्रणी अनुसंधान एवं विकास बायोसाइंस फर्म इनेरा ने एम.एसधोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। इनेरा के साथ मिलकर धोनी जनता के बीच संधारणीय प्रकृति के जैव इनपुट के उपयोग का प्रचार करके खेती के क्षेत्र में बदलाव लाने के इनेरा के मिशन को बढ़ावा देंगे।

संस्थापक और समूह के सीईओ अगम खरे ने कहा, ÷एम.एसधोनी को अपने साथ जोड़कर, हम एक उत्साही सतत कृषि समर्थक का स्वागत कर रहे हैं।÷उन्होंने आगे कहा कि, ÷ग्रामीण भारत में धोनी की पहुंच अपने आप में बहुत खास है और खेती की बेहतरी के लिए उनकी लगन,जैव इनपुट को बड़े पैमाने पर अपनाए जाने और भारत में खेती को फिर से कुशल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अपने विचार व्यक्त करते हुए, धोनी ने कहा, जैव-कृषि के लिए इनेरा का दृष्टिकोण और उनके

बायोलॉजिकल उत्पाद बड़े अच्छे बदलाव ला सकते हैं और इस बदलाव का समर्थन करने पर मुझे गर्व है। खेती से हमेशा मेरा लगाव रहा है। इनेरा के उत्पादों का उपयोग करने के लिए,लाखों किसानों को प्रेरित करने में मैं बहुत उत्साहित हूं। खेती में उपयोग किए जाने वाले रसायनों के विकल्प के रूप में बॉयोलोजिकल कृषि उत्पाद दुनिया भर में लोकप्रिय होते जा रहे हैं। कई पर्यावरणीय नियमों और उपभोक्ताओं के बीच जैविक उपज की बढ़ती मांग के कारण,उत्तरी अमेरिका और यूरोप जैसे क्षेत्रों में इनको बढ़-चढ़कर अपनाया जा रहा है और एशिया-प्रशांत और लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में भी इनको अपनाने की गति में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है।

भारत सरकार द्वारा हाल ही में शुरू की गई'परम्परागत कृषि विकास योजना' जैसी नीतिगत पहलों का उद्देश्य बॉयोलोजिकल कृषि उत्पादों को बढ़ावा देना और उन्हें अपनाने के लिए किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। हालांकि, भारत में जैव इनपुट में दिलचस्पी बढ़ती दिख रही है, लेकिन इनके उत्पादन के मामले में अभी भी काफी कमी बनी हुई है। जो जैव इनपुट पारंपरिक रूप से उपयोग किए जाते हैं, उनकी शेल्फ लाइफ और प्रभावकारिता से जुड़ी समस्याएं मौजूद हैं और उनके प्रदर्शन और प्रभाव अक्सर सीमित ही होते हैं।

इनेरा अपने उत्पादों से फसल की देखभाल और सुरक्षा के लिए बायोलॉजिकल समाधान प्रदान करती है, जिसमें बायोफ़र्टिलाज़र, बायोस्टिमुलेंट और बायो कंट्रोल शामिल हैं। इनेरा के उत्पादों को प्रोप्राइटरी तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है और ये किसानों और वितरकों द्वारा आमतौर पर सामना की जाने वाली विशिष्ट समस्याओं का हल देते हैं। कंपनी के फील्ड ट्रायल सुविधा केन्द्रों में 25 लाख वर्गफुट क्षेत्र में फैली,कई कृषि जलवायु परिस्थितियों में इन बॉयोलोजिकल्स का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया गया है। भारत में बॉयोलोजिकल्स के लिए यह ऐसा सबसे बड़ा सेटप है।

फ्लिक्सबस इंडिया ने सेवा के सफल तीन महीनों का जश्न मनाया

11 नए शहरों, 11 अतिरिक्त मार्गों और 5 नए बस भागीदारों तक नेटवर्क का विस्तार

नई दिल्ली। भारत में फरवरी 2024 में लॉन्च हुए वैश्विक ट्रैवल-टेक पार्टनर फ्लिक्स बस ने भारत में परिचालन के 3 महीने पूरे कर लिए हैं। इस अवधि के दौरान, फ़्लिक्स बस ने 50 से अधिक शहरों में1.4 मिलियन से अधिक संचालित किलोमीटर तक चलने वाली एक श्रंखला तैयार की है। कंपनी ने 11नए रूट भी जोड़े हैं, जिससे कुल रूट 20 हो गए हैं और अपने मौजूदा नेटवर्क में 5 प्रमुख बस भागीदार जुड़ गए हैं, जिससे कुल बेड़े की संख्या 45 हो गई है।

फ्लिक्स बस इंडिया के प्रबंध निदेशक, सूर्या खुराना ने कहा, ÷ इन तीन महीनों में जैसे हम दिखाई दिए हैं, इसके लिए मैं अपने अमूल्य बस भागीदारों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिनका अटूट

समर्थन और प्रतिबद्धता हमारी सफलता में सहायक रही है। साथ मिलकर, हमने एक साझेदारी बनाई है जो न केवल निर्बाध यात्रा अनुभव प्रदान करती है बल्कि हमारे बस भागीदारों को उनके प्रयासों में सफल होने के लिए सशक्त बनाती है। हम अपने ग्राहकों को उनके निरंतर विश्वास और समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। हम अपनी सेवाओं को लगातार बढ़ाने और बेहतर बनाने के लिए उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए तैयार हैं। फ्लिक्सबस के साथ अपनी साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए,रामदलाल ट्रैवल्स के प्रबंध निदेशक, संदीप दलाल ने कहा, ÷भारत में फ्लिक्सबस नेटवर्क के एक गौरवान्वित भागीदार के रूप में, हमारी यात्रा परिवर्तनकारी से कम नहीं है। नवीन प्रौद्योगिकी के निर्बाध एकीकरण और हमारे दैनिक कार्यों के अनुकूल न नेह में अपना व्यवसाय बढ़ाने में मदद की है, हमें अपनी सेवा के मानक को ऊपर उठाने, दक्षता बढ़ाने और अपनी पहुंच का विस्तार करने में सक्षम बनाया है। हम वास्तव में इसका हिस्सा बनने के लिए आभारी हैं और फ्लिक्सबस के साथ अपनी विकास और सफलता की यात्रा जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

काव्य, संगीत और भावना की एक शाम: सुजॉय प्रसाद चटर्जी ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अपनी JOURNEYS से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

नई दिल्ली। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर ने प्रख्यात हरफनमौला कलाकार और अभिनेता सुजॉय प्रसाद चटर्जी और संगीतकार शिबाशीष बनर्जी की प्रस्तुति के सजीव प्रसारण की मेजबानी की। कोलकाता में अत्यधिक सफल उद्घाटन के बाद 'JOURNEYS' शीर्षक से पेश इस प्रोडक्शन के तहतछंद, गद्य, पत्र और संगीत के साथ सुजॉय के पारस्परिक संवाद ने सभी का मन मोह लिया। इस कलात्मक मूलपाठ में लेयोनार्द कोहेन, बॉब डायलैन, अमृता प्रीतम, जेनई दलाल, सुहैर हम्मद, आमिर अजीज, विलियम शेक्सपीयर और कई अन्य क्षेत्रीय कवियों की रचनाएं शामिल थीं। शब्दों के साथ सुजॉय की सहजता और वाकपटुता एवं संगीत की सराहना सभी दर्शकों ने की। वहीं, ओथेलो की रचना को उन्होंने मूरे और हेरोइन की आवाज में जिस तरह से प्रस्तुत किया, लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इसी प्रकार, शिबाशीष ने हालेलुजा, इमैजिन और कई अन्य दिल को छू जाने वाले गीत गाए। अमृता प्रीतम की मैं तेनू फिर मिलांगी जैसे गानों को सुजॉय ने साहिर लुधियानवी के अमर गीत कभी मेरे दिल में जैसे गानों के साथ मिलाकर गाया। इस शाम को सुजॉय ने स्वयं रचित पत्र राजकुमार चिट्ठी से चार चांद लगा दिया जो दो व्यक्तियों के बीच एकतरफा प्यार पर आधारित प्रस्तुति थी। इस प्रस्तुति को देखकर कई दर्शकों की आंखे नम हो गईं। सुजॉय का कहना है कि यादों और काव्य प्रतिभा का एक समागम है जिसे मैंने कला के माध्यम से दो दशकों तक जिया है। मुझे उम्मीद है कि हर कोई मुझमे एक आवाज पाता है।

डीएसपी म्युचुअल फ़ंड ने लॉन्च किया डीएसपी निफ़्टी बैंक इंडेक्स फ़ंड

लखनऊ। डीएसपी म्युचुअल फ़ंड ने डीएसपी निफ़्टी बैंक इंडेक्स फ़ंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो निफ़्टी बैंक इंडेक्स को ट्रैक करने वाली एक ओपन-एंडेड स्कीम है। यह फ़ंड इंवेस्टर्स को एक ही फ़ंड के ज़रिए 12 सबसे अधिक तरल और बड़े भारतीय बैंकिंग शेयरों में इंवेस्ट करने का अवसर देता है। निफ़्टी बैंक इंडेक्स निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संरचना के साथ सबसे अलग है।

ऐतिहासिक रूप से, निफ़्टी बैंक इंडेक्स ने विस्तृत निफ़्टी 50 इंडेक्स की तुलना में काफ़ी बेहतर लॉन्ग-टर्म रिटर्न दिया है। जनवरी 2000 के बाद से, निफ़्टी बैंक इंडेक्स दरअसल निफ़्टी 50 की तुलना में 67 गुना बढ़ गया है और खुद निफ़्टी 50 इस अवधि के दौरान 21 गुना बढ़ गया है। हालांकि, निफ़्टी बैंक इंडेक्स फ़िलहाल 5 साल के रोलिंग आधार पर निफ़्टी 50 की तुलना में कमज़ोर परफ़ॉर्मेंस की एक लंबी अवधि का सामना कर रहा है, जिसके कारण यह अपने स्वयं के ऐतिहासिक औसत के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों से संबंधित क्षेत्र के मूल्यांकन के मामले में तुलनात्मक रूप से बेहतर स्थिति में है।

डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड के बिज़नेस हेड-पैसिव फ़ंड्स, गुरजीत कालरा ने कहा, ÷डीएसपी एक समर्पित इंवेस्ट टीम के साथ-साथ बिज़नेस टीम के साथ पैसिव इंवेस्टमेंट सेगमेंट में एक गंभीर खिलाड़ी है। हम धीरे-धीरे अपनी प्रोडक्ट रेंज का विस्तार कर रहे हैं और इस लॉन्च के साथ हमारे पास सभी ऐसेट वर्गों इक्विटी, डेट, कमोडिटीज़ और इंडेक्स फ़ंड, ईटीएफ़ और नियम आधारित स्मार्ट बीटा प्रोडक्ट्स के प्रोडक्ट्स की एक विस्तृत रेंज के साथ पूरे बाज़ार में आपके इंवेस्टमेंट ऐलोकेशन के लिए 22 प्रोडक्ट्स उपलब्ध होंगे।

डीएसपी म्युचुअल फ़ंड के पैसिव इंवेस्टमेंट्स ऐंड प्रोडक्ट्स के प्रमुख, सीएफ़ए, अनिल गेलानी ने कहा, हम लॉन्ग-टर्म के इंवेस्टर्स के लिए डीएसपी निफ़्टी बैंक इंडेक्स फ़ंड की सिफ़ारिश करते हैं, विशेष रूप से निफ़्टी बैंक इंडेक्स के लॉन्ग टर्म परफ़ॉर्मेंस के आधार पर। एक मज़बूत बैंकिंग प्रणाली आर्थिक विकास और विकास की कुँजी है, खासकर भारत जैसे तेज़ी-से बढ़ते देश के लिए। डीएसपी में, हम अपने इंवेस्टर्स के लिए सही समय पर सही प्रोडक्ट लाने की कोशिश करते हैं। डीएसपी निफ़्टी बैंक इंडेक्स फ़ंड के लिए नया फ़ंड ऑफ़र 15 मई 2024 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और 27 मई, 2024 को बंद होगा।

भाजपा ने दिया चौहान समाज को उचित सम्मान

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। पिछली सरकारों ने चौहान समाज को सिर्फ छलने का कार्य किया चाहे वो सपा की सरकार हो या बसपा की उक्त बातें गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान ने खोराराम चौराहे पर चौहान समाज की सभा को सम्बोधित करते हुए कहीं। पिछली सरकारों को कठघरे में खड़ा करते हुए कैबिनेट मंत्री ने सपा और बसपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में चौहान समाज से कोई राज्यपाल नहीं बन सका लेकिन भाजपा सरकार ने फागू चौहान को बिहार का राज्यपाल बनाकर चौहान समाज को उचित सम्मान दिया है, मुझे उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाकर आपका सम्मान बढ़ाने का कार्य भाजपा की सरकार ने किया है, उन्होंने कहा कि जब सपा, बसपा की सरकार होती है तो उन्हें अपने परिवार से ही फुर्सत नहीं मिलती, इस लोकसभा चुनाव में भी आप देखा लीजिए अखिलेश यादव ने पूरे कुनबे को मैदान में प्रत्याशी बनाकर उतार दिया है उधर बिहार में लालू यादव का पूरा कुनबा चुनाव में प्रत्याशी बनकर उतरा है, इनके लिए परिवार पहले और देश बाद में लेकिन भाजपा राष्ट्र को प्राथमिकता देने वाली पार्टी है और भाजपा में ही सर्व समाज का हित सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि आप तय कर लीजिए कि आपको परिवारवादी पार्टी के साथ जाना है, जो सिर्फ आपका शोषण करेंगे या फिर विकासवादी और राष्ट्रवादी पार्टी को जिताकर अपने आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह ने कहा कि सपा और बहुजन समाज पार्टी के लोग थाने और तहसीलों में लूट पाट मचाते थे और थाने, तहसील बिक चुके थे। उन्होंने सबसे अपील करते हुए कहा कि गांव गांव और घर घर जाकर अलख जगाने की जरूरत है कि भाजपा की सरकार क्यों जरूरी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह आजाद ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि देवरिया को एक ईमानदार, कर्मठ और शिक्षित प्रत्याशी मिला है।

कुशीनगर में स्वामी प्रसाद मौर्य का चुनाव प्रचार कर रहा समीक्षा अधिकारी

अवधनामा ब्यूरो

- भारत निर्वाचन आयोग से की शिकायत, कार्रवाई की गुहार
- स्वामी प्रसाद मौर्य के पर्चा दाखिला के दिन भी साथ दिखे समीक्षा अधिकारी

कुशीनगर। हिन्दू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर हमेशा सुर्खियों मे रहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा की वजह मौर्य के बिगड़े बोल नही बल्कि पर्चा दाखिला से लेकर इनके साथ चुनाव प्रचार में चल रहे अजय कुमार मौर्य पुत्र राम मयन मौर्य है, जो खुद को स्वामी प्रसाद मौर्य का भतीजा कहते है। यह विधान परिषद उत्तर प्रदेश (सचिवालय) के प्रश्न अनुभाग-एक में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत होते हुए स्वामी प्रसाद के साथ धुंआधार चुनाव प्रचार कर रहे जबकि सरकारी कर्मचारी खास कर सचिवालय में तैनात कर्मचारियों को राजनीतिक चुनाव प्रचार करना पुरी तरह मनाही है। अधिवक्ता राकेश बहादुर ने भारत निर्वाचन आयोग को साक्ष्य के साथ इसकी शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है। भारत निर्वाचन आयोग को भेजे गए शिकायत पत्र मे अधिवक्ता राकेश बहादुर ने लिखा है कि प्रतापगढ़ जनपद के निवासी अजय कुमार मौर्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश (सचिवालय) के प्रश्न अनुभाग-1 में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है जो अपने आपको पूर्व मंत्री श्री स्वामी प्रसाद मौर्य का भतीजा बताते है एवं शासन सत्ता में अपनी ऊंची पहुंच का दावा करते है। अजय मौर्य बडी निडरता के साथ खुलेआम पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ निरंतर चुनाव प्रचार व राजनैतिक कार्यक्रमो में निजी सहायक की तरह संलिप्त होकर राजनैतिक कार्यों को संपादित करते है। शिकायतकर्ता ने आगे कहा है कि चुनाव प्रचार के दौरान अजय मौर्य समीक्षा अधिकारी की रौब और शासन सत्ता में मजबूत पकड़ का धौंस जमाकर मतदाताओं को अपने नेता के पक्ष मे वोट देने के लिए दबाव बनाते है। अजय मौर्य चूंकि विधान परिषद उत्तर प्रदेश (सचिवालय) के प्रश्न अनुभाग-1 में समीक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत है। इस लिए राजनेताओं में पहुंच के बल पर अपने कार्यालय न जाकर अधिकतम समय राजनेताओं के साथ रहते है और अपने पद का खुला दुरूपयोग करते है।

पर्चा दाखिला के दिन भी स्वामी प्रसाद के साथ रहे

भारत निर्वाचन आयोग को भेजे गए पत्र मे अधिवक्ता ने कहा है कि 9 मई को लोकसभा क्षेत्र 65 कुशीनगर में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने पर्चा दाखिल किया था इस दिन अजय मौर्य सचिवालय मे ड्यूटी करने के बजाय स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ कुशीनगर मे थे। पर्चा दाखिल के बाद वह आचार संहिता व सरकारी नियमों का उलंघन करते हुए स्वामी प्रसाद के साथ प्रचार प्रसार कर मतदाताओं को अपने नेता के पक्ष में वोट डालने का दबाव बना रहे थे। जबकि सचिवालय में तैनात सरकारी कर्मचारी को किसी भी राजनैतिक दल अथवा प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करने का कोई प्रावधान नही है। अधिवक्ता ने अपने शिकायती पत्र के साथ साक्ष्य के रूप में कुशीनगर मे स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ खडे हुए आरोपी का वीडियो और फोटोग्राफ भी भेजा है।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. हरी त्रिपाठी उर्फ फूल बाबू

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। स्थानीय नगर पंचायत के वार्ड नंबर दस वीर सावरकर नगर में स्थित हनुमानगढ़ी फरदहां के प्रबंधक आशुतोष कुमार त्रिपाठी के पिता स्वर्गीय हरि प्रसाद त्रिपाठी उर्फ फुल बाबू की ग्यारहवीं पुण्यतिथि गुरुवार को मनाई गई। उनके पुण्यतिथि पर स्वर्गीय फुल बाबू के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। पुण्यतिथि पर ब्राह्मणों को भोजन कराते हुए अंग वस्त्र एवं नगदी देकर सम्मानित किया गया। वही भजन कीर्तन गायकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा कुशीनगर राणा प्रताप राव, संस्कृत विद्या प्रबोधिनी महाविद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य श्री प्रभुनाथा पांडेय, संस्कृत विद्या प्रबोधिनी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रामनाथ पांडेय, डॉक्टर मनीष चंद उपाध्याय, माखन तिवारी, शिवनाथ पांडेय, संदीप मिश्रा, नीरज पांडेय, अरविंद शर्मा, प्रमोद कुमार तिवारी, रामगोपाल वर्मा, रामप्रवेश श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, कृष्ण मोहन मणि त्रिपाठी, संजय मिश्र, शकील अहमद, सतेंद्र पांडेय सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

सड़कें उगल रही आग राह चलना हुआ दुश्वार

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच सड़के आग उगल रही हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक राह चलना दुश्वार हो गया है। तेज लू के थपेड़े राहगीरों को मई माह के तीसरे सप्ताह में झुलसा रहे हैं। गर्मी दिन-ब-दिन अपने कड़े तेवर अपनाती जा रही है। आने वाले समय में गर्मी के एहसास से लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। परिषदीय विद्यालय दोपहरी में बंद हो रहे हैं।

कड़ी धूप में नौनिहालों को अपने घर जाना पड़ता है। ऐसे में तपती सड़क पर चलते हुए नौनिहाल झुलसते दिखाई दे रहे हैं। तेज गर्मी शुरू होने के साथ ही आवारा पशुओं के सामने भी छाए की समस्या दिखाई देने लगी झुंड के झुंड मवेशी पेड़ों की छांव तले एकत्र दिखाई देते हैं। उनके सामने पेयजल का भी संकट गहराने लगा है। गांव के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं जिसमें पानी भरने की कवायद अभी तक शुरू नहीं हुई है। वहीं इन दिनों तेज पछुआ हवा चल रही है जो लू के थपेड़े का काम कर रही है। गुरुवार को दोपहरी में राहगीर छाया की तलाश करते नजर आए। लोगों को पानी की तलाश भी करते देखा गया। नगरों में अभी तक किसी भी स्वैच्छिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था नहीं कराई गई।लोकसभा चुनाव की सरगर्मी शबाब पर है चुनावी मौसम में सामाजिक सरोकारों के प्रति भागीदारी निभाने वालों की तादाद बढ़ जाती है लेकिन गर्मी के इस मौसम को देखते हुए भी लोगों द्वारा इस दिशा में कोई पहल नहीं दिखाई दे रही है। जानकार लोगों ने यह नसीहत दी है कि तेज धूप और गर्मी से लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है लू घातक हो सकती है।

दलितों व वंचितों को पीएम ने विकास के मुख्यधारा से जोड़ा

अवधनामा ब्यूरो

अनुसूचित मोर्चा को संबोधित करती राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी

कुशीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार दलितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़ने, संवैधानिक अधिकार, सामाजिक न्याय व सभी को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा सरकार में हर गरीब, वंचित, दलित, महिला, नौजवान व अन्नदाता किसान को बिना भेदभाव विकास योजनाओं का लाभ मिल रहा है। हमारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा फायदा एससी, एसटी और ओबीसी जैसे वंचित वर्गों के लोगों को मिला है। यह बातें प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने गुरुवार को नौरंगिया में भाजपा द्वारा आयोजित अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। कहा कि अन्य राजनीतिक पार्टियों ने दलित, वंचित, शोषित वर्ग को सिर्फ वोट-बैंक की दृष्टि से देखा और उनका उपयोग किया। जबकि भाजपा का मूल सिद्धांत ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का उत्थान है। मोदी सरकार में आज दलित, पिछड़े और वंचित समाज के कल्याण की दिशा में देश एक और बड़े अवसर का साक्षी बन रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डा. भीमराव अम्बेडकर के प्रति भावों को व्यक्त करने के लिए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को दुनिया के सामने लाने का सशक्त माध्यम प्रदान किया है। वह बाबा साहब से जुड़े पावन स्थलों को आने वाली पीढ़ी की प्रेरणा के लिए पंच तीर्थ के रूप में स्थापित किए हैं। कहा कि दलित समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द और जनजातीय समाज से आने वाली राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को देश सर्वोच्च पद पर बैठाकर भारतीय जनता पार्टी ने दलित सम्मान और सामाजिक समरसता का जो उदाहरण दिया है वह आगे भी जारी रहेगा नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद भी वंचित तबके के लोगों को शीर्ष पदों तक पहुंचाने के लिए भाजपा के प्रयास जारी रहेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ बहुत अच्छी योजना चला रहे हैं। इसके माध्यम से कोई भी अनुसूचित जाति का युवा निशुल्क कोचिंग पढ़कर अपने सपनों को साकार कर सकेगा। सांसद विजय कुमार दूबे ने पिछले पांच वर्षो में कुशीनगर लोकसभा में किए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि पहले की सरकार गरीबों की योजनाओं को बिचौलियों के माध्यम से खा जाते थे लेकिन मोदी सरकार ने बिचौलियों का धंधा बंद कर दिया। सभी गरीबों का जनधन खाता खोलकर सभी योजनाओं का लाभ सीधे गरीबों को खाते में भेजने का काम किया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मध्यस्थतों के साथ की बैठक

देवरिया अवधनामा संवाददाता। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा मा0जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के मार्ग दर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी के द्वारा न्यायालय के एडीआर भवन में मध्यस्थतों के साथ बैठक किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों की चर्चा की गयी आपराधिक, सिविल व पारिवारिक मामले समेत मध्यस्थता योग्य अन्य मामलों में नियमानुकूल कार्यवाही पर भी मंत्रणा हुई, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा मध्यस्थता के विभिन्न प्रावधानों पर मध्यस्थ को विशेष दिशा निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक केसों का निपटारा कैसे हो इसके बारे में गहन चर्चा किया उन्होंने कहा कि जरूरतमदं व्यक्ति को को सस्ता और त्वरित न्याय प्रदान करना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य रहा है। न्यायालय में केस का बोझ कम हो इसलिए मध्यस्थता एवं प्रिलिटिगेशन के माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन किया जाय उन्होने सभी मध्यस्थ अधिवक्ताओं को अपने स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिया, ताकि हर जरूरतमंद लोगों सुगमता पूर्वक न्याय प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त मध्यस्थ उपस्थित रहें।

डीएम व एसपी ने पुलिस बल के साथ किया फ्लैग मार्च

अमेठी अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांत सुरक्षित व निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा थाना गौरीगंज पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ कस्बा गौरीगंज में फ्लैग मार्च कर आमजनमानस को शांत सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने का संदेश दिया गया। लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने फैलाने से रोकने व 20 मई को पांचवे चरण में लोकसभा अमेठी में होने वाले मतदान में निडर होकर अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है : सिंह

देवरिया अवधनामा संवाददाता। इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज देवरिया विधानसभा क्षेत्र के कतराती, मुकुंदपुर, मोहनिदेई, सरौरा, बहोरवा, मलकौली, हरैया, कोल्हुआ, मझगावा, बरसाथ, अगया, सुरौली, पैकौली, बैदा, विशुनपुरा, फुलवरिया चौराहा सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क एवं जनसंवाद किया। इस दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का भीषण अभाव है यहां के जनप्रतिनिधियों को अपने विकास की सुधि है ना कि क्षेत्र के विकास की जिसके कारण देवरिया लगातार पिछड़ता जा रहा है भाजपा सरकार और इनके मंत्री आमजनमानस को सिर्फ मुंगेरीलाल के सपने दिखाते है धरातल पर कुछ भी नहीं होता महंगाई से आमजनमानस में त्राहि त्राहि मची हुई है बेरोजगारी से युवा हताश है।

देश का अन्नदाता है किसान

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। गुरूर, भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में तरकुलवा नगर पंचायत के ओम मैरेज हाल में अन्नदाता किसानों का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह थे। कार्यक्रम के दौरान गायक मनोज यादव ने भोजपुरी में गाना गाकर समा बांध दिया। सभा में किसान भाई अपने अपने ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कामेश्वर सिंह ने कहा कि पार्टी ने देवरिया लोकसभा से एक सुयोग्य प्रत्याशी को अपना उम्मीदवार बनाया है इस लिए शशांक मणि के हाथो को मजबूत करें तभी देश की ताकत बढ़ेगी। कहा कि 2014 से पहले देश में अराजकता का माहौल था, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का माहौल था लेकिन आज भाजपा के सरकार में सुशाषन की स्थापना हुई है। यह सरकार देश के गरीबों के लिए समर्पित है, मोदी जी कहते हैं कि हमे गरीबी हटाना है और विपक्षी लोग कहते हैं कि हमे मोदी को हटाना है, वो कहते हैं कि अगर हमारी सरकार बनी तो जम्मू कश्मीर में 370 धारा फिर से लागू करेंगे जो आतंकवाद का पर्याय है इसी बात से लगता है कि इनके मंसूबे कितने खतरनाक हैं। आज पूरे देश में मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने जा रहा है, विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है, भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए आज आप संकल्प लीजिए कि देश के निर्माण के लिए अपना सहयोग करेंगे।

विभिन्न मतदेय स्थलों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के दृष्टिगत विधान सभा रामकोला एवं हाटा, ब्लॉक रामकोला के अंतर्गत विभिन्न मतदेय स्थलों यथा उच्च प्राथमिक विद्यालय पकड़ी बंतीर, प्राथमिक विद्यालय मेंहदीगंज, उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदरपुर, प्राथमिक विद्यालय रामपुर बगहा, सरस्वती ई. का. रगड़गंज कुसमहा आदि का निरीक्षण सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम के प्रेक्षक महोदय द्वारा स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था, शौचालय, रैंप, विद्युत प्रकाश, मतदाता सूची आदि की व्यवस्थाओं की जानकारी ली गई। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी बुनियादी सुविधाएं एवं (एएमएफ)एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटीज सुनिश्चित करने के दिए निर्देश। कहा की किसी भी प्रत्याशी का पोस्टर, बैनर मतदेय स्थलों के आसपास न रहें। सभी पोस्टर/होर्डिंग्स को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस के अनुसार हटवा दिया जाए या पेपर चस्पा करा दिए जाए। स्वच्छ पेय जल की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। कहा की प्रत्येक मतदेय स्थलों पर छाया की व्यवस्था की जाएं जिससे की मतदातागणों को मतदान के दिन बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया की मतदाता सूचना पर्ची (वोटर इनफॉरमेशन स्लीप) तथा वोटर गाइड का वितरण स समय हो जाए। विधानसभा खड्डा खड्डा के अंतर्गत क्रियाशील सभी एफएसटी एवं एसएसटी टीम लगातार एक्टिव रहे तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं निर्दल प्रत्याशियों के जनसभा रैली पर विशेष निगरानी रखें। उन्होंने उपजिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह को निर्देशित किया की आदर्श आचार संहिता का अनुपालन अक्षरशः हो। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, उप निबंधक पडरौना अजय सिंह, तहसीलदार हाटा नरेंद्र राम, बीएलओ, क्षेत्रीय लेखपाल आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

तमंचा जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार, भेजा जेल

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही निवासी जिला बदर अपराधी व्यास मुनि यादव उर्फ विदेशी पुत्र रामजग यादव को हरपुर-बुदहट पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बदर के क्रम में 4 मई 2024 को जनपद महराजगंज के थाना कोतवाली सदर में 6 माह तक के लिए आमद कराया गया था, लेकिन मुखबिर खास से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी आदेश का उलंघन करते हुए थाना क्षेत्र के कुआवल पुल के पास खड़ा है, थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय मय फोर्स के साथ बुधवार को भोर में 4 बजे के करीब कुआवल पुल के पास से जिला बदर अपराधी व्यास मुनि यादव उर्फ विदेशी पुत्र रामजग यादव को एक अदद तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर धारा 3/10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

पांच साल पर भारी होते हैं ये 15 दिन

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। जिले में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी पूरे शबाब पर है। चुनाव प्रचार आखिरी दौर में चल रहा है नेताओं और कार्यकर्ताओं को मतदाताओं को लुभाने में पसीने छूट रहे हैं।मतदाता प्रत्याशियों और उनके समर्थकों को खूब छका रहे हैं।इधर यह देखने को मिल रहा है की 5 साल पर चुनाव प्रचार के यह 15 दिन कितने भारी होते हैं। कारण यह होता है कि 5 साल तक चुनाव जीतने के बाद लोग मतदाताओं की तरफ बेरुखी करते हैं। शायद वह भूल जाते हैं कि यह 5 साल बीतने में सिर्फ 5 साल ही लगते हैं इस अवधि को इतनी लंबी अवधि मान लेना बड़ी भूल होती है। जब वादे से मुकरे हुए नेता एक बार फिर जनता के बीच में जाते हैं तो जनता बगैर किसी लागलपेट के सीधा अपनी बात रखती है। इस पर उन्हें समझाने गए लोग झेंप जाते हैं और फिर बड़ा-बड़ा आश्वासन देने लगते हैं जनता यह मानती है कि यह आश्वासन वह है जो कभी पूरे होने वाले नहीं है। संसदीय क्षेत्र अमेठी में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।दोनों दलों के प्रत्याशी और समर्थक पुरजोर कोशिश में लगे हैं मतदाताओं को लुभाने की कवायद जारी है दोनों दलों से बड़े नेताओं की जनसभाएं और रैलियां भी चल रही हैं। मतदाता पूरी तरह से लोगों को छकाने में सिद्ध हस्त हो गया है। कोई भी दल यह अनुमान लगाने में सफल नहीं हो पा रहा है कि चुनाव के दौरान उसे क्या हासिल होने जा रहा है। हर किसी को घुमाने में मतदाताओं की कला यहां देखने लायक है।दोनों दल अपने को अच्छी बढ़त में देखकर फूले नहीं समा रहे हैं।वहीं जानकार लोगों का कहना है कि चुनाव अमेठी में काफी टफ हो गया है। हर गली मोहल्ले और चट्टी चौराहे पर चुनावी चर्चा गरम है।लोग एक दूसरे क्षेत्र का माहौल जानने को उत्सुक नजर आ रहे हैं।

घायल ईंट भट्ठा मुंशी एवं पूर्व ग्राम प्रधान की इलाज के दौरान मौत

गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक ईंट भट्ठा पर मुंशी का काम देख रहे पूर्व प्रधान जगरनाथ यादव पुत्र मिठाई लाल यादव की ईंट भट्ठा पर ट्रैक्टर के नीचे लेट कर बनाते समय अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने से शरीर पर ट्रैक्टर का पहिया चढ़ जाने के कारण बुरी तरह घायल हो गए थे, जिनका इलाज शहर के शाही ग्लोबल अस्पताल में चल रहा था कि बुधवार की रात में उनका इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अनन्तपुर स्थित एक ईंट भट्ठा पर मुंशी का काम देख रहे पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत भदरखी टोला तुर्कवलिया निवासी 45 वर्षीय जगन्नाथ यादव की मंगलवार को भट्ठा पर ट्रैक्टर के नीचे लेट कर टैक्टर बनाते समय अचानक ट्रैक्टर स्टार्ट हो जाने से पहिया उनके शरीर के उपर चढ़ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, घायलावस्था में भट्ठा पर मौजूद अन्य कर्मचारियों ने भट्ठा मालिक को सूचना देकर तत्काल अस्पताल ले गए जहां बुधवार को देर रात उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। उनका दाह संस्कार बृहस्पतिवार को सरयू नदी के बिड़हर घाट पर कर दिया गया।

सीएचसी ठर्रापार में बैठेंगे मेडिकल कॉलेज रिसर्च टीम के डाक्टर, लगेंगी जांच मशीनें

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। नगर पंचायत घघसरा चेयरमैन प्रभाकर दुबे की अध्यक्षता में गुरुवार को मेडिकल कॉलेज जेई रिसर्च टीम के डॉक्टरों ने योजना बनाई तथा एक हफ्ते में सीएचसी ठर्रापार में अपनी सेवा शुरू करने का निर्णय लिया। मेडिकल कॉलेज जेई रिसर्च सेंटर के वरिष्ठ डॉक्टर अशोक पांडेय एवं निदेशक कृष्णा पांडेय ने बताया कि- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ठर्रापार में- इंसेफेलाइटिस, टीवी, डायबिटीज, कैंसर जैसी अन्य गंभीर बीमारियों की जांच, इलाज व उस पर शोध किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर यहाँ बैठेंगे। जांच मशीन भी लगाई जाएंगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रभाकर दुबे ने मीडिया को बताया कि गंभीर बीमारियों से निपटने के लिए प्रदेश व केन्द्र सरकार मिलकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जिसके लिए-जनपद की सीएचसी ठर्रापार को चुना गया है। जैसा कि आप लोग जानते हैं कि चिकित्सालय दो जिलों-गोरखपुर व संतकबीरनगर को एक साथ जोड़ता है। इस कारण इस पर जनता का भारी दबाव रहता है। गंभीर बीमारियों के होने पर डॉक्टरों द्वारा मुफ्त जांच, इलाज व उस पर शोध किया जाएगा। निपुर्ण डॉक्टरों के अनुभव का लोगों को बहुत फायदा होगा। इतना ही नहीं सरकार मेडिकल कॉलेज टीम की अगवाई में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में - शीघ्र एक आदर्श ग्रामीण स्वास्थ्य रिसर्च सेंटर का निर्माण कराएगी। निर्माण कार्य जब तक शुरू नहीं होता है, तब तक यहाँ पर मेडिकल कॉलेज रिसर्च टीम के डाक्टर बैठेंगे। जांच मशीनें भी हफ्ते के अंदर लगेंगी। उक्त अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष घघसर प्रभाकर दुबे, अधिशासी अधिकारी अमित नायक, मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ डॉक्टर अशोक कुमार पांडेय, रिसर्च सेंटर टीम के निदेशक कृष्ण कुमार पांडेय, डाक्टर बोस, सीएचसी अधीक्षक- डाक्टर सतीश सिंह,विनय पाण्डेय, सर्वेश दुबे, अखिलेश गुप्ता, सुशील कुमार शुक्ल समेत कई लोग मौजूद थे।

दृढ़ संकल्प व अनुशासन से हर लक्ष्य संभवः डॉ. वाजपेयी

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने कहा कि दृढ़ संकल्प और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य के हासिल किया जा सकता है। सफलता का यह सूत्र महिला और पुरुष दोनों पर समान रूप से लागू होता है। डॉ. वाजपेयी गुरुवार को विश्वविद्यालय के 102 यूपी बटालियन एनसीसी की तरफ से राष्ट्रीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली कैडेट्स पूजा सिंह और प्रीति शर्मा को सम्मानित कर रहे थे। राष्ट्रीय शिविर में पूजा सिंह ने गार्ड कमांडर और प्रीति शर्मा ने अंडर गार्ड कमांडर के रूप में क्वार्टर गार्ड टीम का नेतृत्व किया। दोनों संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय की छात्रा हैं। कैंप कमांडेंड कर्नल अखिलेश मिश्रा ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि आज नारी शक्ति चुनौतियों को स्वीकार कर घर, परिवार और राष्ट्र की प्रगति में अपना सशक्त योगदान दे रही है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वापस लौटीं कैडेट्स को कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, उपकुलसचिव श्रीकांत, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठता प्रो. सुनील कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव समेत सभी शिक्षकों ने बधाई दी है।

निषादों के गढ़ में अपनापन देख गदगद हुई मेनका

- बोलीं हमारे आपके रिश्ते अटूट, हर मोड़ पर आगे भी निभाउंगी साथ
- मछुआ समुदाय को बाकी बची योजनाओं से जोड़ने का दोहराया संकल्प

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। निषादों के गढ़ व शहर से सटे भोएं निषाद बस्ती में बीजेपी प्रत्याशी व सांसद मेनका संजय गांधी की सभा में भारी भीड़ उमड़ी। यहां मछुआ समुदाय की महिलाओं और पुरुषों की भीड़ व उनका अपनापन देख मेनका गदगद हो उठी। कहा हमारे और आपके बीच अटूट रिश्ता है, जिसे कोई भी ताकत नहीं तोड़ सकती। मैंने और वरुण ने अपने कार्यकाल के दौरान आपकी समस्याओं को कम करने का प्रयास किया,जो आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा आवास लाकर सबको छत देने का काम किया है। बाकी बचे लोगों को भी आवास की सुविधा दिलाने का काम करूंगी। इसके अलावा भाजपा सरकार में घर - घर शौचालय, पेंशन, सड़क, 24 से 18 घंटे बिजली, हर घर नल से जल,बेहतर शिक्षा के लिए स्कूलों का उच्चीकरण,स्थानीय समस्याओं को निपटाने के लिए संसाधनों से लैस पंचायत भवन बनवाए गए है। हमारा भी प्रयास है कि इन सभी योजनाओं से सभी को लाभान्वित कराया जाय। जो परिवार इन योजनाओं से वंचित हैं,उन्हें भी इनसे जोड़ना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा सुल्तानपुर के लोगों को देश ही नहीं पूरे विश्व में कोई समस्या महसूस हो तो वह बेझिझक होकर बताएं उनका काम यहीं से कराने का काम करूंगी।

सांसद मेनका ने कार्यक्रम के संयोजक ग्राम प्रधान योगेश निषाद की सराहना करते हुए सभा में उपस्थित सभी का आभार जताया। वहीं भोएं की जनता की तरफ से प्रधान योगेश ने गांव को शहर से जोड़ने के लिए गोमती नदी पर पुल बनाये जाने की मांग की। जिस पर सांसद ने सार्थक प्रयास करने का आस्वासन दिया। इस मौके पर सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह,पूर्व विधायक पुत्र रूपेश सिंह,प्रमुख दुबेपुर अखिलेश प्रताप सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा निषाद, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, कृष्ण कुमार तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष सोहन लाल निषाद, सुरेंद्र निषाद, हरिप्रसाद निषाद समेत बड़ी संख्या में निषाद समुदाय की महिला,पुरुष मौजूद रहे।

संयुक्त चिकित्सालय में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया

शिकोहाबाद। राज नारायण महेश्वरी ज़िला संयुक्त चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और अस्पताल प्रबंधक की उपस्थित में मनाया गया। इस अवसर पर लोगों को डेंगू और मलेरिया की बीमारी से बचने के उपाय बताए। कायर्क्रम का शुभारंभ डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा और अस्पताल प्रबन्धक डॉ. शाने आलम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। राष्ट्रीय डेंगू दिवस डेंगू की रोकथाम की थीम के रूप मे मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सालय के सभी चिकित्साधिकारी, कर्मचारी एवं चिकित्सालय में आए रोगियों व तीमारदारों की उपस्थिति में आओ मिलकर डेंगू से लड़े, डेंगू से बचाव सम्भव है।

साइबर क्राइम पुलिस थाने ने झांसा देकर खाते से लिया गया पैसा कराया वापस

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। अनिल कुमार मोदनवाल निवासी देलही बाजार पोस्ट अतौला थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर के मोबाइल पर साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी मैसेज भेजा गया। बताया गया की आपके खाते में गलती से रु0-25,000/- एवम रु0-15,000/- ट्रान्सफर हो गया है। आप मेरा पैसा वापस कर दीजिये। वादी द्वारा झांसे में आकर बगैर अपना खाता चेक किये साइबर अपराधी द्वारा बताये गये एकाउण्ट में रु0- 39,000/- भेज दिया गया । साइबर अपराधी द्वारा फिर रु0-30,000/- का फर्जी मेसेज भेजा गया तब आवेदक द्वारा अपना अकाउंट चेक किया गया तो पता चला की खाते में कोई धनराशी नहीं आई है। आवेदक को आभास हुआ की उनके साथ साइबर अपराधियों द्वारा छल करके उनका रुपया ठग लिया गया है।

आवेदक उपरोक्त तत्काल साइबर सेल में आकर प्रार्थना पत्र देते हुए अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिस पर पुलिस अधीक्षक व नोडल अधिकारी साइबर सेल / अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सुलतानपुर के निर्देशन में साइबर थाना सुलतानपुर द्वारा विभिन्न प्रकरणों में तत्काल साइबर अपराधियों के एकाउण्ट को फ्रीज कराते हुए आवेदको से ठग करके साइबर अपराधियों द्वारा प्राप्त धन राशि को होल्ड कराया गया । तत्पश्चात 15 दिवस के अन्दर माननीय न्यायालय द्वारा आदेश के क्रम में कुल रु0-2,10,000/- आवेदको के एकाउण्ट में वापस कराये गए। शेष विधिक कार्यवाही प्रचलित है । थाना साइबर क्राइम जनपद सुलतानपुर द्वारा आम जनमानस से थाना साइबर क्राइम जनपद सुलतानपुर द्वारा आम जनमानस से अपील की है कि यदि किसी प्रकार का साइबर क्राइम की घटना उनके साथ होती है तो तत्काल 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर डायल करे, एवं उसके उपरांत साइबर क्राइम पुलिस थाना सुलतानपुर के मो0नं0 9454401121, 63073 26585, 7839863768, 9670 798706 पर सम्पर्क करना सुनिश्चित करें।

बसपा के प्रत्याशी का अकरम प्रधान ने किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही तमाम पार्टी के प्रत्याशी अपने शुभचिंतकों से मिलने जुलने का कार्य कर रहे हैं। शुभ चिंतक समर्थक प्रत्याशियों का भरपूर सहयोग करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी के समर्थक अकरम प्रधान भट्टी जलौली अपने समर्थकों के साथ में मुरली नगर बाजार में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा उर्फ पंकज का जोरदार स्वागत करके उनको जीताने का संकल्प लिया। जिसमें गांव के ही बहुजन समाज पार्टी रुचि रखने वाले माता बहनें भाइयों और बुजुर्गों ने भरपूर सहयोग किया। अकरम प्रधान ने बताया कि हम शुरू से ही बहुजन समाज पार्टी में एक सच्चे सिपाही की तरह कार्य किया है और करते रहेंगे। वही बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा ने बताया कि लोकसभा 38 में जनता भरपूर सहयोग कर रही है। सभी हमको तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं। आने वाले 4 जून को बहुजन समाज पार्टी सुल्तानपुर में संसद के रूप में उदराज वर्मा को देखना चाह रही है।

ज्ञानदीप ने किया मेधावियों को सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

शिकोहाबाद। ज्ञानदीप स्कूल में बृहस्पतिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के हाईस्कूल और इंटरमीडियेट के मेधावी छात्र-छात्राएं (90 प्रतिशत से अधिक) अंक वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी मेधावियों को शील्ड एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया।

ज्ञानदीप स्कूल में बृहस्पतिवार को एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके अभिभावक भी मौजूद रहे।

विद्यालय निदेशक डॉ. रजनी यादव ने सभी मेधावियों को सर्वप्रथम पुष्प माला पहनाई, उसके बाद मिष्ठान खिलाया। इसके बाद मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आप लोगों ने स्कूल के नाम को गौरवान्वित किया है। आप विद्यालय के स्टार हैं। इस अवसर पर उन्होंने हाईस्कूल और इंटर मीडियेट में आने वाले छात्र-छात्राओं को भी उनसे सीख ले कर कड़ी मेहनत कर खुद को इससे अधिक अंक लाकर सम्मान पाने के हकदार बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं के अलावा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

मतदान अपने अधिकार के साथ जिम्मेदारी भी है

ललितपुर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद में शत-प्रतिशत मतदान कराये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के दूरस्थ ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से वार्ता की तथा उनकी समस्याएं सुनकर सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने ग्राम सौल्दा (मड़ावरा) एवं ग्राम बम्हौरीनांगल (जखौरा) में पहुंचकर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गांव में बिजली, पानी, सड़क आदि समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिलाधिकारी ने गांव में ही चौपाल लगाकर सभी अधिकारियों की मौजूदगी में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

प्रधान प्रतिनिधि समर्थको के साथ जनसभा में हुए शामिल

अवधनामा संवाददाता

दूबेपुर,सुल्तानपुर। विकास खंड क्षेत्र के गांव बहरौली स्थित गोपाल बाबा धाम पर सांसद मेनका गांधी की जनसभा में भाग लेने दिखौली व बैजापुर, दूबेपुर, आरडीह आदि गांवों से प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह व मनीष प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे। मेनका गांधी ने जन सभा को संबोधित किया, संबोधन के दौरान मां मेनका गांधी ने सुल्तानपुर लोकसभा क्षेत्र में हुए पांच सालों के विकास कार्यों को बताया और जातिवाद से ऊपर उठकर विकास के नाम पर 25 मई को वोट करने की अपील की, और प्रधानमंत्री मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने व भाजपा को समर्थन प्रदान करने का आह्वान किया। और कहा सरकार के विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। इस मौके पर सांसद प्रत्याशी मेनका गांधी को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक विनोद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अखिलेश प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार पांडे, सतीश पांडे, धर्मेंद्र द्विवेदी, रूपेश सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

एसओजी, सर्विलांस व टूण्डला पुलिस ने संयुक्त रूप से 4 शातिर जहरखुरान दबोचे

- भाड़े पर ले जाकर ई रिक्शा चालक को देते थे कोल्ड ड्रिंक-चाय में नशीला पदार्थ

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। एसओजी, सर्विलांस व थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा जहखुरानी कर ई रिक्शा चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार किए गए जिनके कब्जे से चोरी की 04 टिर्री (ई रिक्शा) व अन्य सामान बरामद किया गया। 19.04.2024 को वादी महावीर सिंह पुत्र रामदास ग्राम रसूलपुर थाना एत्मादपुर जिला आगरा द्वारा थाना टूण्डला पर सूचना दी गयी कि 13/04/2024 को 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा टिर्री (ई रिक्शा) यूपी 80 एचटी 4093 को वादी के पुत्र मनीष कुमार को 500 रुपये के भाडा पर उसायनी मन्दिर की कहकर ले गए। उसायनी जाने पर रास्ते में उसायनी के पास वादी के पुत्र मनीष के टॉयलेट करने जाने पर टिर्री उपरोक्त को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 294/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया तथा वादी देवेन्द्र कुमार बघेल पुत्र धर्म सिंह बघेल हाल निवासी नुनहाई जैन मंदिर जाटव बस्ती थाना एत्मादपुर जिला आगरा द्वारा थाना टूण्डला पर सूचना दी गयी कि 28.04.24 को 02 अज्ञात व्यक्ति द्वारा 100 फुट्टा कालिन्दी बिहार आगरा से राजा का ताल के लिए भाडा पर टिर्री उपरोक्त को लेकर आना तथा रास्ते में नशीला पदार्थ खिलाकर टिर्री उपरोक्त को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 321/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर/जहरखुरानी कर घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलांस व थाना टूण्डला पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा जहरखुरानी के साथ चोरी की घटनाएँ कारित करने वाले 04 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर समय 20.00 बजे राजा का ताल से हिरनगांव मोड के पास से मय चोरी की 04 टिर्री (ई रिक्शा) व अन्य माल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

पालीवाल के छात्रों को किया सम्मानित

शिकोहाबाद। नगर के पालीवाल स्कूल के बच्चों का सीबीएसई रिजल्ट बहुत ही अच्छा आया है। जिसमें अभिनव यादव ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पाया है। जबकि कृति मिश्रा ने 93 और अवनी श्रीवास्तव ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश दूतीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक ओम प्रकाश पालीवाल, निर्देशक राजीव मुद्गल और प्रधानाचार्य अंजू मुद्गल ने प्रथम, दुतीय और तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरुस्कृत किया। इसके अतरिक्त क्रश नव्या 88 प्रतिशत, प्रशांत 8, वाइज़ आदिल 81 प्रतिशत शुबूब फातिमा 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। प्रधानाचार्य ने बताया कि स्कूल का रिजल्ट बहुत अच्छा रहा है।

चोरी की बाइक सहित एक वाहन चोर पुलिस ने दबोचा

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोर को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से चोरी की एक बुलैट मोटरसाइकिल व चोरी की मोटरसाइकिल बेचकर मिले रुपयों में से बचे बाकी 1700 रुपये बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र से चोरी हुई मोटर साईकिल से सम्बन्धित अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर वकीलपुरा मण्डी राजा ट्रान्सपोर्ट की पश्चिमी दीवार के बराबर से अभियुक्त बब्बू उर्फ रिहान पुत्र साहिद को मय 01 अदद बुलैट मोटर साईकिल सम्बन्धित मु0अ0सं0 95/2024 धारा 465/411/414 भादवि व मु0अ0स0 221/2024 धारा 379/411 भादवि से सम्बन्धित 1700 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त बब्बू उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0 नि0 अजय सिह कुमार, उ0नि0 प्र0 आदित्य प्रताप, उ0नि0 प्र0 हाकिम सिंह थाना रसूलपुर जनपद

मुख्यमंत्री 21 मई को विजेथुआ महावीरन में करेंगे विशाल जनसभा

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री, सिटिंग सांसद व भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी के समर्थन में आने वाले समय में मुख्यमंत्री सहित पार्टी के कई दिग्गज नेता जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 18 मई को उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद अपराह्न 1:00 बजे पांडेबाबा में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21 मई को अपराह्न 1:00 बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी विजेथुआ महावीरन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

डीएम ने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट में स्थापित इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कर्मचारियों को निर्देश दिया कि बूथ लेबिल अधिकारियों से वार्ता कर नियमित रूप से मतदाता पर्ची वितरण कार्य की प्रगति का जायज़ा लेते रहें तथा कैसरगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों पयागपुर व कैसरगंज के ग्राम प्रधानों व कोटेदारों से भी सम्पर्क मतदाता पर्ची वितरण का फीड बैक प्राप्त करें तथा उन्हें निर्देशित किया जाय कि 20 मई 2024 को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लोगों को जागरूक करें।

रेलट्रैक पर मिला युवक का शव

टूंडला। एफएच हॉस्पीटल के निकट रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थिति में एक युवक का शव कटा हुआ मिला मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिला अस्पताल भेजा है। वही पुलिस ने एक व्यक्ति को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। रामू पुत्र भूरी सिंह निवासी मौहम्मदाबाद थाना टूंडला 23 वर्षीय का शव संदिग्ध परिस्थिति में एफएच हॉस्पीटल रेलवे टैउक्र के निकट पड़ा हुआ मिला। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची थाना टूंडला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति अपने हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। वहीं परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थाना प्रभारी अनुज कुमार का कहना है कि मामला प्रेम प्रसंग का लग रहा है पोस्टमार्टम आने के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद् आयल कलर्सफ़ का शुभारम्भ 26 मई से

ललितपुर। सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित विशिष्ट कला शिविर ÷पेन्टिंग विद् ऑयल कलर्स÷ का आयोजन 26 मई से 23 जून 2024 तक किया जा रहा है। शिविर का समय सायं 4 बजे से 5.30 बजे सायं तक होगा। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि इस विशिष्ट कला शिविर में चित्र रचना तेल रंग के माध्यम से कैनवास, हार्डबोर्ड या ऑयल शीट पर ब्रश और नाइफ का प्रयोग करते हुए विभिन्न विधाओं द्वारा चित्र बनाने का अभ्यास कराया जायेगा। इस तकनीक से निर्मित चित्र कालजयी होते हैं। प्राचीन काल में इस विधा का बहुत प्रयोग होता था। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर बड़े शहरों में बहुत मंहगे संसाधनों पर उपलब्ध हो पाते हैं। परन्तु हमारा प्रयास है कि हम इस तरह के शिविर आयोजित करके अच्छे कुशल चित्रकार समाज को दे सके, जिससे वह अपना नाम कला के क्षेत्र में स्थापित करने के साथ ही साथ आत्मनिर्भर बन सके। यह शिविर भारतीय चित्रकला के निर्माण के प्राचीन आधारभूत छह अंग - रूपभेद, प्रमाण, भाव, लावण्य, सादृश, वर्णिका भंग पर आधारित है। इस शिविर का रजिस्ट्रेशन 19 मई से 23 मई 2024 तक प्रातः 8 से 11 बजे तक कला भवन में किया जायेगा। इसके लिए आयु 14 वर्ष से ऊपर तथा कला में निपुण होना आवश्यक है। इस शिविर में केवल 25 कला साधकों के लिए ही स्थान उपलब्ध है।

हरजत जलालुद्दीन शाह की उर्स में स्रोतों मुशायरा का उठाया लुप्त

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। हरजत जलालुद्दीन शाह की उर्स के मौके पर कौमी एकता ऑल इंडिया मुशायरा की सदारत हाजी बाबू बदरुद्दीन कुरैशी ने की एवं मुशायरा का संचाल मन्नान फर्ज जबलपुर ने किया। मुशायरा में मशहूर शायर व शायरत ने अपने कलाम सुनाएं। सर्वप्रथम जमील खैराबादी ने खुदा की शान में कलम पढ़कर तथा आयात और यया ने नाते पाक से की । इस मौके पर विक्की साहिल ने शहर पढ़ते हुए यू कहा कसम अभी ना ले बेनकाब आने की नजर लगे ना तुझे बहाया जमाने की।कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए खूब सूरत तरन्नुम से अपनी आवाज का जादू खेलते हुए मोहतरमा मंजू ने पढ़ा एहसास ब रा हजन को हुआ जब गुनाह का । रोया तमाम रात मुझे लूटने के बाद उपस्थित स्रोतों ने आपकी रचना को खूब पसंद किया। जहीर ललितपुरी ने अपनी बेहतरीन शेर पेश की लखनऊ से आई नौजवान शायर पंडित हर्षित मिश्रा ने में जिससे शादी करना चाहता था उसी की शादी में मेहमान बन के जाना पड़ा ।आगरा से शायर अनवर अमन ने अपनी आवाज का जादू प्रकृति में कई शेर पड़े बुलंदशहर के उस्ताद शायर और एन भीम कोश र ने अस्तान शायरी पेश की । मशहूर इंटरनेशनल शेयर शबीना अदीब ने कई कलाम पेश की इनको खूब सराहा गया। मशहूर शायर कानपुर कानपुरी ने पढ़ा गुरुजी के आसमान के नीचे उतर के देखो तुम्हें जमीन बहुत खूबसूरत दिखेगी।

डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 57-(आंशिक) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र कैसरगंज में समाहित जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर व कैसरगंज में 20 मई 2024 को होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव, फील्ड अभियन्ता रमन गुप्ता व संदीप द्विवेदी, विजय द्विवेदी व कीर्ति श्रीवास्तव द्वारा ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को मतदान प्रतिशत संकलन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित किये गये एम.पी.एस. ऐप की लॉगिंग कर पंजीकरण कराया गया। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने समस्त ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि सभी लोग एमपीएस ऐप के संचालन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी कर लें ताकि आप बगैर किसी कठिनाई के पोलिंग पार्टियों की रवानगी के समय पीठासीन अधिकारी को ऐप डाउनलोड करा सकें।

डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि 19 मई को पोलिंग पार्टी की रवानगी के समय कोई भी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड किये बगैर प्रस्थान नहीं करेगा। डीएम ने कहा कि सभी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट यह सुनिश्चित करेंगे कि मतदान दिवस पर प्रत्येक 02 घण्टे के अन्तराल पर मतदान प्रतिशत का प्रेषण एमपीएस ऐप के माध्यम से करना सुनिश्चित करेंगे। डीएम ने ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लेते समय विद्युत व नेटवर्क की उपलब्धता के बारे में अवश्य जानकारी प्राप्त कर लें ताकि आयोग के निर्देशानुसार 50 प्रतिशत बूथों की वेबकास्टिंग कार्य में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न होंने पाये। डीएम ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पयागपुर में 210 तथा कैसरगंज में 197 बूथों की वेबकास्टिंग होनी है। सभी ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को यह भी निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्र के निरीक्षण के दौरान बूथ लेबिल अधिकारी से मतदाता पर्ची वितरण कार्य के बारे में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त करें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि शत-प्रतिशत पर्ची का वितरण हो जाय। डीएम मोनिका ने कहा कि सभी अधिकारी चुनाव के दौरान पूरी तरह से निपक्ष रहकर पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि आप सभी लोग अभी से अपने जोन व सेक्टर का भली भांति भ्रमण कर जोन व सेक्टर की वल्नरबिलिटी, संवेदनशिलता, मतदान केन्द्र आदि के अद्यतन स्थिति का जायज़ा ले लें। भ्रमण के दौरान गांव में भी जायें और लोगों से सम्पर्क कर मतदाता पहचान-पत्र आदि के बारे में भी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर लें।

जखौरा में स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी की विशाल जनसभा सभा

अवधनामा संवाददाता

जखौरा (ललितपुर) भारतीय जनता पार्टी के बरिष्ठ राष्ट्रीय नेता व सांसद स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने आज जखौरा में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए झांसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी पं अनुराग शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरिष्ठ नेता सीताराम नरवरिया बड्डे ने की एवं संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष हरीराम राजपूत एड ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं वरिष्ठ सांसद स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने आगे कहा कि कहा कि विकास की बहुत बातें हुई हैं लेकिन जो विकास पैंसठ साल में नहीं हुआ वो मोदी जी के दस साल में हो गया है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ सड़कों का जाल फैला है। हर घर नल जल योजना के तहत जन जन तक पानी पहुंचाया जा रहा है। हर जिले में मैडीकल कालेज खोल कर स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व चल रहा है अब इस समय हम सब को इस यज्ञ में साझीदार हो कर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है। उन्होंने कहा कि पांच सौ साल से हमारा समाज राममंदिर का सपना पाल कर संघर्ष करता आ रहा था।लेकिन मा मोदी जी के राज्य में ही यह संभव हो सका कि भव्य राममंदिर वना और हमारे आराध्य रामलला, मन्दिर में विराजमान हुए। उन्होंने कहा कि एक समय कश्मीर में यह हालत थी कि हम लाल चौक में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहरा पाते थे हिंदू समाज पर लगातार प्रहार हो रहे थे और उन्हें पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा था लेकिन आज धारा तीन सौ सत्तर और पैंतीस ए खत्म होने के बाद कश्मीर में पूर्ण शांति है और सारी घाटी भारत माता के नारों से गूंज रही है। एक समय आतंकवादी सीमा पार से आकर भारतीय कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं को अंजाम देकर और निर्दोष व्यक्तियों की जान लेकर पाकिस्तान भाग जाते थे लेकिन आज स्थिति यह है कि एक तो आतंकवाद की घटनाये ही नगण्य हो गयीं हैं और अगर घटना घटती है तो हमारे सुरक्षाबलों द्वारा आतंकवादियों को घेर लिया जाता है और उन्हें मृत्यु के मुंह तक पहुंचा दिया जाता है।

प्रेमी के शादी के इनकार से प्रेमिका ने लगाई फांसी

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। राठ कस्बे के दीवानपुरा इलाके में प्रेमी व उसके परिजनों के द्वारा विवाह करने से साफ इनकार करने से आहत हुई बीएड की छात्रा ने अपने कमरे में दुपट्टे के फंदे पर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी लगते ही मृतक छात्रा के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक छात्रा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। राठ कस्बे के दीवानपुरा इलाके की निवासी 31 वर्षीय युवती रेखा पुत्री बद्री प्रसाद ने अपने मकान में दुपट्टे से फंदा लगाकर फांसी लगा अपनी जान दे दी। मृतका के परिजनों ने बताया कि मृतका रेखा का मोहल्ले के ही पवन नाम के एक युवक से आपसी प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजनों ने बताया कि उक्त युवक पवन बीते सप्ताह रेखा को अपने घर में भी ले गया था। अपने घर में कुछ घण्टे रखने के बाद अपने परिजनों के साथ बदसलूकी करते हुए उसे घर से भगा दिया था। मृतका रेखा के परिजनों ने बताया कि रेखा और उसका प्रेमी पवन एक ही जाति के हैं। बताया कि जब उन्होंने उक्त युवक पवन व उसके परिजनों से विवाह करने के लिए आग्रह किया तो युवक पवन व उसके परिजनों ने रेखा के साथ विवाह करने से साफ इनकार कर दिया। बताया कि प्रेमी पवन व उसके परिजनों के द्वारा विवाह के लिए मना करने से आहत हुई रेखा ने अपने मकान में दुपट्टे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका रेखा बीएड की छात्रा थी। बताया कि उन्होंने राठ कोतवाली में लिखित तहरीर देकर युवक पवन व उसके परिजनों के विरुद्ध कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। मामले में राठ कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

हज के पवित्र सफर के लिए रवाना हुआ हज यात्रियों का जत्था

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। कस्बा सहित क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीना के लिए रवाना हो गया है। जो आज लखनऊ से सऊदी अरब (मक्का-मदीना) पहुंच जाएंगे। गुरुवार को कस्बा सहित क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक हज यात्रियों का जत्था मदीन (सऊदी अरब) के लिए रवाना हो गया है। जो लगभग चालीस दिन के बाद वापस अपने वतन लौटेंगे।

जिला हज ट्रेनर हाजी जहांगीर ने बताया की जनपद से कुल 46 हज यात्री है, जिसमें मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र के 38 हज यात्री हज के लिए रवाना हुए हैं। जो आज लखनऊ हवाई जहाज से सऊदी पहुंचेंगे और हज की यात्रा पूरी करेंगे। हज को जाने वाले हाजियों को मोहाल के लोगों ने फूल मालाओं से विदा किया और गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। वहीं नगर के फत्तेपुर निवासी डॉ हसीब अहमद भी हज के लिए रवाना हुए हैं। जिनको मोहाल सहित सैकड़ों चाहने वालों ने फूल मालाओं से लादकर विदा किया है।

कुरारा कस्बे के इंडियन बैंक में एटीएम सुविधा चालू

हमीरपुर। कस्बा कुरारा के इंडियन बैंक में ए टी एम सुविधा चालू हो जाने से ग्राहकों में खुशी की लहर है।कस्बा कुरारा में स्थित इंडियन बैंक, आर्यावत बैंक, कोआपरेटिव बैंक, तथा ग्रामीण क्षेत्र के पारा, बेरी, शेखुपुर, मिस्त्रीपुर, आदि गांवों में बैंक शाखा संचालित है। लेकिन किसी बैंक में ग्राहकों की सुविधा के लिए ए टी एम की व्यवस्था नहीं मिल पाई थी। इंडियन बैंक शाखा प्रबंधक महेंद्र कुमार के प्रयास से एक दशक से प्रतीक्षा रत ए टी एम का शुभारंभ हो गया। कस्बा निवासी मयंक कुमार, बीरप्रताप, रामनरेश आदि ने बताया कि ए टी एम से बैंको में लगने वाली लाइन खतम हो जायेगी। तथा लोगो को पैसे निकालने में इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ए टी एम से जमा निकासी की सुविधा मिल जायेगी।

सपाइयों ने प्रचार में झोंकी ताकत

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर प्रचार के लिए महज दो दिन बचे हुए हैं। सभी दलों के कार्यकर्ताओं नेताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी है।

गुरुवार को सपा नेताओं ने सदर विधानसभा सीट पर गांव-गांव जाकर संपर्क किया। सपा नेता रामप्रकाश प्रजापति, अजय उर्फ कल्लू यादव, नीरज कश्यप, ज्ञान सिंह यादव, नंदकिशोर शिवहरे, शिवशरण सिंह यादव, शुभकरण सिंह परिहार, मुन्नीलाल निषाद, सोनिया सोनी, सबीना खातून, स्नेहा, सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, मेजर जावेद पहलवान, शादाब खान आदि नेताओं ने अलग-अलग टीमें बनाकर सुमेरपुर एवं मौदहा विकासखंड क्षेत्र के गांवों में सघन जनसंपर्क करके सपा प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह लोधी के लिए समर्थन जुटाया। साथ ही इंडिया गठबंधन के घोषणा पत्र से किसानों, नौजवानों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं को अवगत कराया।

पोलिंग पार्टियों के कार्मिकों का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं विधान सभा दुद्धी उप निर्वाचन,2024 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने हेतु मा0 सामान्य प्रेक्षक जी0 जया लक्ष्मी की अध्यक्षता में कार्मिकों के ड्यूटी का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया, इस मौके पर जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान उपस्थित रहें। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कार्मिकों के ड्यूटी का द्वितीय रैंडमाईजेशन किया गया, जिसमें घोरावल विधानसभा में 1936 कार्मिकों की ड्यूटी का, विधान सभा राबर्ट्सगंज में 1712, विधान सभा ओबरा में 1428 व विधान सभा दुद्धी में 2388 कार्मिकों के ड्यूटी का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया गया।

राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर सीएमओ ने दिलाया शपथ

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अर्न्तगत् गुरुवार को पूर्वान्ह- 12:00 बजे से कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र के समागर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय डेंगू दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त अधीक्षक / प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, सामु0/प्रा0 स्वा0केन्द, समस्त परियोजना चिकित्सालय एवं प्राइवेट हास्पिटल के अधिकारी/ कर्मचारीगण कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी, महोदय द्वारा यह निर्देशित किया गया कि डेंगू धनात्मक रोगी का सैम्पल एस0एस0एच0लैब, जिला चिकित्सालय, लोढ़ी भेजा जाये। सभी एल0टी0/एल0ए0 अपने अधीन समस्त प्रशिक्षित आशाओं से सभी बुखार के रोगियों की नियमित जाँच कराये। डेंगू एवं मलेरिया के रोगी मिलने पर तत्काल कैम्प का आयोजन कर कम से कम 50 घरों की जाँच करायी जाये साथ ही यह भी अवगत कराया कि कुछ दिनों में रावर्टसगंज स्थित ब्लड बैंक में ब्लड सेपेरेटर यूनिट कियाशील हो जाने पर प्लेटलेटस की उपलब्धता 24 घण्टे सुनिश्चित होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय, के द्वारा डेंगू के रोकथाम सम्बन्धित शपथ भी दिलवायी गयी। जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी चिकित्साधिकारियों को डेंगू रोग एवं एडिज मच्छर से बचाव एवं रोकथाम के उपाय बताये गये। वी0बी0डी0 कन्सल्टेन्ट कुमार शुभम के द्वारा जनपद में डेंगू रोग से रोकथाम की तैयारी के सम्बन्ध में बताते हुए कहा गया कि समस्त चिकित्सालयों में डेंगू के लिये बेड एवं वार्ड आरक्षित कर लिये जाये। सोर्स रिडक्शन की कार्यवाही बड़े पैमाने पर करायी जाये। इसी कम में डेंगू के उपचार के लिये डा0 प्रेमनाथ के द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से अवगत कराया गया। मण्डलीय मुख्यालय से संयुक्त निदेशक डा0 सुबोध सिन्हा ने कार्यकम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहायक मलेरिया अधिकारी आर0 के0 सिंह, मलेरिया निरीक्षक पी0के0सिंह, अनिल दूबे, देवाशीष पाण्डेय, निजी चिकित्सालयों एवं परियोजना चिकित्सालयों के चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रुक्मणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। कुरारा कस्बे में बस स्टैंड के समीप में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में गुरुवार को रुक्मिणी विवाह प्रसंग व सुदामा चरित्र का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कानपुर आए कथावाचक आचार्य प. अम्बिका प्रसाद त्रिपाठी ने कथा का रसपान कराते हुए कहा कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ। बाल अवस्था से भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थीं। लेकिन भाई रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल के साथ कराना चाहता था। रुक्मिणी ने अपने भाई की इच्छा जानी तो उसे बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं। सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा पत्र तुम श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथावाचक ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए उपाय भी बताया।

पत्र में रुक्मिणी ने बताया कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं, श्रीकृष्ण आकर उन्हें यहां से ले जाओ। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आप इस दासी को स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं हजारों जन्म लेती रहूंगी। मैं किसी और पुरुष से विवाह नहीं करना चाहती हूं। आचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी आई, उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर ले गए। अतः रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ दोनों का विवाह कर दिया। इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई। इसके बाद सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। कथा में परीक्षित प्रेमा सिंह मौजूद रही वही कस्बे टप्पू सिंह, श्रीबाबू शिवहरे, लल्ला गुप्ता आदि मौजूद रहे वही सैकड़ो की संख्या में पधारे श्रोताओं ने कथा का रसपान किया। वही आयोजको ने बताया कि शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

कुरारा ब्लॉक का कभी कोई न सांसद बना न ही बना विधायक

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर/कुरारा। लोकसभा चुनाव व विधान सभा चुनाव को लेकर आजादी के बाद से अभी तक किसी पार्टी के किसी बड़े प्रचारक की कोई जनसभा आयोजित नही हुयी है और न ही इस ब्लाक क्षेत्र का कोई सासंद बना और न ही विधायक। लोकसभा चुनाव व विधान सभा चुनाव में आजादी के बाद से हुए चुनाव में कस्बे में किसी पार्टी का स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार के लिए नही आया है। यहां के मतदाता केवल चुनाव में मतदान करते चले आ रहे हैं। सभी दल के कार्यकर्ता ही गांवों में जाकर अपनी अपनी पार्टी प्रत्याशी का प्रचार प्रसार करते हैं। बिना चुनाव के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, राजनाथ सिंह, अखिलेश यादव, कांशीराम , संजय विचार मंच की मेनका गांधी, कांग्रेस पार्टी के राहुल गांधी भी इस रास्ते से निकल चुके हैं। लेकिन जनसभा अखिलेश यादव ने मंडी के पास की थी। एक दशक पूर्व उप चुनाव में सपा के गायत्री प्रसाद प्रजापति, व राजपाल कश्यप ने कस्बे नहर कोठी मैदान में हेली काप्टर से आकर जनसभा को सम्बोधित किया था। कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र में अस्सी हजार से अधिक मतदाता है। लेकिन उपेक्षा के चलते यह ब्लाक पिछड़ा हुआ है। यहां के नेता भाजपा, बसपा, सपा, तथा कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। तथा कई नेता विधान सभा का चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन आज तक ब्लाक क्षेत्र का कोई नेता विधायक व सांसद नही बन पाया है। आज भी यह ब्लाक पिछड़ा हुआ है। विकास की रफ्तार धीमी है।

एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद ने आज गुरुवार को स्वच्छता पखवाड़ा-2024 की शुरूआत की है। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 का उद्घाटन परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता ने किया। इस दौरान उन्होंने सोनशक्ति स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में एनटीपीसी के पूरे परिवार को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिसमें एनटीपीसीटी रिहंद से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। स्वच्छता पखवाड़ा16 मई से 31 मई 2024 तक परियोजना के प्लांट तथा आवासीय परिसर में निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। एनटीपीसी रिहंद में स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ प्रभात फेरी के साथ किया गया। प्रभात फेरी का आयोजन परियोजना प्रमुख पंकज मेदीरत्ता ने किया। इस दौरान मेदीरत्ता के साथ सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने झाड़ू निकालकर सफाई अभियान शुरू किया। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत प्लांट तथा आवासीय परिसर में निरंतर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं, बच्चों तथा कर्मचारियों के लिए अनेक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में आज स्वच्छता पर निबंध और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 8 से 12 के बच्चों और टाउनशिप की महिलाओं ने हिस्सा लिया। स्वच्छता अभियान में प्रदूषण से लड़ने के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम 19 मई को किया जाएगा जिसमें परियोजना प्रमुख मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

स्वच्छता की शपथ के दौरान अपने भाव व्यक्त करते हुए श्री पंकज मेदीरत्ता ने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनैतिक आजादी ही नहीं थी, बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर माँ भारती को आजाद कराया। अब हमारा कर्तव्य है कि गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। तत्पश्चात उन्होने एनटीपीसी रिहंद के पूरे परिवार को स्वच्छता की शपथ दिलाई, मैं शपथ लेता हूं कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और सफ़ाई के लिए समय दूंगा। मैं हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूंगा। मैं न गदगी करूंगा न किसी और को करने दूंगा। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 आज 16 मई 2024 से शुरू किया गया है जो 31 मई 2024 तक परियोजना के प्लांट तथा आवासीय परिसर में निरंतर चलाया जाएगा। 16 दिन तक चलने वाले इस सफाई अभियान में प्रतिदिन अलग अलग जगहों पर सफाई की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, मेडिकल स्टाफ, सीआईएसएफ़ के जवान, अन्य कर्मचारीगण तथा टाउनशिप के लोग उपस्थित रहे।

एनसीएल निगाही परियोजना में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर कार्यशाला

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। बुधवार को नॉर्दर्न कोलफ़ील्डस लिमिटेड (एनसीएल) की निगाही परियोजना में स्ट्रेस मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम बतौर मुख्य अतिथि एवं निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेन्द्र मलिक, स्वतंत्र निदेशक, एनसीएल सुबीना बंसल, सीएमओएआई प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सनातन संस्था सदुरु नीलेश सिंगबाळजी द्वारा तनाव मुक्त एवम् खुशहाल जीवन जीने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही उन्होनें उपस्थित सभी से तनाव न लेने तथा स्वस्थ जीवन शैली अपनाने हेतु आह्वान किया। उन्होनें तनाव उत्पन्न होने के कारणों तथा उनका शरीर एवं मन पर प्रभाव व तनाव से बचाव हेतु उपायों के बारे में भी विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इस अवसर पर एनसीएल की विभिन्न परियोजनाओं व इकाइयों के महाप्रबंधक, श्रमिक संघ प्रतिनिधि, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी एवम् उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख , एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली टाउनशिप में स्वच्छता जागरूकता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता जागरूकता रैली में एनटीपीसी एवं सीआईएसएफ़ कर्मचारियों द्वारा भारी संख्या में प्रतिभागिता कर स्वच्छता संदेश जन-जन तक पाहुचाया गया। राजीव अकोटकर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा राष्ट्रपिता गांधी जी के कदमों पर चलते हुए एनटीपीसी सिंगरौली आवासीय परिसर स्थित संगम शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं जन भागीदारी के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छता हमारी जीवन शैली का अहम हिस्सा है एवं हमें निजी स्वच्छता के साथ-साथ समाज एवं देश को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प ग्रहण करना चाहिए। इस अवसर पर राजीव अकोटकर द्वारा सभी एनटीपीसी कर्मचारियों, सीआईएसएफ़ कर्मियों एवं सविंदा कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गयी। तदुपरान्त राजीव अकोटकर ने कहा कि हम सबको स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहना चाहिए एवं स्वच्छता हेतु सभी को समय देना चाहिए। हम सभी को 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करना चाहिए एवं सभी को गाँव ङ्क गाँव और गली-गली में स्वच्छ भारत मिशन कर प्रचार करना चाहिए।

इस अवसर पर एल के बेहरा, मुख्य महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट), पीयूषा संसाधन, उपेंद्र प्रताप सिंह, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ़), अन्य सभी एनटीपीसी के विभाग प्रमुख, एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण, वनिता समाज की वरिष्ठ सदस्याएं, सीआईएसएफ़ कर्मी, यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण, संविदा कर्मी, बच्चे आदि उपस्थित रहें। इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक-16 मई से 31 मई 2024 तक एनटीपीसी सिंगरौली में अंतर्गत स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एनटीपीसी कर्मचारियों, बच्चों, गृहिणियों, संविदा कर्मियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं बड़े पैमाने पर सार्वजनिक स्थल पर स्वच्छता अभियान का आयोजन प्रस्तावित है।

महिला ने अज्ञात कारण के चलते बेतवा पुल से आत्महत्या के उद्देश्य से लगाई छलांग

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। महिला ने बेतवा नदी में आत्महत्या के उद्देश्य से छलांग लगा दी, छलांग लगाते हुए महिला को मछली मार रहे मछुआरों ने देखा तो तत्काल उसे बचाया और सदर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस मौका स्थल पर पहुंची और महिला को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया। महिला सुमेरपुर थाना कस्बे की रहने वाली बताई जा रही है। सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर में सूचना प्राप्त हुई एक महिला उम्र करीब 40 वर्ष ने अज्ञात कारणों से आत्महत्या करने की नीयत से बेतवा पुल से बेतवा नदी में छलांग लगा दी इस सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस व पीआरबी के साथ व स्थानीय लोगों तथा आसपास के मछुआरों की मदद से महिला को नदी से सकुशल बाहर निकाल लिया गया है। उन्होंने आगे बताया कि महिला कस्बा सुमेरपुर व थाना सुमेरपुर की रहने वाली है महिला के पति को सूचित कर दिया गया है महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है अन्य वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

चुनाव में गाडियां अधिग्रहण के बाद भी नहीं भेजने पर पंजियन होगा रद्द

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। एआरटीओ प्रशासन शंकर जी सिंह ने अवगत कराया कि विदित हैं कि जनपद बाँदा में लोकसभा के पांचवे चरण में चुनाव 20 मई को होना हैं के व्यवस्था के अंतर्गत जनपद के वाहन स्वामियों को चुनाव कार्य कराने हेतु मंडी समिति कालूकुआं एवं पुलिस लाइन में चालक मय वाहन उपलब्ध कराने हेतु अधिग्रहण आदेश भेजे गए हैं। सभी मोटर मालिको से अपील हैं अधिग्रहण आदेश छोटी वाहन यथा बलोरो/ स्कोर्पियो/ इनोवा/tu1 इत्यादि वाहन पुलिस लाइन्स बाँदा में दिनांक 17-05-24 को पूर्वाह्न अवश्य पहुंच जाए साथ ही अपना लॉगबुक भी बनवा लें।चुनाव कार्य में अधिग्रहण आदेश प्राप्त करने के बाद भी चालक युक्त वाहन न देना यह गम्भीर अपराध हैं तथा ऐसे किसी भी लापरवाही की स्थिति में वाहन मालिको के विरुद्ध fir करते हुई वाहनो का पंजीयन भी रद्द किया जाएगा। प्रत्येक वाहन स्वामी जो निर्वाचन कार्य में अपने-अपने वाहन को भेजेते हैं। प्रत्येक वाहन को उपनिर्वाचन कार्यालय बाँदा से चुनाव सम्पन्न कराने के पश्चात निर्धारित किराया प्रत्येक दिन का तथा निर्वाचन कार्य कराने हेतु ईधन भी प्राप्त होगी। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता वाहन स्वमियों को जेल भेज सकती हैं। अतः निर्धारित स्थान एवं समय पर अपने-अपने वाहन चालक के साथ भेजें। इसी प्रकार दिनांक 18 को पूर्वाह्न मंडी समिति कालूँ कुँवा में सभी भारी वाहन बस /ट्रक/ dcm/ पिकप इत्यादि को चालकयुक्त वाहन भेजना सुनिश्चित करें।किसी भी तरह की लापरवाही में द्धद्वह्न के साथ पंजीयन भी रद्द किया जाएगा।

डेंगू दिवस: बच्चों को दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। डा0 अनिल कुमार श्रीवास्तव मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में मर्दन नाका बांदा में राष्ट्रीय डेंगू दिवस प्राथमिक विद्यालय मर्दन नाका के छात्रों को शपथ एवं जानकारी दे कर मनाया गया श्रीमती पूजा अहिरवार जिला मलेरिया अधिकारी बांदा द्वारा जनसामान्य को अवगत कराया कि माह जून से अक्टूबर तक वेक्टर जनित रोगों को संक्रमण काल होता है इस मौसम में मच्छर जनित बुखार डेगू फैलने की सम्भावना रहती है डेगू एडीज मच्छर की दो प्रजातियों एडीज एल्बोपिक्ट्स एवं एडीज एजिप्टाई से फैलता है इस मच्छर का प्रजनन स्थल 01 सप्ताह से अधिक साफ ठहरा हुआ पानी, घरों के पात्रों में एकत्रित पानी है। डेगू बुखार एक कष्टदायक, शरीर को दुर्बल करने वाला मच्छर जनित रोग है। और जो लोग दूसरी बार डेगू वायरस से संक्रमित हो जाते है उनमें गम्भीर बीमारी विकसित होने का काफी अधिक जोखिम होता है। डेगू बुखार के लक्षण मच्छर के काटने के पश्चात 04 से 10 दिनों के बाद बुखार के रूप में दिखाई देने लगते है। यह मच्छर दिन में काटता है और काला सफेद चित्तीदार दिखाई देता है। डेगू से बचने किये लिये मच्छरों को काटने से बचें एवं घर तथा घर के आसपास साफ पानी एकत्रित न होने दें।

पहले मतदान फिर जलपान के लिये प्रेरित करने को निकाली रैली

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी, श्री राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री अमिताभ यादव एवं अन्य अधिकारियों एवं विद्यालय के शिक्षकों तथा विद्यालय के छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन महाराणा प्रताप चौराहे से किया गयाद्य जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, जीआईसी, आदर्श शिक्षा निकेतन तथा एचएएल इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली में शामिल होते हुए आगामी 20 /5/ 2024 लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु ,लोगों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली महाराणा प्रताप चौक से जीआईसी, पंडित जैन पीजी कॉलेज होते हुए डीएम कॉलोनी से जीआईसी पर समाप्त हुईद्य, मतदाता जागरूकता रैली में जिला विद्यालय निरीक्षक सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं ने स्लोगन एवं मतदाता जागरूकता से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने का संदेश प्रसारित किया।

इंडिया गठबंधन 300 सीटें जीत केन्द्र में सरकार बनाएगा: शिवकुमार

- प्रधानमंत्री का निर्णय बाद में होगा
- कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखाती है
- हमने कर्नाटक चुनाव में जो वादे किये थे वह पूरे किये: उपमुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने मंगलवार को दावा किया कि इंडिया गठबंधन 300 सीटें जीत केन्द्र में सरकार बनाएगा। इस बार केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं बनने वाली। इंडिया गठबंधन की सरकार में प्रधानमंत्री के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम संयुक्त नेतृत्व में विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री का निर्णय बाद में होगा। श्री शिवकुमार गुरुवार को लखनऊ में कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक चुनाव में जो वादे किये थे वह सत्ता में आने के बाद पूरे किये। इसी तरह इंडिया गठबंधन भी अपनी गारंटियों को पूरा करेगा। उन्होंने कर्नाटक सरकार में किये कामों का जिक्र करते हुए कहा कि 10 साल से केन्द्र में भाजपा सरकार है। भाजपा सरकार कोई ऐसा योजना बताए जो गरीब के लिए हो। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी ने कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी कार्ड में हस्ताक्षर किया है। कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखाती है और यही बात कांग्रेस को दूसरे दलों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा, सूचना का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, इसरो, एम्स, आईआईटी, आईआईएम, भेल, भाखड़ा नांगल डैम जैसे अनेक काम कांग्रेस सरकारों में हुए। भाजपा ने पिछले 10 साल में देश को क्या दिया। देश की जनता को गिनाए और बताए। श्री शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव में जो 5 गारंटियां दी हैं उसे पूरा करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आज मंगलसूत्र पर राजनीति कर रहे हैं जो उनके पद की गरिमा को कम करने वाला और अत्यंत निंदनीय है। मोदी जी का बयान आया है कि हम संविधान नहीं बदलेंगे लेकिन उनकी पार्टी के सांसद और नेता जो संविधान बदलने के बयान दे रहे हैं उन पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जो अपने आप में प्रश्न चिन्ह है। श्री शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस ने जातीय जनगणना का वादा किया है क्योंकि हम देश के संसाधनों का समान बंटवारा चाहते हैं। सबके लिए समान अवसर, देश के संसाधन समान रूप से उपलब्ध हों यही हमारी मंशा है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से सवाल किया कि वे जातीय जनगणना से घबरा क्यों रहे हैं। शिवकुमार ने कहा कि हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि 4 जून को देश में इंडिया गठबंधन सरकार बनने जा रही है। कर्नाटक सरकार बनी जिसके बाद इंडिया गठबंधन बना और इंडिया गठबंधन बनने के बाद तेलंगाना में हमारी सरकार बनी और अब पूरे देश में बनने जा रही है। आज जरूरत है सब मिलकर साथ चलें, बदलाव के लिए, जीत के लिए, सामाजिक सौहार्द और देश में शांति के लिए। देश की जनता इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने को आतुर है, क्योंकि वे समझ चुकी कि हाथ ही बदल सकता है हालात। वार्ता के दौरान कर्नाटक के राज्यसभा सांसद जी.सी. चंद्रशेखर, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, चित्रा बाथम, प्रदेश प्रवक्ता अलीमुल्लाह खान, प्रियंका गुप्ता आदि कांग्रेसी नेता उपस्थित थे।

आराधना मिश्रा मोना के ससुर का निधन

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना के ससुर बी.सी. मिश्रा का गुरुवार को निधन हो गया। स्वर्गीय मिश्रा के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री राय ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परमेश्वर से स्वर्गीय मिश्रा की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने के साथ ही परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने का साहस प्रदान करने की प्रार्थना की। स्वर्गीय मिश्रा अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड टेक्नोलॉजी के संस्थापक और समाजसेवी थे। स्वर्गीय मिश्रा के निधन पर अखिल भारतीय कांग्रेस प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, ओंकारनाथ सिंह सहित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

अवैध व्यवसायिक कॉम्पलेक्स और रो-हाउसेस को किया सील

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर गुरुवार को अवैध निर्माण के खिलाफ चले अभियान के दौरान अवैध व्यवसायिक कॉम्पलेक्स और रो-हाउसेस भवनों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-1 और जोन-2 की टीम ने कार्रवाई कर सीलिंग कराई। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि त्रिभुवन कुमार व अन्य की ओर से गोमती नगर के विकास खण्ड के ग्राम ग्वारी में लगभग 180 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भूतल पर दुकानों व प्रथम तल पर हॉल का निर्माण कराया जा रहा था। मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से बनाए जा रहे व्यवसायिक कॉम्पलेक्स के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। गुरुवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव, संजय भाटी व एस.के. दीक्षित ने कॉम्पलेक्स को सील कराया। वहीं प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अंजनी कुमार सिंह व अन्य की ओर से नीलमथा के रामसेवक पुरम में हरिहरपुर नाले के पास खसरा नम्बर 433 पर लगभग 6000 वर्गफुट क्षेत्रफल में बिना मानचित्र स्वीकृत कराए 6 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय के सीलिंग के आदेश पर गुरुवार को सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता ऋतुपाल व विपिन बिहारी राय ने सीलिंग की कार्रवाई कराई।

जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पर व्याख्यान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लिबरल एजुकेशन विभाग, एरा यूनिवर्सिटी, लखनऊ के सहयोग से जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने 16 मई 2024 को मनाए गए विश्व पर्यावरण दिवस पर एरा यूनिवर्सिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों के लिए वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जिसमें अतिथि वक्ता प्रोफेसर कमर रहमान, डीन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ थे। कार्यक्रम की शुरुआत जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख डॉ. तबरेज जाफर के स्वागत भाषण से हुई, जहाँ उन्होंने अतिथि वक्ता प्रो. कमर रहमान का स्वागत किया और दर्शकों से उनका परिचय कराया। इसके बाद प्रोफेसर शेर अली, डीन, अनुसंधान एवं विकास, का संबोधन माइक्रोप्लास्टिक्स और मानव स्वास्थ्य की बारीकियां विषय पर हुआ, जहां उन्होंने माइक्रोप्लास्टिक्स और विभिन्न उद्योगों में माइक्रोप्लास्टिक्स के बढ़ते उपयोग के बारे में चर्चा की।

उन्होंने आगे माइक्रोप्लास्टिक्स के मानव संपर्क के मार्गों और माइक्रोप्लास्टिक्स के विषाक्त प्रभावों के बारे में वार्ता की।

इंडिया गठबंधन के पक्ष में करें मतदान: चचा अमीर

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चचा अमीर हैदर ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव साधारण चुनाव नहीं बल्कि दो विचारधाराओं का चुनाव है। एक तरफ नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में धार्मिक बुनियाद पर भाईचारे में अलगाव पैदा कर संविधान में दिये अधिकारों को क्षति पहुंचाने वाले हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन है जो संविधान में दिये अधिकारों के आधार पर देश में भाईचारे की विचारधारा के लिए लड़ रही है। चचा अमीर हैदर ने मतदाताओं से इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान की अपील की। बाराबंकी से अपने संबंधों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाईचारे और सौहार्द के लिए जाना जाने वाले बाराबंकी से गठबंधन उम्मीदवार तनुज पुनिया के समर्थन में वोट की।

आपदा प्रबंधन को एसडीएमए और सेना ने सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के महत्व को पहचाना

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने भारतीय सेना के मध्य कमान के सहयोग से आज आपदा प्रबंधन पर संगोष्ठी और एक टेबल टॉप अभ्यास का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस में केंद्रीय मंत्रालयों, आपदा प्रबंधन संस्थानों, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से प्रारंभिक चेतावनी एजेंसियां और आपदा प्रबंधन संगठनों को एक साथ लाया। प्रतिभागियों में रेलवे, सड़क और परिवहन, नागरिक विमानन, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन सहित आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं के लिए जिम्मेदार केंद्रीय मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल थे। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम), एसडीएमए, चार राज्यों के राजस्व विभाग, और प्रारंभिक चेतावनी एजेंसियां जैसे भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी), राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी), राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस), जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), और केंद्रीय खनन मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। टेबल टॉप अभ्यास आपदा प्रबंधन में ज्ञान के आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण और रणनीतिक योजना के लिए एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था और इसने हितधारकों को सहयोग करने, ज्ञान साझा करने और प्रभावी आपदा प्रबंधन के लिए अपनी तैयारियों को बढ़ाने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया।

प्रवास कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार 17 मई 2024, को बाराबंकी, बलरामपुर, अयोध्या, लखनऊ व बिहार के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10 बजे पंजया हॉस्पिटल के सामने जैदपुर मार्ग, बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ जनसभा में सम्मिलित होगें तथा दोपहर 12:50 बजे विनय प्रताप सिंह के खेत में, ग्राम पंचायत इटवा, उतरौला, बलरामपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:05 बजे बीबीएस मेमोरियल हॉस्पिटल के पीछे रंजीत सिंह बब्लू के खेत में , अमानीगंज बाजार के पास, मिल्कीपुर, अयोध्या में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सायं 04 बजे सारण, छपरा, बिहार में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 07 बजे मुंशी पुलिया चौराहा लखनऊ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी शुक्रवार 17 मई 2024 को रायबरेली के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 11:15 बजे एसबीएस कान्वेंट स्कूल के सामने मैदान, परशुरामपुर थिकाही जगतपुर सलोन रोड, जनपद रायबरेली में आयोजित केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे।

भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

लखनऊ। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शुक्रवार 17 मई 2024 को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भाजपा जिला कार्यालय आजमगढ़ में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव

लखनऊ। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शुक्रवार 17 मई को बलरामपुर के प्रवास पर रहेंगे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव दोपहर 12 बजे लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज, गैसड़ी, बलरामपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार 17 मई को फतेहपुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एयरपोर्ट लैण्ड कजारिया टाइल्स स्टोर के निकट जीटी रोड फतेहपुर में आयोजित विशाल जनसभा में सम्मिलित होंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार 17 मई को हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दोपहर 01 बजे ब्रम्हानंद इंटर कॉलेज मैदान, राठ, हमीरपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा में सम्मिलित होगें।

केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल शुक्रवार 17 मई 2024, को बाराबंकी, बस्ती, सिद्धार्थनगर व अयोध्या के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सुबह 10 बजे पंजया हॉस्पिटल के सामने जैदपुर मार्ग बाराबंकी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विशाल जनसभा में सम्मिलित होगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल दोपहर 01:30 बजे बेलवरिया जंगल, थाना-गौर, बस्ती में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी तथा दोपहर 02:50 बजे छतहरी इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के सामने, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगी। इसके पश्चात् दोपहर सायं 04:20 बजे अकुर्णा चौराहा के पास बाग में, हनुमान मंदिर, अयोध्या में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगी।

केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा शुक्रवार 17 मई 2024, को हमीरपुर के प्रवास पर रहेगे। बीएल वर्मा सुबह 10 बजे हमीरपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

स्वतंत्र देव सिंह

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह शुक्रवार 17 मई को गोण्डा व अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह सुबह 11 बजे जन सहयोग केन्द्र कार्यालय, तरबगंज, गोण्डा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:30 बजे ग्रामोदय महाविद्यालय साया, अम्बेडकरनगर में युवा मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करेंगे तथा सायं 04 बजे संगनी मैरिज हॉल मालीपुर रोड, शहजादपुर, अकबरपुर, अम्बेडकरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

मंत्री जितिन प्रसाद

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद शुक्रवार 17 मई को बांदा में जनसम्पर्क करेंगे।

मंत्री डा. संजय निषाद

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद शुक्रवार 17 मई को अम्बेडकरनगर, हमीरपुर व प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 11 बजे परशुराम महाविद्यालय के सामने, कारुन, गोसाईगंज, अम्बेडकरनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:50 बजे ब्रम्हानंद इंटर कॉलेज मैदान, पनवाड़ी रोड, राठ, हमीरपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की जनसभा में सम्मिलित होंगे। सायं 04:45 बजे घूरपुर, बारा, प्रयागराज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 05:30 बजे बलुआ, थाना-मेजा, प्रयागराज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

मंत्री संदीप सिंह

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री संदीप सिंह शुक्रवार 17 मई को हमीरपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री संदीप सिंह दोपहर 01 बजे ब्रम्हानंद इंटर कॉलेज मैदान, राठ, हमीरपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की विशाल जनसभा में सम्मिलित होगें।

मंत्री राकेश संचान

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश संचान शुक्रवार 17 मई को फतेहपुर के प्रवास पर रहेंगे तथा फतेहपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से शहर के 14 अपार्टमेण्ट्स में बनाए जा रहे मॉडल मतदान केन्द्रों की तैयारियों को लेकर प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने मतदान केन्द्रों की साज-सज्जा व मतदाताओं की सहूलियत के लिए टेण्ट शेड, पेयजपल आपूर्ति आदि कामों की रूपरेखा तैयार करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये। लविप्रा उपाध्यक्ष ने वृंदावन योजना के सेक्टर-6 स्थित आकाश इन्क्लेव, मानसरोवर योजना स्थित सनराइज अपार्टमेण्ट, गोमती नगर विस्तार स्थित सरयू अपार्टमेण्ट, विभूतिखण्ड स्थिल एल्डिको एलिगेन्स, ओमैक्स हाइट्स व विक्रांत खण्ड स्थित पारिजात अपार्टमेण्ट का निरीक्षण कर मॉडल मतदान केन्द्रों की तैयारियों का जायजा लिया। इसमें पारिजात अपार्टमेण्ट के आर.डब्ल्यू.

- अधिक संख्या में मतदान के लिए संस्था के लोगों के बीच लकी ड्रॉ भी होगा

ए. पदाधिकारियों ने बताया कि फर्स्ट वोटर को गिफ्ट दिया जाएगा। इसी के साथ अधिक संख्या में मतदान के लिए संस्था के लोगों के बीच लकी ड्रॉ भी होगा। उपाध्यक्ष ने आर.डब्ल्यू.ए. के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अधिक संख्या में मतदान को प्रेरित करने के लिए प्राधिकरण से पूरा सहयोग मिलेगा। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को हर मतदान केन्द्र में जरूरत के हिसाब से टेण्ट, सोफा-कुर्सी, पंखे-कूलर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने को कहा। साथ ही इस बात का खास ख्याल रखें कि मतदाता धूप में कतार न लगाएं, इसके लिए बूथ पर टेण्ट लगा कर शेड की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो। वोटरों के लिए पीने का साफ पानी और बटर मिल्क की व्यवस्था मतदान केन्द्रों पर उपयुक्त स्थान पर करें। मतदान केन्द्रों पर आकर्षक प्रवेश द्वार बनवाएं, रंग-बिरंगे गुब्बारों की सजावट के साथ फूलदार गमले लगवाएं। हर मतदान केन्द्र पर सेल्फी प्वाइंट बनवावएं, जहां लोग परिवार के साथ सेल्फी ले सकें। इस मौके पर प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, विशेष कार्याधिकारी देवांश त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित थे।

झूठे गठबंधन के पास सिर्फ एक झूठा एजेंडा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने विपक्ष के दुष्प्रचार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस-सपा के झूठे गठबंधन के पास सिर्फ एक एजेंडा है और वो है लोगों को बरगलाना। भजलशक्ति मंत्री ने गुरूवार को महोबा के विधानसभा चरखारी में जनसभा को संबोधित कर लोकसभा प्रत्याशी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के पक्ष में मतदान की अपील की।

राहुल गांधी आज अमेठी में नंद महर धाम का दर्शन करेंगे

लखनऊ। कांग्रेस नेता राहुल गांधी शुक्रवार को अमेठी में नंद महर धाम में दर्शन करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि श्री गांधी शुक्रवार दोपहर 12ः45 बजे नंद महर धाम में दर्शन के बाद दोपहर 1 बजे जामो ब्लॉक में पूर्व मुख्यमंत्री और इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ अमेठी में गठबंधन उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में आयोजित संयुक्त जनसभा को सम्बोधित करेंगे। अमेठी में संयुक्त जनसभा के बाद यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, रायबरेली में रायना इंटरनेशनल स्कूल में राहुल गांधी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

बेशक पांच साल मनाइए पिकनिक, देश के लिए एक दिन देना जरूरी: योगी

- आधुनिक, आत्मनिर्भर, विकसित भारत के लिए जरूर करें मतदान'
- मेरे नहीं अपने और अपनी पार्टी के बारे में करें भविष्यवाणी': सीएम

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश और प्रदेश की जनता से अपील करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव के चार चरण बीत चुके हैं और अब तीन चरण शेष रह गये हैं। ऐसे में हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करे। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन छुट्टी या पिकनिक न मनाएं, क्योंकि पिकनिक मनाने के लिए पांच साल है, जबकि देश के लिए वोटिंग करने के लिए एक दिन मिलता है। कहा कि आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए सभी का ये दायित्व है कि वह मतदान अवश्य करे। मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को यहां राजाजीपुरम में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां से देश के रक्षामंत्री और पार्टी प्रत्याशी राजनाथ सिंह की उपस्थिति में उनके लिए जनता से वोट की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे देश में हर ओर एक ही नारा गूंज रहा है। हर एक के मन में एक ही संकल्प है 'अबकी बार 400 पार, फिर एक बार मोदी सरकार' और एक ही स्वर गूंज रहा है, 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे'। उन्होंने कहा कि आज का भारत श्रेष्ठ भारत है। इस नये भारत का दुनिया में सम्मान हो रहा है। इसकी सीमाएं सुरक्षित हैं, इसने आतंकवाद और नक्सलवाद पर नकेल कसी है। हमने आधुनिक विश्व के सबसे अच्छे इन्फ्रास्ट्रक्चर, हाईवे, एक्सप्रेसवे, मेट्रो, रेलवे, एयरपोर्ट के रूप में दिया है। वर्ल्ड क्लास युनिवर्सिटी अपने देश के युवाओं का समर्पित किया है। इस नये भारत के शिल्पी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेन्द्र मोदी हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी जी के कार्यकाल में कोरोना महामारी आई थी। अक्सर 100 साल में ऐसी महामारी फैलती है। महामारी में बीमारी के साथ साथ भुखमरी में लोग मरते हैं। पहली बार बीमारी और महामारी को लेकर दुनिया में सबसे अच्छा प्रबंधन कोरोना काल में मोदी जी के नेतृत्व में हुआ। 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन लगातार 4 साल से दिया जा रहा है और अगले 5 साल भी दिया जाएगा। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि ये सभी सुविधाएं किसी का मत, मजहब, जाति और क्षेत्र देखे बिना, सबका साथ सबका विकास की भावना से दी गई हैं।

सामुदायिक सहभागिता की डेंगू नियंत्रण में अहम भूमिका: डॉ. सिंघल

- राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर समर्पण इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग में सहज स्वास्थ्य चर्चा
- प्रिंसिपल ने संस्थान को डेंगू मुक्त बनाने का लिया संकल्प

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय वेक्टर बार्न डीजीज कार्यक्रम के तहत राजधानी के समर्पण इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार), पाथ और एम्बेड के सहयोग से सहज स्वास्थ्य चर्चा आयोजित हुई। ÷समुदाय से जुड़ें-डेंगू पर नियंत्रण पाएं÷ थीम पर आयोजित चर्चा की अध्यक्षता प्रदेश के संयुक्त निदेशक मलेरिया और डेंगू डॉ. विकास सिंघल ने की। इसके जरिये स्वास्थ्य विभाग, तकनीकी विशेषज्ञ, शिक्षक और छात्र एक मंच पर आये और डेंगू से बचाव, उपचार और प्रबन्धन को लेकर चर्चा की व जानकारी साझा की। इसके साथ ही मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से डेंगू सम्बन्धी जो संदेश प्राप्त किये उसे वह अपने परिवार, पड़ोसियों तथा रिश्तेदारो तक पहुंचा पाएंगे। चर्चा में शामिल नर्सिंग के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने डेंगू पर पूर्ण नियन्त्रण की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने डेंगू के लक्षण व बचाव पर लघु नाटिका प्रस्तुत की और जागरूकता सम्बन्धी पोस्टर तैयार किये। इन छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर डॉ. सिंघल ने कहा कि डेंगू मच्छरों से होने वाली एक वेक्टर जनित बीमारी है और हर साल हजारों लोग इससे पीड़ित होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए समुदाय को जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष 2016 से हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है ताकि मानसून की शुरुआत से पहले ही डेंगू निवारक सभी जरूरी उपाय किए जा सकें।

अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड टेक्नोलॉजी के संस्थापक का निधन

लखनऊ। अम्बालिका इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेण्ट एण्ड टेक्नोलॉजी के संस्थापक और समाजसेवी पंडित बृजेश चंद्र मिश्र का गुरुवार को निधन हो गया। स्वर्गीय मिश्रा कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी के समधी और कांग्रेस नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना के ससुर थे। पंडित बी.सी. मिश्रा के निधन की जानकारी होते ही कैण्ट स्थित आराधना मोना के आवास पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों के साथ ही शिक्षा से जुड़े लोगों ने पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की। स्वर्गीय मिश्रा का अंतिम संस्कार गुरुवार शाम बैकुण्ठ धाम में किया गया, जहां उनके पुत्र अम्बिका मिश्र ने पिता को मुखाग्नि दी। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बैकुण्ठ धाम पहुंच कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को फोन कर दुख जताया।

इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव में फ्लाप साबित होगा: पाठक

- राहुल व अखिलेश को अपने ही प्रदेश में जनता ने ठुकराया: उपमुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव में फ्लाप साबित होगा। ये भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोगों का समूह है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव को अपने ही प्रदेश में जनता ने ठुकरा दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में 400 सीटें जीतेगी और यूपी में 80 में से सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। स्वयं अखिलेश यादव और राहुल गांधी भी अपनी सीटें नहीं बचा पायेंगे। जनता क्राइम, कारप्शन और कास्ट की राजनीति नहीं चाहती है। वे गुरुवार को लखनऊ पूर्वी विधानसभा में रोडशो से पहले हुई जनसभा में बोल रहे थे। रोड शो इंदिरनगर सेक्टर 8 से शुरू होकर अरविन्दो पार्क, मुन्शीपुलिया, रवींद्र पल्ली, विश्वासखंड, पत्रकार पुरम, मनोज पांडेय चौराहा होते हुए लोहिया पार्क चौराहे पर समाप्त हुआ। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह चुनाव देश की तस्वीर बदलने का है। इस चुनाव में एक तरफ मंदिर बनवाने वाली पार्टी और दूसरी तरफ कार सेवकों पर गोलियां चलवाने वालों के बीच मुकाबला है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। यह चुनाव धर्म और अधर्म के बीच है। भाजपा सत्य के साथ है और विपक्षी विधर्मी और झूठे लोगों के साथ मिलकर चुनाव में खड़े हैं।